सूर्योदय : 5:45
सूर्यास्त : 6:28
अधिकतम तापमान : 41.0
न्यूनतम : 26.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-301 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 26 अप्रैल 2025
27 शव्वाल 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com



# यश प्रताप ने हाईस्कूल, महक ने इंटरमीडिएट में किया टॉप

## यूपी बोर्ड रिजल्ट

- 10वीं में 90.11 प्रतिशत और इंटरमीडिएट में 81.15 प्रतिशत स्टूडेंट्स सफल
- योगी सरकार टॉपर्स को देगी इनाम



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने 2025 की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए हैं। इसके साथ ही बोर्ड ने टॉपर लिस्ट भी जारी कर दी है, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों के मेधावी छात्रों ने अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया है। इस वर्ष यश प्रताप सिंह ने टॉप करके पूरे राज्य में नाम रोशन किया है। यह उपलब्धि उनकी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है।

इस साल 10वीं का पास प्रतिशत 90.11 प्रतिशत रहा। इंटरमीडिएट का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 81.15 प्रतिशत रहा। यूपी बोर्ड 12वीं परीक्षा 2025 में कुल पास प्रतिशत 81.15 प्रतिशत रहा। इस वर्ष महक जायसवाल ने प्रयागराज से 97.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप किया। दूसरे स्थान पर साक्षी, आदर्श यादव, शिवानी सिंह, और अनुष्का सिंह रहे, सभी ने 96.80 प्रतिशत अंक हासिल किए। तीसरे स्थान पर मोहनी रहीं, जिन्होंने 96.40 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इण्टरमीडिएट परीक्षा में कुल 2598560 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए, जिनमें 2512576 संस्थागत एवं 85984 व्यक्तिगत परीक्षार्थी थे। इनमें 1387263 लड़के एवं 1211297 लड़कियां शामिल थीं। कुल 2108774 परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित हुए, जिनमें 2038884 संस्थागत तथा 69890 व्यक्तिगत परीक्षार्थी हैं। संस्थागत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 81.15 और व्यक्तिगत परीक्षार्थियों का 81.28 रहा, जबकि समग्र उत्तीर्ण प्रतिशत भी 81.15 रहा। उत्तीर्ण परीक्षार्थियों में 1062616 बालक तथा 1046158 लड़कियां हैं, जिनका उत्तीर्ण प्रतिशत क्रमशः 76.60 और 86.37 है। बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत लड़के से 9.77 अधिक है, जबकि संस्थागत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत व्यक्तिगत परीक्षार्थियों से 0.13 कम रहा। यूपी बोर्ड 10वीं परीक्षा 2025 में कुल पास प्रतिशत 90.11 प्रतिशत रहा, जो कि एक शानदार प्रदर्शन है। इस परीक्षा में यश प्रताप सिंह ने 97.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जालौन जिले से टॉप किया। दूसरे स्थान पर अंशी (इटावा) और अभिषेक यादव (बाराबंकी) रहे, दोनों ने 97.67 प्रतिशत अंक हासिल किए। तीसरे स्थान पर ऋतु गर्ग (मुरादाबाद), अर्पित वर्मा (सीतापुर), और सिमरन गुप्ता (जालौन) ने 97.50 प्रतिशत अंकों के साथ स्थान पाया। हाईस्कूल का उत्तीर्ण प्रतिशत-हाईस्कूल परीक्षा में कुल 2545815 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए, जिनमें 2536104 संस्थागत एवं 9711 व्यक्तिगत थे। इनमें 1327024 बालक और 1218791 बालिकाएं शामिल थीं। कुल 2294122 परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए, जिनमें 2287431 संस्थागत तथा 6691 व्यक्तिगत थे। संस्थागत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 90.19 और व्यक्तिगत परीक्षार्थियों का 68.9 रहा, जबकि समग्र उत्तीर्ण प्रतिशत 90.11 रहा। उत्तीर्ण परीक्षार्थियों में 1149984 बालक तथा 1144138 बालिकाएं हैं, जिनका उत्तीर्ण प्रतिशत क्रमशः 86.66 और 93.87 है। बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत बालकों से 7.21 अधिक है, वहीं संस्थागत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत व्यक्तिगत परीक्षार्थियों से 21.29 अधिक है। योगी सरकार टॉपर्स को देगी इनाम-बोर्ड हर साल की तरह इस बार भी टॉपर्स को सम्मानित करेगा। कक्षा 10 और 12 के राज्य स्तरीय टॉपर्स को 1 लाख नकद और एक लैपटॉप दिया जाएगा। वहीं जिला स्तर के टॉपर्स को 21,000 का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

### 10वीं के टॉपर

रैंक 1 -यश प्रताप सिंह 97.83%
रैंक 2 - अंशी 97.67%
रैंक 2 - अभिषेक कुमार यादव 97.67%
रैंक 3 - ऋतु गर्ग 97.50%
रैंक 3 - अर्पित वर्मा 97.50%
रैंक 3 - सिमरन गुप्ता 97.50%

### 12वीं के टॉपर

रैंक 1 -महक जयसवाल, प्रयागराज, 97.20%
रैंक 2 - साक्षी, अमरोहा, 96.80%
रैंक 2 - आदर्श यादव, सुल्तानपुर, 96.80%
रैंक 2 - अनुष्का सिंह, कौशांबी, 96.80%
रैंक 2 - शिवानी सिंह, प्रयागराज, 96.80%
रैंक 3 - मोहिनी, इटावा, 96.40%

**लड़कियों ने फिर मारी बाजी**

**43060 बच्चों ने परीक्षा पास की**

### 12वीं में आयुष और 10वीं में प्रगति ने लखनऊ में किया टॉप

यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा में आयुष कुमार मौर्य लखनऊ में शीर्ष पर रहे। हाईस्कूल में संयुक्त रूप से प्रगति गुप्ता, ऋतिश कुमार और सफल ने टाप किया। इनके अलावा कई विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए हैं। इंटरमीडिएट टापर्स की सूची में सबसे ऊपर हैं एसकेडी अकादमी राजाजीपुर के आयुष कुमार मौर्य। उन्होंने 500 में से 464 अंक (92.80 प्रतिशत) प्राप्त किए हैं।

### डिजिटल मार्कशीट के साथ नई पहल

पहली बार यूपी बोर्ड रिजल्ट के साथ डिजिलॉकर पर भी डिजिटल अंकपत्र और प्रमाणपत्र जारी कर रहा है। ये डॉक्यूमेंट डिजिटल हस्ताक्षरित और सत्यापित होंगे। इनमें क्यूआर कोड भी दिया जाएगा। ऑफलाइन मार्कशीट बाद में स्कूलों की मदद से स्टूडेंट्स को उपलब्ध कराई जाएंगी। बोर्ड ने छात्रों से अनुरोध है कि वे केवल आधिकारिक वेबसाइट्स से ही अपना रिजल्ट चेक करें। किसी भी फर्जी वेबसाइट्स का इस्तमाल करने से बचें।

## पाकिस्तानियों को खोजो और वापस भेजो : शाह



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सभी राज्य के मुख्यमंत्रियों से बात की। उन्होंने सभी से अपने-अपने राज्यों में सभी पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करने और उनकी शीघ्र पाकिस्तान वापसी सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने को कहा। शाह ने कई मुख्यमंत्रियों से बात कर ली है और बाकियों से भी वे बात कर रहे हैं। इस बीच राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की। सूत्रों के मुताबिक, अमित शाह ने शुक्रवार को सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को फोन किया और उनसे यह सुनिश्चित करने को कहा कि कोई भी पाकिस्तानी नागरिक देश छोड़ने के लिए निर्धारित समय सीमा से आगे भारत में न रहे। भारत ने गुरुवार को 27 अप्रैल से पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए सभी वीजा रद्द करने की घोषणा की थी और पाकिस्तान में रहने वाले भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द घर लौटने की सलाह दी थी।

### सावरकर मामला : सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी के बयान पर जताई नाराजगी


# स्वतंत्रता सेनानियों का मजाक न उड़ाएं

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने विनायक दामोदर सावरकर पर राहुल गांधी की टिप्पणी को शुक्रवार को ''गैरजिम्मेदाराना'' बताते हुए इस पर नाराजगी जाहिर की और कहा कि ''हमें अपने स्वतंत्रता सेनानियों का मजाक नहीं उड़ाना चाहिए।'' शीर्ष अदालत ने हालांकि राहुल गांधी की इस टिप्पणी को लेकर उत्तर प्रदेश में उनके खिलाफ दर्ज मामले में आपराधिक कार्रवाई पर रोक लगा दी।

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने राहुल गांधी को भविष्य में ऐसे बयान नहीं देने के लिए आगाह करते हुए कहा कि न्यायालय ऐसी टिप्पणियों पर स्वतः संज्ञान ले सकता है। पीठ ने कांग्रेस नेता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी से पूछा कि क्या राहुल गांधी जानते हैं कि महात्मा गांधी भी अंग्रेजों के साथ अपने संवाद में ''आपका वफादार सेवक'' जैसे शब्दों का इस्तेमाल करते थे। शीर्ष अदालत ने कांग्रेस नेता की याचिका पर शिकायतकर्ता नृपेंद्र पांडे और उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया और उनसे जवाब मांगा। शिकायतकर्ता ने राहुल गांधी पर एक रैली के दौरान ''जानबूझकर'' सावरकर का अपमान करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। राहुल गांधी ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एक आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मामले में उनके खिलाफ जारी समन को रद्द करने से इनकार कर दिया था। पेशे से वकील पांडे ने राहुल गांधी के खिलाफ 'वर्गों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने' और 'सार्वजनिक शरारत' जैसे कथित अपराधों के लिए विभिन्न दंड प्रावधानों के तहत मामला दर्ज कराया था। कांग्रेस नेता ने 17 नवंबर, 2022 को महाराष्ट्र के अकोला जिले में एक रैली में अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान सावरकर पर टिप्पणी की थी जिसके बाद यह मामला दर्ज कराया गया।

### सोनिया और राहुल गांधी को कोर्ट से राहत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी को नोटिस जारी करने से फिलहाल इनकार कर दिया। कोर्ट ने ईडी से और दस्तावेज लाने को कहा है। न्यायाधीश ने कहा, मैं संतुष्ट होने तक ऐसा कोई आदेश पारित नहीं कर सकता। अब इस मामले की सुनवाई दो मई को होगी। प्रवर्तन निदेशालय ने तर्क दिया कि नए कानूनी प्रावधानों के तहत, आरोपी को सुने बिना शिकायत (आरोप पत्र) पर संज्ञान नहीं लिया जा सकता। वहीं, ईडी ने अदालत से आग्रह किया, हम नहीं चाहते कि यह आदेश लंबा चले। नोटिस जारी किया जाए। हालांकि, न्यायाधीश ने इस बात पर जोर दिया कि अदालत को पहले इस तरह के नोटिस जारी करने की आवश्यकता के बारे में आश्वस्त होना चाहिए।



## स्क्रैमजेट इंजन का 1000 सेकेंड तक सफल परीक्षण

- हाइपरसोनिक मिसाइल की क्षमता बढ़ाने में मिलेगी मदद

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने अपने मिसाइलों के परीक्षणों की संख्या को बढ़ा दिया है। एक दिन पहले आईएनएस सूरत युद्धपोत पर मिसाइल का सफल परीक्षण किया गया था। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की हैदराबाद स्थित प्रयोगशाला रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला (डीआरडीएल) ने हाइपरसोनिक हथियार प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

डीआरडीएल ने 25 अप्रैल 2025 को हैदराबाद में नवनिर्मित अत्याधुनिक स्क्रैमजेट कनेक्ट टेस्ट फैसिलिटी (एसीपीटी) में 1000 सेकेंड से ज्यादा समय के लिए लंबी अवधि के एक्टिव कूल्ड स्क्रैमजेट सबस्केल कॉम्बस्टर का ग्राउंड परीक्षण किया है। ये ग्राउंड परीक्षण जनवरी 2025 में 120 सेकंड के लिए किए गए पहले के परीक्षण के बाद किया गया है। आज के सफल परीक्षण के साथ, सिस्टम जल्द ही पूर्ण पैमाने पर उड़ान योग्य कॉम्बस्टर परीक्षण के लिए तैयार हो जाएगा। भारत में पहली बार 1000 सेकेंड के लिए अत्याधुनिक एक्टिव-कूल्ड स्क्रैमजेट कॉम्बस्टर का सफल जमीनी परीक्षण किया गया है। इस परीक्षण को भारत की अगली पीढ़ी की हाइपरसोनिक मिसाइल की क्षमताओं को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## पानी की एक भी बूंद पाकिस्तान नहीं जाएगी : जल शक्ति मंत्री



**नई दिल्ली।** केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र ने भारतीय नदियों का पानी पाकिस्तान जाने से रोकने के लिए एक विस्तृत रोडमैप तैयार किया है, जो केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ एक अहम बैठक के बाद तैयार हुआ। केंद्रीय मंत्री ने यह भी बताया कि तत्काल कदम उठाए जा रहे हैं, जिसमें नदियों की गाद निकालने जैसे उपाय शामिल हैं। पाटिल ने मीडिया से बातचीत में कहा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ बैठक में एक रोडमैप तैयार किया गया। बैठक में तीन विकल्पों पर चर्चा हुई। सरकार अल्पकालिक, मध्यमकालिक और दीर्घकालिक उपायों पर काम कर रही है, ताकि पाकिस्तान को एक बूंद भी पानी न मिले। जल्द ही नदियों की गाद निकाली जाएगी ताकि पानी रोका जा सके और उसे मोड़ा जा सके।

## मेधा पाटकर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने 24 साल पुराने मानहानि के एक मामले में 'प्रोबेशन बांड' जमा नहीं करने पर दो दिन पहले अदालत की ओर से गैर-जमानती वारंट किए जाने के बाद शुक्रवार को सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मामला दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दायर किया था। पुलिस की एक टीम सुबह दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के निजामुद्दीन इलाके में पाटकर के आवास पर पहुंची और उन्हें हिरासत में ले लिया।

# मिल के ड्रायर से उठा धुंआ पांच मजदूरों की मौत

- डीएम-एसपी अपनी टीमों के साथ करते रहे निगरानी

**बहराइच, अवधनामा संवाददाता।** जनपद में आज एक दिल दहला देने वाली घटना हो रही राजगढ़िया फूड फैक्ट्री में अचानक निकलने वाले धुएं के कारण दम घुटने से पांच मजदूरों की मौत हो गई तथा तीन लोग मेडिकल कॉलेज में अपना इलाज करवा रहे हैं इस घटना की जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक जताया। अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पीड़ितों की हर संभव मदद की जाए।

इस घटना की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने बताया कि सूचनाओं के अनुसार, राजगढ़िया चावल मिल के 'ड्रायर' में नमी आने के कारण धुआं उठने पर कुछ मजदूर निरीक्षण करने वहां पहुंचे लेकिन धुआं इतना अधिक था कि वे वहीं बेहोश हो गये।उन्होंने बताया कि अग्निशमन के दल ने वहां पहुंचकर मजदूरों को बाहर निकाला। उन्हें मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने पांच मजदूरों को मृत घोषित कर दिया जबकि तीन अन्य मजदूरों का इलाज किया जा रहा है।जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉक्टर एम. एम. त्रिपाठी ने बताया कि अस्पताल में पांच लोग मृत अवस्था में लाये गये, जबकि तीन का इलाज जारी है राजगढ़िया राइस मिल के निदेशक विनोद अग्रवाल के अनुसार राइस मिल में लगा ड्रायर धान की नमी को सुखाने के काम आता है। यह बड़ा और ऊंचा तथा पूर्णतः स्वचालित संयंत्र है, जिसमें किसी आदमी को जाने की आवश्यकता नहीं होती। गैस और आग का भी वहां कोई इस्तेमाल नहीं होता, भाप से हवा गर्म कर धान की नमी को निकाला जाता है। मशीन में कभी धुंआ नहीं होता, लेकिन आज सुबह किसी मजदूर ने ड्रायर में संभवतः धुंआ देखा।जिसपर स्टाफ ने बताया कि धुंआ देखकर एक मजदूर ने मशीन बंद की और जांच करने के लिए मशीन के अंदर चला गया। पहला मजदूर जब वापस नहीं लौटा तो एक एक करके आठ मजदूर मशीन में चले गये और बेहोश हो गये। मिल में मौजूद कर्मियों ने फौरन फायर ब्रिगेड को बुलाया, फायर ब्रिगेड व अन्य स्टाफ ने बेहोश पड़े मजदूरों को बाहर निकाल कर अस्पताल भेजा।इस घटना की जानकारी देते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुष्टि करते हुए कहा राजगढ़िया राइस मिल में आज सुबह मजदूर काम कर रहे थे और धान की नमी को सुखाने के लिए मशीन चल रही थी, उसके कारण जो धुआं निकला, उससे पांच मजदूरों की मृत्यु हो गयी। जिसपर पूरी जानकारी देते हुए सीएमएस त्रिपाठी ने बताया कि मृतकों की पहचान राजेश कुमार बबलू प्रजापति गफ्फार के रूप में हुई है। ये तीनों कन्नौज जिले के रहने वाले हैं, जबकि एक मृतक जहूर श्रावस्ती और दूसरा बिट्टू शाह मधेपुरा, बिहार का रहने वाला बताया गया है।



### डीएम मोनिका रानी ने गठित की टीम

जिला प्रशासन ने घटना की जांच के लिए एक संयुक्त जांच दल का गठन किया है। जिलाधिकारी ने बताया कि संयुक्त जांच दल में मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ), सहायक श्रम आयुक्त (एएलसी), जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक (जीएम डीआईसी) और तकनीकी विशेषज्ञ शामिल किये गये हैं।

### मुख्यमंत्री ने जताया शोक

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे में हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट साझा कर कहा, ''मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उनका समुचित उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

## पाकिस्तान ने बंद किया अपना एयरस्पेस

### दुबई सहित खाड़ी देशों के विमानों का समय बढ़ा, उड़ानों पर हुआ असर

**लखनऊ।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान से बढ़े तनाव का असर हवाई उड़ानों पर भी पड़ा है। साऊदी अरब सहित अन्य खाड़ी देशों में आने-जाने वाली आठ फ्लाइटों का समय 40-40 मिनट बढ़ा है। पाकिस्तान ने अपने एयरस्पेस को भारतीय कैरियर के लिए बंद कर दिया है। ऐसे में इंडिगो, एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइटों पर इसका असर पड़ेगा। पाकिस्तान ने भारत आने वाली विदेशी एयरलाइंस पर यह प्रतिबंध लागू नहीं किया। एयरलाइंस सूत्रों के अनुसार सलाम एयर, फ्लाइनास, फ्लाईदुबई, एत्तेहाद या सउदिया एयरलाइंस के किसी विमान को लंबा चक्कर लगाकर भारत नहीं आना होगा। साऊदी अरब और आसपास आने जाने वाली फ्लाइटें पाकिस्तान के कराची व अन्य शहरों के ऊपर से आती हैं। यह रास्ता छोटा होने की वजह से समय कम लगता है। इसका असर रोजाना 1400 से 1500 यात्रियों पर पड़ेगा जो भारतीय एयरलाइंस से खाड़ी देशों के लिए अन्तरराष्ट्रीय यात्रा करेंगे।

## मदरसे मजहबी शिक्षा के केंद्र बनकर न रह जाएं : सीएम योगी

- मदरसा शिक्षा व्यवस्था पर मुख्यमंत्री ने जताई चिंता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मदरसा शिक्षा में बड़े बदलाव पर जोर दिया और मदरसा शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधारों की आवश्यकता जताई। एक आधिकारिक बयान में शुक्रवार को यह जानकारी दी गयी।

बयान के मुताबिक, एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश की मदरसा शिक्षा व्यवस्था की गहन समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि मदरसा, महज मजहबी शिक्षा के केंद्र बनकर न रह जाएं। वहां अध्ययनरत विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा के सभी आयामों का लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि मदरसा शिक्षा को पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण और रोजगारपरक बनाया जाना चाहिए। जिससे हर एक विद्यार्थी का भविष्य उज्ज्वल हो और यह सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल सुधार नहीं बल्कि नवाचार और समावेशिता के माध्यम से मदरसा शिक्षा को मुख्यधारा में लाना है, ताकि समाज के प्रत्येक वर्ग को समान अवसर और समुचित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। योगी ने कहा कि उच्चतम न्यायालय द्वारा मदरसा बोर्ड की कामिल (स्नातक) व फाजिल (परास्नातक) स्तर की उपाधियों को असंवैधानिक घोषित कर दिये जाने से चुनौतियां उत्पन्न हुई हैं। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप मदरसों के पाठ्यक्रम में बदलाव और पाठ्यक्रम के अनुरूप शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मियों की अर्हता में परिवर्तन आवश्यक हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यही नहीं, शिक्षकों की चयन प्रक्रिया को भी निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने की जरूरत है क्योंकि वर्तमान व्यवस्था में मदरसों में शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया भी पुनरीक्षण की आवश्यकता है।

### पहलगाम हमला — राहुल गांधी ने की पीड़ितों से मुलाकात

# आतंक के खिलाफ हम सभी एकजुट : राहुल

- सीएम उमर अब्दुल्ला से मिलकर राहुल गांधी ने हालत की जानकारी ली
- जम्मू-कश्मीर के सभी लोग घटना पर शर्मिंदा हैं

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के पीछे का मंसूबा देशवासियों को विभाजित करने और एक भाई को दूसरे भाई से लड़ाने का था, ऐसे में जरूरी है कि आतंकवाद को पराजित करने के लिए सभी एकजुट हों।

कांग्रेस नेता ने हमले में घायल हुए कुछ लोगों का हाल जाना और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से मुलाकात कर आतंकी हमले के बारे में चर्चा की। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने संवाददाताओं से कहा यह एक भयावह त्रासदी है। मैं यहां के हालात जानने और मदद करने आया हूं। जम्मू-कश्मीर के सभी लोगों ने इस हमले की निंदा की है और वे राष्ट्र के साथ हैं। उनका कहना था, ''मैं घायल हुए लोगों में से एक से मिला हूं, अन्य से इसलिए नहीं मिल पाया क्योंकि वे यहां से जा चुके हैं। मेरा प्यार और स्नेह उन सभी लोगों के साथ है, जिन्होंने अपने परिवार के सदस्यों को खो दिया है। मैं सभी को बताना चाहता हूं कि पूरा राष्ट्र उनके साथ खड़ा है।



राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को नई दिल्ली में हुई सर्वदलीय बैठक का हवाला देते हुए कहा, ''कल हमने सरकार के साथ बैठक की और पूरे विपक्ष ने इस हमले की निंदा की। इसके साथ ही हमने सरकार द्वारा की जाने वाली किसी भी कार्रवाई को पूरा समर्थन दिया है।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया, ''जो कुछ हुआ है उसके पीछे समाज को विभाजित करने का मंसूबा है, भाई को भाई से लड़ाने की साजिश है। ऐसे में यह जरूरी है कि हर भारतीय एकजुट होकर आतंकवादियों की नापाक कोशिश को विफल करें।

कांग्रेस नेता ने कहा, ''यह दुखद है कि कुछ लोग कश्मीर और देश के बाकी हिस्सों में हमारे भाइयों और बहनों पर हमला कर रहे हैं। हमें इस वक्त एकजुट होकर आतंकवाद को हराना है। इस घृणित काम से लड़ने और आतंकवाद को हमेशा के लिए हराने के लिए हमें एकजुट और साथ खड़ा होना होगा।'' उन्होंने कहा, ''मैंने मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल से भी मुलाकात की। उन्होंने मुझे घटना के बारे में जानकारी दी। मैंने उन दोनों को आश्वस्त किया है कि मैं और हमारी पार्टी उनका पूरा समर्थन करेंगे।

# आज आयेगें मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** मुख्यमन्त्री उ0 प्र0 योगी आदित्यनाथ का दिनांक- 26.04.2025 को जनपद लखीमपुर खीरी के पलिया स्थित (शारदा नदी पर निर्मित पलिया-भीरा रेलवे पुल संख्या-97) पर ड्रेजिंग साइट का स्थलीय निरीक्षण एवं अधिकारियों से चर्चा समय 14.00 बजे एक जनसभा को सम्बोधित किये जाने का कार्यक्रम प्रस्तावित है जनसभा सम्बोधन के पश्चात मुख्यमन्त्री 14.45 बजे पलिया एयर स्ट्रिप पर लैण्डिंग के पश्चात दुधवा नेशनल पार्क में 16.55 बजे तक दुधवा सफारी/ गेस्ट हाउस में उपस्थित रहेंगे उक्त कार्यक्रम के दृष्टिगत कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु पलिया में यातायात व्यवस्था के सुगम संचालन हेतु निम्न यातायत प्रबंधन जैसे पार्किंग स्थल, डायवर्जन, बैरियर व अन्य यातायात प्रबंधन के व्यापक प्रबंध किये गये हैं जिनका विवरण निम्नवत है महेवागंज से पलिया की तरफ जाने वाले सभी वाहन प्रातः 07.00 बजे से निघासन होते हुए अपने गंतव्य को जायेंगे बस्तोली/ मैलानी तिराहा से पलिया की तरफ से आने वाले वाहनों का प्रवेश प्रातः 07.00 बजे से पूर्णतः प्रबंधित रहेगा गौरीफन्टा/ चन्दनचौकी से पलिया की तरफ आने वाले भारी वाहन/ ट्रक/ बस का प्रवेश प्रातः 09.00 बजे से व दो पहिया, चार पहिया वाहनों का प्रवेश 11.00 बजे से पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा पलिया से गौरीफन्टा/ चन्दनचौकी की तरफ आने वाले भारी वाहन/ ट्रक/ बस का प्रवेश प्रातः 08.00 बजे से व दो पहिया, चार पहिया वाहनों का प्रवेश 11.00 बजे से पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा भीरा से पलिया व पलिया से भीरा आने वाले सभी वाहनों का आवागमन प्रातः 08.00 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक पूर्णतः प्रबंधित रहेगा।

## यूकेलिप्टस के पेड़ काटने को लेकर हुए विवाद में पूर्व प्रधान ने भाजपा मंडल महामंत्री पर कई राउंड फायरिंग की

**लखीमपुर-खीरी।** सिंगाही थाना क्षेत्र के गांव निबौरिया में यूकेलिप्टस के पेड़ काटने को लेकर हुए विवाद में पूर्व प्रधान ने भाजपा मंडल महामंत्री पर कई राउंड फायरिंग कर दी भाजपा नेता किसी तरह जान बचाकर मौके से भाग निकले। मौके पर पहुंची पुलिस ने पूर्व प्रधान को पकड़ने के बजाय कथित रूप से छोड़ दिया गांव निबौरिया निवासी भाजपा मंडल महामंत्री अरविंद वर्मा ने बताया कि उनके पास गांव के उत्तर दिशा में 16 बीघा खेत है। खेत में करीब 50 यूकेलिप्टस के पेड़ लगे हुए हैं, जिन्हें उन्होंने 40 हजार रुपये में एक ठेकेदार को बेचा था शुक्रवार को जब ठेकेदार पेड़ काटने पहुंचा तो आरोप है कि पूर्व प्रधान ने उसे गाली देकर भगा दिया इसके बाद ठेकेदार ने अरविंद वर्मा को फोन कर जानकारी दी अरविंद जब खुद खेत पहुंचे और पेड़ कटवाने लगे तो पूर्व प्रधान उस समय मौके पर नहीं थे लेकिन जैसे ही पेड़ कटने की सूचना पूर्व प्रधान को मिली, वह अपने दो बेटों के साथ हाथ में लाइसेंसी बंदूक लेकर खेत पर पहुंचे और ताबड़तोड़ फायरिंग करने लगे किसी तरह अरविंद और उनके साथी कमलेश जान बचाकर वहां से भाग निकले घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन आरोप है कि पूर्व प्रधान को पकड़ने के बजाय उसे छोड़ दिया गया।

## 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना मोहम्मदी पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 110/25 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस की घटना का सफल अनावरण करते हुए 01 नफर अभियुक्त चन्दू उर्फ अनुज पुत्र स्व0 रामऔतार नि0 मो0 बाजारखुर्द कस्बा व थाना मोहम्मदी को गिरफ्तार किया गया अभियुक्त के कब्जे से चोरी की 01 अदद मो0सा0 स्पेलेण्डर (रजि0 नं0 UP 31 BJ 3916) बरामद की गयी। अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही कर न्यायालय भेजा जा रहा है।

## अधेड़ ने काटा एक मासूम बच्ची के गाल पर , पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** शहर में रहने वाली एक मासूम बच्ची के गाल पर एक अधेड़ ने काट लिया। आरोप है कि बच्ची के साथ छेड़खानी भी की। बच्ची के परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। शहर के एक मोहल्ले में रहने वाली 6 वर्षीय बच्ची अपने घर के पास खेल रही थी। तभी उसको मोहल्ले के ही एक अधेड़ ने अपने गोदी में उठा लिया। बताया जाता है कि उसको ट्रॉफी दिलाने के बहाने ले गया और उसके गाल में तेजी से काट लिया। आरोप है कि अधेड़ ने बच्ची के साथ छेड़खानी भी की है। बच्ची ने घर जाकर परिजनों को पूरी बात बताई। परिजन बच्ची को लेकर कोतवाली पहुंचे और आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## हमलावरों ने की युवक की पिटाई

**लखीमपुर खीरी।** सदर कोतवाली क्षेत्र में एक युवक की हमलावरों ने पिटाई कर दी बताया जा रहा है कि युवक कबाब पराठा लेने के लिए दुकान पर गया था। मारपीट के दौरान युवक के सिर में चोट आई है। पुलिस ने घायल हो इलाज के लिए भेजा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। मोहल्ला सलेमपुर गोविंदनगर निवासी विक्की वर्मा ने बताया कि वह कबाब पराठा लेने के लिए गया था। पुरानी रंजिश को लेकर शहर के मोहल्ला नौरंगाबाद निवासी साहवान, सुफियान और साबान ने मारपीट शुरू कर दी। सभी ने लाठी-डंडों से उसे पीट दिया।

# अंजलि ने 94.83 अंक प्राप्त कर जिले में पाया पहला स्थान

### इंटरमीडिएट में जिले में दूसरा स्थान ओम साईं विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लीला कुआं के छात्र अमन वर्मा का रहा।

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** यूपी बोर्ड हाईस्कूल की परीक्षा में लखीमपुर शहर के सनातन धर्म सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा अंजलि ने 94.83 अंक प्राप्त कर जिले में पहला स्थान पाया है अंजलि को 600 में से 569 अंक मिले हैं। वहीं इंटरमीडिएट की परीक्षा में राजरानी माता इंटर कॉलेज बेहजम की छात्रा यशी रस्तोगी ने 91.60 प्रतिशत अंक लाकर जिले में टॉप किया है। यशी को 500 में से 458 अंक मिले हैं यूपी बोर्ड परीक्षा में इस बार हाईस्कूल व इंटर दोनों में बालिकाओं ने ही जिला टॉप किया है, वही टॉप 10 में भी बालिकाओं की संख्या अच्छी रही। हाईस्कूल में कुल 23 विद्यार्थी टॉप टेन में हैं, जिनमें 11 छात्राएं हैं। वही इंटरमीडिएट के टॉप टेन में कुल 16 विद्यार्थी हैं, जिसमें सात छात्राएं हैं। हाईस्कूल परीक्षा में जिले में दूसरे स्थान पर संयुक्त रूप से सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गोला के पीयूष तिवारी और एसपीएस विद्या मंदिर इंटर कॉलेज चौखड़िया के दिव्यांश श्रीवास्तव रहे। इन दोनों के 94.33 प्रतिशत अंक हैं तीसरे स्थान पर संयुक्त रूप से सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गोला के अंश कुमार और सनातन धर्म सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज लखीमपुर की सृष्टि तिवारी रहीं। इन दोनों के अंक 93.83 फीसदी हैं। इंटरमीडिएट में जिले में दूसरा स्थान ओम साईं विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लीला कुआं के छात्र अमन वर्मा का रहा। इन्हें 91% अंक मिले हैं। वहीं तीसरे स्थान पर आदर्श विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लखीमपुर के छात्र शिवा वर्मा रहे। इन्हें 90.80% अंक मिले हैं।

# पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा आतंकियों के लिए इस धरती पर कोई जगह नहीं: डॉक्टर नफीस


*अवधनामा संवाददाता*

**नूरपुर।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा बिजनौर के पूर्व ज़िला अध्यक्ष डॉ. नफीस गुलरेज़ अंसारी ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हालिया आतंकी हमले को कायराना और अमानवीय करतूत करार देते हुए इसकी कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की हिंसक घटनाओं को अंजाम देने वाले तत्व इंसानियत के दुश्मन हैं और उनका मकसद देश में दहशत फैलाना है।डॉ. गुलरेज़ ने केंद्र सरकार से मांग की कि हमले में शामिल आतंकियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाए, जिससे भविष्य में कोई भी ऐसी कायराना हरकत करने का साहस न कर सके। उन्होंने कहा कि इस दर्दनाक घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है और अब समय आ गया है कि आतंकवाद को जड़ से समाप्त किया जाए।उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री और प्रधानमंत्री से अपील करते हुए कहा कि आतंकियों को उनके अंजाम तक पहुंचाया जाए और देश की धरती को इन खूनी और वहशी तत्वों से मुक्त किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि आतंकवाद के खिलाफ देश की जनता को एकजुट होकर आवाज़ उठानी चाहिए।डॉ. गुलरेज़ ने कहा, ÷आतंक और नफरत की हार तय है। जरूरत है तो सिर्फ मजबूत इरादों और सख्त कार्रवाई की। आतंकवाद के लिए इस धरती पर कोई जगह नहीं होनी चाहिए और इन्हें इनके गुनाहों की सज़ा जल्द से जल्द मिलनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि, ÷जो कुछ हुआ है वह इस्लाम नहीं, बल्कि आतंकवाद है, और इस घिनौनी हरकत की सज़ा




बहुत जल्द आतंकवाद को भुगतनी होगी।अंत में डॉ. गुलरेज़ अंसारी ने समाज से अपील की कि वे ऐसे संवेदनशील समय में एकजुट रहें और आतंकियों के मंसूबों को विफल करने में अपनी भूमिका निभाएं।

## मौलाना डॉ. फुरकान ने की आतंकी हमले की कड़ी निंदा



**बिजनौर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हमले पर बिजनौर के मौलाना डॉक्टर फुरकान मेहरबान अली अल मदनी ने कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों पर हमले की मुस्लिम समाज का बच्चा बच्चा कड़ी निंदा करता है। पहलगाम में हुई हिंसा घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। मुझे उम्मीद है कि सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इस घटना की तह तक जाकर पता लगाएंगे कि इसके लिए कौन ज़िम्मेदार है। इस हमले को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जितनी तकलीफ हुई और गुस्सा है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जैसे ही प्रधानमंत्री को हमले का पता चला वैसे ही उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को फोन पर बात कर तुरंत कश्मीर जाने के लिए कहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना सऊदी अरब दौरा बीच में ही रोक दिया और मंगलवार-बुधवार की रात ही वापस लौटने का फैसला किया। इस हमले में बड़ी संख्या में निर्दोष लोग मारे गए और घायल हुए हैं। मैं इस हमले के पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं, और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं। मुझे अपने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पूरी उम्मीद है कि वह इस हमले का पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देंगे और आतंकियों को ऐसी सज़ा देंगे ताकि कोई बाद कोई भी इस तरह की हरकत करने की हिम्मत न जुटा पाए।

## भागी हुई पत्नी को बरामद करने की गुहार लगाई



**नजीबाबाद।** थाना क्षेत्र के अंबेडकर कालोनी चीनी मिल समीपुर निवासी अवतार सिंह ने गुरुद्वारा के ज्ञानी पर अपनी पत्नी को भाग ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से बरामद की गुहार लगाई है! पत्र में यह भी कहा गया कि घर पर प्रार्थी की पत्नी दविंदर कौर परिवार वालों से अलग मकान पर अकेली रहती थी। प्रार्थी के पड़ोस के गुरुद्वारे पर ज्ञानी बलकार सिंह पुत्र वीर सिंह निवासी अत्थेड़ी थाना शाह जिला अंबाला हरियाणा को हमारी बस्ती के परिचित बाबा सुखविंदर सिंह ने बलकार सिंह को ज्ञानी के रूप में रखा था। बलकार सिंह का सगा भांजा गुरुजिंदर सिंह ( सोनी ) पुत्र गुरदीप सिंह निवासी ग्राम जग्गन वाला थाना नजीबाबाद , बलकार सिंह लगभग डेट , 2 वर्ष से गुरुद्वारा में कार्य कर रहा था । इसी दौरान बलकार सिंह का आना-जाना प्रार्थी के घर पर हो गया! बलकार सिंह के मोबाइल नंबरों पर अब संपर्क करने पर उनके तीनों फोन नंबर स्विच ऑफ आ रहे हैं। पत्र में यह भी कहा गया कि 17 फरवरी 2025 को प्रार्थी की पत्नी को उपरोक्त बहलाकर फुसलाकर नजीबाबाद कपड़े लेने के बहाने सुबह 10 बजे लगभग आई थी । लेकिन शाम तक इधर-उधर अपनी पत्नी को तलाश किया। लेकिन कोई पता नहीं चला। अवतार सिंह ने ज्ञानी पर अपनी पत्नी को भगाने का आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र 27 फरवरी 2025 को थाना नजीबाबाद में इस संबंध में तहरीर दी, परन्तु नजीबाबाद पुलिस पर नामजद दोषी के विरुद्ध कोई कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए मजबूर होकर पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार लगाई है।

## रक्तदान शिविर का आयोजन



**नजीबाबाद।** ऑल इंडिया रहमानिया मदद ग्रुप ट्रस्ट की ओर से नजीबाबाद के मोहल्ला कबाड़ी मार्केट के फातिमा हॉस्पिटल में डॉक्टर वसीम के सहयोग से एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सभी रक्तवीरों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। फातिमा हॉस्पिटल में ऑल इंडिया रहमानिया मदद ग्रुप ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष व संस्थापक शाकिर अली ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन कर समाज के लोगों को मदद करने के लिए प्रोत्साहित किया। नजीबाबाद के कबाड़ी मार्केट के व्यापारियों ने रक्तदान कर शिविर के आयोजन में अपना योगदान दिया। ट्रस्ट की टीम में शामिल नासिर कुरैशी ने 47 वर्ष की उम्र में इस बार 86वीं बार रक्तदान किया, उन्होंने क्षेत्र के युवाओं को रक्तदान कर लोगों की मदद करने के लिए आगे आने को कहा। कैंप में 41 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान महादान ग्रुप के ब्लॉक अध्यक्ष हाजी फईम अख्तर ने मौके पर पहुंचकर अपना सहयोग प्रदान किया। रक्तदान शिविर में बिजनौर के हिंद चैरिटेबल ब्लड बैंक की टीम में डॉक्टर मुशाहिर खान, सुपरवाइजर रियाज हुसैन, हिरदेश, रिजवान हुसैन, स्टाफ नर्स हादिया परवीन व डॉक्टर पवन कुमार शामिल रहे। वहीं ऑल इंडिया रहमानिया मदद ग्रुप ट्रस्ट की टीम में अध्यक्ष शाकिर अली कुरैशी , नासिर कुरैशी, मोहमुद कुरैशी, आदिल, आक़िफ हुसैन उर्फ अक्की, मोहम्मद अरशद व शेरखान आदि लोग शामिल रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में किया गया जिला उद्योग बंधु की बैठक का आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेई सभागार में जिला उद्योग बंधु की बैठक का आयोजन जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में किया गया।

शुक्रवार को आयोजित इस बैठक में डीएम श्री राय ने उद्यमियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।उन्होंने आसफपुर में लगाए जा रहे बायो सी0एन0जी0 प्लांट से संबंधित समस्या के त्वरित निस्तारण करने के निर्देश विद्युत विभाग के अधिकारियों को दिए।जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लंबित आवेदन पत्रों पर अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए बैंक अधिकारियों को लंबित आवेदन पत्रों का प्राथमिकता पर निस्तारण करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि डायट ऑडिटोरियम में आवेदकों के समक्ष उनकी समस्याओं का निस्तारण करें। बैंक अधिकारी आवेदन पत्रों को लंबित न रखें तथा प्राथमिकता पर उसका निस्तारण कराए।उन्होंने निवेश मित्र पोर्टल पर समय अंतर्गत लंबित 53 आवेदन पत्रों का समय सीमा के अंदर निस्तारण करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने आई0टी0आई0 के प्रधानाचार्य को शिक्षुता प्रशिक्षण योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लक्ष्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री युवा स्वः रोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों सहित विभिन्न बिंदुओं पर एक-एक कर चर्चा की गई व आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए गए। इससे पूर्व जनपद के उद्यमियों व व्यापारियों ने जिलाधिकारी को बुके देकर व माला पहनाकर उनका जनपद में आगमन पर स्वागत किया गया।डीएम ने कहा कि उद्यमियों व व्यापारियों का देश व प्रदेश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान रहता है।

## जागरूकता शिविर का आयोजन

**बदायूं।** विकासखंड सलारपुर के मोगरा में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन प्राधिकरण की सचिव की अध्यक्षता में किया गया। शिविर का शुभारम्भ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/प्राधिकरण की सचिव,शिव कुमारी द्वारा किया गया। डीएलएसए सचिव ने कार्यक्रम में मौजूद छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि छात्राओं को शिक्षित होना चाहिऐ व अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क विधिक सेवायें प्रदान की जाती है, यदि किसी प्रकार पीड़ित के अधिकारों का उल्लंघन होता है तो वह अपने शिकायती प्रार्थना-पत्र कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,व सम्बन्धित थाना में देकर निःसंकोच केस दर्ज करा सकते हैं,। कार्यक्रम में मौजूद छात्राओं से आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि अपने आस-पास के परिवेश में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें, तथा स्वच्छता का भी विशेष ध्यान रखें इसके अतिरिक्त छात्राओं के खिलाफ अपराध जैसे एसिड हमला, बलात्कार, अपहरण, दहेज उत्पीडन, एवं यौन उत्पीडन के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक बताया एवं घर से विद्यालय आने जाने पर छात्राओं को सड़क सुरक्षा की दृष्टि से हेल्मेट व शीट वेल्ट आदि यातायात नियमों का पालन करना चाहिए।

# प्राइवेट एवं रोडवेज बस चालकों की मनमानी से हर समय रहती है जाम जैसी स्थिति

### महज 20 कदम पर पुलिस चौकी होने के बावजूद मनमानी करते हैं चालक



*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** रोडवेज एवं प्राइवेट बसों के चालको द्वारा अपनी अपनी बसों को रोडवेज के निकट मनमानी तरीके से पार्क करने के कारण यहां हर समय जाम जैसी स्थिति बनी रहना एक आम सी बात होकर रह गई है।बावजूद इसके जिले के ज़िम्मेदार इस ओर से अपनी आंखें मूंदे बैठे हैं।

बस चालकों की मनमानी के चलते रोडवेज से महिला चिकित्सालय की ओर जाने वाले मार्ग पर हर समय जाम लगा रहता है जो जग जाहिर है। यही हाल रोडवेज से प्राइवेट बस स्टैंड तक का है।यहां रोडवेज एवं प्राइवेट बसों के चालक अपनी मनमर्जी से अपने-अपने वाहनों को आड़ा-तिरछा करके खड़ा कर देते हैं जिस कारण यहां से गुजरने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।यहां पर हर समय जाम जैसी स्थिति तब बनी रहती है,जब यहां से महज 20 कदम की दूरी थाना सिविल लाइंस की रोडवेज पुलिस चौकी स्थित है।इसके अलावा यहां ट्रैफिक पुलिस के जवानों के साथ होमगाड्र्स की भी ड्यूटी लगाई जाती है। यहां जाम के बीच से गुजरने वाले राहगीर पुलिसकर्मियों को देखकर यह सोचने पर मजबूर रहते हैं कि वाहन चालकों की मनमानी पर पुलिस कोई एक्शन क्यों नहीं लेती।बात केवल पुलिस की ही नहीं है रोडवेज एवं प्राइवेट बसों के चालकों को नैतिकता का पाठ कौन पढ़ाएगा और यह जिम्मेदारी किसकी है,यह सवाल भी लोगों को अंदर ही अंदर झकझोरता रहता है।कुछ लोग दबी जुबान से जिम्मेदारों की मिली भगत कहते हुए यहां से गुजर जाते हैं। इस सबके बावजूद परिवहन विभाग के अधिकारी भी इस जनसमस्या को लगातार नजर अंदाज किए हुए हैं।

## पहलगाम हमले का विरोध-शुक्रवार दोपहर तक व्यापारियों ने बंद रखीं दुकानें

**बदायूं।** पहलगाम हमले के विरोध में बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के आह्वान पर व्यापारियों द्वारा अपनी-अपनी दुकानों को शुक्रवार दोपहर तक बंद रखा गया। व्यापारी द्वारा विरोध प्रकट करते हुए सर्जिकल स्ट्राइक की मांग की गई। हालांकि बंद का ज्यादा असर हलवाई चौक,पुराना बाजार,टिकट गंज एवं हलवाई चौक से सब्जी मंडी को जाने वाले मार्ग पर ही ज्यादा देखा गया। बाकी शहर में बाजार पूरी तरह से रोजमर्रा की तरह खुला रहा। हमले का विरोध करते हुए व्यापारियों एवं संगठन के पदाधिकारियों द्वारा हलवाई चौक पर जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए जुलूस निकाला गया और आतंकवाद का पुतला भी फूंका गया।व्यापारी इस दौरान पाकिस्तान मुर्दाबाद आदि नारे लगा रहे थे। व्यापारी सरकार से मांग कर रहे थे कि सरकार पाकिस्तान को उसकी सीमा में घुसकर करारा जवाब दे।

## आलिया और जिया ने इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण कर बढ़ाया परिवार और क्षेत्र का मान



*अवधनामा संवाददाता*

**नूरपुर।** नगर नूरपुर के मोहल्ला गोविंद नगर बुद्ध बाजार निवासी उस्मान इदरीसी की दोनों पुत्रियाँ– आलिया परवीन और जिया परवीन– ने इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने विद्यालय, नायदरी देवी इंटर कॉलेज अभिभावकों और क्षेत्र का नाम गर्व से ऊँचा किया है। आलिया परवीन ने 500 में से 277 अंक प्राप्त कर 55.4% अंक हासिल किए, वहीं उसकी छोटी बहन जिया परवीन ने 500 में से 357 अंक प्राप्त कर 71.4% अंक प्राप्त किए। दोनों छात्राओं ने अपनी मेहनत और लगन से यह सफलता अर्जित की, जिससे पूरे परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई।बेटियों की इस सफलता पर उनके दादा, वरिष्ठ टेलर मास्टर ज़रीनुद्दीन ने उन्हें आशीर्वाद देते हुए कहा कि ये बच्चियाँ आने वाले समय में समाज का नाम रौशन करेंगी। उन्होंने कहा कि बेटियाँ किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं और यह सफलता उसका प्रमाण है। इस दौरान जिया परवीन ने अपनी आगे की पढ़ाई जारी रखने की इच्छा जताई और कहा कि वह पुलिस डिपार्टमेंट मे पहुँच कर जनसेवा करना चाहती हैं। जिया का यह सपना पूरे परिवार के लिए गर्व का विषय बन गया है। दोनों बहनों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों और माता-पिता को देते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और प्रोत्साहन के बिना यह संभव नहीं था। मोहल्ले के लोगों ने भी दोनो बेटियों की मेहनत और लगन की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सोलर सिटी के रुप में विकसित किया जायेगा सहारनपुर नगरायुक्त ने यूपी नेडा अधिकारी से प्रोजेक्ट बनाने को कहा




*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** सहारनपुर शहर को सोलर सिटी के रुप में विकसित किया जायेगा। इसके लिए सभी शासकीय व अर्ध शासकीय भवनों पर सोलर सिस्टम लगाये जायेंगे ताकि पारम्परिक ऊर्जा पर निर्भरता कम की जा सके। नगरायुक्त शिपू गिरि ने इस सम्बंध में नेडा अधिकारियों को सभी सरकारी भवनों की सूची बनाते हुए कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। नगरायुक्त शिपू गिरि ने आज नेडा अधिकारियों के साथ बैठक कर शहर को सोलर सिटी बनाने के लिए प्रोजेक्ट तैयार कर देने के निर्देश दिए। सोलर प्रोजेक्ट को क्रियान्वित करने वाली इनपैनल एजेंसी 'एनर्जी -6 प्रा. लि.' के प्रतिनिधि भी इस अवसर पर मौजूद रहे। नगरायुक्त ने कहा कि जीआईएस सर्वे के हिसाब से सभी भवनों का विवरण लेकर देख लें कि कहां आवश्यकता है और कहां अभी उपलब्ध है। उन्होंने रात्रिकालीन मार्ग प्रकाश के लिए स्मार्ट सोलर स्ट्रीट लाइट, प्रमुख स्थानों पर सजावटी एवं उपयोगी प्रकाश व्यवस्था के लिए सोलर हैरिटेज हाई मास्ट, उपयुक्त स्थानों पर सोलर ट्री तथा चौराहों पर सोलर हाई मास्ट लाइट आदि के सम्बंध में शहर की भौगोलिक परिस्थितियों एवं लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।

नगरायुक्त द्वारा योजना के सम्बंध में पूछे जाने पर नेडा अधिकारियों ने बताया कि 'उप्र सौर ऊर्जा नीति 2022' के अंतर्गत शहर को सोलर सिटी बनाने का उद्देश्य पारम्परिक ऊर्जा पर निर्भरता कम करना है। रुफटॉप सोलर पावर प्लांट की स्थापना इस परियोजना की प्रमुख आधारशिला है। नगर निगम क्षेत्र में एक किलोवाट से 25 किलोवाट की क्षमता के विद्युत भार वाले समस्त शासकीय/अर्धशासकीय संस्थानों पर ऑन ग्रिड एवं ऑफ ग्रिड दोनों प्रकार के संयंत्रों की स्थापना इस योजना के अंतर्गत कराये जाने हेतु सोलर सिटी कार्यक्रम की कार्ययोजना में सम्मलित किया जा सकता है। इससे नगर निगम के प्रकाश व्यवस्था के संसाधनों में भारी बचत हो सकती है।

# आगरा में कांग्रेस जिलाध्यक्ष अपने समर्थकों के साथ गंदे पानी में धरने पर बैठ गए



*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** आगरा-ग्वालियर हाईवे की दुर्दशा के खिलाफ शुक्रवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामनाथ सिकरवार ने अनोखे तरीके से विरोध जताया। उन्होंने सीवर के बहते गंदे पानी के कारण सर्विस रोड पर हो रही परेशानी को लेकर लोगों के साथ मिलकर पानी में ही धरना शुरू कर दिया। यह धरना हाईवे के रोहता चौराहा क्षेत्र में उस जगह पर दिया जा रहा है, जहां पिछले कई महीनों से जलभराव बना हुआ है। गंदे पानी के कारण सर्विस रोड पूरी तरह से बेकार हो चुकी है, जिससे आए दिन लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। धरने में कांग्रेस जिलाध्यक्ष स्थानीय नागरिकों के साथ जलभराव वाले स्थान पर खुद पानी में बैठ गये। उन्होंने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि नेशनल हाईवे अथॉरिटी समस्या से आंखें मूंदे हुए है। रामनाथ सिकरवार ने कहा कि यह सिर्फ सड़क नहीं, लोगों की रोज़मर्रा की ज़िंदगी का सवाल है।

बता दें कि बीते रोज इसी क्षेत्र में रोहता नहर बाईपास के पास पत्थरों से भरा एक ट्रक भी गड्ढों के चलते पलट गया था। उस घटना के बाद रामनाथ सिकरवार तत्काल मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों के साथ मिलकर धरना दे रहे लोगों को समर्थन भी दिया। वही स्थानीय लोगों की मांग है कि हाईवे के सर्विस रोड से जल निकासी की व्यवस्था की जाए। गड्ढों की मरम्मत तुरंत हो। हादसे के लिए जिम्मेदार एजेंसियों पर कार्रवाई हो।

# पाक नागरिकों पर कसा शिकंजा, आगरा से पाकिस्तानी दंपति को वापस भेजा, अन्य को भेजने की तैयारी

*अवधनामा संवाददाता*



**आगरा।** पुलिस कमिश्नरेट ने एक महीने के वीजा पर ताजगंज में रिश्तेदार के घर आए दंपति को पाकिस्तान वापस भेज दिया। इसके साथ ही सात पाकिस्तानी नागरिकों को वापसी का नोटिस दिया गया है। ये सातों पाक नागरिक दयालबाग में सत्संग में शामिल होने आए हैं। इसके साथ ही आगरा पुलिस कमिश्नरेट ने 43 अन्य की पाकिस्तान नागरिकों की वापसी के लिए तैयारी के निर्देश दिए हैं। ये सभी लोग लांग टर्म वीजा पर आगरा में रह रहे हैं। बता दें कि 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने देश में आए पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा रद्द करने का निर्णय लिया है। सरकार ने पाकिस्तान से वीजा पर आए नागरिकों को 1 मई 2025 तक भारत छोड़कर जाने का आदेश दिया है। भारत सरकार के आदेश के बाद बुधवार रात ही लोकल इंटेलीजेंस यूनिट सक्रिय हुई।

एसीपी एलआईयू दिनेश सिंह ने बताया कि 15 दिन पहले ही पाकिस्तान से आगरा के ताजगंज आए फैजान अली और उसकी पत्नी वरदा से संपर्क किया गया। दोनों ताजगंज में रहने वाले रिश्तेदार के घर आए थे। एलआईयू टीम ने पाक नागरिक फैजान अली और उनकी पत्नी को बुधवार रात ही वतन वापसी के बारे में निर्देश दिए। गुरुवार को पाक दंपति पाकिस्तान के लिए रवाना हो गए। इसके साथ ही एलआईयू ने एक महीने के विजिटर वीजा पर दयालबाग में आयोजित सत्संग में शामिल होने आए सात पाकिस्तानी नागरिकों को भी वतन वापसी का नोटिस दिया है।

एसीपी एलआईयू दिनेश सिंह ने बताया कि जिले में लांग टर्म वीजा पर 43 पाकिस्तानी नागरिक रह रहे हैं। अभी तक केंद्र सरकार से लांग टर्म वीजा पर रहने वालों के बारे में कोई आदेश नहीं मिला है। आगरा की बात करें तो लांग टर्म वीजा पर शाहगंज, ताजगंज और शहीद नगर में पाकिस्तानी नागरिक रहते हैं। इनमें अधिकतर महिलाएं हैं, जो यहां पर निकाह करके रहती हैं। इसके साथ ही कुछ पाक नागरिक भी हैं, जो निकाह करके आगरा में रहते हैं। इनमें से अधिकांश ने भारत की नागरिकता के लिए आवेदन किए हैं मगर, अभी तक उनके आवेदन पर कोई निर्णय नहीं हुआ है।

# लखपति देवी रामकिशोर इंटर कॉलेज एकटेकवा में यूपी बोर्ड परिणाम 2025 की धूम



अवधनामा संवाददाता

**एकटेकवा, बस्ती।** लखपति देवी रामकिशोर इंटर कॉलेज, एकटेकवा में आज यूपी बोर्ड परीक्षा 2025 के परिणामों की घोषणा के साथ उत्साह और उमंग का माहौल रहा। इंटरमीडिएट और हाई स्कूल दोनों कक्षाओं में छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। परिणामों की खुशी में विद्यालय के सभी शिक्षकों और स्टाफ ने उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया।

इंटरमीडिएट परीक्षा में छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। शालू ने 84.4 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि पूजा वर्मा ने 82.2 प्रतिशत और रूबी निषाद ने 82.02 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसके अलावा नेहा ने 81.6 प्रतिशत, अंशिका मिश्रा और नैन्सी ने 81.2 प्रतिशत, प्रज्ञा गौतम ने 81.0 प्रतिशत, और नित्य ने 80.4 प्रतिशत अंकों के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सभी छात्राओं ने अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया। हाई स्कूल में भी विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। काजल ने 92.16 प्रतिशत अंकों के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया। पंकज और खुशी ने 91.16 प्रतिशत अंक हासिल किए, जबकि नंदनी यादव ने 89.5 प्रतिशत, खुशी यादव ने 85.6 प्रतिशत और अभिषेक ने 84.33 प्रतिशत अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की।

इन परिणामों ने विद्यालय के उच्च शैक्षिक स्तर को और मजबूत किया। परिणामों की घोषणा के बाद विद्यालय में उत्सव का माहौल रहा। इस अवसर पर विद्यालय के निर्देशक श्री रामदीन शुक्ला, प्रधानाचार्य मनीष कुमार उपाध्याय, सहायक अध्यापक सौरभ शुक्ला, प्रेम शंकर, सोमनाथ यादव, अश्वनी कुमार, विशाल, अनुराग दुबे, चंद्रधर मिश्रा, सिंधुजा मिश्रा, फूल कली, और कुसुम जायसवाल सहित समस्त स्टाफ ने छात्र-छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।प्रधानाचार्य मनीष कुमार उपाध्याय ने कहा, ÷हमारे विद्यालय के बच्चे अपनी मेहनत और लगन से हर क्षेत्र में सफलता हासिल करेंगे। ये परिणाम उनकी कड़ी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम हैं। मुझे विश्वास है कि हमारे छात्र-छात्राएं जहां भी जाएंगे, वहां अपना परचम लहराएंगे।

# बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन पर आधारित संस्मरण पर संगोष्ठी



अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन पर आधारित संस्मरण पर संगोष्ठी का आयोजन शुक्रवार को धर्म समाज महाविद्यालय अलीगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता की भूमिका में हिंदी विभाग के सहायक आचार्य डॉ नंद राम निषाद, डॉ राजमणि सरोज व डॉ रंजीत माथुर रहे। संगोष्ठी में प्रतिभाग करने वाले स्वयंसेवकों व सेविकाओं में से भूमि श्री वेदिका पचौरी, शिवम व कुनिष्का ने भी बाबा साहब के संस्मरणों पर अपने विचार रखे। डॉ रंजीत माथुर ने बाबा साहब के संस्मरणों पर विचार रखते हुए कहा कि उनका संघर्ष बहुत उत्तम कोटि का है उन्होंने कम संसाधनों में बहुत ही कठिन संघर्ष किया। डॉ राज मणि सरोज ने बाबा साहब के संस्मरणों पर अपने विचार रखते हुए उपस्थित स्वयंसेवकों व सेविकाओं को बाबा साहब के अनछुए पहलुओं से परिचित कराया। मुख्य वक्ता डॉ नंद राम निषाद ने आज की संगोष्ठी के विषय पर विस्तार से अपने विचार रखे । निषाद जी ने बाबा साहब के प्रसिद्ध वाक्य ÷शिक्षित बनो, संघर्ष करो, संगठित रहो÷ के बारे में बताया। उन्होंने कहा की बाबा साहब का योगदान समाज के किसी एक वर्ग के लिए न होकर सभी वर्गों के लिए है। बाबा साहब के संघर्ष की देन भारत वर्ष का प्यारा संविधान है। वह संविधान जिसने सभी वर्गों में समानता स्थापित की स्वतंत्रता प्रदान की,समान न्याय प्रदान किया।

# राष्ट्र के मुद्दों पर राजनीति नहीं होनी चाहिए : शशांक शेखर

## जे.पी.आई के संयुक्त तत्वावधान में गाँधी प्रतिमा पर आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को भावभीनी श्रद्धांजलि की गयी अर्पित




अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच एवं जनसत्ता पार्टी ऑफ इंडिया (जे.पी.आई) के संयुक्त तत्वावधान में गाँधी प्रतिमा जी.पी ओ. हजरतगंज लखनऊ में पहलगाम में कायराना आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान पार्टी प्रमुख शशांक शेखर सिंह पुष्कर ने कहा कि मारे गये परिजनों के प्रति पार्टी सहित पूरा देश संवेदना प्रकट करता है, पूरा देश आक्रोशित है।

राष्ट्र के मुद्दों पर राजनीति नहीं होनी चाहिए, इस प्रकार की हिंसा किसी भी क़ीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम करें तथा आरोपियों को कठोर सज़ा दिलाये। जम्मू-कश्मीर को असुरक्षित करने व वहां के लोगों को आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचाने की गहरी साजिश हुई है। केंद्र सरकार से पार्टी एवं जनता से अपील किया कि नृशंस हत्याकांड की स्पष्ट एवं पारदर्शी जाँच कराकर देश की जनता की अपेक्षा के अनुसार दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही हो जो दिखाई दे तथा जिम्मेदारों पर भी कड़ी कार्यवाही हो। पार्टी समूचे भारत के नागरिकों की तरफ़ से यह भी माँग करती है कि निर्दोष संभ्रांत देश के नागरिकों की मौत का बदला मौत चाहिए। शशांक शेखर पुष्कर ने कहा कि पाकिस्तान अपने आतंकी हरकत से बाज नहीं आ रहा है सोची समझी साजिश के तहत धर्म के आधार पर भारत में नफरत का माहौल पैदा कर अशांति फैलाने की कोशिश हो रही है। प्रधानमंत्री जी को ऐसे भारत विरोधी ताकतों को मुँहतोड़ जवाब देना चाहिए। किसी भी कीमत पर ऐसे कायराना हरकत को देश बर्दाश्त नहीं करेगा। इस मौके पर एड. पंकज सिंह, रुचि रावत, शुभम विनोद सिंह, करन कश्यप, इंदर कुमार, सुजीत चौहान, सोहित यादव, दुविद कश्यप, मायाराम यादव आदि उपस्थित रहे।

## पाकिस्तान पीएम का पुतला फूंक कर विरोध जताया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद के थाना शमशाबाद क्षेत्र के फैजाबाद चौराहे पर जय जवान जय किसान लोक शक्ति संगठन के जिलाध्यक्ष कमलेश राजपूत के नेतृत्व में पुलवामा में बेकसूर लोगों की हत्या किए जाने के विरोध में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री का पुतला फूक कर विरोध जताया। इस मौके पर फर्रुखाबाद के जिलाध्यक्ष कमलेश राजपूत प्रदेश महा प्रमुख अवनीश सिंह तोमर , प्रदेश सचिव श्री हरि लाल सिंह राजपूत , मंडल मीडिया प्रभारी डॉ अजय शाक्य , राणा प्रताप मंडल संगठन मंत्री, डा विनय प्रताप सिंह जिला अध्यक्ष चिकित्सा विभाग निर्मल कुमार गंगवार युवा जिला अध्यक्ष, रामनरेश गौतम तहसील अध्यक्ष, जुगेंद्र सिंह जिला सचिव रतन पाल ब्लॉक सचिव, महेश चंद्र ब्लॉक अध्यक्ष शमसाबाद, लव कुमार युवा जिला सचिव देव सिंह राजपूत युवा जिला महा मंत्री सहित मंडल व जिला टीम सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## आतंकी हमले के विरोध में पुतला फूंका गया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** आज इलेक्ट्रिक मर्चेंट एंड वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा लालगेट पर जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मानवता के हत्यारें दूर आतंकियों द्वारा निर्दोष पर्यटकों/आम जनमानस पर गोलियों से हमला कर घटना कारित की गयी है। वह अक्षम्य व निन्दनीय है। शोकाकुल निर्दोष पीड़ितों के परिजनों की आँसुओं से भीगी हुई आँखें आपसे आतंकियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई किये जाने की अपेक्षा से आपकी तरफ निहार रही है एवं इस घटना से सम्पूर्ण भारतवर्ष में शोक की लहर है एवं सम्पूर्ण भारतवर्ष के आम जनमानस के मन में आतंकियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही किये जाने की भावना है। ऐसी स्थिति में इलेक्ट्रिक मर्चेंट एंड वेलफेयर एसोसिएशन आपसे आतंकियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की सरकार से मांग करती है एवं भारत सरकार के द्वारा आतंकियों के विरुद्ध कार्यवाही कर उनका खात्मा किये जाने की परिस्थिति में भारत सरकार का पूर्ण समर्थन भी करेगी। इस मौके पर मनोज कुमार अध्यक्ष सचिन गुप्ता महामंत्री मोहम्मद सलीम वरुण यादव संजीव गुप्ता सर्वेश राठौर अवनीश राठौर ललित शाक्य अनवर राजन सिंह, सुभाष राठौड़ आदि मौजूद रहे।

## मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने दर्ज कराया केस

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** औद्योगिक विकास प्राधिकरण गीडा सेक्टर 13 अवैध रूप से संचालित हो रहे फैक्ट्री में बुधवार को हुए हादसे में 7 मजदूर उमर फारुख, मुबारक, सलमान, हजरत बिलाल, अहमद, माजिद, ईसा गंभीर रूप से झुलस गए थे। हादसे के बाद प्रशाशन जांच पड़ताल शुरू किया तो फैक्ट्री संचालक ने सुरक्षा संबंधी मानकों को ध्यान में नहीं रखा था। इसके बाद मुख्य अग्निशमन अधिकारी की तहरीर पर पुलिस ने फैक्ट्री संचालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से गीडा सेक्टर 13 में स्थित टोटल फास्ट फूड फैक्ट्री में हादसे के बाद अग्निशमन विभाग द्वारा जांच किया तो पता चला कि फैक्ट्री संचालक द्वारा सुरक्षा के मानकों को ध्यान में नहीं रखा गया है। इसके बाद मुख्य अग्निशमन अधिकारी संतोष कुमार राय की तहरीर पर पुलिस ने फैक्ट्री संचालक हिमांशु मणि त्रिपाठी पुत्र राजेंद्र मणि त्रिपाठी निवासी खोठा सिंधड़िया कूड़ाघाट थाना कैंट के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# अल्लाह व रसूल की मुहब्बत सभ्य समाज का निर्माण करती है : मुफ्ती सुल्तान रजा



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** नार्मल स्थित मरकजी दरगाह पर हजरत मुबारक खां शहीद रहमतुल्लाह अलैह का सालाना तीन दिवसीय उर्स-ए-पाक शुक्रवार से शुरु हुआ। पहले दिन जलसा-ए-ईद मिलादुन्नबी व दस्तारबंदी का कार्यक्रम हुआ। हिफ्ज मुकम्मल करने वाले छात्रों के सिर पर अतिथियों ने दस्तार बांधकर फूल मालाओं, तोहफों व दुआओं से नवाजा। जलसे के बाद मजार शरीफ का गुस्ल हुआ। संदल पोशी की गई। दरूदो सलाम पढ़कर मुल्क व पूरी दुनिया में मुहब्बत, तरक्की, अमन व सलामती की दुआ मांगी गई।

मुख्य अतिथि सीवान (बिहार) के मुफ्ती सुल्तान रजा ने कहा कि अल्लाह व रसूल की मुहब्बत ज़िंदगी है और नफ़रत मौत। नफ़रत समाज को तोड़ती है और अल्लाह व रसूल की मुहब्बत सभ्य समाज का निर्माण करती है। नफरत आग लगाती है अल्लाह व रसूल की मुहब्बत उस आग को बुझाने का काम करती है। इस्लाम धर्म का संदेश मुहब्बत है। फैसला आपको करना है कि आप इस्लाम धर्म के साथ हैं या नहीं। आज के माहौल में पैग़ंबरे इस्लाम हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की शिक्षाओं पर अमल करके हम न सिर्फ अपने प्यारे देश बल्कि पूरे संसार में शांति स्थापित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह इल्म का दौर है, इसलिए अपने बच्चों की अच्छी परवरिश करें, उन्हें आधुनिक शिक्षा के साथ धार्मिक शिक्षा भी जरूर दिलाएं। बच्चों को आलिम के साथ बैरिस्टर, इंजीनियर और डॉक्टर बनाएं। उन्होंने अवाम से अपील किया कि अपने शहर व बस्ती में मदरसों के साथ स्कूल, कॉलेज व हॉस्टल बनाएं। बच्चों पर पैनी निगाह रखें। जब वो बालिग हो जाए तो बेहतर रिश्ता देखकर उनकी शादी करा दें, ताकि वो गलत कदम उठाने से बचें। नौजवान सोशल मीडिया का प्रयोग सावधानी से करें। अध्यक्षता करते हुए मुफ्ती मुनव्वर रजा ने कहा कि इस्लाम तौहीद व इंसानियत की शिक्षा देता है। इस्लाम की शिक्षा में तौहीद, प्यार व भाईचारगी है। इस्लाम की सभी शिक्षा सिर्फ और सिर्फ इंसानियत की भलाई के लिए है। इंसानियत के हित में जितना भी तरीका और शिक्षा इस्लाम में दी गई वह कहीं और नहीं मिलेगी। इस्लाम की शिक्षा व मुहब्बत लोगों के दिलों में रचती बसती जा रही और लोग इस्लाम अपनाते जा रहे हैं।

## पुलिस ने गुमशुदा बच्चे को तलाश कर परिजनों को किया सुपुर्द

**अलीगढ़।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना बन्नादेवी पुलिस टीम ने 13 वर्षीय गुमशुदा बच्चे को तलाश कर परिजनों को किया सुपुर्द- परिजनों के चेहरे पर लौटी मुस्कान। गुरुवार को समय करीब 14.00 बजे गुमशुदा बच्चा भोला उर्फ दिवाकर उम्र 13 वर्ष जो अपने घर से पेंसिल लेने गया था वापस नहीं लौटा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अलीगढ़ द्वारा जनपद में गुमशदा बच्चों की तलाश, शीघ्र बरामदगी एवं रास्ता भटके हुए बच्चों को परिजनों से मिलाने हेतु चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन मुस्कान के अनुक्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी द्वितीय के पर्यवेक्षण में थाना बन्नादेवी पुलिस टीम द्वारा तत्परता व सजगता दिखाते हुए कड़ी मेहनत एवं अथक प्रयास से आस-पास के इलाकों, गली -मौहल्लों में कैमरों की मदद से गुमशुदा बच्चे को तलाश करते हुये एलमपुर गढिया से सकुशल बरामद कर उसके माता-पिता के सुपुर्द किया गया। बच्चे द्वारा बताया गया कि मैं स्कूल जाने के डर के कारण कही जाकर छुप गया था।

## एक्टिव एडवोकेट फाउंडेशन ऊ. प्र. का स्थापना दिवस मना



नव निर्वाचित कार्यकारिणी को दिया गया सदस्यता प्रमाण पत्र

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** एक्टिव एडवोकेट फाउंडेशन ऊ. प्र. के प्रदेश महामंत्री अमोद श्रीवास्तव, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ विजय प्रकाश तिवारी, उपाध्यक्ष अनुराग द्विवेदी व नगर अध्यक्ष सी. डी तिवारी (चंद्र देव तिवारी), महामंत्री मुकेश मिश्र तथा उपाध्यक्ष सुधाकर औदीच्य द्वारा संगठन का स्थापना दिवस समारोह आर. के. पैलेस रकाबगंज लखनऊ मनाया गया। जिसमें फाउंडेशन की सम्पूर्ण प्रदेश व नगर कार्यकारिणी द्वारा स्वागत व अभिनन्दन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि श्री आनन्द मणि त्रिपाठी, प्रदेश महामंत्री अमोद श्रीवास्तव, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ विजय प्रकाश तिवारी @ शुभ, उपाध्यक्ष अनुराग द्विवेदी व नगर अध्यक्ष सी डी तिवारी (चद्र देव तिवारी) महामंत्री मुकेश मिश्र, उपाध्यक्ष सुधाकर औदीच्य तथा उपाध्यक्ष विजय द्विवेदी द्वारा फाउण्डेशन के नव निर्वाचित कार्यकारिणी को सदस्यता प्रमाण पत्र, अंगवस्त्र व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित गया और आये हुए सभी अधिवक्ता व सदस्य के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## लोक भारती इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** लोकभारती इंटर कॉलेज, गीतापल्ली, आलमबाग, लखनऊ के विद्यार्थियों ने इस बार भी यूपी बोर्ड की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय की हाई स्कूल छात्रा मोहनी वर्मा ने 88 प्रतिशत, दिव्यांश शर्मा ने 84 प्रतिशत, प्रतिज्ञा कनौजिया ने 83 प्रतिशत अंकों के साथ बोर्ड परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन किया। वही इंटर की बोर्ड परीक्षा में छात्र अक्षय वाजपेई 76 प्रतिशत, अंशिका ठाकुर 74 प्रतिशत, सानिया अली 73 प्रतिशत तथा साबिया बानो 70 प्रतिशत अंकों के साथ सफल हुए। विद्यालय की संस्थापक प्रधानाचार्य ममता दीक्षित ने बताया कि हर बार की तरह इस बार भी हमारे विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है। ममता दीक्षित ने कहा कि जिन विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में विद्यालय का नाम रोशन किया वे सभी समाज के मध्यम वर्ग से आते हैं। घर के सीमित संसाधनों के बीच इन विद्यार्थियों ने विद्यालय में अपने अध्यापकों के निर्देशन में कड़ी मेहनत की जिसका नतीजा आज सामने है। विद्यालय के निदेशक नमन दीक्षित ने कहा कि लोकभारती इंटर कॉलेज का विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर पूरा ध्यान रहता है।

## विवेकानंद इंटर कालेज के छात्रों का परिणाम रहा शत प्रतिशत

**अम्बेडकरनगर।** उत्तर प्रदेश बोर्ड द्वारा घोषित वर्ष 2024-25 के परीक्षा परिणाम में विवेकानन्द इण्टर कॉलेज, विद्युत नगर ने शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त कर एक बार फिर अपने शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रमाण दिया है। हाई स्कूल स्तर पर प्रथम पाँच स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं में प्रथम स्थान पर निहारिका वर्मा (90.33%) रहीं। द्वितीय स्थान पर शीतल (88.5 %), तृतीय स्थान पर अखिलेश वर्मा (88.3 %), चतुर्थ स्थान पर हिमांशु वर्मा (88 %) और पंचम स्थान पर शिखा वर्मा (86.8 %) ने स्थान प्राप्त किया।

इण्टरमीडिएट स्तर पर प्रथम स्थान वैभव पाण्डेय (87%) ने प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर अनुष्का यादव (81.02%), तीसरे स्थान पर कौशिकी सिंह (80.06%), चौथे स्थान पर मेघा दुबे (79.2%) और पाँचवाँ स्थान उत्तम अग्रहरि एवं प्रगति पटेल ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया।

उत्तर रेलवे

सूचना

हाल्ट एजेन्ट की नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रण (यह नौकरी नहीं है)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा लखनऊ मण्डल के निम्नांकित 27 हाल्ट स्टेशन पर टिकटों की बिक्री हेतु हाल्ट एजेन्ट के रूप में कार्य करने के इच्छुक स्थानीय स्थाई निवासियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

हाल्ट जहाँ पर एजेन्ट की नियुक्ति प्रस्तावित है का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र.सं. | नाम | स्थित स्थान |
|---|---|---|
| 1. | धीरगंज | विश्वनाथगंज एवं मऊआइमां स्टेशनों के मध्य उन्नाव ऊँचाहर लाईन पर जिला प्रयागराज। |
| 2. | गौरियामऊ | रुदौली एवं बरागॉव स्टेशनों के मध्य रुदौली से अयोध्या लाईन पर जिला–अयोध्या। |
| 3. | इदामऊ | बीघापुर एवं तकिया स्टेशनों के मध्य जिला–उन्नाव, उ.प्र. |
| 4. | जुग्गौर | मल्हौर एवं सफेदाबाद स्टेशनों के मध्य लखनऊ से बाराबंकी लाईन जिला–लखनऊ। |
| 5. | रामगंज | पीपरपुर एवं कोहनडोर स्टेशनों के मध्य सुल्तानपुर प्रतापगढ़ लाईन पर जिला–अमेठी। |
| 6. | सरायगोपाल | अटरामपुर एवं फाफामऊ स्टेशनों के मध्य प्रयागराज से ऊँचाहार लाईन जिला– प्रयागराज, उ.प्र.। |
| 7. | सूरजकुण्डा | दरियापुर एवं उबरनी स्टेशनो के मध्य रायबरेली डलमऊ लाईन पर जिला–रायबरेली, उ.प्र.। |
| 8. | भूपियामऊ | प्रतापगढ़ एवं विश्वनाथगंज स्टेशनों के मध्य प्रतापगढ़–प्रयाग लाइन पर जिला–प्रतापगढ़। |
| 9. | चौरे बाजार | खजुराहट एवं कूड़ेभार स्टेशनो के मध्य फैजाबाद प्रतापगढ़ लाइन पर जिला–अयोध्या। |
| 10. | कुसुम्भी | जैतीपुर एवं अजगैन स्टेशनों के मध्य लखनऊ से कानपुर लाईन पर जिला–उन्नाव। |
| 11. | ईश्वरधासपुर | ऊँचाहार एवं मइनलेपुर स्टेशनों के मध्य ऊँचाहार उन्नाव लाइन पर जिला–रायबरेली। |
| 12. | कुल्हा | बीघापुर एवं टिकौली रावतपुर स्टेशनों के मध्य उन्नाव ऊँचाहार लाइन पर जिला–उन्नाव। |
| 13. | सलखापुर | कजगॉव टेढवा एवं शुदनीपुर स्टेशनों के मध्य जौनपुर जंघई लाइन पर जिला–जौनपुर। |
| 14. | सुधनीपुर | सलखापुर–मडियाहूँ स्टेशनों के मध्य जौनपुर–जंघई लाइन पर जिला–जौनपुर। |
| 15. | नीमगोपालपुर | कोइरीपुर एवं हरपालगंज स्टेशनों के मध्य सुल्तानपुर जफराबाद लाइन पर जिला–मॉ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़। |
| 16. | राधाबालमपुर | डलमऊ एवं उबरनी स्टेशनों के मध्य डलमऊ रायबरेली लाइन पर जिला–रायबरेली। |
| 17. | द्वारिकागंज | सुल्तानपुर एवं कूड़ेभार स्टेशनों के मध्य इलाहाबाद सुल्तानपुर एवं कूड़ेभार स्टेशनो के मध्य इलाहाबाद अयोध्या लाइन पर जिला–सुल्तानपुर। |
| 18. | कासिमपुर | जायस एवं बनी स्टेशनो के मध्य उन्नाव–ऊँचाहार लाइन पर जिला–अमेठी। |
| 19. | बैसवारा | तकिया एवं रघुराज सिंह स्टेशनों ऊँचाहार उन्नाव लाइन पर जिला–उन्नाव। |
| 20. | बहाई | लालगंज एवं डलमऊ स्टेशनो के मध्य उन्नाव रायबरेली लाइन पर जिला–रायबरेली। |
| 21. | बरसेठी | भन्नौर एवं जरोना स्टेशनो के मध्य जंघई जौनपुर लाइन पर जिला–जौनपुर। |
| 22. | भन्नौर | वारीगाँव नेवादा एवं बरसेठी स्टेशनों के मध्य जंघई–जौनपुर लाइन पर जिला–जौनपुर। |
| 23. | जरौना | भन्नोर एवं जरौना स्टेशनों के मध्य जंघई जौनपुर लाइन पर जिला–जौनपुर। |
| 24. | मलेथूकनक | भरतकुण्ड एवं खजुराहट स्टेशनो के मध्य अयोध्या–मॉ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ लाइन पर जिला–अयोध्या । |
| 25. | मझलेपुर | ऊँचाहार एवं जलालपुर घई स्टेशनों के मध्य ऊँचाहार उन्नाव लाइन पर जिला–रायबरेली। |
| 26. | वारिसगंज | निहालगढ़ एवं अधीनपुर स्टेशनों के मध्य लखनऊ सुल्तानपुर लाइन पर जिला–सुल्तानपुर । |
| 27. | वारीगॉव नेवादा | मडियाहूँ एवं भन्नौर स्टेशनो के मध्य जौनपुर जंघई लाइन पर जिला–जौनपुर। |

पात्रता की शर्तों, आवेदन प्रारूप एवं अन्य विवरण हेतु कृपया **www.indianrailways.gov.in** देखें।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1228/25

उत्तर रेलवे

ई ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ०रे०–मण्डल– वाणिज्य/उ०रे० |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | ADVT-LKO-LKO-OH-548-25-2 (Advertising -Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01.05.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E- Auction Module of www.ireps.gov.in |

No: Va-Vi/OOH/Publicity/24/KKG Dt. 25.04.2025 1235/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

सूचना

मैं महलूद पुत्र आशिक़ निवासी ग्राम दुम्झेडी, थाना चिलकाना, ज़िला सहारनपुर सूचित करता हूं कि मेरा पुत्र आमिर व उसकी पत्नि ताजिया मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने मे नही है जिस कारण परिवार ने दोनों को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बे दखल कर उनसे सभी संबंध विच्छेद कर लिये हैं। भविष्य में उनके किसी भी कृत्य एवं लेन-देन आदि के हम जिम्मेदार नहीं होगें।

**महलूद पुत्र आशिक़**

## पहलगाम आतंकी हमले के विरुद्ध किया ज़बरदस्त प्रदर्शन फूंका पुतला

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए निर्दोष पर्यटकों की हत्या के खिलाफ जमालपुर के रामलीला मैदान से आज एक बड़ा विरोध प्रदर्शन हिंदू समाज के नेतृत्व में निकाला गया। हिंदू समाज के सैकड़ों लोगों ने इस कायराना हमले की कड़ी निंदा करते हुए जमालपुर चौराहे पर आतंकवाद का प्रतीकात्मक पुतला फूंक दिया और सरकार से कड़ी कार्रवाई की मांग की। रामलीला मैदान से शुरू हुए प्रदर्शन में विहिप पदाधिकारी ओमप्रकाश सिंह,बृजेश सिंह ,व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष आनंद जायसवाल, आर एस एस पदाधिकारी पंकज हालदार, पूर्व नगर अध्यक्ष देवेश मिश्र,नगर कार्यवाह अभिषेक, शाश्वत मिश्र,विकाश निषाद,रविन्द्र भारती,व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष हरिओम सोनी,शिवम आर्या,आदित्य गोयल, सीताराम अग्रहरि,सभासद अजीत निषाद,आशीष सोनी,अनुज सोनकर,अमित गुप्ता,गौरव उपाध्याय, रामवृक्ष भार्गव, अनुभव पटेल,शालू सैनी,देवेंद्र मिश्र, प्रहलाद शर्मा, निपेंद्र कुशवाहा शिशु,संदीप गुप्ता,सोनू गौड़,पप्पू गुप्ता,राजेश पांडे ,रमेश यादव, सचिन मौर्य,सौरभ चौरसिया, आशुतोष सिंह ,उमेश जायसवाल, आत्माराम गुप्ता,आकाश अग्रहरि, रिन्नू गुप्ता,संतोष गुप्त,सप्रिय गोयल, सुनील चौहान ,मनोज पांडे समेत हिंदू संगठनों, स्थानीय नेताओं और आम नागरिकों ने भाग लिया।

# राजकीय ऑप्टोमेट्रिस्ट संगठन के तीसरी बार प्रदेश अध्यक्ष बनने पर सम्मान समारोह



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** दिनाँक 25 अप्रैल 2025 को बोधिसतत्व बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर महासभा के तत्वधान में राजकीय ऑप्टोमेट्रिस्ट एसोसिएशन के तीसरी बार प्रांतीय अध्यक्ष चुने जाने पर एक स्वागत समारोह का आयोजन आंबेडकर महासभा परिसर में संपन्न हुआ।

इस समारोह को सम्बोधित करते मुख्य अतिथि डॉ लालजी प्रसाद निर्मल जी सबसे पहले प्रांतीय अध्यक्ष सर्वेश पाटिल महामंत्री रविंद्र यादव एवं संयुक्त सचिव डी डी वर्मा अब हम समस्त पदाधिकारी को ऐतिहासिक जीत बधाई देते हुए कहा पाटिल संवर्ग को ऊचाईयों ले जायेंगे. कार्यक्रम में अतिथि विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री आर आर जायसवाल प्रथम लोकपाल लखनऊ एवं अध्यक्ष प्रमोद सरोज महामंत्री अमरनाथ प्रजापति एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष सावित्री देवी कोषाध्यक्ष डॉ0 सत्या दोहरे अमेठी से संजय जीमंच का संचालन कर रहे रामचंद्र पटेल जी चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ के जिला अध्यक्ष कपिल वर्मा जी कोषाध्यक्ष सुनील यादव जी फार्मेसी फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री सुनील यादव जी एवं प्रदेश से आए हुए बहुत से नेत्र परीक्षण अधिकारी गण सभी लोगों ने मिलकर नवनिर्वाचित पदाधिकारी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/हजरतगंज, मंडल रेल प्रबंधक, कार्यालय लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद खुली ई निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ई निविदा सूचना संख्या | टीआरडी-05-सीनि.डी.ई.ई.–लखनऊ-25 | | | | |
| कार्य का नाम | लखनऊ डिवीजन के दर्शन नगर डिपो एवं सुलतानपुर डिपो के अंतर्गत विभिन्न स्टेशनों पर ट्रैक्शन इंस्टालेशन स्ट्रक्चर पर बंदर को चढ़ने से रोकने के लिए मंकी प्रोन एरिया में एंटी मंकी क्लाइम्बिंग डिवाइस को लगाने का कार्य। | | | | |
| अनुमानित लागत | ₹ 4378711.28/- | बयाना राशि | ₹ 87600/- | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 22.05.2025 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद। | प्रस्ताव की वैधता | निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन | | |
| उत्तर रेलवे की बेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की बेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर चेक की जा सकती है। | | | | |
| पत्रता मापदण्ड | निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नहीं है, जब तक कि वह निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नहीं करता: निविदाकर्ता अपने आफर के साथ बिजली के ठेकेदारों के वैध लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति अवश्य जमा करें। | | | | |

नोट: इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज/खारिज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण बेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

सं.: टीआरडी-05-सीनि.डी.ई.ई.–लखनऊ-25 दिनांक 25.04.2025 1239/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

सूचना

मैं जीनत परवीन पत्नी शमशाद अली अपने पुत्र अरबाज खान और उसकी पत्नी श्रीमती नौशीन को गलत आचरण, संगत, एवं चाल-चलन के कारण उन्हें अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भाविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी लेन-देन एवं कार्यों का मैं और मेरा परिवार उत्तरदायी नहीं होगा।

**जीनत परवीन पत्नी शमशाद अली**
**निवासी- मकान नं. 446/169, मुसाहबगंज, लखनऊ।**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरा डा. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश (पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ) से मैकेनिकल इंजीनियरिंग विधा में प्रौद्योगिकी की स्नातक उपाधि प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की गई हैं, जिसका मूल प्रमाण पत्र, डिग्री क्रमांक B. TECH/2022/038493, अनुक्रमांक संख्या. 1811040050, नामांकन संख्या. 181104018851, वर्ष 2022 का मूल प्रति वास्तव में कही खो गया हैं।

**सौरभ मिश्रा पुत्र सुरेंद्र मिश्र**
**ग्राम जिवपुर, पोस्ट सेखुई**
**थाना गोल्हौरा, तहसील बांसी**
**जिला सिद्धार्थनगर**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे द्वारा ग्राम बहेरिया में गाटा संख्या 522/ 0.196 हे. का बैनामा विश्वनाथ पुत्र रामलोचन से लिया गया था, जिसका दस्तावेज(विक्रय पत्र) का मूल प्रति वास्तव में कही खो गया हैं।

**विनोद कुमार पुत्र बुधई**
**ग्राम बहेरिया, तप्पा भानपुर, परगना रसूलपुर, पोस्ट कादिराबाद**
**थाना, तहसील व विकास खण्ड डुमरियागंज**
**जिला सिद्धार्थनगर।**

# डा. भीमराव अम्बेडकर सम्मान अभियान के तहत भाजपा ने आयोजित की संगोष्ठी



अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। भारतीय जनता पार्टी जिला इकाई द्वारा डा. भीमराव अम्बेडकर सम्मान अभियान के अंतर्गत एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी दो सत्रों में सम्पन्न हुई, जिसमें प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता राज्यसभा सांसद बाबू राम निषाद एवं द्वितीय सत्र के मुख्य वक्ता भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता जुगुल किशोर रहे। राज्यसभा सांसद बाबू राम निषाद ने कहा, बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं थे, बल्कि वे सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के पक्षधर महान चिंतक भी थे। उन्होंने वंचित वर्ग को अधिकार दिलाने के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। आज जब हम भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की ओर अग्रसर हैं, तो बाबा साहब के विचार और सिद्धांत और भी प्रासंगिक हो गए हैं।

द्वितीय सत्र में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता जुगुल किशोर ने कहा,÷आज की पीढ़ी को डॉ. अम्बेडकर के संघर्ष और विचारधारा को जानना और समझना बेहद जरूरी है। उन्होंने जो संविधान हमें दिया, उसमें न केवल अधिकार हैं, बल्कि कर्तव्यों का भी स्पष्ट उल्लेख है। भाजपा का यह अभियान इसीलिए चलाया जा रहा है कि समाज के हर वर्ग तक बाबा साहब के विचार पहुंचें और लोग उन्हें केवल एक नेता नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माता के रूप में देखें। संगोष्ठी में पूर्व सांसद लल्लू सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विधायक अमित सिंह चौहान, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी, कमला शंकर पाण्डेय, ओम प्रकाश सिंह, अवधेश पाण्डेय बादल, महामंत्री अशोक कसौंधन, राघवेन्द्र पाण्डेय, राधेश्याम त्यागी, किशोरी लाल भारती, गंगादीन रावत, सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## कैंडल मार्च निकालकर आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब देने की मांग

अयोध्या। पहलगाम कश्मीर में हुए आतंकी हमले के विरोध में, शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए तथा आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब देने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा के नेतृत्व में भाकियू कार्यकर्ताओं ने गांधी पार्क से नगर निगम कार्यालय अयोध्या तक कैंडल मार्च निकालकर आक्रोश व्यक्त किया गया। घनश्याम वर्मा ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा की निर्दोषों की प्रबलता पूर्वक हत्या करना बेहद कायरता पूर्ण एवं दुखद घटना है और भारत सरकार से मांग किया कि आतंकवादियों को मजबूती से मुंह तोड़ जवाब देने की आवश्यकता है ताकि भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृति ना हो।

## वक्फ सुधार जनजागरण संगोष्ठी का आयोजन, क्षेत्रीय अध्यक्ष ने गिनाए अधिनियम के अहम पहलू

अयोध्या। भारतीय जनता पार्टी जिला व महानगर ने सर्किट हाउस में वक्फ सुधार जनजागरण संवाद के अंतर्गत एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पार्टी के विभिन्न पदाधिकारियों, प्रबुद्धजनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। संगोष्ठी का उद्देश्य वक्फ संसोधन अधिनियम 2025 के विषय में जनजागरण करना और सुधार के प्रति समाज को जागरूक बनाना था। संगोष्ठी में पहलगाम में आतंकी हमले में मृत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र ने कहा, ÷वक्फ बोर्ड के नाम पर देश भर में जिस प्रकार से सार्वजनिक संपत्तियों और भूखंडों पर कब्जा किया गया है, वह चिंताजनक है। इसकी आड़ में करोड़ों की संपत्तियों पर एकतरफा नियंत्रण लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान की भावना के विपरीत है।

## धार्मिक पर्यटन नगरी के रूप में विकसित हुई अयोध्या : दिनेश शर्मा



अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। रामनगरी पहुंचे पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा ने कहा कि अयोध्या धार्मिक पर्यटन नगरी के रूप में विकसित हो रही है। वे शुक्रवार को अयोध्या में नया घाट स्थित शुक्ल मंदिर में राम दरबार की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि लोग जातियों में न बाटे केवल सनातनी बने, सनातनी होना गौरव की बात है। उन्होंने लोगों से धैर्य रखने की अपील करते हुए कहा कि भारत-पाकिस्तान को सबक सिखाएगा। पूर्व की सरकारों पर जमकर प्रहार किया। कहा की मोदी और योगी के नेतृत्व में केंद्र और प्रदेश की सरकार निरंतर मजबूती से अपना कार्य कर रही है। कहा कि मोदी सरकार की दृढ़ इच्छा शक्ति चलते ही आज हम सभी लोगों का साढ़े पांच सौ सालों का संकल्प आज अयोध्या में पूरा हुआ है। जो लोग भाजपा पर ताने कसते थे कि मंदिर वहीं बनाएंगे तारीख नहीं बताएंगे, आज उनकी बोलती बंद हो गई। उन्होंने कहा कि राम की नगरी में आना हमारा सौभाग्य और उस पर राम दरबार के प्राण प्रतिष्ठा समारोह मैं शामिल होना परम सौभाग्य की बात है। प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आचार्य विजय चतुर्वेदी की देखरेख में संपन्न हुआ। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में महंत सिया रामदास महाराज, डॉ रिंटू सिंह, सुनील श्रीवास्तव एडवोकेट, अरुण श्रीवास्तव, जेपी श्रीवास्तव, धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू, शक्ति सिंह, अमल गुप्ता, आशीष कुमार मिश्रा, अभिषेक तिवारी, विनय प्रकाश मिश्रा , समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## भाजपा नेता अनुराग त्रिपाठी ने पहलगाम हमले की निंदा मांग दोषियों को मिले सजा

अयोध्या। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर भाजपा नेता अनुराग त्रिपाठी ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने इस हमले को ÷बेहद दुखद और शर्मनाक करार देते हुए इसकी कड़ी निंदा की है। त्रिपाठी ने हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की।नेता ने कहा, जिस तरह आतंकवादियों ने निहत्थे और निर्दोष लोगों पर हमला किया, वह कायरता की पराकाष्ठा है। यह कोई वीरता नहीं, बल्कि घोर बुज़दिली है। उन्होंने इस हमले को राष्ट्रीय एकता और मानवता पर सीधा हमला बताया।त्रिपाठी ने उन कश्मीरी नागरिकों की सराहना की जिन्होंने हमले के दौरान अपनी जान जोखिम में डालकर पर्यटकों की जान बचाई।

# प्रेस क्लब सिविल लाइन अयोध्या में विधायक ने पत्रकारों का किया सम्मान



अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। प्रेस क्लब सिविल लाइन अयोध्या में प्रेसक्लब पदाधिकारियों का सम्मान विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने किया। कार्यक्रम कृष्णा सोलर इंडस्ट्रीज टाटा पावर सोलर के डायरेक्टर उदय प्रताप सिंह की तरफ से आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे प्रेस क्लब अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार श्रीवास्तव सचिव जय प्रकाश सिंह सहित कई पदाधिकारी को अंग वस्त्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया। कंपनी के डायरेक्टर ने प्रेस क्लब को 1 किलो वाट का सोलर पावर प्लांट उपहार में देने की घोषणा किया। इस अवसर पर पावर प्लांट के निदेशक ने विधायक को रामलला की मूर्ति फूल माला पहनना कर स्वागत किया। कार्यक्रम में विधायक ने अयोध्या को माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रथम स्मार्ट सोलर सिटी बनाने की परिकल्पना को मूर्त रूप देने में सहयोग के लिए कंपनी को धन्यवाद ज्ञापित किया, और इस अवसर पर प्रेस क्लब के नवनियुक्त पदाधिकारियों को भविष्य में समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य करने की अपेक्षा किया ,इस कार्यक्रम मे सहभाग करने का सौभाग्य प्राप्त होने पर गर्व महसूस किया। कार्यक्रम में कंपनी के डायरेक्टर ने केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा सोलर पावर प्लांट घरों के छत पर लगाकर बिजली बचाकर अपने रुपए की बचत करने की आकर्षक योजना की विस्तार से चर्चा किया और एक लाख आठ हजार रुपए तक सब्सिडी प्रदान करने की जानकारी दी। इस अवसर पर प्रेस क्लब की तरफ से अयोध्या के पत्रकारों के पेंशन और आयुष्मान कार्ड बनाने की मुख्यमंत्री को संबोधित पत्र विधायक को प्रदान कर जिले के पत्रकारों को इसका लाभ जल्द से जल्द दिलाने की अपील किया, जिस पर विधायक ने तत्काल लखनऊ जाकर मुख्यमंत्री से इसे लागू करने का पत्रकारों को आश्वासन दिया ।

## हाईस्कूल परीक्षा में अनूप ने मारी बाज़ी, जिले में प्रथम और प्रदेश में नौवें स्थान पर, माधव सर्वोदय इंटर कॉलेज का परचम लहराया



अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाई स्कूल परीक्षा में जिले के माधव सर्वोदय इंटर कॉलेज, आमौना के छात्र अनूप कुमार पुत्र अंजनी कुमार ने 96.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान और प्रदेश में नवां स्थान प्राप्त किया। अनूप की इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने विद्यालय और जिले का नाम पूरे प्रदेश में रोशन कर दिया है।विद्यालय के प्रबंधक माधव प्रसाद पाठक, प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार पाठक और प्रधानाचार्य ओम प्रकाश पांडेय ने अनूप सहित सभी टॉप रैंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार पाठक ने कहा कि, हमारे सभी छात्र-छात्राएं जीवन की हर परीक्षा में सफल हों और उनका परिश्रम उन्हें सदा नई ऊंचाइयों तक ले जाए।÷जिले की हाई स्कूल टॉप टेन सूची में विद्यालय के पाँच छात्र शामिल, जिनमें अनुष्का, मानसी चौरसिया, किंजल यादव और अमीषा वर्मा के नाम प्रमुख हैं।वहीं, कनौसा कॉन्वेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्रा तशफ फातिमा ने 96.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में दूसरा स्थान और प्रदेश स्तर पर दसवां स्थान अर्जित किया, जिससे अयोध्या जिले की बेटियों ने भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।हाई स्कूल टॉपर्स की सूची में कई नाम शामिल अनूप कुमार - 579/600 माधव सर्वोदय इंटर कॉलेज तसफ फातिमा - 578/600 (कनौसा कॉन्वेंट गर्ल्सअनुष्का - 573/600 माधव सर्वोदय इंटर कॉलेज मानसी चौरसिया - 572/600 माधव सर्वोदय किंजल यादव - 570/600 माधव सर्वोदय दिशा सिंह, अरुणेश पांडेय, किंजल श्रीवास्तव, चेतना, अश्विनी मौर्या, अंशु, काम्या और कई अन्य होनहार छात्र-छात्राएं भी टॉप टेन सूची में शामिल हैं।

## मेधावियों ने जिले में मचाया धमाल, ओएन अकादमी का शानदार प्रदर्शन

अयोध्या। शिक्षा के क्षेत्र में अपनी गुणवत्ता और अनुशासन के लिए पहचानी जाने वाली ओएन अकादमी ने इस वर्ष भी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले में अपनी प्रतिष्ठा को और ऊंचा किया है।विद्यालय के मेधावी छात्र निखिल यादव, पुत्र मुन्ना लाल यादव, ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न सिर्फ अपने माता-पिता और शिक्षकों का सिर गर्व से ऊँचा किया, बल्कि विद्यालय और जिले का नाम भी रोशन किया है।

## रामगुलेला मार्केट को बचाने के लिए राष्ट्रीय लोकदल की बैठक, व्यापारियों की समस्याओं पर जताई चिंता

अयोध्या। राममंदिर के उत्तर दिशा में स्थित ऐतिहासिक रामगुलेला मार्केट के व्यापार को बचाने और दर्शनार्थियों की सुविधाओं के मद्देनज़र राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के पदाधिकारियों ने स्थानीय व्यापारियों के साथ एक अहम बैठक की। बैठक में व्यापारियों की समस्याएं सुनी गईं और समाधान के लिए कदम उठाने का आश्वासन दिया गया। बैठक में रालोद अवध जोन अध्यक्ष चौधरी रामसिंह पटेल, जिलाध्यक्ष बलराम यादव, जिला महासचिव (संगठन) रामशंकर वर्मा, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष डॉ. शांति देवी, जिला उपाध्यक्ष विजय सिंह समेत सैकड़ों व्यापारी और स्थानीय लोग शामिल हुए।

चौधरी रामसिंह पटेल ने बताया कि रामगुलेला मार्ग से दर्शनार्थियों को तो राममंदिर की ओर जाने दिया जाता है, लेकिन उन्हें वापसी इसी मार्ग से नहीं आने दिया जाता। इसका सीधा असर रामगुलेला मंदिर, अमावा मंदिर, राम रसोई यज्ञशाला, लवकुश मंदिर, लश्करी मंदिर, दशरथ महल और कनक भवन जैसे धार्मिक स्थलों और आसपास के बाजारों पर पड़ा है।

## डेड लाइन से 11 माह पहले ही अयोध्या के तीन लाख से अधिक घरों में पहुंचा नल से जल

अयोध्या। डबल इंजन की सरकार में अयोध्या जिले में स्वच्छ पेयजल की बम्पर बौछार हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार 'हर घर नल योजना' के माध्यम से प्रदेश के हर परिवार को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उसी क्रम में अयोध्या में जल जीवन मिशन के तहत जिले में भी लगभग तीन लाख से अधिक घरों में पेयजल की आपूर्ति कराई गई है। टोटियों से पानी पहुंच रहा है। वह भी डेडलाइन से 11 माह पहले ही। उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) द्वारा संचालित इस योजना में जिले के 1144 राजस्व ग्राम शामिल किए गए हैं, जिनमें से लगभग 97 फीसदी घरों में नल से स्वच्छ पानी की आपूर्ति शुरू हो चुकी है। अब केवल साढ़े 10 हजार घरों में नल कनेक्शन स्थापित करना शेष है, जिसे जल्द पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। 2199 करोड़ रुपये की योजना की मार्च 2026 है। यह परियोजना न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कर रही है, बल्कि लोगों के जीवन स्तर को भी ऊंचा उठा रही है। योजना के तहत स्थापित नल कनेक्शन ग्रामीण महिलाओं के लिए विशेष रूप से वरदान साबित हो रहे हैं, जो पहले दूर-दराज के स्रोतों से पानी लाने को मजबूर थीं।

## वक्फ संशोधन बिल का उद्देश्य गरीब मुसलमानों को लाभ पहुंचानाः पंकज सिंह

# मुस्लिमों को वक्फ संशोधन बिल की खूबियां समझाने की कवायद



अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। वक्फ संशोधन बिल को लेकर विपक्षी दलों के भ्रामक प्रचार का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए भाजपा ने कमर कस ली है। सरकार और संगठन कंधे से कंधा मिलाकर वक्फ जनजागरण अभियान को धार देंगे। भाजपा कार्यकर्ता खास तौर पर मुस्लिम बस्तियों में जाकर सरकार की ओर से गरीब व पिछड़े मुस्लिमों को समझाएंगे कि विपक्ष के बहकावे में न आएं। प्रतिवर्ष वक्फ की संपत्ति से होने वाली लाखों करोड़ रुपए की अनुमानित आय को जरूरतमंद गरीब व पिछड़े मुस्लिमों, विधवाओं, बेटियों और बच्चों के कल्याण कार्यों पर खर्च किया जाएगा।भाजपा कार्यकर्ताओं को वक्फ संशोधन बिल की बारीकियां समझाने के लिए शुक्रवार को जिला कार्यालय पर कार्यशाला आयोजित की गई। प्रदेश उपाध्यक्ष व विधायक पंकज सिंह ने बतौर मुख्य वक्ता बोलते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को खास तौर पर मुस्लिम बस्तियों में जाकर सरकार की ओर से गरीब व पिछड़े मुस्लिमों को वक्फ बिल की खूबियां समझानी है। साथ ही यह भी बताना है कि वक्फ संशोधन का विरोध कर रहे कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने किस तरह वक्फ की संपत्ति की लूटखसोट कराई है। उन्होंने कहा कि भारत एक बड़ा देश है और देश की हर इंच जमीन का सही उपयोग होना चाहिए। उन्होंने बताया कि भारत में दुनिया की सबसे ज्यादा करीब 9 लाख 72 हजार वक्फ संपत्तियां हैं, लेकिन इसका लाभ गरीब मुसलमानों को नहीं मिल पा रहा। उन्होंने चिंता जताई कि कई संपत्तियां बाहुबलियों द्वारा कब्जा कर ली गई हैं, जिनका गलत तरीके से इस्तेमाल हो रहा है। आगे बताया कि वक्फ कानून में जो संशोधन किए गए हैं वे पूरी तरह से पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए हैं। उन्होंने कहा देश में मुस्लिम समुदाय का बड़ा वर्ग इस कानून का समर्थन कर रहा है।कहा कि, वक्फ संपत्तियों में हेराफेरी करने वालों पर शिकंजा कसने एवं बेहतर प्रबंधन हेतु निगरानी करने में वक्फ परिषद और वक्फ बोर्ड अपनी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने आगे बताया कि 1913 से 2013 तक वक्फ के पास 18 लाख एकड़ जमीन थी। जबकि 2013 से 2025 के बीच मात्र 12 वर्षों में वक्फ की संपत्ति 21 लाख एकड़ बढ़ कर 39 लाख एकड़ हो गई। जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य ने सभी अतिथियों का आभार ज्ञापित किया।कार्यशाला के समापन पर पहलगाम की घटना में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।इस अवसर पर एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, विधायक दिनेश रावत, एमएलसी अंगद सिंह, पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष सिंह, अवधेश श्रीवास्तव, डॉ राम कुमारी मौर्य, अमरीश रावत, विजय आनंद बाजपेई, संदीप गुप्ता, शील रत्न मिहिर, रचना श्रीवास्तव, पवन सिंह रिंकू, प्रमोद तिवारी, शेखर हयारन सहित सभी जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली और बाईक की भिड़ंत में दो घायल




महराजगंज। घुघली थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम सभा पिपरा ब्राह्मण ऊर्फ बारीगांव में ईट भट्ठे के समीप गुरुवार देर रात एक अज्ञात ट्रैक्टर-ट्रॉली ने एक बाइक पर सवार दो व्यक्तियों को टक्कर मार दी ,जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। वही मौके से ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर-ट्राली लेकर मौके से फरार हो गया। इस घटना की सूचना मिलते ही जखीरा चौकी प्रभारी धर्मेंद्र जैन मय फोर्स के साथ मौके पर पहुंच कर दोनों को तत्काल एम्बुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घुघली भेजा दिया। जहां हालत गंभीर देख डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायलों की पहचान घुघली थाना क्षेत्र के ग्राम सभा हरखा प्यास निवासी अजय राजभर वर्ष (23) व कुशीनगर के पडरौना निवासी किशन(26) राजभर के रूप में हुई। घुघली थानाध्यक्ष कुंवर गौरव सिंह ने बताया कि दोनों घायल व्यक्तियों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। अभी तक परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। वहीं दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है।

## आतंकी हमले पर लोगों में रोष

मिठौरा( महराजगंज)। पहलगाम में आतंकी हमले को लेकर देश के कोने कोने में विरोध प्रदर्शन हो रहा हैं। इसकी क्रम में उपनगर मिठौरा में स्थित कंपोजिट विद्यालय के बच्चों एवं शिक्षकों ने पहलगाम हमले पर शोक प्रकट किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अभय कुमार दुबे एवं समस्त शिक्षक उपस्थित रहे। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमरेंद्र मणि पांडेय पूर्व ब्लाक प्रमुख मिठौरा ने प्रेस वार्ता में बताया कि पहलगाम में आतंकवादियों ने जिस तरह निर्दोष सैलानियों पर हमला किया है वह काफी निंदनीय हैं। इसका जवाब केंद्र की सरकार जरूर देगी इसी क्रम में यहां के समाज सेवी सुनील कुमार ने शोक प्रकट करते एवं आक्रोश जताते हुए कहा कि आतंकवादियों के हमले को अब और नहीं बर्दाश्त किया जा सकता आतंकियों का संपूर्ण नष्ट करना ही बहुत जरूरी हो गया है

## 'आभा' आईडी बनाने में तेजी लाएं सभी जिम्मेदारः सीएमओ

महराजगंज। जिले में अब तक केवल 78त्र लोगों की ही 'आभा' (आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट) आईडी बन सकी है। इस धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्रीकांत शुक्ला ने सभी ब्लॉकों के एमओआईसी, बीपीएम और बीसीपीएम को जूम मीटिंग के माध्यम से कड़े निर्देश दिए हैं। सीएमओ ने कहा कि आभा आईडी बनाना सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ), एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं को विशेष रूप से सक्रिय किया जाए। एमओआईसी को इसकी प्रतिदिन समीक्षा करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि आशा कार्यकर्ता दस्तक अभियान के दौरान घर-घर जाकर बुखार के मरीजों को सरकारी अस्पताल भेजने और मलेरिया उन्मूलन के लिए मच्छर जनित स्थलों को नष्ट करने हेतु भी लोगों को प्रेरित करें।

# चोरी के मवेशी समेत चार शातिर चोर गिरफ्तार, पिकअप बरामद



अवधनामा संवाददाता

जैदपुर बाराबंकी। पुलिस ने मवेशी चोरी के मामले में बड़ी कामयाबी हासिल की है। जैदपुर पुलिस ने गुलरहिया मोड़ के पास से 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में अयोध्या के वजीरगंज नेवतीपुरा निवासी सद्दाम, बाराबंकी के जमलापुर निवासी सालिम, अयोध्या के रूदौली निवासी मोहम्मद वैश और अयोध्या के साखूपारा निवासी विजय कुमार रावत शामिल हैं। आरोपियों के पास एक पिकअप वाहन, तीन अवैध तमंचे, तीन जिंदा कारतूस और 10,010 रुपये नकद बरामद हुए हैं। इसके अलावा चार छोटे बड़े महिषवंशीय पशु भी बरामद किए गए हैं।पुलिस की जांच में पता चला है कि यह गिरोह कुल 7 सदस्यों का है। अभी तीन आरोपी फरार हैं। इनमें अयोध्या के बहेलिया टोला निवासी मोहम्मद आसिफ, बाराबंकी के जमलापुर निवासी वसीम और अयोध्या के कसाब बाड़ा निवासी सफाक शामिल हैं। गिरोह का तरीका था कि वसीम दिन में गांवों में घूमकर रेकी करता और रोड किनारे बंधे मवेशियों को चिह्नित करता था।

# मोबाइल कोर्ट में कुल 101 दिव्यांग जनों की समस्याओं को किया गया पंजीकृत

अवधनामा संवाददाता



बाराबंकी। नगर पालिका हाल में मोबाइल कोर्ट आयोजित, मोबाइल कोर्ट में कुल 101 दिव्यांग जनों की समस्याओं को किया गया पंजीकृत। दिव्यांग जनों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु राज्य आयुक्त दिव्यांगजन प्रोफ़ेसर हिमांशु शेखर झा एवं उपायुक्त दिव्यांगजन शैलेंद्र सोनकर की उपस्थिति में नगर पालिका हाल में मोबाइल कोर्ट का आयोजन प्रातः 10ः00 बजे से सायं 4ः30 बजे तक किया गया। इस मोबाइल कोर्ट में कुल 101 दिव्यांग जनों की समस्याओं को पंजीकृत किया गया। जिसमें मुख्यतः पेंशन सहायक उपकरण, राशन कार्ड, राजस्व प्रशासन, आवास, शौचालय, विद्युत, बैंक से संबंधित समस्याएं प्रमुख रही। उक्त प्रकार की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु माननीय राज्य आयुक्त महोदय द्वारा संबंधित अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी नवाबगंज सीओ सिटी सुमित त्रिपाठी, जिला दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पांडेय, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुषमा वर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी डॉ पल्लवी सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी अंकिता शुक्ला, एआरएम रोडवेज, अधिशासी अभियन्ता विद्युत, जिला आपूर्ति अधिकारी, जिला अग्रणी बैंक मैनेजर इत्यादि उपस्थित रहे


## सरायपुरखों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र बदहाल

बाराबंकी। सिद्धौर ब्लॉक क्षेत्र के सरायपुरखों गांव में स्थित एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र की स्थिति बदहाल है। केंद्र तक पहुंचने का मार्ग पर कटीले तार से बैरिकेटिंग होने के कारण कूड़ा लाना-ले जाना मुश्किल हो रहा है। केंद्र में विभिन्न प्रकार के कचरे के लिए अलग-अलग स्थान निर्धारित किए गए हैं। प्लास्टिक, रबर, इलेक्ट्रॉनिक कचरा, कागज, कांच की बोतलें और खतरनाक अपशिष्ट के लिए अलग-अलग जगह चिह्नित की गई है। हालांकि, वर्तमान में केंद्र में एक मुट्ठी कूड़ा भी नहीं है। इस संबंध सचिव सचिन पुनीत कुमार ने बताया कि केंद्र के निर्माण का भुगतान अभी बाकी है। एमबी (मेजरमेंट बुक) तैयार हो चुकी है, लेकिन भुगतान न होने के कारण काम अधूरा पड़ा है।

## आतंकी हमले को लेकर जनता आग बबूला

महराजगंज। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले से आहत महराजगंज जिले में गुरुवार को भारी आक्रोश देखा गया। शहर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प्रो. शिब्बन लाल सक्सेना की प्रतिमा स्थल पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई, जिसमें जनसैलाब उमड़ पड़ा। सभा स्थल पाकिस्तान मुर्दाबाद और हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा। आंखें नम थीं, लेकिन दिलों में आतंक के खिलाफ तीव्र गुस्सा था। वक्ताओं ने केंद्र सरकार से आतंकी हमलों पर कड़ा जवाब देने और आतंकवाद के विरुद्ध ठोस नीति अपनाने की मांग की। शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए वक्ताओं ने शोक संतप्त परिवारों को त्वरित सहायता और सुरक्षाबलों को और सशक्त करने की बात कही। सभा में सभी धर्मों व समुदायों के लोगों की उपस्थिति ने भारत की एकता की मिसाल पेश की।

## एसपी ने साप्ताहिक परेड का किया निरक्षण, दिए निर्देश



अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। नवागत पुलिस अधीक्षक द्वारा साप्ताहिक परेड की सलामी लेने के पश्चात परेड व पुलिस लाइन का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित परेड ग्राउण्ड में शुक्रवार की परेड की सलामी ली गई, तत्पश्चात परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ कराई गयी व पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चेक करते हुए अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने हेतु ड्रिल की कार्यवाही कराई गयी। यू0पी0 112 पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर सम्बन्धित को मानकों के अनुसार समस्त आवश्यक उपकरणों को अपने पास रखने व रिस्पांस टाइम को और बेहतर करने एवं आने वाली समस्याओं के सम्बन्ध में वार्ता कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड के पश्चात पुलिस लाइन्स परिसर, बैरक, व्यायामशाला, सीपीसी कैण्टीन, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, आवासीय परिसर एवं पुलिस लाइन भोजनालय में भोजन की गुणवत्ता व साफ सफाई आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। आदेश कक्ष में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों को चेक कर अद्यावधिक रखने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन सौरभ श्रीवास्तव, प्रतिसार निरीक्षक राजेश कुमार आदि अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# डीआईजी बस्ती ने कोतवाली बांसी का वार्षिक निरीक्षण कर दिया निर्देश

अवधनामा संवाददाता




**बांसी सिद्धार्थनगर।** डीआईजी बस्ती ने शुक्रवार को कोतवाली बांसी का वार्षिक निरीक्षण कर साफ सफाई व्यवस्था को और बेहतर करने, थाने के सभी असलहों को सप्ताह में एक दिन विशेष सफाई किए जाने सहित पंद्रह बिंदुओं का आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती दिनेश कुमार पी के बांसी कोतवाली पहुंचते ही उन्हें पुलिस के जवानों ने गार्ड ऑफ़ ऑनर दिया। तत्पश्चात उन्होंने पुलिस अधीक्षक डा अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के साथ थाना भवन, शस्त्रागार, बैरक, भोजनालय, थाने में लगे सीसीटीवी कैमरे, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क व साइबर हेल्प डेस्क, महिला एवं पुरूष हवालात,थाना परिसर, निर्माणाधीन भवन, अभिलेखों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत थाना परिसर, बैरक, थाना भवन आदि की साफ सफाई एवं व्यवस्था बेहतर पाए जाने पर एस पी सिद्धार्थनगर से थाना प्रभारी को पुरस्कृत करने का निर्देश दिया, थाना कार्यालय, परिसर, हवालात, बैरक व टॉयलेट आदि की प्रतिदिन सफाई की जाय ,ताकि सफाई उच्च कोटि की बनी रहे , थाने के असलहों को सप्ताह में एक दिन निकालकर विशेष सफाई किया जाय तथा सभी प्रकार के शास्त्रों के हैंडलिंग का प्रशिक्षण दिया जाए ताकि आवश्यकता पड़ने पर उपयोग किया जा सके, साइबर हेल्प डेस्क, महिला हेल्प डेस्क पर डीजी परिपत्र के अनुसार ड्यूटी लगाई जाय व प्राप्त शिकायतों का विवरण रजिस्टर में अंकित किया जाय और शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराकर फीडबैक लिया जाए। थाना के अभिलेखों अपराध रजिस्टर, रजिस्टर नंबर 8, फ्लाइ शीट, एक्टिव लिस्ट, गुंडा, भूमि, भवन, ऑर्डर बुक न्यायालय, ऑर्डर बुक प्रार्थना पत्र, एच एस इंडेक्स आदि का निरीक्षण किया गया।

# हल्लौर के मोहम्मद रज़ा ने ऑक्सफ़ोर्ड में लहराया परचम, गांव गौरवान्वित

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** तहसील अंतर्गत कस्बा हल्लौर के एक होनहार युवा ने एक बार फिर शिक्षा के अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। स्वर्गीय अब्बास रज़ा (मोहतशिम) के सुपुत्र मोहम्मद रज़ा रिज़्वी ने विश्व की प्रतिष्ठित ऑक्सफ़ोर्ड यूनिवर्सिटी लंदन के विज्ञान विभाग में फिलासफी ऑफ़ साइंस में पोस्ट-पीएचडी कोर्स में दाखिला पाकर न केवल अपने गांव, बल्कि पूरे जनपद और देश का नाम रोशन किया है। इस असाधारण उपलब्धि से हल्लौर गांव में खुशी और गर्व का माहौल है।

मोहम्मद रज़ा एक प्रतिष्ठित और शिक्षित परिवार से आते हैं, जहां उनके परिवार के कई सदस्यों ने देश के विभिन्न उच्च पदों पर अपनी सेवाएं दी हैं और सेवानिवृत्त हुए हैं। उनके पिता, स्वर्गीय अब्बास रज़ा, स्वयं भारतीय सेवा से एक सम्मानित पद से सेवानिवृत्त हुए थे। परिवार की इस शैक्षिक और सेवाभावी पृष्ठभूमि ने निसंदेह मोहम्मद रज़ा को भी उच्च शिक्षा और उत्कृष्टता की ओर प्रेरित किया। ऑक्सफ़ोर्ड यूनिवर्सिटी जैसे विश्वस्तरीय संस्थान में पोस्ट-पीएचडी के लिए उनका चयन उनकी कड़ी मेहनत, लगन और विषय में गहरी रुचि का प्रमाण है। फिलासफी ऑफ़ साइंस जैसे जटिल और महत्वपूर्ण क्षेत्र में उच्च अध्ययन के लिए चुना जाना उनकी बौद्धिक क्षमता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को दर्शाता है। यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत करियर के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, बल्कि यह क्षेत्र के अन्य युवाओं को भी उच्च शिक्षा और अनुसंधान के लिए प्रेरित करेगी। मोहम्मद रज़ा की इस शानदार सफलता पर उनके गांव में बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। प्रोफेसर डॉ. हसन शाहिद रिज़्वी, प्रोफेसर डॉ. अकबर जमील, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर सैयद मोहम्मद मेहंदी, ग्राम प्रधान ताक़ीब रिज़्वी, मसूद हसन, एडवोकेट माहताब हैदर रिज़्वी, नवेद रिज़्वी, नायाब रिज़्वी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें हार्दिक बधाई दी है और उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की है। सभी ने एक स्वर में कहा कि मोहम्मद रज़ा की यह उपलब्धि हल्लौर गांव के लिए एक गौरव का क्षण है और उन्होंने अपनी प्रतिभा से गांव का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऊंचा किया है। यह सफलता दर्शाती है कि यदि ग्रामीण प्रतिभाओं को सही अवसर और प्रोत्साहन मिले तो वे भी वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं।

## विहिप-बजरंग दल द्वारा हिन्दू पर्यटकों की नृशंस हत्या के विरोध में चलाया हस्ताक्षर



**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद पूरे देश में आक्रोश व्याप्त है। भारत के कोने कोने में लोग सड़कों पर उतरकर के इस आतंकी हमले का विरोध कर रहे हैं। वहीं भारत सरकार से मांग कर रहे हैं कि इस हमले का करारा जवाब दिया जाए। जिसके क्रम में शुक्रवार को सिद्धार्थनगर कलेक्ट्रेट परिसर मे विश्व हिन्दू परिषद-बजरंग दल द्वारा हिन्दू पर्यकटकों की नृशंस हत्या के विरोध में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। हस्ताक्षर अभियान के दौरान विहिप कार्यकर्ताओं द्वारा पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे भी लगाये गयें। हस्ताक्षर अभियान में विभाग मंत्री सुधाकर नाथ तिवारी, विभाग संयोजक बजरंग दल अजय प्रताप यादव, जिला मंत्री शिवा जी, जिला उपाध्यक्ष सुनील मणि त्रिपाठी, जिला सह मंत्री जय प्रकाश, बजरंग दल संयोजक सुरेश गुप्ता, जिला साप्ताहिक मिलन प्रमुख बजरंग दल आचार्य शारदा पण्डित, आशुतोष श्रीवास्तव, राहुल भारती, राकेश मिश्रा, श्याम सुंदर यादव, देवेन्द्र चौधरी, विंध्याचल पाण्डेय, शिवांशु मिश्रा, उमंग त्रिपाठी, प्रवेश मिश्रा, सौरभ रस्तोगी, अभी त्रिपाठी, विपिन गिरी, प्रियांशु पण्डित, प्रिन्स वर्मा आदि लोग भारी संख्या में शामिल रहें।

## हाईस्कूल का छात्र आनंद कुमार 90 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का नाम किया रोशन

**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** यूपी बोर्ड में लोटन क्षेत्र के



कल्पनाथ सिंह कन्या इण्टर कालेज सिद्धार्थनगर के छात्र आनंद कुमार पुत्र दिनेश कुमार ग्राम चनरैया निवासी ने हाईस्कूल परीक्षा में 600 पूर्णांक मे 540 अंक प्राप्त करके ग्रामीण क्षेत्र में भी रहकर क्षेत्र का व विघालय का नाम आगे बढ़ाया है। इस शानदार प्रदर्शन पर विद्यालय के प्रबंधक अंकित सिंह ने विद्यालय के छात्र के उज्जवल भविष्य की शुभकामना दिया तथा विद्यालय के टिचरो में भी खुशी का इजहार कर छात्र को शुभकामनाएं दी और कहां की बच्चों की लगन किसी सुख-सुविधाओं की मोहताज नहीं होती तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य नन्द कुमार ने कहा हमारी प्राथमिकता है की छात्र एवं छात्राओं को अच्छी शिक्षा मिले और अच्छी अंक पाकर विघालय का एंव अपने घर परिवार का नाम रोशन किया। लोंगो ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्र को बधाई दी।

# वक्फ संपतियों पर सर्वाधिक कांग्रेसियों का कब्जा : सहजानंद

अवधनामा संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान की अध्यक्षता में वक्फ सुधार जनजागरण अभियान - 2025 की जिला कार्यशाला सम्पन्न हुई। कार्यशाला के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा सहजानंद राय रहे। जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने स्वागत भाषण करते हुए सभी अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा सहजानंद राय ने कहा वक्फ की व्यवस्था में सुधार कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब मुस्लिम परिवारों के हित में ऐतिहासिक कदम उठाया है। प्रधानमंत्री जी का मानना है कि गरीब मुसलमान का हक जरूरतमंद मुसलमान के परिवार के जीवन स्तर में सुधार होगा। वह वक्फ में सुधार भारत को विकसित बनाने में प्रधानमंत्री मोदी जी के संकल्प मार्ग भी प्रशस्त करेगा।

क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने प्रेस वार्ता करते हुए कहा आज मोदी सरकार गरीब व जरूरतमंद मुसलमान के हित के लिए कार्य कर रही है,वक्फ संपतियों पर पूरे देश में सर्वाधिक लूट कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने की है, देश भर में वक्फ की संपत्तियों पर कांग्रेसियों का सर्वाधिक कब्जा है जिसको मोदी सरकार के नए कानून के माध्यम से सभी से कब्जा मुक्त कराकर जरूरत मंद मुसलमानों को उनके जन कल्याण के लिए उपयोग किया जाएगा।

सांसद जगदंबिका पाल ने कहा वक्फ में सुधार मुस्लिम बहनों-भाइयों के लिए सकारात्मक साबित होंगे। ये सुधार विशेषतः गरीब मुसलमानों, मुस्लिम महिलाओं और पश्मांदा

**वक्फ कानून जरूरतमंद मुस्लिमों के लिए होगा वरदान : सहजानंद राय**

मुसलमानों के लिए लाभकारी सिद्ध होंगे। कार्यक्रम में उपस्थित विधायक बांसी राजा जय प्रताप सिंह व पूर्व विधायक डुमरियागंज राघवेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में वक्फ जनजागरण अभियान के विषय पर अपना विचार रखा। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्षगण नरेंद्र मणि त्रिपाठी, लाल जी त्रिपाठी, राम कुमार कुंवर, क्षेत्रीय अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा शिवनाथ चौधरी, जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य, जिला मीडिया प्रभारी निशांत पाण्डेय, भाजपा नेता गुड्डू त्रिपाठी, फतेबहादुर सिंह, कार्यक्रम संयोजक विनीत कमलापुरी, सह संयोजक राशिद खान, मंगल चौरसिया व संतोष शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहें।

## पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में कैंडल मार्च निकालकर किया विरोध प्रदर्शन




**बर्डपुर सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में दो दर्जन से अधिक लोगों की मौत के विरोध में गुरुवार देर शाम नगर पंचायत कपिलवस्तु के कस्बा बर्डपुर के बुद्ध चौक से बैंक चौराहे तक कैंडल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया। हमले में मारे गये पर्यटकों को श्रद्धांजलि देने के लिए सभी ने दो मिनट का मौन रखा और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ हेतु ईश्वर से प्रार्थना किया। उक्त कार्यक्रम में विभिन्न संगठनों के नेताओं सहित व्यापारीगण एवं भारी संख्या में स्थानीय व्यक्तियों ने कैंडल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया एवं श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान निवर्तमान मंडल अध्यक्ष नितेश पाण्डेय, शरदेंदु त्रिपाठी, जावेद आलम उर्फ चुन्ने, विवेक गोस्वामी, हरिश्चंद्र अग्रहरि, राजकमल जायसवाल, कंचन वर्मा, रामशरन, अनिल चौधरी, रामसागर चौधरी, डॉ प्रमोद यादव, राजकुमार चौधरी, संदीप मोदनवाल, दिलीप कन्नौजिया, विजय जायसवाल, अमरजीत राव, दिनेश यादव, सुरेंद्र यादव, अभिषेक पाण्डेय, आशीष मिश्रा, वीरू यादव, पवन मिश्रा, आनन्द चौधरी, शिवम मिश्र, आत्मा जायसवाल, फूलचंद्र जायसवाल, राकेश मिश्र, पुनीत, मंतोष मोदनवाल, अभिषेक पाण्डेय, पवन यादव विष्णु चौरसिया तेजू जायसवाल अनिल चौधरी देवेंद्र चौधरी राकेश मिश्रा हरिशंकर चौधरी जेपी विश्वकर्मा संजय जायसवाल जितेंद्र जायसवाल विनय कुमार गंगाराम चिग्घू गिरजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## आतंकवादी हमले के विरोध में प्रदर्शन कर फूंका पुतला



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में दो दर्जन से अधिक लोगों की मौत के विरोध में शुक्रवार की शाम नगर पालिका बांसी कस्बा के रामजानकी मंदिर से रोडवेज चौराहे तक आतंकवाद का पुतला दहन एंव विरोध प्रदर्शन किया गया। हमले में मारे गये पर्यटकों को श्रद्धांजलि देने के लिए सभी ने दो मिनट का मौन रखा और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ हेतु ईश्वर से प्रार्थना किया। उक्त कार्यक्रम में विभिन्न संगठनों के नेताओं सहित व्यापारीगण एवं भारी संख्या में स्थानीय व्यक्तियों ने कैंडल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया एवं श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान बजरंग दल के नगर अध्यक्ष अंगद वर्मा, अनुपमा सिंह, प्रमोद हिन्दू, राहुल, दिपक, विशाल, ऋषि श्रीवास्तव, जगदम्बा मिश्र, संजय शर्मा, शम्भू कश्यप, योगेश दुवे, रामसरन मौर्य, के.पी त्रिपाठी, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, संतोष अग्रहरि, सहित सैकड़ो की संख्या मे शामिल रहे।

## व्यापार बन्धु एवं एम.ओ.यू. की समीक्षा बैठक

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिला स्तरीय उद्योग बन्धु, व्यापार बन्धु एवं एम.ओ.यू. की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी श्री जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्टेउद्ध सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 द्वारा पिछली बैठक की कार्यवृत्ति की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया कि जिन लोगो द्वारा एम0ओ0यू0 पर हस्ताक्षर किये गये है उनसे सम्पर्क करके उनकी समस्याओं का समाधान करायें तथा ज्यादा से ज्यादा निवेश करने के लिए प्रेरित करें। जिलाधिकारी ने व्यापारियों की समस्याओं को सुना तथा सम्बन्धित अधिकारियों को उसके निस्तारण हेतु निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को ओडीओपी योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना हेतु शासन से प्राप्त लक्ष्य को शतप्रतिशत पूर्ण करने तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लाभार्थियों के आवेदन को अधिक से अधिक कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने उद्योग स्थापित करने हेतु, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना की जो पत्रावलियां बैंको में ऋण उपलब्ध कराने के लिए जाती हैं उसको समय से स्वीकृत कराने का निर्देश दिया। अधि0 अभि0 विद्यृत को निर्देश दिया कि जहां पर विद्युत तार नीचे लटक रहें हैं उसको ठीक करा लें। जिन व्यापारियों के नये कनेक्शन की आवश्यक्ता है उनको जल्द से जल्द कनेक्शन तथा उपभोक्ताओं को सही बिल उपलब्ध करायें।

# राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान की टीम ने गांव में की विभिन्न गतिविधियां

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिले की हंसुड़ी औसानपुर ग्राम पंचायत में कार्बन क्रेडिट पहल के अध्ययन के हिस्से के रूप में, असम, चंडीगढ़, दिल्ली, केरल, राजस्थान, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के एम. ए. पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन के छात्रों की राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान (आरजीएनआईवाईडी) की टीम ने डॉ. के. गिरीसन के मार्गदर्शन में गांव में की गयीं विभिन्न गतिविधियां।

टीम ने हर घर एलईडी परियोजना के तहत गांव के हर घर और अन्य महत्वपूर्ण बुनियादी सुविधाओं में एलईडी बल्ब वितरित किए। ज्ञात हो कि एलईडी बल्ब गांव के सरपंच दिलीप कुमार त्रिपाठी द्वारा कई राष्ट्रव्यापी सम्मानों के हिस्से के रूप में प्राप्त पुरस्कार राशि से खरीदे गए थे। घरों और अन्य संस्थानों के बीच कुल 1,116 एलईडी बल्ब (9वॉट और 12वॉट बल्ब) वितरित किए गए हैं।

प्रत्येक घर/संस्था को वितरित किए गए एलईडी बल्बों की संख्या की तुलना करते हुए, हर घर एलईडी परियोजना के कार्यान्वयन के बाद ऊर्जा खपत का त्वरित मूल्यांकन किया गया। ज्ञात हुआ कि एलईडी बल्बों के वितरण से पहले यह लगभग 66.67 किलोवाट था। वितरित एलईडी बल्बों की वाट क्षमता पर विचार करने पर, यह पाया गया कि कुल ऊर्जा खपत 11.9 किलोवाट दर्ज की गई, जिसके परिणामस्वरूप 54.06 किलोवाट की कमी आई। घरों/संस्थाओं के अतिरिक्त, नीचे दिए गए विवरण के अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा पहले से ही एलईडी बल्ब लगाए गए थे। 18 वाट एलईडी के साथ 50 वाट सौर पैनल वाली स्ट्रीट लाइटः 120 नग। 12 वाट एलईडी के साथ 75 वाट सौर पैनल वाली स्ट्रीट लाइटः 30 नग। यह ध्यान दिया जाता है कि एलईडी स्ट्रीट लाइट की स्थापना के परिणामस्वरूप ऊर्जा की खपत 8.25 किलोवाट तक कम हो गई है। दिलीप कुमार त्रिपाठी, सरपंच के मार्गदर्शन में आरजीएनआईवाईडी की टीम ने खेल के मैदान की परिधि की ओर 80 पौधे लगाए, जिसे ओपन जिम रखने के लिए पहचाना गया है। गांव के माध्यम से वाहन पर सवार आरजीएन आईवाईडी के छात्रों द्वारा ई-साइकिल लॉन्च की गई थी। इस पहल को श्री दिलीप कुमार त्रिपाठी, सरपंच, हंसुदी औसानपुर जीपी और डॉ के गिरीसन, प्रमुख, लोक प्रशासन विभाग, आरजीएनआईवाईडी द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

## एसडीएम की मौजूदगी में सील मकान मालिक के सुपुर्द



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** सोहास रोड़ पर स्थित संचालित एक नर्सिंग होम कुछ माह पहले सील हो गया था। शुक्रवार को नर्सिंग होम के मकान स्वामी को एसडीएम कल्याण सिंह मौर्य के मौजूदगी में सील खोलकर मकान को मकान मालिक के सुपुर्द कर दिया गया है। आर्यन नर्सिंग होम लोटन बाज़ार में किराए के मकान में संचालित था । बीते कुछ महीने पहले एक सोहास सुमाली की रहने वाली महिला का प्रसव के दौरान अधिक रक्त बहने के कारण मौत हो गई थी। मौत होने की शिकायत पर कार्यवाही कर नर्सिंग होम सील कर दिया गया था। तब से मामला न्यायालय के विचाराधीन था। न्यायालय के आदेश पर मकान को एस डी एम सदर कल्याण सिंह मौर्य व कोतवाल लोटन डी के सरोज की उपस्थिति में मकान को उसके स्वामी को ताला खोल कर सुपुर्द किया गया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोटन अधिक्षक अमित चौधरी ने बताया कि प्रसूता की मौत के बाद नर्सिंग होम सील कर दिया गया था। शुक्रवार को एस डी एम कल्याण सिंह मौर्य,कोतवाल लोटन डी के सरोज की उपस्थिति में न्यायालय के आदेश पर सील खोल कर मकान मालिक को दे दिया गया है।

# हाईस्कूल में उम्मे सलमा और इंटरमीडिएट में फलक फातिमा रिज़्वी ने कॉलेज में किया टॉप



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** यूपी बोर्ड प्रयागराज द्वारा शुक्रवार को घोषित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के बोर्ड परीक्षा परिणाम में खैर टेक्निकल इंटर कॉलेज बनगवा बरई (डुमरियागंज) की हाईस्कूल की छात्रा उम्मे सलमा फारूकी ने 600 में से 572 अंक (95.33 प्रतिशत) प्राप्त कर कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जबकि शहजादी फातिमा ने 530 अंक (88.33 प्रतिशत) पाकर द्वितीय स्थान और काजी मोहम्मद फरहान ने 527 अंक (87.83 प्रतिशत) पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। जबकि इंटरमीडिएट की परीक्षा में फलक फातिमा रिजवी ने 500 में से 414 अंक (82.80 प्रतिशत) प्राप्त कर कॉलेज में प्रथम

- **बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम से विद्यालय स्टाफ प्रसन्न**
- **सफल छात्रों को विद्यालय परिवार ने दी बधाई**

स्थान, महविश असलम ने 413 अंक (82.60 प्रतिशत) पाकर द्वितीय स्थान तथा शगुफ्ता शबनम ने 412 अंक (82.04 प्रतिशत) हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। उक्त सफल छात्रों को विद्यालय के प्रबंधक डॉ. फैजान अहमद खान, डायरेक्टर इरशाद अहमद खान, प्रधानाचार्य फैय्याज अहमद, जमाल अहमद, मो. मुर्तजा, गृजेंद्र मिश्रा, आरके पांडेय, सर्वेश आदि ने उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

# खैरी उर्फ झुगंहवा में सफाईकर्मी के न आने से लगा गंदगी का अंबार, चौपाल में ग्रामीणों ने बताई समस्या

## ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत पकड़िहवा व खैरी उर्फ झुगंहवा में लगा चौपाल

अवधनामा संवाददाता




**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड बढ़नी क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत पकड़िहवा में शुक्रवार को गाँव की समस्या गाँव में समाधान करने हेतु ग्राम चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत चौपाल कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान यशोदानंद ने करते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

चौपाल कार्यक्रम में मुख्य रूप से अटल पेंशन योजना, राशनकार्ड, वृद्धावस्था, विधवा पेंशन व दिव्यांग पेंशन, आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास योजना, मनरेगा योजना, किसान सम्मान निधि, व्यक्तिगत शौचालय व युवाओं को रोजगार से जोड़ने आदि विविध योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस दौरान आयुष्मान कार्ड व परिवार कार्ड बनाये जाने पर जोर देते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही गरीब कल्याण व अन्य लाभकारी योजनाओं के बारें में जानकारी देते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति भी जागरूक किया गया है। वहीं ग्राम प्रधान यशोदानंद मिश्र ने बताया कि हमारे ग्राम पंचायत भवन में लाइब्रेरी पुस्तकालय में ग्रामवासी बैठकर अच्छी पुस्तकें पढ़ते हैं, जिससे उन्हें देश विदेश व तमाम महापुरुषों के बारे में अच्छा ज्ञान भी मिलता है। उक्त अवसर पर ग्राम प्रधान यशोदा नंद मिश्र , पंचायत सहायक वैभव कुमार मिश्र, आशा संगीता, प्रतिभा, आंगनबाड़ी सहायिका मुन्नी देवी, किशलावती, सफाईकर्मी राकेश कुमार, गिरजेश, व ग्रामवासी मोल्हू, सत्तन, मानिक, खदेरु, अर्जुन, ओमप्रकाश, बालगोविंद, कौवलेश, मोती आदि लोग उपस्थित रहे। वहीं ग्राम पंचायत खैरी उर्फ झुगंहवा चौपाल कार्यक्रम ग्राम प्रधान दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें ग्राम प्रधान ने सरकार द्वारा चलाई जा रही तमाम योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उक्त कार्यक्रम में काफी संख्या में ग्रामीण जुटे रहे। वहीं आरोह फाउंडेशन के स्रष्ट अंबुज श्रीवास्तव ने

**पकड़िहवा पंचायत भवन में लाइब्रेरी पुस्तकालय का लाभ उठा रहे ग्रामवासी**

प्रधानमंत्री जन-धन योजना व मुद्रा योजना बचत खाता खोलने के लाभ, अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, आदि योजनाओं के बारे में जानकारी दिया। वहीं मौके पर उपस्थित चौपाल कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने एक स्वर में आवाज उठाते हुए ग्राम पंचायत खैरी उर्फ झुगंहवा में तीन माह से सफाई कर्मी नियुक्त नही होने से साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर नाराज दिखे, जिनकी बात सुनने के लिए ब्लाक स्तर से कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर मौजूद नहीं थे जो अपने आप में एक बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है। उक्त अवसर पर ग्राम प्रधान दिनेश कुमार यादव, पंचायत सहायिका सरिता, रोजगार सेवक विजय बहादुर, राम निवास, फूलमती, रेनू, बिंदु, बालगोविंद, पंचमिलन, सुग्रीव आदि लोग उपस्थित रहे। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी यशोवर्धन सिंह का कहना है कि मीडिया के माध्यम से जो भी जानकारी मिल रही है।उसे संज्ञान में लेकर समस्या का समाधान कराने का प्रयास किया जायेगा।

## बृजभूषण तिवारी की 13वीं पुण्यतिथि मनी



**सिद्धार्थ नगर।** लोहिया कला भवन पर समाजवादी पुरोधा समाजवादी चिंतक एवं विचारक पूर्व सांसद श्रद्धेय बृजभूषण तिवारी जी की 13 वीं पुण्यतिथि सपा जिला अध्यक्ष लालजी यादव जी की अध्यक्षता में संकल्प दिवस के रूप में मनाई गई और उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया तथा श्रद्धांजलि सभा कर उनके जीवन पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। कार्यक्रम के पूर्व पहलगाम में आतंकवादियों के हाथों मारे गए शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया गया। पुण्यतिथि के अवसर पर मुख्य अतिथि माननीय रामवृक्ष सिंह यादव जी ने कहा कि श्रद्धेय तिवारी जी का पूरा जीवन सरल एवं सादगी पूर्ण रहा वह एक चलते फिरते विश्वविद्यालय थे जो समाजवादी विचारधारा से लैस कार्यकर्ता और नेता पैदा करते रहते थे श्रद्धेय तिवारी जी डॉक्टर लोहिया के अनन्य शिष्यों में से एक थे उन्होंने छात्र राजनीति से लेकर देश की राजनीति में अपने संघर्ष विचारों और सिद्धांतों के बल पर अपनी अलग पहचान बनाई और देश की सबसे बड़ी पंचायत लोकसभा तथा राज्यसभा का 5 बार प्रतिनिधित्व करने के साथ-साथ आम जनता के लिए बहुत ही सरल और सुलभ रहे तथा अन्याय और शोषण के विरुद्ध हमेशा मुखर रहे तथा दलितों पिछड़ों एवं शोषित वर्गों के उत्थान के लिए हमेशा संघर्ष करते रहे वह व्यक्ति नहीं व्यक्तित्व थे और वह शख्स नहीं बल्कि एक शख्सियत थे श्रद्धेय तिवारी जी भले ही आज हमारे बीच में नहीं है।

## भारत के लिये मौका

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेन्स का दोनो देशों ने द्वीपक्षीय व्यापार समझौते के लिये बातचीत की रूप रेखा तय कर ली है। अमेरिका भारत में अपनी कम्पनियों के लिये पूरी तरह मुक्त बाजार चाहता है। ट्रम्प खुद भी बड़े पूजीपती है इसलिये बाजार की बारीकियों का ठीक तरह से समझते है।

अमेरिका ने यद्यपि रेसीप्रोकल टैरिफ लगाने में भारत को नहीं बख्शा है पर चीन वियतनाम, बंगला देश की तुलना में नर्मी तो दिखाई है। चीन के 245 प्रतिशत के मुकाबले ट्रम्प ने भारत पर 26 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। इसे भी 90 दिनों के लिये रोक दिया है। इसी अन्तर को जानकार लोग भारत के लिये बड़ा मौका बता रहे है। 23 अप्रैल से दोनो देश टैरिफ को लेकर वार्ता के लिये बैठेगे। ट्रम्प अपने मेक अमेरिका ग्रेट के कम्पेन को लेकर बहुत आक्रमक है। अमेरिकी कहते है ट्रेडील के माध्यम से अमेरिका टेऊडील में सन्तुलन कायम करना चाहता है। पर सन्तुलन के बदले जो मांगे रक्खी जा रही है उन्हें भारत पूरी तरह स्वीकार नहीं कर सकता। मसलन अमेरिकी ई-कामर्स अमरिकी कम्पनियों के लिये खोल दिया जाना चाहिये बाजार को। देश के दूकानदारों, व्यापारियों उपभोक्ताओं से जुड़ी कुछ कुछ बातें है। इन्हें भारत को अमेरिका के सामने जोरदार ढंग से रखना होगा। भारत छोटे दुकानदारों के जरिये लोगो को रोजगार मिला हुआ है। इनकी संख्या बड़ी है। इसलिये परम्परागत से ये लोग अमेरिका के दिग्गज ई-कामर्स कम्पनियों के विरोधी है। इन दुकानदारों का हित सुरक्षित रखने के लिये भारत सरकार ने ई-कामर्स नियमों में पहले ही कुछ बदलाव किये है।

अमेरिका अगर कृषि प्राडेक्टो, मीट प्राडाक्टस को लेकर भारत दबाव बनाता है तो भारत को भारतीय हितों को संरक्षित रखना पड़ेगा। कृषि क्षेत्र राजनीति रूप से भी बहुत संवेदनशील होता है। इस तरह के रूख के लिये भारत को अमेरिकी प्रतिधिको प्रभावी ढंग से समझाना होगा। जिससे आपस में खिचाव न पैदा हो जाये। टैरिफ को लेकर ट्रम्प भारत चीन और अन्य देशों पर दबाव बना रहे है। पर उन्हें दोस्तों की भी जरूरत होगी। तय शुदा रूप से भारत चीन का विकल्प हो सकता है। चीन से अमेरिका की यूभी पुरानी प्रतिस्पर्धा है। भारत और अमेरिका ने 2030 तक द्वीपक्षीय व्यापार को 500 बिलियन डालर तक ले जाने का लक्ष रक्खा है। इसी द्वीपक्षीय समझौते में इसकी जमीन तैयार की जा सकती है। लोहा जब गरम हो तभी चोटे असर करती है। वैश्विक परिदृश्य भारत अमरिकी की दोस्ती अपने लिये भी और विश्व के लिये भी बहुत उपयोगी और जरूरी है। जहां विश्व में कड़ी र्स्पधा चल रही है। समुद्र पर समरिक और व्यापारिक दृष्टि से अपना साम्रज्य फौलाने की होड़ चल रही है उसमें भारत और अमेरिकी दोस्ती महत्वपूर्ण है। क्योंकि दोनो विश्वशान्ती के हिमायती है। भारत को अमेरिका द्वारा रेसीप्रोकल ट्रैफिक के लेकर अमेरिका के प्रति कटुनितिक नही होना चाहिये। राष्ट्रीयहित लेकर आपसी सम्बन्धों में छोटे मोटे खिचाव पैदा होते रहते है। उन्हें शान्तचित्त से दूरदेशी अवधारणाओं को ध्यान में रखकर निपटाना चाहिये। जेडी लोरन्स का दौड़ा सफल हुआ और करीब आये। विश्व विषक्त वातावरण यह जरूरी है। क्योंकि इससे विश्व शान्ती भी जुड़ी हुई है।

## फ़ैशन : फटी जीन मक़सद और संदेश?

वैसे तो विश्व में तरह तरह के फ़ैशन प्रचलित हैं। अनेक फ़ैशन लोगों के शरीर व व्यक्तित्व पर भाते भी हैं । किसी को किसी का फ़ैशन अच्छा लगे या बुरा परन्तु किसी भी फ़ैशन को अपनाने वाले का निजी मामला व उसका अधिकार समझते हुये कोई अन्य व्यक्ति न तो कुछ बोलता टोकता है न ही आपत्ति करता है। और करना भी नहीं चाहिये।



निर्मल रानी

परन्तु कुछ फ़ैशन ऐसे भी हैं जिन्हें देखकर आम आदमी आश्चर्यचकित व विचलित ज़रूर हो जाता है। हालांकि ऐसा फ़ैशन करने वालों को इस बात से कोई फ़र्क़ नहीं पड़ता कि दूसरे उसके इस फ़ैशन के बारे में क्या सोच रहे हैं। न ही उसे इस बात की चिंता रहती है कि उसके शरीर पर वह फ़ैशन कैसा लग रहा है। उसका मक़सद तो बस फ़िल्मी हीरो हीरोइन की ड्रेसेज़ की नक़ल कर व ट्रेंड कर रहे फ़ैशन की मुख्य धारा में शामिल होकर स्वयं को फ़ैशनेबल साबित करना मात्र है।

ऐसा ही एक अजीबो ग़रीब फ़ैशन गत लगभग दो दशक से भारत ही नहीं बल्कि लगभग पूरी दुनिया में वायरल फ़ैशन की तरह पैर पसार चुका है। और वह है फटी जीन अथवा रिप्ड जीन का फ़ैशन। चूँकि 1970 से पहले जींस मंहगी हुआ करती थी और ग़रीब लोग नई जीन न ख़रीद पाने के चलते मजबूरीवश फटी जीन पहना करते थे। उस ज़माने में फटी जींस पहनना ग़रीब होने की निशानी होती थी। और 1970 के दशक में ही फटी जींस का चलन हॉलीवुड सिनेमा से प्रारंभ हो गया था जो भारत में वालीवुड के माध्यम से बाद में आया। परन्तु गत दो दशक से तो इस फ़ैशन ने युवाओं व युवतियों के बीच कुछ ज़्यादा ही ज़ोर पकड़ लिया है। नई जीन की पैंट को हाथों या लेजर के मदद से इसे फेंट फेंट कर फाड़ा जाता है। इस क्रिया के बाद फटी हुई जीन और भी महंगी हो जाती है। फटी या रिप्ड जीन स्किन फ़िट, स्लिम फ़िट, टेपर्ड, रेगुलर फ़िट, और रिलैक्स्ड फ़िट आदि मॉडल की पैंट्स में उपलब्ध होती है। इन्हीं डेनिम में एक एक्सट्रीम कट हाई रेज़ जींस भी होती है जिसका आगे व पीछे दोनों ओर का 80-90 प्रतिशत भाग ग़ायब होता है।

यह सबसे मंहगी अर्थात ब्रांड के अनुसार 30-40 व 50 हज़ार रूपये तक भी मिलती है। कुछ लोग ऐसी जीन पहन कर अपने आप को एक अनोखा लुक देना चाहते हैं। इस फ़ैशन का क़द्रदानों के अनुसार यह उन्हें एक अनूठा और स्टाइलिश लुक देती है। जबकि समाज का एक बड़ा वर्ग ऐसा भी है जो ऐसे फ़ैशन को अनुचित व बेहूदा समझता है। बड़े आश्चर्य की बात है कि इस यह अजीबो ग़रीब पहनावा फ़ैशन कैसे बन गया और बना भी तो यह फ़ैशन ट्रेंड कैसे कर गया? सच पूछिये तो फटी जीन धारण करने वाला इसे पहनने के सिवा स्वयं ही इस अनर्गल फ़ैशन की तार्किकता इसके मक़सद और संदेश के बारे में नहीं जानता?



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकवादियों द्वारा हमला कर 27 सैलानियों को गोलियां चलाकर मार डाला गया है, यह घटना कश्मीर वासियों खासकर पहलगाम वासियों को नागवार गुजरी है और 35 वर्षों में ऐसा पहली बार हुआ है कि इस घटना के विरोध में करीब करीब सभी पक्षों, संगठनों, कश्मीरीयों लोकल निवासियों द्वारा 23 अप्रैल 2025 को बंद का आह्वान किया गया था यहां तक कि मस्जिदों के लाउडस्पीकर से भी बार-बार बंद में शामिल होने की गुजारिश है की जा रही थी, ऐसा प्रोटेस्ट का माहौल मैंने अपने 40 वर्षों के आर्टिकल लेखन द्वारा मीडिया से जुड़े अपने करियर में कभी नहीं देखा।**

# पहलगाम हमला-दहशतगर्दी के विरोध में पूरा कश्मीर बंद

वैश्विक स्तरपर आतंकवाद आज हर देश के लिए सर दर्द बना हुआ है, परंतु इसका स्थाई समाधान दशकों से नहीं निकल पा रहा है। यही समस्या भारत के लिए भी दशकों से बनी हुई है,परंतु अगर मजबूत इरादे हो व संकल्पों को क्रियान्वयन करने का हौसला हो तो कुछ असंभव नहीं है, इसी फार्मूले पर चलकर भारत ने नक्सलवाद माओवाद को 31 मार्च 2026 तक जड़ से समाप्त करने की डेड लाइन दी है, इस क्रिया से रिएक्शन ऐसा हो रहा है कि लाखों रुपए के इनामी खूंखार नक्सली सरेंडर कर रहे हैं या फिर मुठभेड़ में मारे जा रहे हैं क्योंकि स्थानीय लोगों का साथ शासन प्रशासन को मिल रहा है। यह चर्चा आज हम इसलिए कर रहे हैं क्योंकि 22 अप्रैल 2025 को जो पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकवादियों द्वारा हमला कर 27 सैलानियों को गोलियां चलाकर मार डाला गया है, यह घटना कश्मीर वासियों खासकर पहलगाम वासियों को नागवार गुजरी है और 35 वर्षों में ऐसा पहली बार हुआ है कि इस घटना के विरोध में करीब करीब सभी पक्षों, संगठनों, कश्मीरीयों लोकल निवासियों द्वारा 23 अप्रैल 2025 को बंद का आह्वान किया गया था यहां तक कि मस्जिदों के लाउडस्पीकर से भी बार-बार बंद में शामिल होने की गुजारिश है की जा रही थी, ऐसा प्रोटेस्ट का माहौल मैंने अपने 40 वर्षों के आर्टिकल लेखन द्वारा मीडिया से जुड़े अपने करियर में कभी नहीं देखा। कश्मीर घाटी में हमले तो आनेकों हुए हैं परंतु उस क्षेत्र के लोकल निवासियों का ऐसा प्रोटेस्ट मैंने कभी नहीं देखा। कश्मीर लालचौक निवासी प्रसिद्ध प्रिंट व डिजिटल मीडिया सीएनएन के चीफ एडिटर व मेरे परम मित्र राशिद भाई जो प्रिंट इलेक्ट्रानिक मीडिया का अच्छा अनुभव भी रखते हैं उनसे मैंने मोबाइल फोन पर बातचीत कर इस घटना के संबंध में जानकारी मांगी तो उन्होंने मुझे अनेकों वीडियो क्लिप भेजी जिसमें पहलगाम के लोकल निवासी इस घटना के विरोध में जोर-शोर से प्रोटेस्ट कर रहे हैं उन क्लिपों में हम हिंदुस्तानी हैं, हिंदुस्तान हमारा है व इंडियन आर्मी जिंदाबाद इत्यादि अनेकों नारे आसानी से सुनें जा सकते हैं। राशिद भाई ने बताया कि यहां इस घटना से नागरिकों में काफी रोष भरा है, क्योंकि उनका रोजगार सैलानियों से जुड़ा है, इस तरह वहां के सीएम तथाविपक्षी नेताओं ने भी इस बारे में सरकार को पूरा सहयोग देने व घटना का जोरदार विरोध किया है व अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की बात कही है,तो उधर केंद्र स्तर पर भी पूरे विपक्ष ने एकजुट होकर इस घटना की जोरदार भर्टस्ना की है, व दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की बात कही है। मेरा मानना है कि अगर पूरे कश्मीर के निवासी, भारत सरकार, इंडियन आर्मी व दुनियाँ के सभी देश एक साथ हो जाएं तो आतंकवाद बच नहीं सकता,उसका भी डेडलाइन नक्सलवाद समाप्ति की तरह 31 मार्च 2026 निर्धारित किया जा सकता है। चूँकि दहशतगर्दी के विरोध में पूरा कश्मीर बंद सफ़ल हुआ पहलगाम वासी सड़कों पर उतरे तथा विरोध प्रदर्शन किया, मस्जिदों से भी लाउडस्पीकरों से बंद में शामिल होने की अपील की गई तथा 35 वर्षों में पहली बार कश्मीर भी आतंकवाद के खिलाफ रोड पर उतरा व इंडियन आर्मी जिंदाबाद,हम हिंदुस्तानी है हिंदुस्तान हमारा है,के नारे लगे इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, कश्मीर वासियों का साथ, पूरी दुनियाँ का हाथ, भारत कीएक्शन पर तुरंत रिएक्शन की रणनीति लगातार चली तो, नक्सलवाद की तरह आतंकवाद पर भी डेड लाइन 31 मार्च 2026 घोषित होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।



किशन भावनानी



साथियों बात अगर हम 35 वर्षों में पहली बार कश्मीर वासियों का आतंकवाद के खिलाफ़ रोडपर उतरने प्रोत्सट करने की करें तो, श्रीनगर से दिल्ली तक हलचल के बीच कश्मीर घाटी भी इस आतंकी वारदात के खिलाफ खड़ी नजर आ रही है, इस जघन्य आतंकी वारदात के खिलाफ पहलगाम समेत कश्मीर के कई इलाकों में लोग प्रदर्शन करते नजर आए। ऐसा पहली बार है, जब कश्मीर के लोग आतंकियों के खिला खुलकर बोल रहे हैं, सत्ताधारी और विपक्षी, सभी दल इस वारदात के विरोध में एकजुट हो गए हैं तो वहीं हुर्रियत कॉन्फ्रेंस जैसा संगठन भी घाटी बंद का आह्वान कर रहा है। एक प्रमुख अंग्रेजी समाचार पत्र ने पहले पन्ने पर संपादकीय टिप्पणी में लिखा है कि यह जघन्य वारदात न सिर्फ निर्दोष लोगों पर हमला है,बल्कि कश्मीरकी पहचानऔर मूल्य, इसके आतिथ्य, अर्थव्यवस्था और शांति पर किया गया प्रहार भी है। कश्मीर की आत्मा इस क्रूरता की निंदा करती है और पीड़ितों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करती है। (1) आतंकी घटना के खिलाफ बंद-पहलगाम हमले के खिलाफ घाटी बंद के आह्वान को आम जनता के साथ ही अलग-अलग राजनीतिक दलों, धार्मिक और व्यापारिक संगठनों और यहां तक कि अलगाववादी छवि वाले नेताओं ने भी समर्थन दिया है, सत्ताधारी नेशनल कॉन्फ्रेंस, विपक्षी पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी), पीपुल्स पार्टी, अपनी पार्टी समेत घाटी की सियासत में मजबूत मौजूदगी रखने वाली पार्टियों ने घाटी बंद का समर्थन किया है। घाटी बंद के आह्वान को हुर्रियत कॉन्फ्रेंस और इसके अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक का भी समर्थन मिला है।(2) उलेमा संगठन और हुर्रियत भी बंद के साथ धार्मिक निकायों के संगठन मुत्ताहिदा मजलिस उलेमा ने भी बंद का समर्थन करते हुए लोगों से आह्वान किया है कि घाटी बंद को सफल बनाकर इस जघन्य वारदात के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराएं। मीरवाइज उमर फारूक ने इस आतंकी वारदात में मारे गए लोगों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि जम्मू कश्मीर की इस्लामी बिरादरी शोक संतप्त परिजनों के साथ है,उन्होंने लोगों से शांतिपूर्ण विरोध का भी आह्वान किया (3) पीड़ितों की मदद के लिए बढ़े हाथ-जम्मू कश्मीर के लोगों ने भी इस घटना के बाद पीड़ितों की मदद के लिए हाथ बढ़ाए। पहलगाम की घटना के बाद टूरिस्ट टैक्सी स्टैंड यूनियन ने देर रात तक स्टैंड खोले रखा जो अमूमन छह से सात बजे तक खुले रखा. टूरिस्ट टैक्सी स्टैंड यूनियन से जुड़े लोग देर रात तक टैक्सी स्टैंड पर जमे रहे, वीडियो जारी करके भी टैक्सी यूनियन ने 24 घंटे मदद के लिए तैयार रहने की बात कही-टैक्सी यूनियन की ओर से ये भी कहा गया कि पर्यटकों को गाड़ियों की जरूरत हो, पैसे की जरूरत हो, अपनों से बात करने के लिए मोबाइल फोन की जरूरत हो, रुकने के इंतजाम की जरूरत हो या घायलों के लिए खून की जरूरत हो, हमसे संपर्क कर सकता है। टैक्सी यूनियन की ओर से इसके लिए नंबर भी जारी किए गए (4)- समाचार पत्रों ने काले रंग में छापे पहले पन्ने कश्मीर घाटी के कई प्रमुख समाचार पत्रों ने अपना पहला पन्ना काले रंग में छापकर पहलगाम की आतंकी घटना के खिलाफ अपना विरोध जाहिर किया. समाचार पत्रों ने काले पन्ने पर शीर्षक के लिए लिए लाल और सफेद रंग का इस्तेमाल किया. ग्रेटर कश्मीर, राइजिंग कश्मीर, कश्मीर उजमा, आफताब, तैमील इरशाद जैसे अंग्रेजी और उर्दू के प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों ने अपने फॉर्मेट में भी बदलाव किया।

# मनुष्य के मौलिक सृजन को संरक्षित करना बड़ी चुनौती

**चैटजीपीटी जैसे एआई चैट बॉट अविश्वसनीय रूप से परिष्कृत मानव-जैसे लिखित उत्तर दे सकते हैं, क्योंकि भाषा मॉडल की प्रश्नों और कार्यों को समझने और उन टेक्स्ट और डेटा के आधार पर प्रतिक्रियाएं देने की क्षमता है, जिन पर इसे प्रशिक्षित किया गया है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता अन्य क्षेत्रों में भी भी जैसे कला, लेखन, युद्ध, व्यापार, प्रबंधन, संगीत, फिल्म-निर्माण आदि में भी दखल बढ़ रहा है। एआई सार्वजनिक क्षेत्र में पहले से कहीं ज्यादा है और व्यवसाय में इसकी भूमिका दिनोंदिन बढ़ रही है।**

रचनात्मकता, सृजनात्मकता और संरचनात्मकता मनुष्य की स्वाभाविक वृत्ति है, मानव की इन मौलिक विशेषताओं एवं उपलब्धियों को उचित सम्मान मिले, उचित प्रोत्साहन एवं पारिश्रमिक मिले, ऐसे नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए ही हर साल 26 अप्रैल को विश्व बौद्धिक संपदा दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य बौद्धिक संपदा (आईपी) के बारे में जागरूकता बढ़ाना है और नवाचार तथा रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने में आईपी की भूमिका को उजागर करना है। कृत्रिम बौद्धिकता के दौर में मानव की स्वतः स्फूर्त बौद्धिकता का संरक्षण, संवर्द्धन एवं प्रोत्साहन ज्यादा जरूरी है। 2025 की थीम 'आईपी और संगीतः आईपी की धड़कन महसूस करें' है। यह संगीत उद्योग में बौद्धिक संपदा (आईपी) की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देता है, इस थीम का उद्देश्य आईपी के माध्यम से संगीत रचनाकारों की रचनाओं की रक्षा करना और उन्हें उनके काम के लिए उचित मान्यता दिलाना है। 26 अप्रैल को विश्व बौद्धिक संपदा दिवस के लिए इसलिए चुना गया क्योंकि इसी दिन 1970 में विश्व बौद्धिक संपदा संगठन की स्थापना करने वाला कन्वेंशन लागू हुआ था। यह दिन बौद्धिक संपदा अधिकारों जैसे पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क आदि के महत्व को उजागर करता है, जो नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देने में मदद करते हैं।



ललित गर्ग

बौद्धिक संपदा दिमाग की रचनाओं से संबंधित है, जैसे आविष्कार, साहित्यिक सृजन, संगीत, कला और कलात्मक कार्य, डिजाइन और व्यापार में उपयोग किए जाने वाले प्रतीक, नाम और चित्र आदि। ऐसे रचनात्मक काम जो पहले नहीं किया गया हो, ये हमारी बौद्धिक संपदा है। इस रचनात्मक सम्पदा का कोई दूसरा अनाधिकृत उपयोग नहीं सके, इसके लिए हमें अपनी बौद्धिक संपदा को सुरक्षित एवं संरक्षित करवाना चाहिए। इसी उद्देश्य से यह दिवस बौद्धिक संपदा संरक्षण के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देता है, दुनियाभर में बौद्धिक संपदा संरक्षण के प्रभाव को विस्तार देता है, देशों से बौद्धिक संपदा संरक्षण कानूनों और विनियमों को प्रचारित और लोकप्रिय बनाने का आग्रह करता है, बौद्धिक संपदा अधिकारों के बारे में सार्वजनिक कानूनी जागरूकता बढ़ाता है। इसके साथ ही इसका बड़ा उद्देश्य है विभिन्न देशों में आविष्कार-नवाचार गतिविधियों को प्रोत्साहित करना और बौद्धिक संपदा क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय आदान-प्रदान को मजबूत करना है। भारत भी विश्व बौद्धिक संपदा संगठन का सदस्य है। इस संगठन की स्थापना 14 जुलाई 1967 को हुई थी, जिसका मुख्यालय जिनेवा, स्विट्जरलैंड में है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उद्भव एवं प्रचलन का बौद्धिक संपदा (आईपी) ढांचे पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है, जो एक बड़ी चुनौती है। हमें एआई जैसे नवाचार प्रोत्साहनों के उभरते परिदृश्य और मौजूदा आईपी ढांचे के लिए इसके द्वारा उत्पन्न चुनौतियों पर मंथन करना होगा। पेटेंट योग्यता दुविधाओं से लेकर कॉपीराइट पहेली तक,



हम पाते हैं कि तेजी से तकनीकी प्रगति के बीच नवाचार को बढ़ावा देने और सामाजिक हितों की रक्षा करने के बीच एक नाजुक संतुलन है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रौद्योगिकी और इंटरनेट के साथ हमारे संपर्क के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है। जैसे-जैसे एआई अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ रहा है, इसका बौद्धिक संपदा के संरक्षण पर चुनौतीपूर्ण गहरा प्रभाव पड़ रहा है। चैटजीपीटी जैसे एआई चैट बॉट अविश्वसनीय रूप से परिष्कृत मानव-जैसे लिखित उत्तर दे सकते हैं, क्योंकि भाषा मॉडल की प्रश्नों और कार्यों को समझने और उन टेक्स्ट और डेटा के आधार पर प्रतिक्रियाएं देने की क्षमता है, जिन पर इसे प्रशिक्षित किया गया है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता अन्य क्षेत्रों में भी भी जैसे कला, लेखन, युद्ध, व्यापार, प्रबंधन, संगीत, फिल्म-निर्माण आदि में भी दखल बढ़ रहा है। एआई सार्वजनिक क्षेत्र में पहले से कहीं ज्यादा है और व्यवसाय में इसकी भूमिका दिनोंदिन बढ़ रही है। इसी के साथ बौद्धिक सम्पदा के सम्मुख सोशल मीडिया भी एक बड़ी चुनौती है। क्योंकि सोशल मीडिया के दौर में हर कोई दूसरों की रचनात्मकता एवं मौलिक सृजन को अपना बता कर पेश कर रहा है। इसलिए हर व्यक्ति को अपनी बौद्धिक संपदा के लिए जागरूक होना होगा। प्रत्येक व्यक्ति में कुछ अलग और रचनात्मक एवं मौलिक काम करने की क्षमता होती है। हम अपनी बौद्धिक संपदा को पांच तरीके से संरक्षित कर सकते हैं। इसमें पहला है कॉपीराइट, दूसरा पेटेंट, तीसरा ट्रेडमार्क, चौथा है औद्योगिक डिजाइन और पांचवा है भौगोलिक संकेतक। अगर आप कुछ लिखते हैं, जो आपका मौलिक लेखन है तो आप कॉपीराइट करा सकते हैं। इसके बाद व्यापार के क्षेत्र में होता है ट्रेडमार्क, जो आपका सिंबल होता है, जो किसी संस्था, कंपनी की पहचान के लिए होता है, उसे अगर ट्रेडमार्क करवा सकते हैं तो कोई दूसरा उस सिंबल का उपयोग नहीं कर सकेगा। अगर आपने कोई आविष्कार किया है तो उसे पेटेंट करा कर सुरक्षित रख सकते हैं। इसके बाद आता है औद्योगिक डिजाइन और भौगोलिक संकेतक। इस वर्ष की थीम संगीत पर केन्द्रित है। संगीत ने हमेशा लोगों को जोड़ने, बदलाव को प्रेरित करने और सांस्कृतिक विकास को आगे बढ़ाने में एक अनूठी भूमिका निभाई है। यह विषय इस बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे आईपी अधिकार संगीतकारों और अन्य संगीत रचनाकारों की रचनाओं की रक्षा करते हैं। विश्व बौद्धिक संपदा दिवस डब्ल्यूआईपीओ का सबसे बड़ा बौद्धिक संपदा (आईपी) सार्वजनिक जनजागृति अभियान है। कॉपीराइट और अन्य बौद्धिक संपदा अधिकार संगीत उद्योग की प्रभावी मदद करते हैं। वे सुनिश्चित करते हैं कि संगीत रचनाकारों को उनके काम का श्रेय और भुगतान मिले। यह दिन यह भी दिखाएगा कि इन अधिकारों की मदद से संगीत को बेहतर बनाने में रचनात्मकता और नए विचार कितने महत्वपूर्ण हैं।

आधुनिक समय में संगीत बौद्धिक एवं आर्थिक सम्पदा का बड़ा माध्यम है। आज की आपाधापी, तनाव एवं अवसादपूर्ण जीवन में संगीत ही एक ऐसा माध्यम है जो शांति, सुकून एवं आनन्द प्रदत्त कर सकता है। संगीत सुनने से इंसान को अलौकिकता का अहसास होता है। डॉक्टर भी संगीत को सेहत के लिए फायदेमंद मानते हैं। संगीत को लेकर हुए अध्ययनों में पता चला है कि संगीत शरीर में बदलाव लाता है, जो स्वास्थ्य में सुधार एवं शांति स्थापित करता है। इसके अलावा जो मरीज अवसाद और निराशा के शिकार होते हैं, उन्हें इससे बाहर निकालने के लिए संगीत थेरेपी दी जाती है। संगीत मन और शरीर दोनों को ही आराम पहुंचाता है। संगीत अमूर्त कला है पर उसमें निहित शांति, सौन्दर्य एवं संतुलन की अनुभूति विरल है। संगीत अशांति के अंधेरों में शांति का उजाला है। यह अंतर्मन की संवेदनाओं में स्वरों का ओज है। इसीलिये संगीत एक बड़ी बौद्धिक सम्पदा है। शादी में ढोलक-शहनाई, भजन-मंडली में ढोल-मंजीरा, शास्त्रीय संगीत में तानपूरा, तबला, सरोद, सारंगी का हम सब भरपूर आनंद उठाते हैं। बचपन में संपेरों द्वारा बीन बजाते ही लहराते हुए सांप का खेल भी हमने खूब देखा है। इन संगीत प्रस्तुतियों से जुड़े कलाकार एवं संगीतकारों के लिये यह उनकी बौद्धिक सम्पदा है।

# बारूद के ढेर पर बैठे विश्व का मार्गदर्शन करने में सक्षम है भगवद्गीता


**भगवद्गीता से प्राप्त शिक्षा इस आधुनिक युग में हमारा हर तरह से पथप्रदर्शन करने में सक्षम है। भगवद गीता में ज्ञान के ऐसे रहस्य भरे पड़े हैं जो हमें आज के आधुनिक युग में भी बेहतर जीवन जीने के लिए मार्गदर्शन कर सकते हैं। गीता को ईश्वर का गीत या गीतोपनिषद कहा जाता है, यह कुरुक्षेत्र के युद्ध के मैदान के बीच योद्धा पांडू पुत्र अर्जुन और उनके सखा व मार्गदर्शक भगवान कृष्ण के बीच एक आध्यात्मिक योगमय संवाद का संकलन है।**

लगभग छः हजार वर्ष पहले महाभारत के महायुद्ध में धर्म के पक्ष में युद्ध लड़ रही पांडव सेना के महत्वपूर्ण योद्धा अर्जुन को घोर संशयों से निकालने के लिए त्रिलोकी नाथ योगीराज श्री कृष्ण भगवान ने कुरुक्षेत्र के मैदान में गीता का उपदेश दिया था जो आज भी हर समस्या का समाधान खोजने के लिए उतना ही प्रासंगिक है जितना तब था। भगवद गीता जीवन जीने की कला सिखाती है। भगवद्गीता जीवन का वह महत्वपूर्ण विज्ञान है जो हर स्थिति, हर काल में सही मार्ग दिखाने के लिए खरा उतरता है। गीता विश्व को मार्गदर्शन प्रदान करती है। यह जीवन के अर्थ, कर्तव्य, और आध्यात्मिकता के बारे में विस्तार से बताती है। गीता जीवन के सभी क्षेत्रों के लोगों के लिए प्रासंगिक है और मानव अस्तित्व के बारे में व्यापक समझ प्रदान करती है। संस्कारों की सीमाओं में रहकर कैसे हम चिंतामुक्त होकर अपने कर्तव्य का पालन कर सकते हैं, यह हमें गीता सिखाती है।



डॉ उमेश प्रताप वत्स

गीता में निष्काम कर्म, निस्वार्थ कर्तव्य के महत्व पर जोर दिया गया है, यानी कर्म करते समय फल की इच्छा नहीं करनी चाहिए। गीता में योग के माध्यम से मन, बुद्धि और अहंकार को नियंत्रित करने और स्थिरता प्राप्त करने के बारे में बताया गया है। गीता में भगवान श्री कृष्ण ने कहा है योग : कर्मसु कौशलम अर्थात् योग से कर्मों में कुशलता आती है। व्यावहारिक स्तर पर योग शरीर, मन और भावनाओं में संतुलन और सामंजस्य स्थापित करने का एक साधन है। योग भारतीय ज्ञान की हजारों वर्ष पुरानी शैली है। गीता जीवन के सुख-दुख, लाभ-हानि, सफलता-असफलता जैसे द्वंद्वों के बीच समभाव बनाए रखने की सलाह देती है। गीता ईश्वर के प्रति समर्पण के महत्व पर जोर देती है और अपने जीवन को ईश्वर के अनुसार जीने के लिए प्रोत्साहित करती है। गीता में आत्मा की अमरता, संसार की क्षणभंगुरता और ज्ञान के महत्व के बारे में सिखाया गया है। गीता जीवन के हर पहलू पर मार्गदर्शन प्रदान करती है और यह प्राचीन ज्ञान का एक खजाना है जो आज भी उतना ही प्रासंगिक है। भगवद्गीता से प्राप्त शिक्षा इस आधुनिक युग में हमारा हर तरह से पथप्रदर्शन करने में सक्षम है। भगवद गीता में ज्ञान के ऐसे रहस्य भरे पड़े हैं जो हमें आज के आधुनिक युग में भी बेहतर जीवन जीने के लिए मार्गदर्शन कर सकते हैं। गीता को ईश्वर का गीत या गीतोपनिषद कहा जाता है, यह कुरुक्षेत्र के युद्ध के मैदान के बीच योद्धा पांडू पुत्र अर्जुन और उनके सखा व मार्गदर्शक भगवान कृष्ण के बीच एक आध्यात्मिक योगमय संवाद का संकलन है। यद्यपि भगवद गीता छः हजार वर्ष पहले कही गई थी, इसमें कर्तव्य, कर्म, ज्ञान और आत्म-साक्षात्कार के बारे में महत्वपूर्ण बिंदू दिए गए हैं जो आज के



आधुनिक समय में भी आश्चर्यजनक रूप से हम पर लागू होते हैं। आश्चर्यजनक रूप से वर्तमान युवा पीढ़ी भी भगवद गीता की शिक्षाओं के महत्व को स्वीकार कर रही है और यह पहचानने में सक्षम है कि इसका पालन करने से मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक कल्याण प्राप्त किया जा सकता है।

गीता बताती है कि निष्काम कर्म की अवधारणा को लागू करना कितना महत्वपूर्ण है। आपको अपने निर्दिष्ट कर्तव्यों को करने का अधिकार है, लेकिन आप अपने कार्यों के परिणामों के हकदार नहीं हैं। कभी भी अपने आप को अपने कार्यों के परिणामों का स्रोत न मानें, और कभी भी अपने कर्तव्यों का पालन न करने से न जुड़ें। हम अक्सर हमेशा मायावी लक्ष्यों और पुरस्कारों की खोज में इतने व्यस्त हो जाते हैं कि हम प्रयास को ही भूल जाते हैं। निष्काम कर्म में बाहरी परिणामों की परवाह किए बिना लगन से काम करना शामिल है। हम अपने काम की गुणवत्ता को प्राथमिकता देते हैं और अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करते हैं। इस कर्तव्यपरायण, निस्वार्थ दृष्टिकोण को अपनाने से हम गारंटीकृत परिणामों के बारे में अस्वस्थ अपेक्षाओं को कम कर सकते हैं। यह दूसरों द्वारा लगाए गए सफलता के मनमाने उपायों के बजाय कर्तव्य से संतुष्टि सिखाता है। अर्जुन, कर्म करो, आसक्ति को मिटाओ, योग में दृढ़ रहो, तथा सफलता और असफलता में संतुलित रहो। योग मानसिक संतुलन बनाए रखने का अभ्यास है। हमारी ज़्यादातर चिंताएँ अज्ञात भविष्य के बारे में अत्यधिक तनाव से उपजती हैं। गीता हमें वर्तमान क्षण में पूरी तरह से जीना सिखाती है, भविष्य की चिंताओं या आशाओं से विचलित हुए बिना अपनी ज़िम्मेदारियों पर पूरी तरह ध्यान केंद्रित करना। वर्तमान में पनपने से हमें प्रत्येक गतिविधि से अधिक संतुष्टि प्राप्त करने की अनुमति मिलती है। भविष्य के बारे में चिंताओं को दूर करने से दैनिक शांति और उद्देश्य को बढ़ावा मिलता है। गीता कहती है कि समभाव और लचीलेपन का अभ्यास करें। हे अर्जुन, योग में दृढ़ रहो। सफलता या असफलता की सारी आसक्ति त्यागकर समभाव से अपना कर्तव्य करो। ऐसी समता को योग कहते हैं। जब हम लाभ-हानि, सुख-दुःख से ऊपर उठ जाते हैं तब हम भयरहित होकर अपने कर्तव्य का पालन कर सकते हैं। जब हम अपने आत्म-मूल्य को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने से जोड़ते हैं, तो जब चीजें उम्मीद के मुताबिक नहीं होती हैं, तो हम निराश महसूस करते हैं। हम खोया हुआ महसूस करते हैं और चारों ओर लोगों से सम्मान की कमी का अनुभव करते हैं। लेकिन अगर आप भगवद गीता की शिक्षाओं का विश्लेषण करते हैं, तो यह चाहे परिस्थितियाँ अच्छी हों या बुरी, शांत और संतुलित रहने को बढ़ावा देती है। आपकी उपलब्धि चाहे जो भी हो, हमें अपने केंद्रित प्रयासों को जारी रखना चाहिए, जबकि यह स्वीकार करना चाहिए कि बदलती परिस्थितियों पर हमारा कोई नियंत्रण नहीं है। यह कठिन समय से निपटने के दौरान मजबूत लचीलापन बनाता है। परिणामों की अपेक्षाएँ छोड़ देना, चाहे हम सफल हों या असफल, हमें जीवन की चुनौतियों से निपटने में मदद करता है। सभी शास्त्र आत्म-संयम और सेवा के कर्तव्यों की ओर ले जाते हैं। इनके प्रति सच्चे रहो, क्योंकि जो अपने कर्तव्यों का परित्याग करता है, वह दुःखी हो जाता है। जब कोई व्यक्ति अपने मन, बुद्धि और अहंकार को नियंत्रित कर लेता है, तथा बेचैन इच्छाओं को एक तरफ रखकर अपने सच्चे स्वरूप में विश्राम कर लेता है, तो वह अपनी आंतरिक प्रकृति का स्वामी बन जाता है। बहुत सारी चीजें होने के बावजूद, लोग अक्सर आज दुखी और अधूरा महसूस करते हैं। गीता योग का उपयोग करके इसे समझाती है - अपने भीतर के आत्म को नियंत्रित करके मन, बुद्धि और अहंकार की स्थिरता प्राप्त करना।

# मोमबत्ती हाथ में लेकर, 2 मिनट का मौन रखकर मृतकों को दी गई श्रद्धांजलि

अवधनामा संवाददाता




**लखनऊ।** 22 अप्रैल को पहलगाम कश्मीर में आतंकियों द्वारा निर्दोष पर्यटकों को मारे जाने की घटना के विरोध में रौनक हॉस्पिटल कम्पवेल रोड लखनऊ में डॉ रौनक अली की अगुवाई में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सभी लोगों ने एक सुर में मोमबत्ती हाथ में लेकर घटना को लेकर विरोध दर्ज कराया और 2 मिनट मौन रखकर मृतकों को श्रृद्धांजलि दी। गुस्साए लोगों ने आतंकवाद मुर्दाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद और भारत माता की जय के नारे लगाए। कार्यक्रम में डॉ संतोष त्रिवेदी ने नृतकों को याद करते हुए कहा ÷जब से इस अमानवीय घटना की जानकारी हुई तब से मैं बहुत दुखी हूं। ऐसा लग रहा है कि मृतक मेरे परिवार का अंग हैं और मेरा सब कुछ खो गया है।÷ मृतकों को भावभीनी श्रृद्धांजलि देते हुए, उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की और कहा आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, आतंकियों का मकसद हमारे देश में सांप्रदायिक तनाव पैदा कर, शांति सौहार्द को बिगाड़ना है हम उनका मकसद कभी सफल नहीं होने देंगे। इस मौके पर ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव मारूफ अंसारी ने मारे गए लोगों के प्रति शोक व्यक्त करते हुए कहा ÷ये हमला केवल पर्यटकों पर हमला नहीं है बल्कि हमारे देश पर हमला है,140 करोड़ देशवासियों पर हमला है और हमारी भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी, ग्रह मंत्री अमित शाह जी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी से मांग है कि इस वहशियाना हमले में शामिल आतंकियों और उनके संरक्षकों को ऐसी सजा दी जाए कि कभी भारत की ओर नजर उठाने की हिम्मत न पड़े।

इस मौके पर डॉ तय्यब गया, डॉ आशू अहमद, मेराज अंसारी , जाबिर भाई, सिराज कुरैशी, हाफ़िज़ अतहर हुसैन, डॉ फरीद अहमद, डॉ दिलशाद अंसारी, नासिर अंसारी, यहया अंसारी, विशाल गौतम, अनस, अस्सू, अब्दुल्ला खान, मो. ज़ैद, इफ्तिखार, अंजली आदि लोग मौजूद रहे।

# 337 हैंडपंपों की हुई मरम्मत, लोगों को मिलने लगा पानी : डीएम

अवधनामा संवाददाता

- 60 स्थानों पर टैंकरों के माध्यम से पहुंचाया जा रहा पानी
- निर्बाध पेयजल आपूर्ति हेतु सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश

**ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने जनपद में बढ़ते जल संकट को लेकर पेयजल आपूर्ति देख रहे तीनो खण्डों के अभियंताओं एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक कर सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि जनपद के किसी भी क्षेत्र में पानी की आपूर्ति बाधित नहीं होनी चाहिए। कहा कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए सभी क्षेत्रों में जल आपूर्ति हेतु आवश्यक कार्यवाही पहले से पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम द्वारा जिले में संचालित ग्राम समूह योजनाओं एवं शहरी क्षेत्र में जल आपूर्ति की बिंदुवार समीक्षा की और सम्बंधित अभियंताओं को स्पष्ट निर्देश दिये कि वे अपनी ठेकेदारों/फर्मों के कार्यो की स्वयं मॉनीटरिंग कर कार्य में तेजी लायें और सभी के घरों में जलापूर्ति सुनिश्चित करायें। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से स्पष्ट रुप से कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या कार्यशिथिलता बर्दास्त नहीं की जाएगी। डीएम ने ईओ और अधिशासी अभियंता को नगर क्षेत्रों का वार्डवार निरीक्षण कर जल आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को कड़े निर्देश दिये कि वे टीम बढ़ाकर शेष विद्युत कनेक्शन जल्द पूरे करायें और पर्याप्त विद्युत आपूर्ति देना सुनिश्चित करें। इस दौरान एडीएम नमामि गंगे ने कहा कि गर्मी में पेयजल आपूर्ति के लिए 237 हैंडपंप ठीक करा लिए गए हैं, जिनसे पानी मिलने लगा है और 60 स्थानों पर टैंकरों के माध्यम पानी पहुंचाया जा रहा है। बैठक में एडीएम नमामि गंगे राजेश श्रीवास्तव, अधिशासी अभियंता विद्युत, अधिशासी अभियंता जल/ जल संस्थान, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पहलगाम आतंकी हमलाः हम एक हैं एक ही रहेंगेः परवेज हनीफ

अवधनामा संवाददाता

- हम आतंकवाद के विरुद्ध भारत सरकार का पूर्ण समर्थन करते हैंः यूनुस
- आधारहीन अफवाहें समाज में विभाजन फैलाने वाली हैं

**लखनऊ।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुआ आतंकवादी हमला एक अमानवीय और कायराना कृत्य था, जिसने सम्पूर्ण देश और मानवता को झकझोर दिया। इस जघन्य हमले में 27 निर्दोष नागरिकों की मृत्यु और कई अन्य के घायल होने की दुखद सूचना मिली। लश्कर-ए-तैयबा से संबद्ध आतंकी संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' ने इस घटना की जिम्मेदारी ली है, जो दर्शाता है कि आतंकवाद का उद्देश्य केवल भय और सामाजिक विभाजन फैलाना है। ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ देशभर के मुसलमानों के साथ इस बर्बरता की कठोर निंदा करता है। जुमे की नमाज़ के बाद देशभर की मस्जिदों में मृतकों के लिए दुआएँ की गई और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई। हम यह स्पष्ट करते हैं कि आतंकवादियों का इस्लाम या किसी भी मज़हब से कोई संबंध नहीं है। वे केवल मानवता के दुश्मन हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज हनीफ ने कहा हम उन सभी रिपोर्ट्स का खंडन करते हैं जिनमें यह कहा गया कि पीड़ितों के नाम और धर्म पूछकर हमला किया गया। यह आधारहीन अफवाहें समाज में विभाजन फैलाने वाली हैं और आतंकवादियों की ही रणनीति को बल देती हैं। पहलगाम हमले में विभिन्न धर्मों के नागरिकों की मौत हुई है, जिनमें मुस्लिम नागरिक सईद हुसैन शाह भी शामिल हैं। श्री हनीफ ने कहा कुछ मीडिया चैनलों और नेताओं द्वारा इस हमले को सांप्रदायिक रंग देने के प्रयास बेहद निंदनीय हैं। इस प्रकार की रिपोर्टिंग और बयानबाज़ी समाज में अविश्वास और वैमनस्य को जन्म देती है। हम अपील करते हैं कि मीडिया और सभी राजनीतिक दल इस संवेदनशील विषय पर संयम और जिम्मेदारी का परिचय दें। मुख्य कार्यकारी अधीकारी मोहम्मद यूनुस ने कहा अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद कश्मीर में हुई तरक्की और बढ़ता पर्यटक आगमन इस हमले का मुख्य कारण रहा है। आतंकी संगठन कश्मीर की शांति और आर्थिक समृद्धि को नष्ट करने के इरादे से आम नागरिकों और पर्यटकों को निशाना बना रहे हैं। उन्होंने कहा जांच में स्पष्ट हो चुका है कि यह हमला पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का परिणाम है। भारत सरकार द्वारा इस पर लिए गए कड़े निर्णय जैसे सिंधु जल समझौते का स्थगन और कड़ी कूटनीतिक प्रतिक्रियाएँ स्वागत योग्य कदम हैं। हम आतंकवाद के विरुद्ध भारत सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति का पूर्ण समर्थन करते हैं। श्री यूनुस ने कहा भारत की आत्मा उसकी विविधता, एकता और सहिष्णुता में बसती है। पहलगाम हमला इन मूल्यों पर हमला था, लेकिन हमारी एकता इसे पराजित करेगी। हम एक हैं, एक रहेंगे, और आतंकवाद को हर हाल में परास्त करेंगे।

# औषधि वितरण खिड़की बनाई जाए

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** सदस्य विधान परिषद प्रतिनिधि विजय सिंह यादव ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर मेडिकल कॉलेज में औषधि वितरण खिड़की पर वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांग जनों को अलग से काउंटर खुलवाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि मेडिकल कॉलेज में स्थित औषधि वितरण खिड़की पर लंबी-लंबी लाइन लगी रहने के कारण वरिष्ठ जन एवं दिव्यांग जनों को बहुत ही परेशानी होती है। कभी-कभी लाइन में लगे लगे वरिष्ठ नागरिक बेहोश होकर गिर भी पडते हैं। इसके अलावा उन्हें परेशान होना पड़ता है। उन्होंने कहा या तो वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांग जनों के लिए अलग से खिड़की की व्यवस्था की जाए अन्यथा की स्थिति में अलग से लाइन बनाई जाए। दवा वितरण एवं पर्चा बनाने वाली खिड़की पर टीन सेट की भी व्यवस्था की जाए जिससे गर्मी से बचा जा सके। ज्ञापन में वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों के लिए मेडिकल कॉलेज में अलग काउंटर खुलवाने की मांग की गई है। जिससे वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांग जनों को दवा लेने में एवं पर्चा बनाने में असुविधा न हो। ज्ञापन में विधान परिषद प्रतिनिधि विजय सिंह यादव के अलावा संग्राम सिंह यादव जेपी यादव आदि के हस्ताक्षर बताए गए हैं।

# युवाओं में वैश्विक दृष्टिकोण का विकास जरूरी : न्यायमूति

## दो दिवसीय मॉडल यूनाइटेड नेशन्स का सीएमएस में भव्य उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता






**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस द्वारा आयोजित दो-दिवसीय मॉडल यूनाइटेड नेशन्स (एम.यू.एन.) का शुभारम्भ आज विद्यालय के सभागार में हुआ। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति श्रीमती बबिता रानी, डिस्ट्रिक्ट एवं सेशन जज, लखनऊ ने दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का विधिवत् उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में न्यायमूर्ति बबिता रानी ने कहा कि वैश्वीकरण के इस दौर में किशोरों व युवाओं में वैश्विक दृष्टिकोण का होना बहुत जरूरी है। इस प्रकार के आयोजनों से युवा पीढ़ी को सामयिक घटनाओं, अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों एवं कूटनीति की जानकारियाँ प्राप्त होती हैं जो उन्हें चुनौतियों का समाधान निकालने में सक्षम बनाती हैं। इससे पहले, सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने मुख्य अतिथि व अन्य गणमान्य अतिथियों व प्रतिभागी छात्रों का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि यह सम्मेलन युवा पीढ़ी को एक जिम्मेदार विश्व नागरिक बनाने में महती भूमिका निभायेगा। यही पीढ़ी आगे चलकर विश्व समाज की दिशा तय करेगी और भविष्य के नीति निर्माता अपनी जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक होंगे।

विदित हो कि मॉडल यूनाइटेड नेशन्स का आयोजन 25 व 26 अप्रैल को सी.एम.एस. अलीगंज प्रथम कैम्पस के ऑडिटोरियम में किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के लगभग 300 छात्र प्रतिभाग कर रहे हैं। यह सम्मेलन संयुक्त राष्ट्र संघ का प्रतिरूप है, जिसके अन्तर्गत प्रतिभागी छात्रों को अलग-अलग कमेटियों में महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर खुलकर अपने विचार रखने का अवसर मिल रहा है।

उद्घाटन समारोह के उपरान्त सम्मेलन की परिचर्चा का शुभारम्भ बड़े ही जोरदार ढंग से हुआ। यह परिचर्चा विभिन्न कमेटियों के माध्यम से सम्पन्न हो रही है जिसमें यूनाइटेड नेशन्स फ्रेमवर्क कन्वेन्शन फॉर क्लाइमेट चेन्ज, ज्वाइन्ट क्राइसिस कमेटी, लोकसभा, यूनाइटेड नेशन्स सिक्योरिटी काउन्सिल, नार्थ एटलान्टिक ट्रीटी आर्गनाइजेशन, यूनाइटेड नेशन्स इकोनॉमिक कमीशन फॉर अफ्रीका, यूनाइटेड नेशन्स जनरल असेम्बली, यूनाइटेड नेशन्स डिसआर्मामेन्ट कमीशन एवं द इण्टरनेशनल प्रेस आदि प्रमुख है। सभी कमेटियों में अलग-अलग ऐजेन्डे पर चर्चा-परिचर्चा सम्पन्न हो रही है। एमयूएन की संयोजिका एवं सीएमएस अलीगंज प्रथम कैम्पस की वरिष्ठ प्रधानाचार्या ज्योति कश्यप ने इस अवसर पर कहा कि सम्मेलन में पधारे छात्रों की उपस्थित इस बात का निश्चित प्रमाण है कि वर्तमान पीढ़ी अपने समय की समस्याओं के प्रति जागरूक है और उनका रचनात्मक समाधान प्रस्तुत करने को उत्सुक है।

# पान किसानों की सहूलियत के लिए पाली-बरेली बस संचालन की मांग

**पाली (ललितपुर)।** उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक को सम्बोधित पत्र एक उपजिलाधिकारी पाली को सौंपा गया है, जिसमें पाली बरेली तक बस सेवा चलायें जाने की मांग की। पत्र में सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक परिवहन निगम झांसी को भी अवगत कराया गया है। भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष, पाली नगर पंचायत पार्षद एवं सेक्टर अध्यक्ष मनोज चौरासिया ने उपजिलाधिकारी से मुलाकात कर पाली से बरेली बस चलायें जाने की मांग की। वहीं एड. मुकेश करमरा ने पत्र में बताया कि पाली में विश्व प्रसिद्ध पान की खेती होती है तथा पाली नगर पंचायत में निवासरत एक बड़ी जाति चौरासिया समाज के लोग पान की खेती करतें चलें आ रहें हैं। पाली के पान की अपनी एक विशेषता रहती हैं कि होंठों को गुलाबी कर देता हैं। उक्त मांग को लेकर पूर्व अनेक बार पत्राचार क्षेत्रीय लोग कर चुके हैं तथा पाली बस चलायें जानें की मांग की।

# डिजिटल युग में एक बहुआयामी सेवा प्रदाता के रूप में डाक विभाग उभर रहा

अवधनामा संवाददाता



- डाक विभाग अब सिर्फ चिट्ठियाँ ही नहीं, देश की प्रगति में सक्रिय योगदान दे रहा-पोस्टमास्टर जनरल

**लखनऊ।** डाक विभाग अब सिर्फ चिट्ठियाँ पहुँचाने वाला संगठन नहीं, बल्कि देश की प्रगति में सक्रिय योगदान देने वाला एक आधुनिक और गतिशील संगठन बनने की ओर अग्रसर है। डिजिटल युग में एक बहुआयामी सेवा प्रदाता के रूप में डाक विभाग उभर रहा है, जिसके माध्यम से तमाम योजनाओं को लागू किया जा रहा है। उक्त उद्गार सौराष्ट्र एवं कच्छ परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने 25 अप्रैल, 2025 को राजकोट में मण्डलाध्यक्षों के वित्तीय वर्ष 2024-25 के कार्यों की समीक्षा बैठक और उत्कृष्टता सम्मान वितरण समारोह के दौरान व्यक्त किये।

डाक सेवाओं में नवाचार के साथ इसकी दक्षता व आउटरीच बढ़ाने, वित्तीय समावेशन, डिजिटलीकरण, प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने और मार्केटिंग की रणनीति को मजबूत करने पर उन्होंने जोर दिया। डाक सेवाओं और इनकी विशेषताओं को सहेजते गुजराती भाषा में एक बुकलेट भी इस अवसर पर जारी की गई। इस दौरान सौराष्ट्र और कच्छ क्षेत्र के अधीन 12 जिलों के डाकघरों में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 45 से ज्यादा डाककर्मियों को सम्मानित किया।

पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि, डाकघरों में एक ही छत के नीचे पत्र-पार्सल, बचत बैंक, बीमा, इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक, डीबीटी, डिजिटल बैंकिंग, आधार, पासपोर्ट, कॉमन सर्विस सेंटर, डाकघर निर्यात केंद्र जैसी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। डाकघर निर्यात केंद्र के माध्यम से लोकल टू ग्लोबल कॉन्सेप्ट के तहत स्थानीय उद्यमियों को बढ़ावा दिया जा रहा है, वहीं पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत देश भर में टूल किट्स डाकघरों के माध्यम से भेजे जा रहे हैं। ई-कॉमर्स, एमएसएमई, स्थानीय हस्तशिल्प, ओडीओपी व जीआई उत्पादों को डाकघरों के माध्यम से भेजने हेतु विशेष व्यवस्था की गई है।

# 2023 के मुकाबले 2024 में आई मलेरिया के केसों में कमी

अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** हर साल 25 अप्रैल को लोगों को मालेरिया रोग से बचाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। इस उपलक्ष्य में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय एवं सदाशिव शिक्षा निकेतन इंटर कालेज हरदोई में गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें वेक्टर जनित रोगों के नोडल अधिकारी डॉ सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि वर्ष 2023 की तुलना में जिले में मलेरिया केसों में कमी आई है। इस साल दिवस की थीम है- मलेरिया हमारे साथ समाप्त होता है पुनर्निवेश, पुनर्कल्पना, पुनर्जीवन। नोडल अधिकारी डॉ सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि मलेरिया प्लाजमोडियम परजीवी के कारण होने वाली जानलेवा बीमारी है जो कि मनुष्यों में मादा एनाफीलिज मच्छर के काटने से होती है। मलेरिया सहित अन्य अन्य मच्छर जनित बीमारियों पर काबू पाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं जिसका परिणाम है कि जनपद में साल 2023 के मुकाबले साल 2024 में मलेरिया के केसों में कमी आई है। जहाँ जनपद में साल 2023 में मलेरिया के कुल 2351 केस सामने आये थे वहीं साल 2024 में 1880 केस सामने आये हैं। हर साल, साल में तीन बार- अप्रैल, जुलाई और अक्टूबर माह में विशेष संचारी रोग नियत्रण अभियान चलाया जाता है। इसके साथ ही सभी मलेरिया रोगियों के सापेक्ष केस बेस्ड एक्टिविटीज की जाती हैं जिसके तहत इंडेक्स केस के घर के आस-पास 50 घरों में मच्छर जनित परिस्थितियों को समाप्त किया जाता है। मच्छरों से बचाव के उपाय के बारे मे नोडल अधिकारी ने आमजन से अपील की कि मलेरिया सहित अन्य संचारी रोगों से बचाव के लिए जरूरी है कि मच्छर जनित परिस्थितियां न उत्पन्न होने दें मलेरिया का मच्छर रुके हुए पानी में रहता है इसलिए घर के घर में कबाड़, गमले की प्लेटें नारियल के खोल आद में और घर के आस पास, में पानी इकट्ठा न होने दें।

# नियमों का पालन करने का महत्व जीवन में उतारें वाहन चालक : आलोक कुमार

अवधनामा संवाददाता



- सघन चैकिंग अभियान के दौरान वाहन चालकों को जागरूक कर रहे टीएसआई

**ललितपुर।** दो पहिया हो, चार पहिया हो या फिर पूरी बस ही क्यों न हो। यातायात के नियमों का पालन सभी को करना चाहिए। नियमों का पालन करने के लिए केबल वाहन चालक ही नहीं, अपितु आमजन को भी जागरूक होना होगा। तभी हम किसी को यातायात नियमों को तोडने् से रोकते हुये उन्हें जागरूक कर सकते हैं। यह बात शुक्रवार को सघन वाहन चैकिंग अभियान के दौरान यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी ने कही। उन्होंने कहा कि नियमों को तोडने् वालों से भी सख्ती से कार्यवाही की जा रही है। ऐसी कार्यवाहियों से बचने के लिए यातायात नियमों को जीवन में उतारें और जागरूक नागरिक की तरह नियमों का पालन करें।

पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के आदेश, एएसपी अनिल कुमार व सीओ ट्रैफिक कृष्ण कुमार मिश्रा के संयुक्त निकट पर्यवेक्षण में प्रतिदिन दो पहिया, चार पहिया वाहन चालकों के अलावा बस, ट्रक, पिकअप, टैक्सी इत्यादि का संचालन करने वाले वाहन चालकों को भी यातायात पुलिस द्वारा नियमों की जानकारी देते हुये समझाते हुये जागरूक किया जा रहा है। दो पहिया वाहन चालकों से वाहन चलाते समय हेलमेट आवश्यक रूप से लगाने, लाइसेंस व गाड़ी के वैध प्रपत्र साथ में या फिर डिजी लॉकर में आवश्यक रूप से रखने के लिए आह्वान किया जा रहा है। तो वहीं चार पहिया वाहन चालकों से मानकों के विपरीत शीशे पर काली, नीली या हरी फिल्म न लगवाने के साथ-साथ सीट बेल्ट का आवश्यक रूप से प्रयोग करने का आह्वान किया जा रहा है। इसके अलावा तीन पहिया आपे टैक्सी चालकों से मानक के अनुसार ही सवारियों को बैठाने, लोडिंग टैक्सी, पिकअप और डम्फर चालकों से निर्धारित क्षमता के अनुरूप ही भार लादकर ढ़ोने और बस चालकों से मानकों के विपरीत सवारियों को बैठाने, फिटनेस समय से कराने, बीमा प्रपत्रों को दुरुस्त रखने के लिए आह्वान किया जा रहा है। टीएसआई आलोक कुमार तिवारी ने बताया कि उनके द्वारा शहर से ग्रामीण क्षेत्रों की ओर जाने वाले रास्तों, हाई-वे की ओर से आने वाले और जाने वाले वाहन चालकों की नियमित जांच करते हुये वाहन चालकों को जागरूक किया जा रहा है।

# राजकीय सम्प्रेक्षण गृह के किशोरों ने यूपी बोर्ड में मारी बाजी

अवधनामा संवाददाता




**हरदोई।** 25 अप्रैल 2025 को घोषित इण्टरमीडिएट एवं हाईस्कूल के परीक्षा परिणामों ने जनपद हरदोई के राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में निरूद्ध बाल अपचारियों के चेहरे पर मुस्कान ला दिया। इस क्रम मे सम्प्रेक्षण गृह के अधीक्षक सौरभ पाठक ने अवगत कराया कि संस्था में निरूद्ध 8 बाल अपचारियों ने यूपी बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण की है। जिसमें 6 किशोरों ने इण्टरमीडिएट परीक्षा एवं 2 किशोरों ने हाईस्कूल परीक्षा में सफलता प्राप्त किया है। इण्टरमीडिएट परीक्षाओं में 5 किशोर प्रथम श्रेणी (75,65,64 प्रतिशत) में पास हुए हैं। उक्त समस्त किशोर विज्ञान वर्ग से प्रथम श्रेणी में परीक्षा पास किये हैं।

अधीक्षक सौरभ पाठक ने इस अवसर पर संस्था में कार्यरत शिक्षकों एवं पास किये हुए समस्त किशोरों को पुष्प की माला पहनाते हुए सम्मानित भी किया, तथा संस्था में निरूद्ध अन्य किशोरों को अच्छे से पढाई करने हेतु प्रेरित भी किया।

अधीक्षक सौरभ पाठक ने बताया कि वर्तमान में संस्था राजकीय सम्प्रेक्षण गृह हरदोई को एनआईओएस द्वारा 300 किशोरों के शिक्षण हेतु मान्यता प्राप्त है, जिसके तहत किशोरों के भविष्य को दृष्टिगत रखते हुए संस्था में किशोरों को आयुवर्ग के अनुसार शिक्षण के साथ, इलेक्ट्रिशियन, सिलाई, बागवानी योगा आदि का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, जिससे किशोरों को समाज की मुख्यधारा से जोडा जा सके।

# आतंकियों की कायराना हरकत पर व्यापारी आक्रोशित

## मोमबत्तियां जलाकर दी श्रद्धांजलि, सख्त कार्रवाई की मांग

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** जिला उद्योग व्यापार मंडल के तत्वाधान में घंटाघर प्रांगण में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में क्रूर आतंकवादियों के द्वारा निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्याओं, अंधाधुंध गोलीबारी और नरसंहार की व्यापार मंडल एवं व्यापारी समाज घोर निंदा करता है। मारे गए निर्दोष 28 लोगों को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित किये गये। व्यापारियों ने भारत सरकार से मांग की हैं कि मानवता के भक्षक इन निर्दय क्रूर आतंकवादियों एवं उनके आकाओं को मुंहतोड़ जवाब दिया जाए, इस तरह के दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देने वाले इन निर्दय दुष्ट आतंकवादियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई जल्द से जल्द की जानी चाहिए। कैंडल मार्च शोक यात्रा के रूप में घंटाघर प्रांगण से सावरकर चौराहे तक पुनः वापसी करते हुए घंटाघर प्रांगण वापस आए और कहां भारत देश का एक-एक व्यापारी अपने देश की सरकार के साथ देश में सुरक्षा अमन शांति की स्थापना के लिए सीना तान कर खड़ा है और अंत में 2 मिनट का मौन धारण करते हुए 28 मृतकों शाहिद जनों के प्रति भगवान से प्रार्थना की उनकी आत्मा को सतगति मिले। इस दौरान मनीष सड़ैया, सुरेश जैन, कमलेश सराफ, राहुल गुप्ता, अजय सोनी, सुभाष जायसवाल, बॉबी राजा, हिमांशु शेखर, रविंद्र दिवाकर, अभिषेक मुच्छाल अब्बू, हेमंत जैन, रवि राजा, डा. संजीव कड़की, मो. इकराम, अजय जैन, नवनीत किलेदार, समित समैया, संजय जैन, अजय डियोडिया, राजकुमार साहू, अनिल, राहुल, जंतु समैया, एड. नीरज मोदी, आत्माराम रिछारिया, विजय जैन, जितेंद्र सोनी, सुबोध गोस्वामी, ओपी रिछारिया, रजनीश, सचिन जैन, रोहित बबेले, दीपक मिश्रा, शशिकांत दीक्षित, मनीष जैन, अजय जैन, मुरारी सोनी, अमित लिंकन, जितेंद्र जैन, सुमित जायसवाल, संजीव सोनी, शिखर जैन, मनीष, संजीव खरे, बॉबी सरदार, भगवानदास, भागचंद, कन्हैया नामदेव, रविंद्र, मनोज जैन, महावीर, वीरेंद्र जैन, संजीव नायक, अशोक सोनी आदि मौजूद रहे।

# भूसा दान के लिए किसानों को प्रेरित किया जाय : डीएम



अवधनामा संवाददाता

- जिलाधिकारी ने की भूसा दान के सम्बन्ध में बैठक

**हरदोई।** कलेक्ट्रेट कक्ष में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने वर्चुअल माध्यम से उप जिलाधिकारियों व खण्ड विकास अधिकारियों के साथ भूसा दान के सम्बन्ध में बैठक की।

जिलाधिकारी ने कहा कि भूसा दान के लिए किसानों को प्रेरित व प्रोत्साहित किया जाये। किसानों से इस सम्बन्ध में संवाद किया जाये। गोशाला का चिंहीकरण भूसादान करने वाले किसानों से कराया जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, जिला विकास अधिकारी कमलेश कुमार, मुख्य पशु चिकित्सा चिकित्सा अधिकारी अशोक कुमार सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने की गेहूँ क्रय के सम्बन्ध में बैठक

**हरदोई।** आज कलेक्ट्रेट कक्ष में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में गेहूँ क्रय के सम्बन्ध में बैठक आहूत हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप गेहूँ क्रय की गति बढ़ाई जाये। क्रय केंद्रों पर आने वाले किसानों की पूरी सहायता की जाये। गेहूँ क्रय में रुचि न लेने वाले विपणन निरीक्षकों की जवाबदेही तय की जाये। ग्रामों में जाकर किसानों से संवाद किया जाये। प्रतिदिन गेहूँ क्रय की प्रगति की समीक्षा की जाये। क्रय में अन्य सम्बंधित विभागों से समन्वय बनाकर कार्य किया जाये।

# एसपी ने कानून व्यवस्था की स्थिति की ली जानकारी

■ बैठक में एसपी ने महिला सुरक्षा पर दिया विशेष जारे

अवधनामा संवाददाता




**महोबा।** नवागत पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के साथ पहली परिचयात्मक बैठक आयोजित की। बैठक में सभी अधिकारियों से व्यक्तिगत रूप से परिचय प्राप्त कर वर्तमान कानून.व्यवस्था की स्थिति और पुलिसिंग संबंधी कार्यों की जानकारी प्राप्त की।

.बैठक में पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि अपराधों की रोकथाम और कानून.व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता है। लंबित विवेचनाओं का समयबद्ध निस्तारण करते हुए वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने महिला सुरक्षा को भी विशेष प्राथमिकता देते हुए संबंधित इकाइयों को संवेदनशील दृष्टिकोण से कार्य करने के निर्देश दिए।

.पुलिस अधीक्षक ने प्रभावी जनसुनवाई और बीट पुलिसिंग व्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि बीट पुलिसिंग अपराध नियंत्रण का महत्वपूर्ण उपकरण है, जिसे और अधिक सक्रिय एवं सशक्त किया जाएगा। साथ ही, थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्र की कानून व्यवस्था की संपूर्ण जिम्मेदारी सौंपते हुए अपेक्षा की कि वे निरंतर क्षेत्र में भ्रमण करें, रजिस्टर नम्बर 8 व पार्ट.2 की नियमित चेकिंग कर उसे अपडेट रखें।

पुलिस अधीक्षक ने यह भी निर्देशित किया कि शासन की प्राथमिकताओं के अंतर्गत अपराधियों के विरुद्ध, जीरो टॉलरेंस, की नीति को सख्ती से लागू किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी संवेदनशील मामले में यदि शिथिलता पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध सीधी और कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी कार्रवाई पारदर्शी, निष्पक्ष और न्यायसंगत तरीके से की जाए। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि जेल से छूटे अपराधियों की सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए तथा उनके डोज़ियर तैयार कर रखे जाएं। आगामी पंचायत चुनावों को दृष्टिगत रखते हुए आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे अपराधियों का सत्यापन प्राथमिकता से कराने के निर्देश भी दिए गए।

थानों में रखे जाने वाले विभिन्न महत्वपूर्ण रजिस्टरों जैसे अपराध, भूमि विवाद, हिस्ट्रीशीट, त्यौहार इत्यादि की केसवाइज, डेटवाइज और तिथि अनुसार नियमित जांच सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि दिए गए इन सभी निर्देशों की समीक्षा होने वाली आगामी क्राइम मीटिंग में की जाएगी।

## बस सहित ग्यारह वाहनों का टीएसआई ने किया चालान

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देश एवं यातायात क्षेत्राधिकारी कुलवीर सिंह के मार्गदर्शन में शुक्रवार को टीएसआई अरशद अली द्वारा नगर में कस्बा चौकी चौराहा, पूर्वी क्रासिंग, रामगंज तिराहा पर यातायात जागरूकता एवं चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अरशद अली द्वारा कस्बा चौकी चौराहे पर नो इंट्री में प्रवेश करने पर एक प्राइवेट बस सहित दस अन्य वाहनों के चालान किए गए। टीएसआई द्वारा बताया गया कि सभी लोग दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें क्योंकि अधिकांश मोटरसाइकिल चलाते समय एक्सीडेंट होने पर सर में चोट लगने से अत्यधिक मौतें होती हैं। टीएसआई अरशद द्वारा वाहन चालकों को हिदायत की गई कि जिन वाहनों के फिटनेस, प्रदूषण, बीमा आदि नहीं है वह जल्द से जल्द करा ले और जिन वाहनों के परमिट कन्नौज जनपद के नहीं है वह अपने-अपने जनपद में ही वाहन चलाएं।

# नवागत जिलाधिकारी से पेंशनरों के प्रतिनिधि मंडल ने की मुलाकात

अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** नवागत जिलाधिकारी गजल भारद्वाज के जनपद आगमन पर वरिष्ठ नागरिक पेंशनर सेवा संस्थान उत्तर प्रदेश महोबा के अध्यक्ष सुनील शर्मा के नेतृत्व में पेंशनरों के एक प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। साथ ही पेंशनरों की समस्याओं के बावत भी अवगत कराया। प्रतिनिधि मंडल पेंशनर संस्थान के महामंत्री बीके तिवारी, मंडलीय अध्यक्ष ओपी सिंह, संयुक्त मंत्री जगदीश कुमार और सुरेश कुमार श्रीवास्तव शामिल रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने पेंशनरों की जानकारी कर कहा कि पेंशनरों से सामाजिक कार्यों में सहयोग लेकर उनके अनुभवों का लाभ लिया जाएगा। डीएम ने प्रतिनिधि मंडल से अनौपचारिक भेंट के दौरान पेंशनरों की समस्याओं पर ध्यान आकर्षित कराने पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश को पेंशनरों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ निस्तारित करने के



निर्देश दिए। उधर वरिष्ठ नागरिक पेंशनर सेवा संस्थान महोबा के प्रतिनिधि मंडल ने अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार से मिलकर 17 दिसंबर को पेंशनर दिवस की कार्यवृत्ति जारी न किए जाने पर आक्रोश व्यक्त किया। कहा कि पेंशनरों के साथ उपेक्षित व्यवहार अपना कर उन्हें आंदोलन के लिए विवश कर सरकार की छवि धूमल करने के प्रयास ठीक नहीं है। अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार ने कहा कि बैठक कर समस्याओं का निदान कराया जाएगा।

# दबंगों नें ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा कर किया रास्ता बंद



■ किसानों ने डीएम से शिकायत कर रास्ता बहाल की उठाई मांग

अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** ग्राम समाज की जमीन पर कब्जाधारियों द्वारा कब्जा किए जाने और रास्ता बंद करने से ग्राम बारात पहाड़ी के किसानों को खेतों तक जाने में चार महीनों से काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। रास्ता बंद किए जाने से किसान अपने खेतों तक कृषि यंत्र टैऊक्टर नहीं ले जा पा रहे है, जिसको लेकर किसानों ने एकजुट होकर जिलाधिकारी से मुलाकात कर शिकायत दर्ज कराते हुए मामले के निस्तारण की मांग की। शुक्रवार को ग्राम प्रधान प्रकाश के नेतृत्व में किसानों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपते हुए बताया कि गाटा संख्या 61 की जमीन ग्राम समाज की है। यह जमीन वर्षो से खेतों तक जाने के रास्ते के रूप में इस्तेमाल की जा रही है लेकिन कुछ दबंग लोगों द्वारा इस जमीन पर कब्जा कर निर्माण कराना चाहते हैं और रास्ते को बंद कर दिया गया, जिससे किसानों को खेतों तक पहुंचने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने बताया कि रास्ते पर अतिक्रमण करने से उन्हें आने वाली फसल की जुताई बुवाई के लिए कृषि यंत्र ट्रैक्टर ले जाने की चिंता सता रही है। शिकयती पत्र में बताया कि ग्रामीणों ने इस बावत दबंगो से बात की तो वह अभद्रता और धमकी देने पर उतारु हो गए। बताया कि इससे पूर्व भी इस रास्ते को दबंगों ने कब्जा कर बंद कर दिया है, जिसकी शिकायत राजस्व विभाग से की गई थी और अधिकारियों ने इस भूमि को खाली कर मामले का निस्तारण कराया था, लेकिन चार माह से फिर दबंग सक्रिय हो गए और कब्जा करने लगे। किसानों ने डीएम से मांग की है कि जमीन को कब्जा मुक्त कराया जाए साथ ही कब्जाधारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। डीएम द्वारा मामले की जांच कर रास्ता बहाल कर दोषियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## रूझेई की आस्था ने हासिल की प्रदेश में चौथी रैंक

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश इलाहाबाद बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा परिणाम घोषित होने पर बीघापुर क्षेत्र के रुझेई गांव निवासी आस्था पटेल ने उत्तर प्रदेश में चौथा स्थान हासिल कर नाम रोशन किया है। बताते चलें कि वर्ष 2018 में आस्था पटेल के पिता सत्येन्द्र पटेल की मार्ग दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गयी थी। आस्था 2 बहने हैं छोटी बहन आराध्या है। पिता का साया सर से उठने के समय आस्था 5वीं कक्षा में पढ़ती थी। आस्था की माता सरोज कुमारी ने गृहणी होकर भी दोनों बेटियों की परवरिश कर रही हैं। आस्था ने आज जब परीक्षा परिणाम घोषित हुए तो उसने 97.3: अंकों के साथ प्रदेश में चौथा स्थान हासिल कर न सिर्फ अपने स्कूल पतिराजा महिपाल इंटर कालेज को गर्वित किया बल्कि परिजनों, गाँव, स्कूल, समाज व जिले का नाम भी रोशन किया। आस्था की इस सफलता पर उसे शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा रहा। पूर्व विधायक कृपाशंकर सिंह बाबूजी, सामाजिक संस्था अभिनव क्रांति पंजीकृत (आईआरसी) के अध्यक्ष विजय बहादुर पटेल, प्रबंधक डॉ. मान सिंह तथा ऋतुराज सिंह आदि ने आस्था के भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# हिंदूवादी संगठनों ने प्रदर्शन कर फूंका आतंकवाद का पुतला

■ श्रद्धांजलि अर्पित कर केंद्र सरकार से की सख्त कार्रवाई की मांग

अवधनामा संवाददाता




**गुरसहायगंज, कन्नौज।** विगत दिनों पूर्व जम्मू कश्मीर के पर्यटन स्थल पहलगाम में पर्यटकों पर हुये आतंकी हमले में कई लोगों के मारे जाने पर हिंदूवादी संगठनों के पदाधिकारियों ने आतंकवाद के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए आतंकवाद का पुतला फूंका और केंद्र सरकार से आतंकवाद पर कठोर कार्रवाई की मांग की। शुक्रवार को नगर के चौराहा पर एकत्र हुये विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल सहित अन्य हिंदूवादी संगठनों के पदाधिकारियों नीरज मिश्रा, बृजेश गुप्ता ने देश में लगातार हो रही आतंकी घटनाओं को लेकर नाराजगी जताई और कहा कि अब समय आ गया है कि सरकार आतंकवाद के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी की और आतंकवाद मुर्दाबाद, भारत माता की जय के नारे लगाए। इस दौरान भाजपा क्षेत्रीय मंत्री देवेन्द्र देव, क्षेत्रीय महामंत्री विनय वर्मा, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, छात्रसंघ पूर्व अध्यक्ष राजीव ठाकुर आदि ने कहा कि देश की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता और जो भी आतंकवादियों का समर्थन करता है, उसके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने यह भी मांग की कि आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले संगठनों पर प्रतिबंध लगाया जाए और दोषियों को त्वरित सज़ा दी जाए। उधर बांके बिहारी काम्पलेक्स में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल पदाधिकारियों ने मृतक पर्यटकों की आत्मा की शांति हेतु मोमबत्ती जला कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान प्रदेश संयुक्त महामंत्री सुशील दुबे, जिला संयुक्त महामंत्री संजीव कुमार गुप्ता, रामकुमार पाठक, अनुराग गुप्ता, केके राजपूत, टिंकू बॉथम, गंगा सिंह, मनोज गुप्ता, रजनीश कुमार, सिद्धार्थ कौशल, अवधेश गुप्ता, उदित गुप्ता, यतीश प्रजापति, संजय सोलंकी, भैया लाल दुबे, सभासद दीपक गुप्ता, मानव गुप्ता, कंचन गुप्ता, अंशुल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## जंगलराज : रेस्तरां कर्मी को मारी गोली

**मथुरा।** थाना मांट की ग्राम पंचायत जाबरा के मजरा हैंद निवासी युवक वृंदावन स्थित बिकानो रेस्तरां में नौकरी करता है। देर रात घर वापस आते समय वृंदावन-डांगोली मार्ग पर गौशाला के समीप तीन अज्ञात लोगों बाइक को रुकवाने का प्रयास किया। बाइक नहीं रोकने पर उसे पीछे से गोली मार दी। इसके बाद हमलावर फरार हो गए। गोली लगने के बाद वो बाइक चलाकर खुद थाने पहुंचा। ग्राम पंचायत जाबरा के मजरा हैंद निवासी रिंकू पुत्र राजवीर सिंह वृंदावन में प्रेम मंदिर के समीप स्थित बिकानो रेस्तरां में नौकरी करता है। बुधवार देर रात को जब वह पेंटून पुल से होकर आ रहा था तभी वृंदावन-डांगोली मार्ग पर स्थित गौशाला के समीप तीन अज्ञात बाइक सवारों ने रोकने का प्रयास किया, लेकिन रिंकू ने बाइक नहीं रोकी। हमलावरों ने पीछे से गोली मार दी। गोली रिंकू के बाई तरफ़ के कूल्हे में लग गई, जिससे वो लहूलुहान होकर गिर गया। इस दौरान हमलावर मौके से भाग निकले। घायल अवस्था में रिंकू खुद थाने पहुंचा और पुलिस को पूरी वारदात बताई।

# ईमानदारी व कडी मेहनत से करें लक्ष्य की प्राप्तिः यादव

■ इण्टर में अपूर्वा सिंह व हाईस्कूल में अंकित रहे टॉपर, बढ़ाया विद्यालय का गौरव, किये गये सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** यूपी बोर्ड 2025 के घोषित परिणाम में क्षेत्र के छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गई। जिसमें कई छात्र/छात्राओं ने विद्यालय में टॉप किया। स्थान न पाने वाले छात्रों को मायूस नहीं होना चाहिए बल्कि उन्हें और लगन के साथ अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए परिश्रम में लग जाना चाहिए। उत्तीर्ण होने वाले छात्रों के लिए प्राथमिक शिक्षा समाप्त हुई है। इसके आगे उन्हें रोजगारपरक शिक्षा के लिए सतत् प्रयास करने हैं।

यह बात जीटी रोड स्थित बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर कालेज तेराजाकेट में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव ने कही। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट 2025 के परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय में टॉपर विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंध समिति ने सम्मानित किया। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य ने विद्यालय में स्थान पाने वाले सभी छात्र/छात्राओं को बधाई दी और साथ ही कहा कि आपको यहीं नहीं रूकना है, जो लक्ष्य आपने निर्धारित किये हैं उनकी प्राप्ति के लिए सतत् प्रयासरत रहना है। आपने परिश्रम करके जो स्थान प्राप्त किया उससे आपके जूनियर आपसे प्रेरणा लेंगे और इससे भी अच्छे अंक पाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि कई छात्र व छात्राएं जनपद की टॉप टेन लिस्ट से चूक गये हैं लेकिन उन्हें निराश नहीं होना चाहिए अपना प्रयास जारी रखना चाहिए।

इस दौरान इण्टरमीडिएट की छात्रा अपूर्वा सिंह ने 89.4 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, अश्वनी सिंह 86.6 प्रतिशत द्वितीय, अंशिका सिंह 85.4 प्रतिशत तृतीय, अमन 82.4 प्रतिशत चतुर्थ तथा खुशी राजपूत 81.4 प्रतिशत ने प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय में पंचम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार हाईस्कूल की परीक्षा 2025 में छात्र अंकित ने 92.3 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, श्रृष्टी 90.8 प्रतिशत द्वितीय, डिम्पल सिंह तथा कर्तव्य कुमार 89.6 प्रतिशत ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान, आदर्श 89.5 प्रतिशत चतुर्थ तथा नितिन कुमार ने 89.3 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय में पंचम स्थान प्राप्त किया। इन सभी मेधावी छात्र/छात्राओं व उनके अभिभावकों को प्रधानाचार्य ने संयुक्त रूप से फूल माला पहनाकर मुँह मीठा कराया और उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनायें दीं। इस मौके पर शिक्षक सरनाम सिंह, मनीष कुमार शर्मा, विकास कुमार, वीरेन्द्र सिंह, राशिद खान, ओमेन्द्र सिंह, फूल मोहम्मद, अविनाश दुबे, रंजीत कुमार, दुर्गेश कुमार, संदीप कुमार, कमल कुमार, अमन यादव, सचिन कुमार, अमन कुमार सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत हुआ बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

**बलदेव (मथुरा)।** विकास खंड बलदेव के प्राथमिक विद्यालय बलरामपुर में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्यय केंद्र बलदेव की मेडिकल टीम के द्वारा विद्यालय एवं आंगनवाड़ी में पंजीकृत लगभग 119 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य टीम के प्रभारी डॉ सलीम ने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण के माध्यम से बच्चों में आंख, त्वचा, कान, दांतों तथा अन्य रोगों का पता लगाया जा रहा है, ताकि समय से उनका उपचार किया जा सके। उन्होंने बताया कि इस स्वास्थ्य परीक्षण के माध्यम से ग्राम वासियों को एनीमिया से बचाव और उसके कारणों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। डॉ सलीम ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत विकास खंड बलदेव के सभी 165 विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों एवं सभी राजकीय इंटर कालेजों में अध्ययनरत छात्रों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिया जा रहा है।

# पशु चिकित्सालय की सरकारी भूमि पर अवैध रूप से संचालित सैनिक होटल पर गिर सकती है गाज

अवधनामा संवाददाता



**उन्नाव।** नगर क्षेत्र स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय की बहुमूल्य सरकारी भूमि पर वर्षो से अवैध रूप से कब्जा जमाकर संचालित हो रहा 'सैनिक होटल' अब प्रशासन के निशाने पर आ गया है। उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय चतुर्वेदी द्वारा जिलाधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी और कोतवाली प्रभारी सहित सभी संबंधित अधिकारियों को भेजे गए पत्र के माध्यम से भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने की संस्तुति की गई है। पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि शिवबालक द्वारा पशु चिकित्सालय की भूमि पर अनधिकृत रूप से कब्जा कर 'सैनिक होटल' नाम से भोजनालय संचालित किया जा रहा है, जो पूर्णतः अवैध है।

विवरण के अनुसार गाटा संख्या-5253 की भूमि वर्ष 1919 से ही राजकीय पशु चिकित्सालय के नाम दर्ज है और वर्षो से उसका उपयोग विभागीय कार्यों के लिए किया जाता रहा है। वर्ष 1970 में उक्त भूमि पर नवीन पशु चिकित्सालय भवन का निर्माण भी कराया गया था। दस्तावेजों के अनुसार, उक्त भूमि को वर्ष 1961 में सीलिंग एक्ट के तहत उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अधिकृत किया गया था। उपमुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा जारी पत्र में उल्लेख किया गया है कि शिवबालक का दावादार पत्र पूर्व में न्यायालय द्वारा खारिज किया जा चुका है, और उनके द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज भी निरस्त घोषित हो चुके हैं। इसके बावजूद अब तक न तो कब्जा हटाया गया और न ही होटल संचालन रोका गया, जिससे विभागीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, यदि शीघ्र ही कब्जा नहीं हटाया गया तो जिला प्रशासन और नगर पालिका परिषद की संयुक्त टीम मौके पर पहुंचकर 'सैनिक होटल' को सील करने की कार्रवाई कर सकती है।

# मथुरा में बाबा साहब अंबेडकर जयंती पर सम्मान गोष्ठी का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर

बृज कला केन्द्र ऑडिटोरियम, मसानी तिराहा, मथुरा स्थित चमेली देवी स्कूल के सामने भाजपा महानगर द्वारा भव्य सम्मान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा महानगर जिलाध्यक्ष हरीशंकर राजू यादव ने की, जबकि संयोजन पर्व महापौर डॉ. मुकेश आर्य बंधु द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब अंबेडकर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पित कर किया गया। गोष्ठी में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कोरी समेत अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी आज पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) हितैषी बनने का नाटक कर रही है, जबकि सच्चाई यह है कि इसी पार्टी के नेताओं ने दलितों के सबसे बड़े नेता मायावती का गेस्ट हाउस कांड में अपमान किया था। उन्होंने याद दिलाया कि उस वक्त भाजपा नेता ब्रह्मदत्त द्विवेदी ने अपनी जान की बाजी लगाकर मायावती की रक्षा की थी। मौर्य ने कांग्रेस पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर लोकतंत्र का गला घोंटा और इंदिरा इज इंडिया, इंडिया इज इंदिरा जैसे नारे दिए। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस ने अपने स्वार्थ के लिए संविधान में 70 बार संशोधन किए, जबकि भाजपा ने केवल 8 बार संशोधन किए हैं, वह भी गरीबों, महिलाओं और वंचित वर्गों के अधिकार सुनिश्चित करने के लिए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और सपा की नीतियाँ हमेशा दलित विरोधी रही हैं। कांग्रेस चाहती थी कि केवल चार आने कर देने वाला, मैट्रिक पास, बुलेट मोटरसाइकिल और डबल बैरल बंदूक रखने वाला ही चुनाव लड़ सके और वोट डाल सके, लेकिन बाबा साहब ने ऐसी सोच का पुरजोर विरोध किया और हर नागरिक को समान मताधिकार दिलाया।उन्होंने दावा किया कि भाजपा ही सच्चे अर्थों में बाबा साहब के विचारों को आगे बढ़ा रही है। संसद के सेंट्रल हॉल में बाबा साहब की प्रतिमा लगवाने का श्रेय भी भाजपा को जाता है, जो कांग्रेस ने दशकों तक नहीं किया। साथ ही उन्होंने बताया कि वी.पी. सिंह की सरकार, जो भाजपा समर्थित थी, उसी ने बाबा साहब को भारत रत्न दिलाया, जबकि कांग्रेस ने उन्हें इस सम्मान से वंचित रखा था।

## डीएम एसपी ने जनप्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**सम्भल (बहजोई)** कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी डॉ.राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में मार्गो एवं सेतुओं के निर्माण के सबंध में माननीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता सुनील प्रकाश ने जनप्रतिनिधियों को वित्तीय वर्ष 2025-26 में मार्गो एवं सेतुओं के निर्माण के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।लोक निर्माण विभाग के प्रस्तावों को विस्तार पूर्वक समस्त जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखा। जिसको लेकर जिलाधिकारी ने कहा की अगर किसी प्रतिनिधियों को किसी प्रस्ताव पर आपत्ति है तो उसको बताएं जिसका समय रहते हुए निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके।

# बाल विवाह को रोके जाने के लिए डीएम ने दिए कड़े निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**संभल।** अक्षय तृतीया पर्व पर बाल विवाह को रोके जाने हेतु जिलाधिकारी ने दिए कड़े निर्देश जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में बाल विवाह टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न हुयी। जिसमें दिनांक 30.04.2025 को अक्षय तृतीया पर्व पर सम्भावित बाल विवाह को रोके जाने हेतु कड़े निर्देश दिए। अक्षय तृतीया पर्व पर समाज द्वारा विवाह सम्पन्न कराने के लिए शुभ माना जाता है। इस शुभ अवसर पर विभिन्न समुदायों में बाल विवाह भी होने की सम्भावना बनी रहती है।

बाल विवाह को प्रत्येक दशा में सम्पन्न होने से रोका जाना है, जिलाधिकारी ने कहा कि यदि ग्राम पंचायत अथवा वार्ड में कोई बाल विवाह प्रकाश में आता है, तो सम्बन्धित वार्ड के सदस्य/ लेखपाल/ अधिशासी अधिकारी और पंचायत के पंचायक मित्र/ सफाईकर्मी/रोजगार सेवक/ सचिव/खण्ड विकास अधिकारी के साथ-साथ सम्बन्धित थाने की पुलिस इसके लिए जिम्मेदार होगें। बाल विवाह से सम्बन्धित मामले में ग्राम पंचायत प्रधान/वार्ड सदस्य/सचिव/लेखपाल आदि को तत्काल सम्बन्धित थाने पर सूचित करना होगा जिससे बाल विवाह को सम्पन्न होने से रोका जा सके। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि प्रत्येक ग्राम/वार्ड सभा की बैठकों में बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणामों आदिं के बारे में आम जनमानस को अवगत कराते हुए उन्हें जागरूक किया जाए। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के अन्तर्गत बाल विवाह दण्डनीय अपराध है, बाल विवाह में सम्मिलित होने वाले दोनों पक्षों के साथ-साथ विवाह सम्पन्न कराने वाले पण्डित/मौलवी भी दण्ड के भागीदार होते हैं। दण्ड के अन्तर्गत दो वर्ष का कारावास अथवा 01 लाख रूपये का जुर्माना या दोनों हो सकता है। बाल विवाह से सम्बन्धित कोई प्रकरण यदि किसी आम जनमानस के संज्ञान में आता है तो उसकी तत्काल सूचना बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष गौरव गुप्ता 9837092818 पर एवं सम्बन्धित थाने के थानाध्यक्ष/बाल कल्याण अधिकारी को सूचित करें, सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जाएगा। बैठक में पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.), अपर पुलिस अधीक्षक, सहायक पुलिस अधीक्षक, समस्त पुलिस उपाधीक्षक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पंचायतराज अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सहायक श्रमायुक्त, प्रभारी एएचटीयू, सदस्य, समस्त थानाध्यक्ष, समस्त थानों के बाल कल्याण अधिकारी, अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति, प्रभारी, चाईल्ड हेल्पलाइन, संरक्षण अधिकारी, अन्य अधिकारी के साथ-साथ विभिन्न स्वंयसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## पहलगाम के मृतकों को कैमिस्ट एसोसिएशन ने दी श्रद्धांजलि

**संभल।** पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा किए गए सामूहिक हत्या पर केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा गहरा रोष व्यक्त किया गया और मृतकों के लिए मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी गई। यशोदा चौराहे पर शर्मा मेडिकोज के सामने केमिस्ट एसोसिएशन के सदस्य एकत्र हुए। हाथों में जलती मोमबत्ती लेकर यशोदा रोड पर कैंडल मार्च किया। पहलगाम में अकाल मृत्यु को प्राप्त 28 तीर्थ यात्रियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर राहिल भारतीय ने कहा कि पहलगाम में निर्दोषों की हत्या करना अपराध और पाप है। ऐसी काली करतूत को माफ नहीं किया जा सकता। उन्होंने भारत सरकार से तुरंत करारा बदला लेने की पुरजोर मांग की। केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश वार्ष्णेय ने कहा कि प्रत्येक भारतीय भारत सरकार के साथ है। आतंकवादियों के आका कड़ी कार्रवाई झेलने के हकदार हैं। गोली का जवाब गोली से देना होगा। भारत को पाकिस्तान की सरजमीं पर आतंकवादियों को नेस्तानाबूद करना होगा। केमिस्ट एसोसिएशन के लोगों ने मोमबत्ती जलाकर कैंडल मार्च किया। शोकसभा की, 2 मिनट का मौन धारण कर परमपिता परमात्मा से अकाल मृत्यु को प्राप्त 28 तीर्थ यात्रियों की आत्मा की शांति की प्रार्थना की।भारत सरकार द्वारा आतंकवादियों को नेस्तनाबूत करने की पुरजोर मांग की।

# रोमांटिक जगहः अप्रैल में पार्टनर के साथ इन हसीन जगहों पर बिताएं रोमांटिक पल, जिंदगी में भर जाएगा रोमांस

अगर आप भी अप्रैल के महीने में किसी ठंडी जगह की तलाश कर रहे हैं, लेकिन यह तय नहीं कर पा रहे हैं कि आपको कहां जाना चाहिए तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज हम आपको पूर्व भारत से लेकर उत्तर-दक्षिण भारत की कुछ ऐसी हसीन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

अप्रैल साल का एक ऐसा महीना है, जब देश के अधिकतर हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ने लगती है। अप्रैल की चिलचिलाती गर्मी से बचने के लिए कई लोग पहाड़ों पर घूमने के लिए जाते हैं। इस महीने में कपल्स गर्मी से दूर हसीन, खूबसूरत और ठंडी-ठंडी जगहों की तलाश करते हैं। जहां पर वह रोमांटिक और सुकून के पल बिता सकें। ऐसे में अगर आप भी अप्रैल के महीने में किसी ठंडी जगह की तलाश कर रहे हैं, लेकिन यह तय नहीं कर पा रहे हैं कि आपको कहां जाना चाहिए तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको पूर्व भारत से लेकर उत्तर-दक्षिण भारत की कुछ ऐसी हसीन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप अपने पार्टनर के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं।

**सोनमर्ग**

अप्रैल की चिलचिलाती गर्मी से बचने के लिए आप सोनमर्ग का ही रुख कर सकते हैं। यह जम्मू कश्मीर की हसीन वादियों में मौजूद है। इसको जम्मू-कश्मीर का एक रोमांटिक और खूबसूरत हिल स्टेशन माना जाता है।

अप्रैल में सोनमर्ग का तापमान 2एष्ट से लेकर 15एष्ट के बीच रहता है। यहां पर आप कृष्णासर झील, विशनसर झील, थजवास ग्लेशियर और बालटाल घाटी जैसी रोमांटिक जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**स्पीति वैली**

हिमाचल प्रदेश में ऐसी कई शानदार और हसीन जगहें मौजूद हैं, जहां पर आप अप्रैल के महीने में



अपने पार्टनर के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं। हिमाचल में स्पीति वैली एक रोमांटिक डेस्टिनेशन माना जाता है।

अप्रैल की गर्मी में यहां पर कई कपल्स घूमने के लिए आते हैं। अप्रैल में स्पीति वैली का तापमान 7एष्ट से लेकर 20एष्ट के बीच रहता है। यहां पर आप पिन वैली नेशनल पार्क और चंद्रताल को एक्सप्लोर कर सकते हैं। इसके अलावा आप यहां पर एडवेंचर एक्टिविटी भी कर सकते हैं।

**गंगटोक**

अप्रैल के महीने में पूर्व भारत में गंगटोक जा सकते हैं। कपल्स के लिए यह एक हसीन और रोमांटिक जगह है। सिक्किम की राजधानी गंगटोक पूर्व भारत का एक टॉप क्लास डेस्टिनेशन है।

गंगटोक में बादलों से ढके ऊंचे-ऊंचे पहाड़, झीर-झरने और घने जंगल यहां की खूबसूरती को बढ़ाने का काम करते हैं। यह पूर्व भारत का एक रोमांटिक डेस्टिनेशन माना जाता है। गंगटोक में आप एनचे मठ, त्सोमो झील, ताशी व्यू प्वांइट और हिमालयन जूलॉजिकल पार्क जैसी हसीन जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**चोपता**

समुद्र तल से करीब 8 हजार से ज्यादा फीट की ऊंचाई पर मौजूद चोपता एक बेहतरीन हिल स्टेशन है। हिमालय की गोद में बसे चोपता हिल स्टेशन पर हर कपल्स जाना चाहता है। चोपता एक रोमांटिक डेस्टिनेशन के रूप में जाना जाता है।

अप्रैल में यहां का तापमान 2एष्ट और अधिकतम 15एष्ट रहता है। इसलिए यहां पर कई कपल्स हनीमून मनाने के लिए पहुंचते हैं और साथ में टाइम स्पेंड करते हैं। चोपता में आप देवरिया ताल, तुंगनाथ मंदिर और चंद्रशिला ट्रेक आदि जगहों पर घूमने के लिए जा सकते हैं।

**कुर्ग**

अगर आप अप्रैल महीने में दक्षिण भारत की किसी शानदार और हसीन जगह जाना चाहते हैं। तो आपको कुर्ग पहुंचना चाहिए। यह कर्नाटक का एक खूबसूरत और रोमांटिक हिल स्टेशन है।

कुर्ग की हसीन वादियों में स्टे के लिए आपको कई रिसॉर्ट और विला मिल जाएंगे। जहां पर आप रोमांटिक पल बिता सकते हैं। यहां पर आप राजा की सीट, एबी फॉल्स, दुबारे हाथी शिवर और नामद्रोलिंग मठ आदि जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं और एडवेंचर एक्टिविटी कर सकते हैं।

# केरल के मुनरो आइलैंड की खूबसूरती देखकर झूम उठेंगे आप

## प्रकृति प्रेमियों के लिए है जन्नत



जब भी केरल घूमने की बात होती है, तो लोग सबसे पहले एलेप्पी, कुमारकोम, मुन्नार, वायनाड, वागामों और त्रिशूर जैसी फेमस जगहों पर जाना चाहते हैं। लेकिन मुनरो द्वीप के बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी है।

दक्षिण भारत में जब किसी खूबसूरत राज्य में घूमने की बात होती है, तो बहुत सारे लोग केरल का नाम सबसे पहले लेते हैं। केरल दक्षिण भारत का पर्यटन हब माना जाता है। केरल की खूबसूरती हर दिन हजारों की संख्या में देशी और विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करती हैं। यहां पर स्थित लैगून और बैकवॉटर देखने के लिए लोग केरल पहुंचते हैं। जब भी केरल घूमने की बात होती है, तो लोग सबसे पहले एलेप्पी, कुमारकोम, मुन्नार, वायनाड, वागामों और त्रिशूर जैसी फेमस जगहों पर जाना चाहते हैं। लेकिन मुनरो द्वीप के बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको मुनरो द्वीप की खूबसूरती, खासियत और यहां पर मौजूद कुछ शानदार जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

केरल के कोल्लम जिले में स्थित मुनरो द्वीप एक अद्भुत और अनोखी जगह है। यह कोल्लम शहर के कुछ किमी की दूरी है। इस द्वीप को कई लोग मुंद्रोथुरुथु के नाम से भी जानते हैं।

केरल में अष्टमुडी झील और कल्लदा नदी के संगम पर यह द्वीप स्थित है। मुनरो द्वीप राजधानी तिरुवनंतपुरम से करीब 90 किमी की दूरी पर है। यह द्वीप एलेप्पी से करीब 87 किमी दूर और कोट्टयम से महज 84 किमी दूर है।

## मुनरो द्वीप का इतिहास

मुनरो द्वीप का इतिहास काफी रोचक है। इस आइलैंड के बारे में बताया जाता है कि इसका नाम पूर्व ब्रिटिश निवासी कर्नल मुनरो के नाम पर रखा गया है। बताया जाता है कि जब कर्नल मुनरो ने देखा कि सिंचाई के लिए आसपास के इलाकों में बहुत समस्या हो रही है, तब इस द्वीप का निर्माण करवाया गया था।

## मुनरो द्वीप की खासियत

केरल के साथ-साथ दक्षिण भारत का भी यह एक ऐसा आइलैंड है, जो नदी और झील के किनारे स्थित है। मुनरो द्वीप अष्टमुडी झील और कल्लदा नदी के संगम पर स्थित है। जोकि अपने आप में अनोखा है।

इस द्वीप के बारे में कहा जाता है कि यह केरल का छिपा हुआ मोती है, जो करीब 8 द्वीपों से बना हुआ है। यहां पर स्थित बैकवाटर और लैगून पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है।

## सैलानियों के लिए है खास

मुनरो द्वीप अपनी खूबसूरती के लिए जाना जाता है और यहां पर हर दिन हजारों की संख्या में पर्यटक आते हैं। खासकर जो सैलानी बैकवाटर और लैगून से प्रेम करते हैं, उनके लिए मुनरो द्वीप किसी स्वर्ग से कम नहीं है। वहीं प्रकृति प्रेमियों के लिए भी यह खास जगह है।

मुनरो द्वीर अपनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ शांत और शुद्ध वातावरण के लिए जाना जाता है। यहां पर कई पर्यटक बोटिंग का लुत्फ उठाने के लिए पहुंचते हैं। मानसून में इस द्वीप की खूबसूरती चरम पर होती है।

## आसपास घूमने की जगहें

मुनरो द्वीप के आसपास कई शानदार और मनमोहक जगहें हैं। ऐसे में आप इन जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। आप यहां पर अष्टमुडी झील, वेस्ट एंड ईस्ट कल्लाडा और थेवलक्करा गांव को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं।

## कैसे पहुंचे मुनरो द्वीप

बता दें कि मुनरो द्वीप पहुंचना आसान है। इसके पास में कोल्लम रेलवे स्टेशन है, जोकि यहां से 27 किमी दूर है। वहीं अगर आप हवाई मार्ग से जाना चाहते हैं, तो यहां पर सबसे पास त्रिवेंद्रम एयरपोर्ट जोकि 80 किमी दूर है। ऐसे में आप एयरपोर्ट से कैब या टैक्सी करके मुनरो द्वीप जा सकते हैं।

# स्काइडाइविंग का मजा लेने के लिए दक्षिण भारत की इन जगहों पर पहुंचे, जिंदगी भर याद रहेगा ये एडवेंचर



लोगों को स्काइडाइविंग के लिए परफेक्ट जगह नहीं मालूम होती है, जिस कारण वह यह एक्टिविटी नहीं कर पाते हैं। ऐसे में आज हम आपको दक्षिण भारत की कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप दोस्तों के साथ स्काइडाइविंग का लुत्फ उठा सकते हैं।

पहाड़ों पर घूमने का शौक तो लगभग हर किसी को होता है। लेकिन जब हम पहाड़ों पर घूमने जाते हैं, तो एडवेंचर एक्टिविटी करना पसंद करते हैं। कई लोग रिवर राफ्टिंग, पैराग्लाइडिंग, ट्रैकिंग, कैम्पिंग और स्कूबा डाइविंग करना पसंद करते हैं। इस दौरान लोग स्काइडाइविंग का लुत्फ उठाना भूल जाते हैं। यह एक ऐसी एडवेंचर एक्टिविटी है, जिसको कई लोग करना पसंद करते हैं। हालांकि कुछ लोगों को स्काइडाइविंग के लिए परफेक्ट जगह नहीं मालूम होती है, जिस कारण वह यह एक्टिविटी नहीं कर पाते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दक्षिण भारत की कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप दोस्तों के साथ स्काइडाइविंग का लुत्फ उठा सकते हैं।

**मैसूर स्काइडाइविंग**

दक्षिण भारत में किसी शानदार और चर्चित जगह स्काइडाइविंग एक्टिविटी करने की बात होती है, तो कई लोग सबसे पहले मैसूर का ही नाम लेते हैं। मैसूर कर्नाटक की एक खूबसूरत जगह होने के साथ-साथ एडवेंचरस जगह भी है।

मैसूर में स्काइडाइविंग के लिए पहले ट्रेनिंग दी जाती है और ट्रेकिंग के बाद करीब 10 हजार फीट की ऊंचाई से जम्प किया जाता है। स्काइडाइविंग के दौरान, मैसूर शहर के आसपास के इलाकों की खूबसूरती को निहारा जा सकता है। यहां आकाश में उड़ते समय रोमांचक पल कोई नहीं भूल पाता है।

समय- 30-40 मिनट की स्काइडाइविंग।

चार्ज- करीब 25 हजार रुपये से शुरुआत।

**पुडुचेरी स्काइडाइविंग**

पुडुचेरी देश की एक ऐसी जगह है, जहां पर हर दिन हजारों के अधिक की संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। पुडुचेरी देश के टॉप डेस्टिनेशन में से एक है। यहां पर विदेशी पर्यटक भी घूमने के लिए पहुंचते हैं।

पुडुचेरी अपनी खूबसूत समुद्री लहरों के साथ स्काइडाइविंग के लिए भी फेमस है। यहां स्काइडाइविंग के लिए देश के हर कोने से लोग पहुंचते हैं और समुद्र के ऊपर से उड़ान भरते हैं। यहां पर 10 हजार फीट की ऊंचाई से जंप करते समय आपको कई शानदार दृश्य देखने को मिलेंगे।

समय-15-20 मिनट की स्काइडाइविंग

चर्च-करीब 18 हजार रुपये से शुरुआत

**हैदराबाद स्काइडाइविंग**

दक्षिण भारत राज्य तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद सिर्फ बिरयानी के लिए नहीं बल्कि कई चीजों के लिए फेमस है। हैदराबाद स्काइडाइविंग के लिए पूरे भारत में फेमस माना जाता है।

यहां पर आप नागार्जुन सागर एयरपोर्ट पर स्काइडाइविंग का लुत्फ उठा सकते हैं। टेंडम जंपिंग के लिए यह बेहतरीन जगहों में से एक है। हैदराबाद में करीब 10-12 हजार फीट की ऊंचाई से स्काइडाइविंग के लिए जंप किया जाता है। वहीं स्काइडाइविंग के लिए सागर एयरपोर्ट के पास ट्रेनिंग भी दी जाती है।

जगह- हैदराबाद से करीब 40 किमी दूर पोचमपल्ली

चार्ज- टेंडम जंप के लिए करीब 20 हजार रुपये से शुरुआत।

# फैमिली के साथ इन शानदार जगहों को बनाएं डेस्टिनेशन पॉइंट, हर पल रहेगा यादगार

अप्रैल साल का एक ऐसा महीना होता है, जब देश के कई राज्यों में भीषण गर्मी पड़ती है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप अप्रैल की चिलचिलाती गर्मी में फैमिली के साथ ठंडी-ठंडी जगहों पर पहुंच सकते हैं।

हर कोई परिवार के साथ क्वालिटी टाइम बिताना चाहता है। इसलिए जब भी लोगों को समय मिलता है, तो वह अपने परिवार के साथ पसंदीदा जगहों पर पहुंच जाते हैं। अप्रैल के महीने में कई लोग अपने परिवार के साथ घूमने-फिरने के लिए निकलते हैं। अप्रैल साल का एक ऐसा महीना होता है, जब देश के कई राज्यों में भीषण गर्मी पड़ती है। गर्मी के कारण लोग फैमिली के साथ ठंडी-ठंडी जगहों पर मौज-मस्ती का प्लान बनाते हैं। लेकिन लोग सही जगह का चुनाव नहीं कर पाते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप अप्रैल की चिलचिलाती गर्मी में फैमिली के साथ ठंडी-ठंडी जगहों पर पहुंच सकते हैं।

अगर आप अप्रैल के महीने में



हिमाचल प्रदेश की हसीन वादियों में फैमिली संग घूमने का प्लान कर रहे हैं, तो मैक्लॉडगंज आपके लिए परफेक्ट जगह है। यह हिमाचल प्रदेश का एक खूबसूरत और फेमस हिल स्टेशन है। जोकि धर्मशाला से करीब 5 किमी दूर है।

अप्रैल में मैक्लॉडगंज का मौसम सुहावना रहता है। इस दौरान आप अपने परिवार के साथ यहां पर यादगार पल बिता सकते हैं। आप मैक्लॉडगंज में फैमिली के साथ सेंट जॉन चर्च, नड्डी व्यू पॉइंट, भागसूनाग वाटरफॉल और डल झील जैसी जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। इसके अलावा आप यहां पर एडवेंचर एक्टिविटी भी कर सकते हैं।

**बेताब वैली**

जब भी जम्मू-कश्मीर में घूमने की बात होती है, तो लोग सबसे पहले गुलमर्ग, श्रीनगर या फिर सोनमर्ग का नाम लेते हैं। लेकिन आप इन सभी से हसीन बेताब वैली को एक्सप्लोर कर सकते हैं। यह वैली जम्मू-कश्मीर का वह छिपा हुआ खजाना है, जिसकी खूबसूरती देखकर आप खुशी से झूम उठेंगे।

बेताब वैली में घास के मैदान, शांत और शुद्ध वातावरण और झील झरने इसकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करते हैं। वहीं बॉलीवुड की कई फिल्मों की यहां पर शूटिंग हो चुकी है। अप्रैल के महीने में यहां का तापमान एकदम सुहावना रहता है।

**मुनस्यारी**

उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में स्थित मुनस्यारी सबसे खूबसूरत और शानदार हिल स्टेशन माना जाता है। यह एक ऐसा हिल स्टेशन है, जो नेपाल और तिब्बत की सीमा के पास स्थित है। उत्तराखंड में स्थित मुनस्यारी को छोटा कश्मीर भी कहा जाता है। अप्रैल के महीने में मुनस्यारी में हजारों की संख्या में पर्यटक घूमने के लिए आते हैं। इस महीने यहां का तापमान 5एष्ट से 16एष्ट के बीच रहता है। ऐसे में आप इस दौरान यहां पर फैमिली के साथ घूमने के लिए आ सकते हैं और एडवेंचर एक्टिविटी कर सकते हैं। मुनस्यारी में आप थमरी कुंड, बेतुली धार, खलिया टॉप और नंदा देवी मंदिर जैसी जगहों पर घूमने जा सकते हैं।


**रोहड़ू**

समुद्र तल से करीब 5 हजार से अधिक फीट की ऊंचाई पर मौजूद रोहड़ू एक बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन है। यह हिल स्टेशन हिमाचल प्रदेश में स्थित है। यह अपने शुद्ध और शांत वातावरण के लिए भी जाना जाता है।

# भारतीय कपल्स बिना वीजा के इन देशों की कर सकते हैं यात्रा, दुनिया देखने का सपना हुआ आसान

अगर आप भी अपने पार्टनर के साथ रोमांटिक गेटअवे या हनीमून पर देश के बाहर जाने का प्लान बना रहे हैं। लेकिन वीजा की दिक्कतों और कागजी कामों के चलते प्लान कैंसिल करने की सोच रहे हैं। तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। अगर आपके पास सिर्फ पासपोर्ट है तो आप बिना वीजा के कई देशों में घूम सकते हैं। यह ऐसे देश हैं, जहां पर भारतीय नागरिक बिना वीजा के यात्रा कर सकते हैं। या फिर वीजा ऑन अराइवल की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। यह देश न सिर्फ खूबसूरत है, बल्कि कपल्स यहां पर खास एक्सपीरियंस कर सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको उन देशों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप वीजा फ्री एंट्री कर सकते हैं।

अगर आपके पास भारतीय पासपोर्ट है, तो आप 57 देशों में वीजा फ्री एंट्री कर सकते हैं।



दरअसल, हेनली पासपोर्ट पावर इंडेक्स के मुताबिक भारतीय पासपोर्ट 122वें स्थान पर है। जिसके जरिए भारतीय नागरिक 57 देशों में वीजा फ्री यात्रा कर सकते हैं। तो आइए जानते हैं वह 57 देश कौन से हैं, जहां पर आप वीजा के बिना यात्रा कर सकते हैं।

बारबाडोस, भूटान, बोलीविया, ब्रिटिश वर्जिन आइसलैण्ड्स, बुरुन्दी, कंबोडिया, गिनी-बिसाऊ, आइलैंड्स, जिबूटी, जमैका, जॉर्डन, कजाखस्तान, केन्या, कोमोरो द्वीप, कुक, इथियोपिया, फिजी, ग्रेनेडा, मेडागास्कर, मलेशिया, मालदीव, तंजानिया, थाईलैंड, तिमोर-लेस्ते, त्रिनिदाद और टोबैगो, हैती, इंडोनेशिया, ईरान, किरिबाती, लाओस, मकाओ (एसएआर चीन), म्यांमार, नेपाल, नियू, पलाऊ द्वीप समूह, कतर, डोमिनिका, मार्शल द्वीपसमूह, मॉरिटानिया, मॉरीशस, समोआ, सेनेगल, सेशल्स, सेरा लिओन, सोमालिया, माइक्रोनेशिया, मोंटेसेराट, मोजाम्बिक, रवांडा, केप वर्डे द्वीप समूह, श्रीलंका, सेंट किट्स और नेविस, सेंट लूसिया, सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइंस, तुवालू, वानुअतु, जिम्बाब्वे।

**किन देशों में कितने दिन का फ्री है वीजा**

**मालदीव**

मालदीव में बिना वीजा के 30 दिन रह सकते हैं। यहां पर सफेद रेत, क्रिस्टल क्लियर पानी और शानदार रिजॉर्ट्स हैं। यह भारतीय कपल्स के घूमने के लिए परफेक्ट हनीमून डेस्टिनेशन है।

**भूटान**

भूटान में बिना वीजा के 14 दिनों तक स्टे की अनुमति है। भूटान की प्राकृतिक सुंदरता, शांति और सांस्कृति भारतीयों के लिए आकर्षक बनाती है। भूटान का %हैप्पिनेस इंडेक्स भी बहुत फेमस है।

**नेपाल**

नेपाल में बिना वीजा के भारतीय 90 दिनों तक घूम सकते हैं। हिमालय की गोद में बसा यह देश भारतीय कपल्स के लिए बेहतरीन जगह है। नेपाल में आप ट्रैकिंग और पर्वतीय पर्यटन का अनुभव ले सकते हैं।

**दुबई**

दुबई में घूमने के लिए आप 14 दिन के लिए वीजा ऑन अराइवल की सुविधा ले सकते हैं। दुबई एक ग्लैमरस शहर है। यहां पर शानदार आर्किटेक्चर, शॉपिंग मॉल्स और बीबैक बीचेस हैं।

# प्राकृतिक सुंदरता, ठंडे मौसम और शांति के लिए प्रसिद्ध है कोडाइकनाल

## कोडाइकनाल, तमिलनाडु राज्य के पश्चिमी घाट में स्थित एक खूबसूरत पर्वतीय स्थल है

कोडाइकनाल की सबसे प्रसिद्ध स्थल है कोडाइकनाल झील। यह झील पूरे शहर के केंद्र में स्थित है और यहां



पर्यटक नौका विहार का आनंद ले सकते हैं। झील के चारों ओर सुंदर बगीचे और ट्री-लाइन पथ हैं, जहां आप सैर कर सकते हैं।

कोडाइकनाल, तमिलनाडु राज्य के पश्चिमी घाट में स्थित एक खूबसूरत पर्वतीय स्थल है, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता, ठंडे मौसम और शांति के लिए प्रसिद्ध है। इसे ÷दक्षिण भारत का शिमला÷ भी कहा जाता है। यहां की हरी-भरी पहाड़ियाँ, झीलें, जलप्रपात और वन्यजीव अभयारण्य इसे एक आदर्श पर्यटन स्थल बनाते हैं। कोडाइकनाल उन पर्यटकों के लिए स्वर्ग जैसा है जो प्रकृति के बीच शांति और सुकून की तलाश करते हैं। आइए जानते हैं कोडाइकनाल के प्रमुख पर्यटन स्थलों के बारे में।

**1. कोडाइकनाल झील**

कोडाइकनाल की सबसे प्रसिद्ध स्थल है कोडाइकनाल झील। यह झील पूरे शहर के केंद्र में स्थित है और यहां पर्यटक नौका विहार का आनंद ले सकते हैं। झील के चारों ओर सुंदर बगीचे और ट्री-लाइन पथ हैं, जहां आप सैर कर सकते हैं। यह स्थान परिवारों और दोस्तों के साथ समय बिताने के लिए आदर्श है। झील के किनारे स्थित कैफे और दुकानों से यहां के सौंदर्य का आनंद लिया जा सकता है।

**2. ब्रायंट पार्क**

ब्रायंट पार्क कोडाइकनाल का एक सुंदर बाग-बगिचा है, जहां फूलों और पौधों की एक अद्भुत विविधता देखने को मिलती है। यह पार्क झील के पास स्थित है और यहां की ताजगी और शांति पर्यटकों को बहुत आकर्षित करती है। यह स्थान फोटोग्राफी के शौकिनों के लिए भी आदर्श है, क्योंकि यहां की हरियाली और रंग-बिरंगे फूल किसी चित्र के जैसे दिखते हैं। पार्क में एक विशेष फूल मेला भी आयोजित होता है, जो पर्यटकों को अपनी ओर खींचता है।

**3. सुहाना पहाड़ी**

सुहाना पहाड़ी, जिसे कोकर वॉक भी कहा जाता है, कोडाइकनाल की एक प्रसिद्ध सैरगाह है। यह एक संकीर्ण मार्ग है, जो पहाड़ी की चोटी से गुजरता है और यहां से आप कोडाइकनाल का अद्भुत दृश्य देख सकते हैं। इस स्थल से आपको पूरे शहर का दृश्य और घाटियों का शानदार नज़ारा मिलता है। यह स्थल ट्रैकिंग और सैर के शौकिनों के लिए आदर्श है। विशेष रूप से सूर्योदय और सूर्यास्त के समय यहां का दृश्य बहुत ही आकर्षक होता है।

**4. पिलर रॉक**

पिलर रॉक, कोडाइकनाल का एक प्रसिद्ध स्थल है, जो विशाल और ऊंची चट्टानों का समूह है। ये चट्टानें लगभग 400 फीट ऊंची हैं और इनका दृश्य बहुत ही अद्भुत और आकर्षक होता है। पर्यटक यहां ट्रैकिंग और फोटोग्राफी का आनंद ले सकते हैं। यह स्थल कोडाइकनाल के आकर्षणों में से एक है और यहां का दृश्य बहुत ही मनमोहक होता है।

**5. साइलेंट वैली व्यू**

साइलेंट वैली व्यू कोडाइकनाल का एक शांतिपूर्ण और खूबसूरत स्थल है, जहां से आप पूरी घाटी का सुंदर दृश्य देख सकते हैं। यह स्थान पूरी तरह से प्रकृति के बीच स्थित है, जहां आपको शांति और एकांत का अनुभव होता है। यह स्थल विशेष रूप से उन पर्यटकों के लिए आदर्श है जो प्रकृति से जुड़ी शांति की तलाश में होते हैं।

**6. गोल्डन वैली और वाटरफॉल**

कोडाइकनाल के पास स्थित गोल्डन वैली और जलप्रपात एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। यहां की घाटियां और गिरते हुए पानी के झरने बहुत ही सुंदर और आकर्षक होते हैं। यह स्थल ट्रैकिंग और प्रकृति प्रेमियों के लिए एक आदर्श गंतव्य है। झरने के पास ठंडी हवा और शांत वातावरण में समय बिताना एक बेहतरीन अनुभव होता है।

**7. वैली व्यू**

वैली व्यू, कोडाइकनाल के प्रमुख दृश्य स्थलों में से एक है। यहां से आपको कोडाइकनाल की घाटियों और पहाड़ियों का खूबसूरत दृश्य दिखाई देता है। यह स्थल विशेष रूप से सूर्योदय और सूर्यास्त के समय शानदार होता है। यहां से पहाड़ों के बीच फैली हरी-भरी घाटियों का दृश्य बहुत ही अद्वितीय होता है।

**8. शिवाजी पार्क**

शिवाजी पार्क कोडाइकनाल का एक प्रमुख पर्यटक स्थल है, जो झील



के पास स्थित है। यह एक खूबसूरत पार्क है, जहां आप बच्चों के साथ आराम से समय बिता सकते हैं। यहां खेलकूद के सामान और अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। यह स्थल परिवारों के लिए एक आदर्श गंतव्य है।

**9. कुन्नू वॉटरफॉल**

कुन्नू जलप्रपात कोडाइकनाल के पास स्थित एक और आकर्षक स्थल है। यहां पानी के गिरने की आवाज और आसपास का दृश्य बहुत ही आकर्षक होता है। यह झरना मुख्य रूप से ट्रैकिंग और साहसिक पर्यटन के शौकिनों के लिए एक बेहतरीन स्थल है।

## राकांपा शरद गुट ने भंग की प्रवक्ताओं की समिति, पार्टी में असंतोष की अटकलों के बीच उठाया बड़ा कदम



**मुंबई।** महाराष्ट्र में पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में एनसीपी केवल 10 सीटें ही जीत सकी थी। इसके बाद पार्टी के राज्य नेतृत्व के खिलाफ असंतोष बढ़ने की खबरें आ रही थीं। अब पार्टी ने अपने प्रवक्ताओं की समिति भंग कर दी है। महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरद गुट ने प्रवक्ताओं की समिति को भंग कर दिया है। पार्टी में असंतोष की अटकलों के बीच महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष जयंत पाटिल ने बड़ा कदम उठाया है। महाविकास अघाड़ी गठबंधन में शामिल एनसीपी शरद गुट का इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया पर प्रतिनिधित्व करने के लिए 22 प्रवक्ता हैं। पार्टी प्रवक्ता ने कहा कि जयंत पाटिल की ओर से प्रवक्ताओं की समिति को भंग करने के बारे में एक पत्र मिला है और इस कदम का कोई कारण नहीं बताया गया है।

हो सकता है कि पार्टी इकाई का पुनर्गठन किया जा रहा है। महाराष्ट्र में पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में एनसीपी केवल 10 सीटें ही जीत सकी थी। इसके बाद पार्टी के राज्य नेतृत्व के खिलाफ असंतोष बढ़ने की खबरें आ रही थीं।

ऐसा कहा जा रहा है कि शरद पवार के पोते और पार्टी विधायक रोहित पवार के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल के साथ अच्छे संबंध नहीं थे। चर्चा यह भी है कि पाटिल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले गठबंधन में शामिल हो सकते हैं। लेकिन पवार और पाटिल दोनों ने इन अटकलों को खारिज कर दिया है। पिछले महीने पार्टी की कार्यसमिति की बैठक में शरद पवार ने संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया था।

उन्होंने कहा कि था कि चुनावी हार से निराश नहीं होना चाहिए। शरद पवार ने पार्टी नेताओं से लोगों के बीच नए जोश के साथ काम करने और संगठन को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने को कहा। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद एनसीपी-एसपी की यह पहली विस्तारित कार्यसमिति बैठक थी। इस बैठक में बोलने वाले कई नेताओं ने विधानमंडलों में विपक्ष की आवाज दबाने और महाराष्ट्र में नफरत फैलाने वाले भाषणों की बढ़ती घटनाओं का आरोप लगाया और संसदीय और विधानसभा क्षेत्रों के आसन्न परिसीमन से उत्पन्न चुनौतियों पर चिंता व्यक्त की।

### बॉम्बे हाईकोर्ट की महाराष्ट्र सरकार को फटकार, पुलिसकर्मियों पर एफआईआर दर्ज न करने पर जताई नाराजगी

**मुंबई।** बदलापुर स्कूल यौन शोषण के आरोपी अक्षय शिंदे को 23 सितंबर 2024 को कथित तौर पर एनकाउंटर में ढेर कर दिया गया था। अक्षय के परिजनों ने पुलिस एनकाउंटर पर सवाल उठाए और इसे फर्जी मुठभेड़ करार दिया। बॉम्बे हाईकोर्ट ने पांच पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर के निर्देश दिए थे। बदलापुर मुठभेड़ मामले को लेकर बॉम्बे हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। हाईकोर्ट ने आदेश के बाद भी बदलापुर स्कूल यौन उत्पीड़न मामले में आरोपी अक्षय शिंदे की हिरासत में मौत के मामले में पांच पुलिसकर्मियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज न करने पर नाराजगी जताई। शुक्रवार को न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति नीला गोखले की पीठ ने कहा कि वह इस बात से हैरान है कि उसके आदेश का पालन नहीं किया गया।

## सिंध के पानी पर अब सिर्फ भारत का अधिकार, पाकिस्तान के लिए यह कितना बड़ा झटका




**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा कृषि पर निर्भर है। इसमें भी वह सिंधु नदी बेसिन के पानी पर बहुत अधिक निर्भर है। ऐसे में भारत द्वारा सिंध जल संधि को स्थगित करने से पाकिस्तान को कई मोर्चों पर व्यापक समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। जहां एक ओर पाकिस्तान का कृषि क्षेत्र सीधे तौर पर होगा प्रभावित होगा, वहीं उसके कई शहरों में पीने के पानी का भी संकट खड़ा हो जाएगा। इसके अलावा, समझौते के निलंबन से पाकिस्तान की पहले से ही कमजोर कूटनीतिक विश्वसनीयता और कमजोर होगी। वैश्विक समुदाय इसे गैर-जिम्मेदाराना कदम के रूप में देखेगा और पाकिस्तान का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलगाव बढ़ सकता है।

मोदी सरकार ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि को स्थगित करने का जो फैसला किया है वह पाकिस्तान की आर्थिक कमर तोड़ सकता है। दरअसल समझौता स्थगित होने का यह अर्थ नहीं है कि पाकिस्तान को तत्काल सिंधु नदी का पानी नहीं मिलेगा बल्कि इसके तहत भारत पर से अब यह बाध्यता खत्म हो जाएगी कि वह पाकिस्तान को सिंधु के पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करे। भारत भविष्य में सिंधु नदी पर बांध बनाकर पानी रोकने के लिए स्वतंत्र होगा। ऐसा हुआ तो पाकिस्तान के लिए सही मायनों में संकट पैदा होगा। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा कृषि पर निर्भर है। इसमें भी वह सिंधु नदी बेसिन के पानी पर बहुत अधिक निर्भर है। भारत और पाकिस्तान के बीच जल समझौते के तहत पाकिस्तान को सिंधु नदी और उसकी पश्चिमी सहायक नदियों (झेलम और चिनाब) का पानी आवंटित किया गया है। भारत यदि इन नदियों के प्रवाह को मोड़ देता है तो पाकिस्तान का बड़ा हिस्सा सूखे की चपेट में आ जाएगा। सिंचाई में कमी से गेहूं, चावल, गन्ना और कपास जैसी प्रमुख फसलों की पैदावार पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। यह पाकिस्तान की खाद्य सुरक्षा और निर्यात के लिए महत्वपूर्ण हैं। ब्यूरो सिंधु जल समझौता, 1960 में भारत और पाकिस्तान के बीच हस्ताक्षरित एक जल-बंटवारा समझौता है। इसमें विश्व बैंक ने मध्यस्थता की थी। इस समझौते का उद्देश्य सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों के पानी के उपयोग को लेकर दोनों देशों के बीच विवादों को रोकना था। इस संधि के तहत, हिमालय के सिंधु नदी बेसिन की छह नदियों को दो भागों में बांटा गया है। पूर्वी नदियों ब्यास, रावी और सतलुज का पानी भारत को मिलता है जबकि पश्चिमी नदियों सिंधु, झेलम और चिनाब का कंट्रोल पाकिस्तान के पास आया। समझौते के तहत भारत को लगभग 30 प्रतिशत और पाकिस्तान को 70 प्रतिशन पानी का हक मिला। इस समझौते में स्पष्ट तौर पर लिखा गया है कि झेलम, चिनाब और सिंधु नदियों का पानी भारत को पाकिस्तान में जाने देना होगा। पाकिस्तान की आबादी के करीब 237 मिलियन लोग इस प्रणाली के अंतर्गत मिलने वाले पानी पर निर्भर हैं।

### बेटे की वापसी का बेसब्री से इंतजार

**कोलकाता।** पंजाब के फिरोजपुर सीमा पर बीएसएफ की 182वीं बटालियन में तैनात साहू को बुधवार को पाकिस्तान रेंजर्स ने हिरासत में ले लिया था। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, घटना के समय जवान वर्दी में था। उसके पास सर्विस राइफल थी। बीएसएफ जवान पीके साहू को अनजाने में पंजाब में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करने के बाद पाकिस्तान रेंजर्स ने हिरासत में ले लिया था। अब उनके पिता ने शुक्रवार को कहा कि परिवार उनके लौटने का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। हिरासत में लिए गए जवान के पिता भोलानाथ साहू ने कहा कि उनके बेटे की बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर ने गुरुवार रात उन्हें फोन करके बताया कि उनके बेटे की सुरक्षित रिहाई के लिए बीएसएफ और पाक रेंजर्स के अधिकारियों के बीच फ्लैग मीटिंग हो रही है।

## पहलगाम आतंकी हमला हमारी खुफिया विफलता




**नई दिल्ली।** रिटायर्ड जनरल शंकर रॉय चौधरी ने कहा कि इतनी संख्या में आतंकवादी सीमापार कैसे आ गए, इसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पर सिर्फ कूटनीतिक दबाव बनाना ही काफी नहीं है बल्कि सैन्य कार्रवाई भी होनी चाहिए। थल सेना के पूर्व प्रमुख रिटायर्ड जनरल शंकर रॉय चौधरी का कहना है कि पहलगाम आतंकी हमला एक खुफिया विफलता है और उन्होंने शीर्ष स्तर पर इसकी जवाबदेही तय करने की मांग की। भारतीय सेना के 18वें जनरल रहे शंकर रॉय चौधरी ने कहा कि मुझे शक है कि यह खुफिया विफलता है। किसी को तो इस लापरवाही का जवाब देना चाहिए। इसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए और जो भी दोषी पाए जाएं, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। पूर्व आर्मी चीफ ने कहा कि पहलगाम हमले में पाकिस्तान और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की भूमिका है, जिसमें 26 निर्दोष पर्यटकों की आतंकियों ने हत्या कर दी। इस हमले के पीछे आतंकवादी संगठन लश्कर ए तैयबा के प्रोक्सी संगठन द रेजिस्टेंट फ्रंट (टीआरएफ) का हाथ होने का दावा किया जा रहा है। रिटायर्ड जनरल शंकर रॉय चौधरी ने कहा कि इतनी संख्या में आतंकवादी सीमापार कैसे आ गए, इसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पर सिर्फ कूटनीतिक दबाव बनाना ही काफी नहीं है बल्कि सैन्य कार्रवाई भी होनी चाहिए। पूर्व सेना प्रमुख शंकर रॉय चौधरी ने कहा कि %हमें सख्त जवाब देने की जरूरत है। मुझे तो ऐसा ही लगता है। हालांकि हमें अंतरराष्ट्रीय कूटनीति का भी ध्यान रखना चाहिए। अब बस बहुत हुआ। आतंकियों को स्थानीय मदद मिलने की आशंका पर उन्होंने कहा कि मैं दावे से नहीं कह रहा हूं, लेकिन हमें अपने आंख और कान खुले रखने चाहिए। पाकिस्तान और आईएसआई हमेशा सक्रिय रहते हैं। हमारे पास भी अपनी खुफिया एजेंसी है। हमें भी उसका प्रभावी तरीके से इस्तेमाल करना चाहिए। पाकिस्तान आर्मी चीफ के टू नेशन थ्योरी को लेकर दिए गए बयान पर शंकर रॉय चौधरी ने कहा कि पाकिस्तान में यही एक चीज है, जो काम करती है, लेकिन आम नागरिकों को निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए।

## इसरो के पूर्व अध्यक्ष के कस्तूरीरंगन का निधन, 84 वर्ष की उम्र में बंगलूरू में ली अंतिम सांस



**बंगलूरू।** प्रख्यात वैज्ञानिक के कस्तूरीरंगन 1994 से 2003 तक इसरो के चेयरमैन रहे। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। डॉक्टर कृष्णा कस्तूरीरंगन नई शिक्षा नीति 2020 का ड्राफ्ट तैयार करने वाले समिति के अध्यक्ष भी रहे।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष के कस्तूरीरंगन का निधन हो गया। अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने बंगलूरू में अंतिम सांस ली। वे 84 वर्ष के थे। बताया जा रहा है कि वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका पार्थिव शरीर 27 अप्रैल को अंतिम दर्शन के लिए रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट (आरआरआई) में रखा जाएगा।

पूर्व इसरो प्रमुख के निधन पर पीएम मोदी ने शोक जताया। पीएम मोदी ने कहा कि के कस्तूरीरंगन ने इसरो में बहुत परिश्रम से काम किया और भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मसौदा तैयार करने के लिए भारत हमेशा डॉ. कस्तूरीरंगन का आभारी रहेगा।

प्रख्यात वैज्ञानिक के कस्तूरीरंगन का जन्म 24 अक्तूबर 1940 को केरल के एर्नाकुलम में हुआ था। उन्होंने लंबे समय तक भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) में सेवाएं दीं। वे 1994 से 2003 तक इसरो के चेयरमैन और भारत सरकार के सचिव रहे। 2003 में इसरो से सेवानिवृत्त होने के बाद कस्तूरीरंगन इंडियन एकेडमी ऑफ साइंसेज के अध्यक्ष बने। इसके साथ ही मानव संसाधन विकास मंत्रालय के सदस्य बने।

भारत सरकार ने विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उनको पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण से सम्मानित किया। वे 2003 से 2009 तक राज्यसभा सदस्य भी रहे। इसके अलावा नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस स्टडीज बंगलूरू के डायरेक्टर, नई शिक्षा नीति ड्राफ्ट कमेटी के चेयरमैन, एनआईआईटी विवि राजस्थान के चेयरमैन रहे। डॉक्टर कृष्णा कस्तूरीरंगन नई शिक्षा नीति 2020 का ड्राफ्ट तैयार करने वाले समिति के अध्यक्ष भी रहे।

इसरो अध्यक्ष के कस्तूरीरंगन के नेतृत्व में अंतरिक्ष कार्यक्रम ने कई प्रमुख उपलब्धियां हासिल कीं। उन्होंने ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी) का सफल प्रक्षेपण और जीएसएलवी का पहला सफल उड़ान परीक्षण कराया। इसके अलावा उन्होंने उपग्रह आईआरएस-1सी और 1डी के डिजाइन, विकास और प्रक्षेपण, दूसरी पीढ़ी के निर्माण और तीसरी पीढ़ी के इनसेट उपग्रहों के प्रक्षेपण के अलावा महासागर अवलोकन उपग्रहों आईआरएस-पी3/पी4 के प्रक्षेपण की भी देखरेख की।

## पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने कबूली आतंकियों के समर्थन की बात



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पिछले तीन दशक से पाकिस्तान आतंकवादियों को समर्थन और प्रशिक्षण दे रहा है। हम अमेरिका और ब्रिटेन सहित पश्चिम के लिए यह गंदा काम कर रहे हैं। यह एक गलती थी और पाकिस्तान को इसका खामियाजा भुगतना पड़ा।

अब तक आतंकवाद और आतंकियों का समर्थन न करने की बात कह रहे पाकिस्तान की बड़ी पोल खुली है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने आतंकियों को समर्थन और प्रशिक्षण देने की बात कबूल की है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने कहा कि पिछले तीन दशक से पाकिस्तान आतंकवादियों को समर्थन और प्रशिक्षण दे रहा है। उन्होंने इसका दोष अमेरिका और पश्चिमी देशों पर मढ़ दिया।

रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि हम तीन दशकों से अमेरिका और ब्रिटेन सहित पश्चिम के लिए यह गंदा काम कर रहे हैं। यह एक गलती थी और पाकिस्तान को इसका खामियाजा भुगतना पड़ा। अगर हम सोवियत संघ के खिलाफ युद्ध में शामिल नहीं होते और 9/11 के हमले नहीं होते तो पाकिस्तान का रिकॉर्ड बेदाग होता।

पाकिस्तानी मंत्री ने आरोप लगाया कि भारत ने पाकिस्तान के लिए संकट पैदा करने की कोशिश करते हुए पहलगाम आतंकी हमला कराया है। उन्होंने कहा कि लश्कर-ए-तैयबा अब अस्तित्व में नहीं है। मैंने द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के बारे में कभी नहीं सुना। लश्कर एक पुराना नाम है। इसका कोई अस्तित्व नहीं है। हमारी सरकार ने पहलगाम हमले की कड़ी निंदा की है। पाकिस्तान दशकों से आतंकवाद का शिकार रहा है।

पहलगाम हमले के बाद भारत की सैन्य कार्रवाई की तैयारी पर रक्षा मंत्री ने युद्ध की गीदड़भभकी दी। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यापक हमला या ऐसा कुछ होता है, तो जाहिर है कि व्यापक युद्ध होगा। दो परमाणु शक्तियों के बीच टकराव हमेशा चिंताजनक होता है।

बीती 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान समर्थित लश्कर ए तैयबा के संगठन टीआरएफ के आतंकियों ने 26 निर्दोष पर्यटकों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस घटना के बाद भारत सरकार ने सख्त कदम उठाते हुए सिंधु जल समझौता स्थगित कर दिया।

## फ्रांस की एकजुटता और मित्रता पर भरोसा कर सकते हैं, मैक्रों ने की पीएम मोदी से बात



**पेरिस।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा दुनिया भर के नेताओं ने की थी। इसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, इस्राइल के विदेश मंत्री गिदोन साआर समेत तमाम लोग शामिल हैं। संयुक्त अरब अमीरात ने भी आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की थी।फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पहलगाम आतंकी हमले के बारे में बात की। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा, भारत के लोग इस तरह के कठिन समय में फ्रांस की एकजुटता और मित्रता पर भरोसा कर सकते हैं। हम हमेशा से आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ अपनी लड़ाई में एकजुट रहे हैं और हमेशा एकजुट रहेंगे। इससे पहले जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा दुनिया भर के नेताओं ने की थी। इसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, इस्राइल के विदेश मंत्री गिदोन साआर समेत तमाम लोग शामिल हैं। संयुक्त अरब अमीरात ने भी आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की थी।

इस बीच विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने ट्वीट किया, नीदरलैंड के प्रधानमंत्री डिक शूफ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन किया और भारत के पहलगाम में हुए दुखद और अमानवीय सीमा पार आतंकवादी हमले पर संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कायरतापूर्ण कृत्य की कड़ी निंदा की और सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद को खारिज कर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने समर्थन और एकजुटता के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया और कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई को मजबूत करने के लिए नीदरलैंड के साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर है। भारत में ईरान के दूतावास ने ट्वीट कर लिखा था, इस्लामी गणराज्य ईरान का दूतावास जम्मू और कश्मीर के पहलगाम शहर में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करता है, जिसके परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में निर्दोष लोग मारे गए और घायल हुए। हम भारत सरकार और भारत के लोगों, विशेष रूप से इस हमले के पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं, और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हैं।

पहलगाम हमले का मुद्दा संयुक्त राष्ट्र में भी उठा है। हमले की वैश्विक नेताओं ने भी निंदा की है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की ओर से हुए भविष्य के डिजिटल नागरिक को सशक्त बनाना- एकीकृत डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) की ओर विशेष कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र के दूतों और नेताओं ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र के अध्यक्ष फिलेमोन यांग ने कहा कि मैं जम्मू-कश्मीर में हाल ही में हुए हमलों के पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करना चाहता हूं। नागरिकों को निशाना बनाना अस्वीकार्य है और इसे किसी भी परिस्थिति में उचित नहीं ठहराया जा सकता।

### थाई पुलिस का विमान समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त, उसमें सवार सभी छह लोगों की मौत

**बैंकॉक।** थाईलैंड के लोकप्रिय तटीय शहर के पास एक छोटा पुलिस विमान समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में इसमें सवार सभी छह लोगों की मौत हो गई। रॉयल थाई पुलिस के प्रवक्ता अर्चायोन क्रैथोंग ने बताया कि विमान सुबह 8 बजे दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले हुआ, हिन जिले में पैराशूट प्रशिक्षण की तैयारी के लिए परीक्षण उड़ान भर रहा था। जानकारी के मुताबिक, अधिकारियों ने तुरंत प्रोपेलर विमान का मॉडल साझा नहीं किया, लेकिन घटनास्थल से ली गई तस्वीरों में वाइकिंग डीएचसी-6 ट्विन ओटर दिखाई दे रहा है। प्राचुआब किरी खान प्रांत के जनसंपर्क विभाग ने बताया कि विमान हुआ हिन हवाई अड्डे के पास दुर्घटनाग्रस्त हुआ। तस्वीरों में विमान को तट से लगभग 100 मीटर दूर समुद्र में दिखाया गया। विमान का ढांचा दो हिस्सों में टूटा हुआ दिखाई दे रहा है।

## पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार आज; मुर्मू, ट्रंप-जेलेंस्की समेत कई राष्ट्राध्यक्ष होंगे शामिल



**वेटिकन।** पोप फ्रांसिस का 21 अप्रैल को 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को वेटिकन के सेंट पीटर स्कवायर में होगा। इसके लिए शुक्रवार से विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्ष रोम पहुंचने लगेंगे। पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार शनिवार को वेटिकन के सेंट पीटर स्कवायर में होगा। इसके लिए शुक्रवार से विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्ष रोम पहुंचने लगेंगे। पोप के अंतिम संस्कार में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की समेत कई राष्ट्राध्यक्ष पहुंच रहे हैं। पोप फ्रांसिस का 21 अप्रैल को 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्हें पीपुल्स पोप (लोगों के प्रिय पोप) के रूप में जाना जाता था। वे लैटिन अमेरिका से पोप बनने वाले पहले व्यक्ति थे। निधन के बाद बुधवार से सेंट पीटर्स बेसिलिका में लोग उनके अंतिम दर्शन करने पहुंच रहे हैं। शुक्रवार शाम को पोप फ्रांसिस के ताबूत को अंतिम संस्कार के लिए सील कर दिया जाएगा। वेटिकन ने कहा कि अंतिम संस्कार में 130 प्रतिनिधिमंडलों के शामिल होने की पुष्टि हुई है। इसमें 50 राज्य प्रमुख और 10 शासक शामिल हैं। पोप फ्रांसिस को अंतिम श्रद्धांजलि देने के लिए सेंट पीटर्स बेसिलिका के केंद्रीय गलियारे में हजारों लोग पहुंचे। पोप के अंतिम दर्शन के लिए लोगों ने घंटों तक लाइन में लगकर इंतजार किया। गुरुवार शाम तक 90,000 से ज्यादा लोग बेसिलिका की मुख्य वेदी के सामने रखे फ्रांसिस के खुले ताबूत के पास से गुजर चुके थे।एमानुएला बिस्को ने फ्रांसिस को अंतिम श्रद्धांजलि देने के लिए काम से छुट्टी ली। उन्होंने कहा कि फ्रांसिस भूले-बिसरे लोगों के पोप थे, जो सबसे सरल लोगों, बेघर लोगों के करीब थे जिन्हें दूर नहीं किया गया था। मुझे उम्मीद है कि अगला पोप उनके स्तर का होगा और उनके संघर्ष, उनके खुलेपन, उनके द्वारा किए गए हर काम को जारी रखेगा।

नए पोप को चुनने के लिए नौ दिनों के सार्वजनिक शोक के बाद पांच मई के बाद चर्चा शुरू होगी। जबकि अन्य मुद्दों पर चर्चा के लिए तमाम कार्डिनल भी रोम पहुंच रहे हैं।

### कार बम धमाके में रूस के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी की मौत, जांचकर्ता घटनास्थल पर मौजूद



**मॉस्को।** रूस के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल यारोस्लाव मोस्कालिक की मॉस्को के पास कार में लगे बम विस्फोट में मौत हो गई। जांच एजेंसी के अनुसार, घटना बालाशिखा शहर में हुई और फिलहाल किसी संदिग्ध की जानकारी नहीं है। रूस के एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी की कार बम धमाके में मौत हो गई है। रूस की शीर्ष आपराधिक जांच एजेंसी ने यह जानकारी दी। जांच एजेंसी ने बताया कि रूसी सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ के मुख्य संचालन विभाग के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल यारोस्लाव मोस्कालिक की कार में विस्फोटक उपकरण लगाया गया था, जिससे उनकी मौत हो गई। घटना मॉस्को के पास बालाशिखा शहर में हुई। समिति की प्रवक्ता स्वेतलाना पेट्रेंको ने कहा कि यह विस्फोटक उपकरण छोटे-छोटे लोहे के टुकड़ों से लैस था। उन्होंने बताया कि जांचकर्ता घटनास्थल पर मौजूद हैं।

रूसी मीडिया में एक जलते हुए वाहन के वीडियो को दिखाया जा रहा है, जो एक अपार्टमेंट के आंगन में खड़ा था। जांच समिति ने किसी भी संदिग्ध का जिक्र नहीं किया है। इससे पहले, 17 दिसंबर को लेफ्टिनेंट जनरल इगोर किरिलोव की बम धमाके में मौत हो गई थी। उनके अपार्टमेंट के बाहर खड़े एक इलेक्ट्रिक स्कूटर में बम उस समय फट गया था, जब वे अपने दफ्तर के लिए निकल रहे थे।

## भारत को जो सही लगे, वो करे, हम उसके साथ, पहलगाम आतंकी हमले पर ब्रिटिश सांसदों ने किया समर्थन

**लंदन।** ब्रिटिश सांसद ने कहा कि नौ साल पहले मैं कश्मीर गया था तो उसकी प्राकृतिक सुंदरता हमेशा के लिए मन में मन में छप गई। आतंकी घाटी में पर्यटन खत्म करना चाहते हैं, लेकिन हम उन्हें ऐसा करने की इजाजत नहीं दे सकते। आतंकियों को न्याय के कटघरे में लाया जाए या उनका खात्मा किया जाए।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत को दुनियाभर में समर्थन मिल रहा है। ब्रिटेन के कई सांसदों ने भी भारत का समर्थन किया है और पहलगाम आतंकी हमले पर दुख जताया। ब्रिटिश सांसद बॉब ब्लैकमैन ने तो यहां तक कहा है कि भारत इस हमले के जवाब में जो भी कार्रवाई करेगा, उसे हमारा समर्थन रहेगा। वहीं भारतीय मूल के ब्रिटिश सांसद तनमनजीत सिंह धेसी ने भी पहलगाम आतंकी हमले पर नाराजगी जताई और कहा कि हमले के दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाए। लंदन स्थित इंडिया हाउस में



पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ब्रिटिश सांसद बॉब ब्लैकमैन ने कहा कि हम यहां अपना दुख जताने आए हैं। जब भी आतंकी हमला होता है, यह मानवता पर हमला है। यह आतंकी हमला दिखाता है कि लोगों से उनके धर्म के आधार पर नफरत की जा रही है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। मैंने हाउस ऑफ कॉमन्स में भी ये मामला उठाया है। मैंने सरकार से अपील की है कि न सिर्फ पहलगाम आतंकी हमले पर दुख जताएं बल्कि भारत इस हमले के जवाब में जो भी कदम उठाए, उसे पूरा समर्थन भी दें। हालांकि इससे संघर्ष छिड़ने का भी खतरा है। पीड़ितों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। सभी हिंदुओं के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं और हम शर्मिंदा हैं।

ब्रिटिश सांसद ने कहा कि नौ साल पहले मैं कश्मीर गया था तो उसकी प्राकृतिक सुंदरता हमेशा के लिए मन में मन में छप गई। आतंकी घाटी में पर्यटन खत्म करना चाहते हैं, लेकिन हम उन्हें ऐसा करने की इजाजत नहीं दे सकते। आतंकियों को न्याय के कटघरे में लाया जाए या उनका खात्मा किया जाए। ये मेरा मानना है कि ब्रिटेन की सरकार भारत का साथ देगी और भारत जो भी करना चाहता है, चाहे वो सैन्य कार्रवाई ही हो, उसका समर्थन करेगी। कार्यक्रम में ब्रिटेन की एक अन्य सांसद कैथरीन वेस्ट भी शामिल हुईं और उन्होंने भी पहलगाम आतंकी हमले पर संवेदना प्रकट की और इसे निर्दोष नागरिकों पर कायराना हमला बताया।

# ड्रैगन फरूट की खेती पर अब हुआ अनुदान 2.70 लाख

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** जिला उद्यान अधिकारी ने अवगत कराया है कि जनपद मे नवाचार की राह पर कदम बढ़ाते हुए ड्रैगनफूट की खेती शुरू की गयी है। ड्रैगनफूट को इजराइल एवं वियतनाम जैसे देशों में उगाई जाने वाले इस फसल को जनपद के विकासखंड मछलीशहर, बदलापुर, मुफ्तीगंज के किसानों ने अपनाया है इस फसल मे कम लागत व अधिक मुनाफा होने के साथ रोग प्रतिरोधक क्षमता भी अधिक होती है।

ड्रैगनफूट के पौधे को आवारा पशु भी नुकसान नही पहुँचाते है। ड्रैगन के पौध एक बार लगाने से 25 से 30 साल तक उत्पादन मिलता है यह इम्यूनिटी बूस्टर का अच्छा विकल्प माना जाता है। एक ड्रैगनफूट की कीमत बाजार मे 100 से 150 रू0 तक पहुंचती है मछलीशहर ब्लाक के ग्राम घिसुआखुर्द के प्रतीक कुमार गुप्ता, विकासखंड बदलापुर ग्राम तियरा के कृषक तिलकधारी और विकासखंड मुफ्तीगंज ग्राम पसेवा के कृषक मोर्टसन मेसी एवं विकासखंड बदलापुर के ग्राम तियरा के किसान बृजेश यादव ने 1195 लाल गुदा वाले पौध लगाकर जनपद मे नवाचार का उदाहरण पेश किया है। उन्होने गुजरात से पौध खरीदी और अप्रैल मे यह खेती शुरू किया। बृजेश यादव पिछ्ले 1 वर्षो से ड्रैगनफूट की खेती कर रहे है। इसके अतिरिक्त अन्य कई किसान प्रयोग के तौर पर छोटे पैमाने पर ड्रैगनफूट लगा रहें है इस फसल से जून से लेकर दिसम्बर तक उत्पादन होता है। ड्रैगनफूट की खेती कम लागत और अधिक मुनाफे का उदाहरण बन रही है। कमलम की खेती हेतु, उद्यान विभाग एक हेक्टेयर पर 30 हजार रूपये का अनुदान भी दे रहा था ड्रैगनफूट की खेती पर अधिक लागत देखते हुए केन्द्र सरकार ने 2025 से सब्सिडी की राशि बढ़ा कर प्रति प्रति हे0 2.70 लाख रू0 कर दिये है प्रति पिलर पर 4 पौधे लगाये जाते है इस पर करीब 800 सौ रूपये खर्च आता है तथा 15 से 20 टन प्रति हे0 फल निकलता हैं। ड्रैगनफुट की खेती व्यवसायिक बन रही है क्योकि मार्केट मे इसका अच्छा दाम मिलता है जिससे ड्रैगनफूट की खेती करके किसान भाई अच्छा मुनाफा कमा सकते है इससे ना केवल फल बल्कि इसकी कटिंग करके ड्रैगनफूट की नर्सरी भी तैयार कर सकते है यह पहल अन्य कृषको को भी इस फसल के तरफ आकर्षित एवं प्रेरित कर रही है। इच्छुक कृषक आधार कार्ड, बैंक पासबुक, खतौनी व फोटो लेकर जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय में प्रभारी मिशन जशपाल सिंह मों नं0-9455112600 से सम्पर्क कर योजना का लाभ ले सकते है।

# मोहम्मद हसन इंटर कॉलेज का परीक्षा फल रहा सराहनीय

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** हाई स्कूल इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम यूपी बोर्ड द्वारा घोषित किया गया जिसमें मोहम्मद से इंटर कॉलेज की अधिकांश विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा की उत्तीर्ण, जो की सराहनी रहा।हाई स्कूल में विद्यालय के छात्र विश्वेश पाल ने 84.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान शुभम यादव ने 83.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं खुशी सोनी ने 82.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इंटरमीडिएट में विद्यालय की छात्रा प्रगति मौर्या ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान,दीपक मौर्या ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं प्रिंस मौर्या ने 83.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों के इस प्रदर्शन पर विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर अब्दुल कादिर खान ने अध्यापकों की भूरि भूरि प्रशंसा की और परीक्षा फल के प्रति संतुष्टि व्यक्ति की।विद्यालय में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई दी और साथ ही आगे की पढ़ाई में किसी भी प्रकार की कठिनाई आने पर सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं को विशेष मदद देने का आश्वासन दिया।विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अधिकांश छात्रों के प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने पर प्रशंसा व्यक्त करते हुए अध्यापकों की भी प्रशंसा किया प्रथम, द्वितीय ,तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की प्रशंसा की तथा भविष्य में इसी तरह कड़ी मेहनत और लगन से नियमित रूप से पठन-पाठन के लिए प्रेरित किया। वही मोहम्मद हसन गर्ल्स इंटर कॉलेज की अधिकांश छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुई।

# 14 सूत्रीय मांगों को लेकर 1 मई को देंगे बीएसए कार्यालय पर शिक्षक धरना

**अवधनामा संवाददाता**

> शिक्षक समस्याओं के निराकरण के लिए सिर्फ संघर्ष एक मात्र विकल्प : अरविंद

**जौनपुर।** शिक्षकों की लंबित समस्याओं एवं मांगो को लेकर प्रदेश कार्यसमिति के निर्णयोपरांत उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ बीएसए कार्यालय पर 1 मई 2025 को धरना प्रदर्शन करेगा और इन समस्याओं के अविलंब निराकरण हेतु जिलाधिकारी जौनपुर के माध्यम से उसी दिन मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भी भेजेगा। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जौनपुर के जिला अध्यक्ष अरविंद शुक्ला ने बताया कि इससे संबंधित उपर्युक्त विषयक सूचना आज जिला प्रशासन को दे दी गई है।

जिसमें 01 मई 2025 को प्रदेश के सभी बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय की भांति जौनपुर के जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय पर 10 बजे से 2 बजे तक शिक्षकों द्वारा अवकाश लेकर धरना दिया जाएगा। बेसिक शिक्षकों के 14 सूत्रीय मांगों में मुख्य रूप से 2004 के बाद नियुक्त सभी शिक्षकों की पुरानी पेंशन की बहाली , मेमोरेंडम के बावजूद 2004 विशिष्ट बीटीसी बैच एवं बीटीसी शिक्षकों को पुरानी पेंशन की बहाली , वर्षो से लंबित पदोन्नति की प्रक्रिया को शीघ्र संपादित करना, सभी प्रकार के अंतर्जनपदीय एवं अंतः जनपदीय स्थानांतरण , सभी शिक्षकों के लिए सामूहिक बीमा 10 लाख करना , विद्यालय संचालन अवधि टाइम एवं मोशन के अनुसार ग्रीष्म कालीन प्रातः 7:00 बजे से 12:00 तक

कार्यअवधि ( 5 घंटे किया जाना) , विकलांग शिक्षको हेतु दिव्यांग वाहन भत्ता हेतु आदेश निर्गत करना आदि मांगे शामिल है।

जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ल ने कहा कि शिक्षकों की समस्याएं काफी दिनों से लंबित है, जिसका निराकरण न होने से शिक्षक आक्रोशित है। इसको लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ के पास संघर्ष के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। शिक्षकों ने आगामी 1 मई को बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर विशाल धरना प्रदर्शन का निर्णय लिया है।

जिला मंत्री रवि चंद्र यादव ने कहा कि 1 मई 2025 को सभी ब्लॉकों के शिक्षक पदाधिकारी अपने ब्लॉक के बैनर के साथ सैकड़ों की संख्या में धरना में शामिल होकर अपनी आवाज को बुलंद करें।

कोषाध्यक्ष रामदुलार ने कहा कि शिक्षकों के हित में संघर्ष जारी रहेगा जब तक कि मांगे नहीं मानी जाती है। शिक्षको के प्रति सरकार अपनी हठधर्मिता छोड़े।

इस अवसर पर समस्त परिषदीय शिक्षकों से अपील की गई कि वे अपनी मांगों के लिए अधिक से अधिक संख्या में अवकाश लेकर धरना में पहुंचे।

## अनामिका पांडेय से प्रेरणा लेते हुए विद्यालय के छात्र अपने जीवन में सफलता हासिल करें: राजेन्द्र प्रसाद




**आजमगढ़।** हरबंशपुर स्थित सर्वोदय पब्लिक स्कूल के प्रांगण में भूतपूर्व छात्रा अनामिका पाण्डेय को, यूपीएससी-2024 में 579 रैंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद यादव, निदेशिका कंचन यादव, प्रधानाचार्य विधान तिवारी एवं उपप्रधानाचार्य संजय कुमार विश्वकर्मा द्वारा संयुक्त रूप से माल्यार्पण, अंग वस्त्रम् तथा स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के छात्रध्छात्राओं ने अनामिका पाण्डेय के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके पश्चात अनामिका पाण्डेय ने कक्षा 12वीं के छात्र,छात्राओं के साथ एक काऊंसिलिंग सेशन लिया तथा उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही छात्रों के कई प्रश्नों का उत्तर दिया। विद्यालय के प्रबंधक ने अनामिका पाण्डेय की इस उपलब्धि पर बहुत-बहुत बधाई दी और उनके अभिभावकों का भी आभार जताया। प्रबंधक ने विद्यालय के छात्रों को अनामिका पाण्डेय से प्रेरणा लेते हुए अपने जीवन में विभिन्न क्षेत्रों में सफलता हासिल करने की बात कही। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अनामिका पाण्डेय की इस उपलब्धि पर गौरान्वित होते हुए जीवन में हमेशा सफलता प्राप्त करने का आर्शीवचन दिया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उनको पथप्रदर्शक बताते हुए अन्य छात्रों को उनसे प्रेरणा लेने की बात कही।

# डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का नाम आते ही भारतीय संविधान का जिक्र अपने आप आ जाता है : शंकर

**अवधनामा संवाददाता**



> बाबा साहब ऐसे धर्म को मानते थे जो स्वतंत्रता, समानता और आपसी भाईचारा सिखाता है : रमेश सिंह

> बाबा साहेब का मानना था कि जीवन लंबा होने के बजाय महान होना चाहिए : पुष्पराज सिंह

**जौनपुर।** भारतीय जनता पार्टी जौनपुर की संगोष्ठी जिला कार्यालय पर डाक्टर भीमराव अम्बेडकर के याद मे आयोजित हुआ जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने की और मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री शंकर गिरी और विशिष्ट अतिथि के रूप मे प्रदेश पंचायत प्रकोष्ठ के संयोजक रमेश सिंह उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम पार्टी के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पं0 दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण किया तथा श्रद्धासुमन अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

मुख्य अतिथि शंकर गिरी ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर का जीवन संघर्ष और सफलता की ऐसी अद्भुत मिसाल है। जो शायद ही कहीं और देखने को मिले डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का नाम आते ही भारतीय संविधान का जिक्र अपने आप आ जाता है। सारी दुनिया आमतौर पर उन्हें या तो भारतीय संविधान के निर्माण में अहम भूमिका के नाते याद करती है या फिर भेदभाव वाली जाति व्यवस्था की प्रखर आलोचना करने और सामाजिक गैर बराबरी के खिलाफ आवाज उठाने वाले योद्धा के तौर पर जाने जाते है।

विशिष्ट अतिथि रमेश सिंह ने कहा कि बाबा साहब ऐसे धर्म को मानते थे जो स्वतंत्रता, समानता और आपसी भाईचारा सिखाता है। ऐसे हमारे प्रेरणा स्त्रोत थे बाबा साहब जिनको आज पूरी दुनिया याद कर रही है। उन्होंने लाखों युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

संगोष्ठी में जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने कहा कि अंबेडकर साहब की एक बात हमेशा उनके जेहन में होती है कि वह कहते थे कि यदि हम एक संयुक्त एकीकृत आधुनिक भारत चाहते हैं तो सभी धर्मो के शास्त्रों की संप्रभूता का अंत होना चाहिए। बाबा साहेब का मानना था कि जीवन लंबा होने के बजाय महान होना चाहिए। उक्त अवसर पर राकेश वर्मा, मनोरमा मौर्य, विजय लक्ष्मी साहू सिद्दार्थ सिंह साहित तमाम बुद्धजीवी वर्ग उपस्थित रहा।

## जिलाधिकारी ने मंडलीय जिला चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण



**आजमगढ़।** नवागत जिलाधिकारी रविंद्र कुमार-।। ने आज मंडलीय जिला चिकित्सालय आजमगढ़ का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्टोर रूम में दवाओं को सुव्यवस्थित तरीके से रखने के निर्देश दिए। उन्होंने एसआईसी को निर्देशित किया कि अस्पताल परिसर के शौचालय को नियमित रूप से साफकराएं तथा टूटी हुई सीटों को तत्काल बदलवा दें एवं सीलन वाली दीवारों की मरम्मत कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर में जो तार लटक रहे हैं, उनको सुव्यवस्थित करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने इमरजेंसी वार्ड, हड्डी वार्ड, पर्ची काउंटर, औषधि स्टोर रूम आदि का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने विभिन्न वार्डों में जाकर मरीजों का हाल-चाल लिया एवं अस्पताल से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में पूछा। जिलाधिकारी ने उपस्थिति पंजिका का भी निरीक्षण किया तथा अनुपस्थित कर्मचारी का वेतन रोकने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल में स्थित एनआरसी के किचन में कुपोषित बच्चों हेतु बनाए जा रहे खाने की गुणवत्ता की भी जाँच किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना, अपर जिलाधिकारी प्रशासन राहुल विश्वकर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक कुमार, एसआईसी जिला अस्पताल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज, जनपद-कन्नौज

संख्या : 47 न0पा0प0, गुर0गंज (2024-25) दिनांक : 25/04/2025

**अति अल्पकालीन सार्वजनिक कुटेशन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज 40 केवीए जनरेटर की मरम्मत करवाना चाहती है। जो भी व्यक्ति उक्त कार्य किये जाने हेतु इच्छुक है। वह अपना सीलबन्द कुटेशन पालिका कार्यालय में दिनांक 03.05.2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। ध्यान रखें निर्धारित अवधि के उपरान्त कोई भी कोटेसन स्वीकार नहीं की जायेगी। प्राप्त कोटेसनो को स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

कोटेसन सम्बन्धी नियम व शर्तें पालिका में किसी भी कार्यदिवस में देखी व पढी जा सकती हैं।

**(अनिल कुमार)** **(मुन्नी देवी)**
**अधिशासी अधिकारी** **अध्यक्ष**



## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी अमेठी, जनपद- अमेठी।

पत्रांक : 148/भूसा निविदा (टेण्डर)/2025-26 दिनांक 25.04.2025

**ई-निविदा सूचना (भूसा टेण्डर)**
**(अल्पकालीन)**

अपर मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या 673/37-2-2022-5 (53)/2016 टी0सी0 दिनांक 04 मई 2022 में दिये गये निर्देशानुसार एवं जिलाधिकारी महोदया, अमेठी के पत्रांक 1535/5-पशुपालन/दर-अनुबन्ध/2024-25 दिनांक 17.03.2025 द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में विकास खण्ड के गो आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंश के भरण पोषण/भूसा (चारा) हेतु निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। जिसमें समस्त आयकर व जी0एस0टी0 में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों द्वारा ही उक्त निविदा में भाग ले सकते हैं। आपूर्तिकर्ता आपराधिक पृष्ठभूमि का न हो तथा पूर्व में ब्लैक लिस्टेड न किया गया हो। ऐसे आपूर्तिकर्ता निविदा में भाग ले सकते है। निविदा फार्म दिनांक 26.04.2025 को प्रातः 10.00 बजे से 04.05.2025 को अपरान्ह 2.00 बजे तक खण्ड विकास अधिकारी अमेठी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदा ऑनलाइन ई-टेण्डर की वेबसाइट http://e-tender-up-nic-in पर दिनांक 26.04.2025 को प्रातः 10 बजे से 04.05.2025 को अपरान्ह 2.00 बजे तक उपलब्ध है। जो कि दिनांक 04.05.2025 समय दोपहर 02.00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 04.05.2025 को अपरान्ह 03.00 बजे के उपरान्त निविदादाताओं की उपस्थिति में खण्ड विकास अधिकारी अमेठी के कार्यालय में खोली जायेगी।

निविदा हेतु धरोहर (जमानत राशि) धनराशि रु0 20000.00 (बीस हजार रुपये मात्र) निविदा प्रपत्र का मूल्य रु0 1000.00 (एक हजार रुपये मात्र)

**खण्ड विकास अधिकारी**
**अमेठी, जनपद अमेठी।**



## कार्यालय नगर निगम, शाहजहाँपुर

पत्रांकः- 1081/पी0आर0ओ0/ज0क0वि0/न0नि0-शाह0/2025-26 दिनांक : 25/04/2025

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

राज्य वित्त आयोग अन्तर्गत जलापूर्ति से सम्बन्धित 03 कार्यों हेतु अनुभवी एवं पंजीकृत/अपंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों से दिनांक 12.05.2025 की अपरान्ह 03.00 बजे तक प्रथम वार ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जो तद् दिनांक 12.05.2025 की अपरान्ह 04:00 बजे खोली जायेंगी। ई-निविदा प्रणाली की समस्त कार्यवाही वेवसाइट www.etender.up.nic.in पर की जायेगी। कार्यों की निविदा शुल्क नगर निमग, शाहजहाँपुर के बैंक खाता सं0-50200017927485, IFSC कोड-HDFC0000869, एच0डी0एफ0सी0 बैंक, शाहजहाँपुर में तथा कार्य की ज़मानत धनराशि नगर निगम के बैंक खाता सं0-50265293184 IFSC कोड-IDIB000C632 इंडियन बैंक, गोविन्दगंज, शाहजहाँपुर में जमा कराने उपरान्त मूल प्रति ई-निविदा के साथ अपलोड करनी होगी। 01 अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा।

**नगर आयुक्त**


# यूपी बोर्ड 10वीं 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित



> 10वीं में में जालौन के यश प्रताप सिंह टॉपर, इटावा की अंशी तिवारी दूसरे स्थान पर

> 12वीं में प्रयागराज की महक जायसवाल रही अव्वल

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड 10वीं 12वीं रिजल्ट जारी कर दिया गया है। यूपी बोर्ड रिजल्ट upmsp.edu.in व upresults.nic.in के साथ-साथ कई अन्य वेबसाइट पर भी रोल नंबर डालकर चेक किया जा सकता है। यूपी बोर्ड 10वीं में 90.11 फीसदी और यूपी बोर्ड इंटर में 81.15 फीसदी बच्चे पास हुए हैं। यूपी बोर्ड 10वीं में यश प्रताप सिंह ने 97.83 फीसदी अंकों के साथ टॉप किया है। यश प्रताप सिंह रसकेंद्री देवी इंटर कॉलेज, उमरी (जालौन) के विद्यार्थी हैं। दूसरे स्थान पर अंशी तिवारी इटावा 97.67 प्रतिशत और अभिषेक कुमार यादव बाराबंकी के रहने वाले 97.67 प्रतिशत तीसरे स्थान पर रहे हैं। मुरादाबाद के मृदुल गर्ग 97.50 अंक के साथ चौथे स्थान पर हैं। यूपी बोर्ड 12वीं में 97.20त्न अंकों के साथ महक जायसवाल ने टॉप किया है।

महक जायसवाल, बच्चा राम यादव इंटर कॉलेज, भुलई का पूरा, बाबूगंज, प्रयागराज की छात्रा हैं। यूपी बोर्ड 12वीं की परीक्षा 25,98,560 स्टूडेंट्स ने दी थी। इसमें से कुल 21,08,774 छात्र पास हुए हैं। ओवरऑल पास प्रतिशत 81.15 फीसदी रहा। इसमें से लड़कों की संख्या 13,87,263, पास हुए छात्रों की संख्या 10,62,616 और पास प्रतिशत 76.60 फीसदी रहा है। इसके अलावा लड़कियों की कुल संख्या 12,11,297 थी इसमें से 10,46,158 छात्राएं पास हुई हैं और पास प्रतिशत 86.37 फीसदी रहा है। लड़कियों का पास प्रतिशत लड़कों से 9.77 फीसदी अधिक रहा है।यूपी बोर्ड हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 का परिणाम जारी करने के साथ पहली बार मार्कशीट कम सर्टिफिकेट डिजिलॉकर पर जारी की गई है। यह वेरीफाइड होने के साथ डिजिटली हस्ताक्षरित भी है। इसमें क्यूआर कोड का इस्तेमाल किया गया है। ऑफलाइन मार्कशीट कम सर्टिफिकेट पहले की तरह बाद में विद्यालयों के माध्यम से उपलब्ध कराए जाएंगे।

## डॉक्टर बनकर समाज सेवा करना चाहती है महक



**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा की टॉपर महक जायसवाल का सपना डाक्टर बनने का है। कहती हैं डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना चाहती हूं। हर व्यक्ति का दुख-दर्द दूर कर सकूं जीवन का यही लक्ष्य है। इसके लिए कड़ा परिश्रम करूंगी। बच्चा राम यादव इंटरमीडिएट कालेज भुलई का पूरा बाबूगंज की छात्रा महक के पिता शिव प्रसाद जायसवाल कौशांबी के कोखराज में किराना की दुकान चलाते हैं। मां कुसुम गृहणी हैं। बड़ी बहन आयुषी निजी विद्यालय में शिक्षक हैं। वह कहती हैं कि उनकी सफलता के पीछे दीदी की प्रेरणा है। उन्हीं की देखरेख में आठ-नौ घंटे पढ़ाई करती थी। उन्होंने बेहतर करने का हौसला बढ़ाया, जिसकी वजह से टॉप कर गई। बताया कि उन्होंने टॉपर बनने का नहीं सोचा, हां, अच्छा नंबर आएगा उसके प्रति आश्वस्त थी।

**सभी परीक्षा बोर्ड में सबसे पहले रिजल्ट:** हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम देने में यूपी बोर्ड एक बार फिर काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से आगे निकल गया। सीआईएससीई की 12वीं की परीक्षा 14 फरवरी से और 10वीं की परीक्षा 18 फरवरी से शुरू हुई थी जबकि सीबीएसई की 10वीं-12वीं की परीक्षाए 15 फरवरी से शुरू हुई थी। यूपी बोर्ड की परीक्षाए सबसे अंत में 24 फरवरी से 12 मार्च तक 13 कार्य दिवसों में कराई गई थी।

**आगरा रहा अव्वल तो सोनभद्र फिसड्डी:** 10वीं में आगरा अव्वल नंबर पर रहा। यहां के 94.99 फीसदी अभ्यर्थी पास हुए हैं। 94.67 फीसदी के साथ बस्ती दूसरे नंबर पर, जबकि 94.60 फीसदी के साथ मथुरा तीसरे स्थान पर रहा। सोनभद्र सबसे फिसड्डी जिला रहा। यहां सिर्फ 74.72 प्रतिशत अभ्यर्थी पास हुए हैं। दूसरे नंबर पर ललितपुर रहा, जहां 78.82 प्रतिशत, जबकि तीसरे नंबर पर पीलीभीत रहा, जहां 82.59 प्रतिशत अभ्यर्थी पास हुए।

**लड़कियां, लड़कों से 7 प्रतिशत ज्यादा पास:** इस बार यूपी बोर्ड परीक्षा में 90.11 प्रतिशत अभ्यर्थी पास हुए हैं। लड़कियां 93.87 प्रतिशत, जबकि लड़के 86.66 प्रतिशत पास हुए। इस हिसाब से लड़कियां, लड़कों से 7.21 प्रतिशत अधिक पास हुई हैं। 2024 में 89.55 प्रतिशत छात्र-छात्राएं पास हुए थे। इस साल 0.56 प्रतिशत अधिक छात्र-छात्राएं सफल हुए हैं।

**96 प्रतिशत कैदियों ने पास की परीक्षा:** जेल से 94 कैदियों ने परीक्षा दी थी। इसमें से 91 में कैदी पास हुए हैं। कैदियों का पासिंग परसेंटेज 96 प्रतिशत है। पिछले 5 साल की बात करें तो पासिंग परसेंटेज में 17 प्रतिशत इजाफा हुआ है। 2020 में 83 प्रतिशत अभ्यर्थी पास हुए थे।

## 335 परीक्षा केंद्रों पर हुई थी परीक्षा

**प्रयागराज।** डीआईओएस पीएन सिंह ने बताया कि इस बार यूपी बोर्ड एग्जाम प्रयागराज जनपद के 335 परीक्षा केंद्रों पर हुई थी। इसकी निगरानी के लिए 335 केंद्र व्यवस्थापक व 335 वाह्य केंद्र व्यवस्थापक एवं 335 स्टेटिक मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई थी। **इसके अलावा निगरानी के लिए तहसील स्तर पर 8 सुपर** जोनल, 8 जोनल एवं 33 सेक्टर मजिस्ट्रेट जिसमें बीडीओ व नायब तहसीलदार शामिल रहे। पिछले वर्ष की बात की जाए तो यहां 109366 परीक्षार्थी इंटर मीडिएट की परीक्षा में शामिल हुए थे।

**दसवीं के टॉपर**

1. यश प्रताप सिंह, जालौन
2. अंशी, इटावा
3. सिमरन गुप्ता, जालौन
4. आकृति पटेल, हरदोई
4 - आस्था पटेल, उन्नाव
4- अंशी कश्यप, इटावा
5- श्रेया राज, हरदोई
6- शिवानी देवी, जालौन
8- आकांक्षा सिंह, कानपुर देहात
8- अरुही, इटावा
8- मुस्कान, इटावा
8- चांदनी राठौर, औरैया
9- श्रेयांश, फतेहपुर
10- प्रतिमा पटेल, हरदोई
10- रिया, जालौन

**12वीं की टॉपर लिस्ट**

1. महक जयसवाल प्रयागराज 97.20 फीसदी
2. साक्षी अमरोहा 96.80 प्रतिशत
2. आदर्ष यादव सुल्तानपुर 96.80 फीसदी
2. शिवानी सिंह प्रयागराज 96.80 प्रतिशत
2. अनुष्का सिंह कौशाम्बी 96.80 प्रतिशत
3. मोहिनी इटावा 96.40 फीसदी

# परीक्षा में लकड़ियों का कमाल

> 10वीं में 93.87 प्रतिशत तो 12वीं में 86.37 प्रतिशत रहा रिजल्ट

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद् की ओर से रिजल्ट आज यूपी बोर्ड के परिणाम जारी कर दिए गए। हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाओं में हिस्सा लेने वाले करीब 55 लाख स्टूडेंटस के लिए आज निर्णायक दिन रहा। माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से आज यानि दोपहर 12:30 परिणामों को ऑफिसियल वेबसाइट www.upm sp.edu.in पर जारी कर दिया गया। बोर्ड ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रिजल्ट को घोषित किया। यूपी बोर्ड मुख्यालय में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा के परिणामों की घोषणा करते हुए शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) डाक्टर महेंद्र देव ने बताया कि हाईस्कूल की परीक्षा में शामिल 13,27,024 छात्रों में से 11,49,984 छात्र उत्तीर्ण हुए। छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत 86,66 रहा। वहीं, हाईस्कूल की परीक्षा में शामिल 12,18,791 छात्राओं में से 11,44,138 छात्राएं उत्तीर्ण हुई। छात्राओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 93.87 रहा। इस प्रकार से संपूर्ण परीक्षार्थियों में छात्राओं का उत्तीर्ण प्रतिशत, छात्राओं के उत्तीर्ण प्रतिशत से 7.21 अधिक है। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल की परीक्षा में लड़कों के मुकाबले लड़कियों ने बेहतर प्रदर्शन किया और छात्राओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 93.87 रहा जबकि छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत 86.66 दर्ज किया गया। परीक्षा में 13,27,024 छात्र और 12,18,791 छात्राएं शामिल हुई थीं। 24 फरवरी से 12 मार्च, 2025 के मध्य 8,140 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई हाईस्कूल की परीक्षाओं में उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 92,594 परीक्षकों द्वारा संपन्न कराया गया। हाईस्कूल की परीक्षा में कुल 25, 45,815 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। उत्तर प्रदेश बोर्ड की इंटरमीडिएट की परीक्षा में बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत, बालकों के मुकाबले 9.77 प्रतिशत अधिक रहा।

अवधनामा

लखनऊ, शनिवार, 26 अप्रैल 2025



# बाजार में बिकवाली हावी, शुरुआती बढ़त गंवाकर 1100 अंक फिसला सेंसेक्स, निफ्टी 24000 से नीचे

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार में शुक्रवार को शुरुआती बढ़त के बावजूद गिरावट दिखी। दोपहर 11 बजकर 49 मिनट पर बीएसई सेंसेक्स 1,153.26 (1.44%) टूटकर 78,648.17 पर पहुंच गया। दूसरी ओर, एनएसई निफ्टी 375.86 (1.55%) अंक टूटकर 23,870.85 के स्तर पर पहुंच गया।

घरेलू शेयर बाजार हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन सकारात्मक रुख के साथ खुला। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 329.23 अंक चढ़कर 80,130.66 अंक पर पहुंचा, जबकि निफ्टी 118.75 अंक बढ़कर 24,365.45 अंक पर पहुंचा। हालांकि, धीरे-धीरे बाजार ने अपनी बढ़त गंवा दी और लाल निशान पर पहुंच गया। दोपहर 11 बजकर 49 मिनट पर बीएसई सेंसेक्स 1,153.26 (1.44त्न) टूटकर 78,648.17 पर पहुंच गया। दूसरी ओर, एनएसई निफ्टी 375.86 (1.55%) अंक टूटकर 23,870.85 के स्तर पर पहुंच गया।

**उछाल**

**विदेशी फंडों के निरंतर प्रवाह और वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में इक्विटी बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में उछाल आया।**



**एक्सिस बैंक के कारण शेयर बाजार में भारी गिरावट**

विदेशी फंडों के निरंतर प्रवाह और वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में इक्विटी बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में उछाल आया। हालांकि, दोनों बढ़त को ज्यादातर नहीं संभाल पाए। बाद में एक्सिस बैंक के कारण इसमें भारी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स की कंपनियों में से एक्सिस बैंक में 3.50 प्रतिशत की गिरावट आई, क्योंकि देश के तीसरे सबसे बड़े निजी क्षेत्र के ऋणदाता ने मार्च तिमाही में मामूली गिरावट दर्ज करते हुए 7,117 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया, जो एक साल पहले की समान तिमाही में 7,130 करोड़ रुपये था।

**हरे निशान पर खुला था बाजार**

इससे पहले 30 शेयरों वाला बीएसई बेंचमार्क सूचकांक शुरुआती कारोबार में 329.23 अंक चढ़कर 80,130.66 अंक पर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी 118.75 अंक चढ़कर 24,365.45 अंक पर पहुंच गया था। हालांकि, बाद में दोनों बेंचमार्क सूचकांकों ने शुरुआती बढ़त गंवा दी और गिरावट के साथ कारोबार करने लगे। एक वक्त बीएसई बेंचमार्क करीब 800 तो निफ्टी 220 अंक गिरकर कारोबार कर रहा था।

**किसे फायदा-किसे नुकसान?**

अदाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, टाटा मोटर्स, टेक महिंद्रा और इटरनल भी लुढ़कते दिखे। हालांकि, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इंफोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचसीएल टेक, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक सबसे ज्यादा फायदे में रहे। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 8,250.53 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

**एशियाई और अमेरिकी बाजारों का हाल**

एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कोस्पी इंडेक्स, टोक्यो का निक्केई 225, शंघाई एसएसई कंपोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग सकारात्मक रुख के साथ में कारोबार कर रहे थे। गुरुवार को अमेरिकी बाजार काफी तेजी के साथ बंद हुए थे। नैस्डैक कंपोजिट में 2.74 फीसदी, एसएंडपी 500 में 2.03 प्रतिशत और डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में 1.23त्न की तेजी आई।

# पहलगाम हमले के पीड़ितों की मदद के लिए एक करोड़ रुपये, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का एलान



**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने 22 अप्रैल, 2025 को कश्मीर के पहलगाम में हुए दुखद आतंकवादी हमले के पीड़ितों के परिवारों की सहायता के लिए, एक करोड़ रुपये देने का संकल्प लिया है। इस हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी। इस घटना के बाद पूरे देश में शोक और गुस्से की लहर दौड़ गई। एनएसई के एमडी और सीईओ आशीष कुमार चौहान ने सोशल मीडिया पर इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए सहायता देने की घोषणा की।

चौहान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक ट्वीट में कहा, ÷समर्थन के एक विनम्र रूप में, एनएसई इस कठिन समय के दौरान पीड़ितों के परिवारों के साथ एकजुटता दिखाते हुए, पीड़ितों के परिजनों को 1 करोड़ रुपये देने का संकल्प लेता है।÷ एनएसई के इस कदम की इस कदम की जनता की ओर से व्यापक रूप से सराहना की गई है। लोगों ने इस त्रासदी के बाद एनएसई की सहानुभूतिपूर्ण प्रतिक्रिया की सराहना की है।

एक यूजर ने पोस्ट पर टिप्पणी की, इस कदम की जनता की ओर से व्यापक रूप से सराहना की गई है। उद्योग जगत के नेताओं और नागरिकों ने इस त्रासदी पर एनएसई की त्वरित और दयालु प्रतिक्रिया की सराहना की है। एक अन्य उपयोगकर्ता ने कहा, यह केवल मौद्रिक समर्थन नहीं है। यह एक बड़ा संदेश देता है। आपको और एनएसई को बधाई।

एनएसई ने यह कदम भारत की ओर से कश्मीर के पहलगाम जिले में हुए आतंकवादी हमले के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के बाद उठाया गया है। भारत सरकार ने इस कायरतापूर्ण कार्रवाई के बाद आतंकियों को संरक्षण देने के विरोध में पाकिस्तान के साथ 1960 की सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही अटारी में एकीकृत चेक पोस्ट को भी बंद कर दिया गया है। जिन लोगों के पास वैध वीजा है, केवल उन्हें ही 1 मई, 2025 तक उक्त मार्ग से लौटने की अनुमति है।

इसके अलावा, पाकिस्तानी नागरिकों को अब सार्क वीजा छूट योजना (एसवीईएस) के तहत भारत में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। पहले जारी किए गए किसी भी एसवीईएस वीजा को भी रद्द कर दिया जाएगा। वर्तमान में भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को देश से बाहर निकलने के लिए 48 घंटे का समय दिया गया है।

# OPPO A5 प्रो 5G: शानदार परफॉरमेंस और मज़बूत डिजाइन के साथ हुआ लॉन्च



**नई दिल्ली।** OPPO India ने मजबूती के वादे को निभाते हुए OPPO A5 Pro 5G के साथ स्मार्टफोन की दूरेबिलिटी में एक नई मिसाल कायम की है। यह फोन OPPO की दूरेबिलिटी वाली पहचान को F सीरीज़ से A सीरीज़ तक आगे बढ़ाया है और स्मार्टफोन की ताकत को नए स्तर पर ले गया है। अब OPPO के सभी फ्लैगशिप, मिड-रेंज और A5 Pro डिवाइसेज़ में IP69 जैसी बेहतरीन रेटिंग मिलती है, जो की ये दर्शाता है की ब्रांड कैसे एक दूरेबल चैंपियन फॅमिली का पोर्टफोलियो अपने कंस्यूमर्स को प्रोवाइड कर रहे है । इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए, OPPO अब A5 Pro 5G के ज़रिए मजबूती को आम लोगों तक पहुंचा रहा है–ताकि ज़्यादा से ज़्यादा लोग एक दमदार स्मार्टफोन का अनुभव कर सकें।

OPPO A5 प्रो 5G के 8GB+128GB वैरिएंट का मूल्य 17,999 रुपये और 8GB+256GB वैरिएंट का मूल्य 19,999 रुपये है। यह Amazon, Flipkart, OPPO स्टोर और मेनलाइन रिटेल आउटलेट्स पर दो रंगों - मोचा ब्राउन और फेदर ब्लू में उपलब्ध है। इसकी ख़रीद पर U SBI, IDFC फर्स्ट बैंक, BOB फाइनेंशियल, फ़ेडरल बैंक और DBS के क्रेडिट कार्ड्स पर ग्राहकों को 1500 रुपये तक का कैशबैक और 6 महीने तक की नो-कॉस्ट EMI दी जा रही है। साथ ही, इस बेहतरीन परफॉरमेंस वाले ड्यूरेबल पावरहाउस को खरीदना आसान बनाने के लिए ज़ीरो डाउन पेमेंट स्कीम भी उपलब्ध है।

यह स्मार्टफोन पानी, धूल और हाई-प्रेशर जेट से पूरी सुरक्षा के लिए IP69, IP68 और IP66 सर्टिफिकेशन के साथ आता है। 18 मल्टी-लिक्विड रेजिस्टेंस प्रोटेक्शन के कारण यह खारे पानी, पसीने, कॉफी जैसे अनेक लिक्विड्स से भी सुरक्षित है। इसलिए यह रोजमर्रा की परिस्थितियों के लिए उत्तम है। चाहे बारिश हो या धूल, या फिर अचानक यह स्मार्टफोन आपके हाथों से गिर जाए, पर इसकी मजबूती कम नहीं होती है। A5 प्रो 5G वॉटर और डस्ट रेजिस्टेंस के अलावा यह मिलिट्री-ग्रेड शॉक-रेजिस्टेंस के साथ आता है, इसलिए यह सबसे कठिन परिस्थितियों को भी सहन कर सकता है।

इसमें मजबूत डबल-टेंपरिंग ग्लास है, जिसके कारण इसकी ड्रॉप रेजिस्टेंस 160% बढ़ गई है। इसमें OPPO की स्प्लैश टच टेक्नोलॉजी है, जिसकी मदद से इसकी स्क्रीन को गीले या तेल लगे हाथों से भी चलाया जा सकता है, इसलिए यह गीले वातावरण और रसोई में भी आसानी से उपयोग किया जा सकता है। इस डिवाइस को ग्लव्स पहनकर भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

# पहलगाम आतंकी हमले के बाद बढ़ा तनाव नहीं झेल पाया पाकिस्तानी शेयर बाजार

**नई दिल्ली।** कश्मीर में घातक आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के कारण शुक्रवार, 25 अप्रैल को पाकिस्तान स्टॉक एक्सचेंज (पीएसएक्स) की वेबसाइट क्रैश हो गई। पीएसएक्स के ऑनलाइन पोर्टल पर एक संदेश दिखा जिसमें लिखा था, हम शीघ्र ही वापस आएंगे÷, जो यह दर्शाता है कि वेबसाइट अस्थायी रूप से अनुपलब्ध है।

पाकिस्तानी शेयर बाजार की वेबसाइट के क्रैश होने की घटना बेंचमार्क पीएसएक्स इंडेक्स में लगातार दो दिनों में तेज गिरावट दर्ज किए जाने के बाद हुई। गुरुवार को, केएसई-100 इंडेक्स में कारोबार के पहले पांच मिनट में 2.12त्न या 2,485.85 अंकों की गिरावट आई और यह 114,740.29 पर बंद हुआ। इसके बाद बुधवार को भी इसी तरह की तेज गिरावट आई, जिससे सिर्फ़ दो दिनों में 2,500 से ज़्यादा अंकों की गिरावट दर्ज की गई।

बाजार में गिरावट और वेबसाइट क्रैश की घटना जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों को निशाना बनाकर किए गए आतंकी हमले के बाद बढ़े भू-राजनीतिक तनाव के बीच हुई। इस स्थिति के कारण सीमा के दोनों ओर अनिश्चितता की स्थिति पैदा हो गई।

इन तनावों के कारण जहां भारत में दलाल स्ट्रीट में भी करीब 1,000 अंकों की गिरावट देखी गई , वहीं पाकिस्तान के स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट के ऑफलाइन होने से क्षेत्र के निवेशकों की चिंताएं बढ़ गईं।

पीएसएक्स की वेबसाइट पर संदेश में बस इतना कहा गया था कि साइट रखरखाव के अधीन है और जल्द ही वापस आ जाएगी। हालांकि, पीएसएक्स की ओर से वेबसाइट के अचानक क्रैश होने का कोई आधिकारिक कारण नहीं बताया गया है।

# एयर इंडिया-इंडिगो का यात्रियों को अपडेट, कहा- पाक हवाई क्षेत्र बंद होने से पड़ेगा प्रभाव

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने कहा कि अमेरिका, यूरोप और मध्य पूर्व की कुछ उड़ानें प्रभावित हो सकती हैं। इंडियो ने भी यात्रियों को कुछ उड़ानों के प्रभावित होने की बात कही है। दोनों एयरलाइनों ने यात्रियों को हो रही असुविधा के लिए खेद जताया और आग्रह किया कि वे हवाई अड्डे के लिए रवाना होने से पहले उड़ान के समय और समय-सारणी की दोबारा जांच कर लें। आइए इस बारे में विस्तार से जानें। इंडिगो और एयर इंडिया ने पाकिस्तान की ओर से भारतीय एयरलाइनों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद करने के बाद यात्रियों को सेवा बाधित होने की जानकारी दी है। एक्स पर संदेश में विमानन कंपनियों ने कहा कि उड़ान मार्ग बदलने के कारण कुछ अंतरराष्ट्रीय उड़ान प्रभावित हो सकते हैं। वर्तमान हालात में ÷वैकल्पिक विस्तारित मार्ग÷ का चयन करना पड़ सकता है। एयर इंडिया ने कहा कि अमेरिका, यूरोप और मध्य पूर्व की कुछ उड़ानें प्रभावित हो सकती हैं। इंडियो ने भी यात्रियों को कुछ उड़ानों के प्रभावित होने की बात कही है। दोनों एयरलाइनों ने यात्रियों को हो रही असुविधा के लिए खेद जताया और आग्रह किया कि वे हवाई अड्डे के लिए रवाना होने से पहले उड़ान के समय और समय-सारणी की दोबारा जांच कर लें। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत की ओर से शुरुआती प्रतिक्रिया देने पर पाकिस्तान ने भारत के स्वामित्व वाली या भारत से संचालित सभी एयरलाइनों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया था। पाकिस्तान ने यह कदम भारत की ओर से पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में उठाए गए पहले कूटनीतिक फैसलों के बाद उठाया। भारत ने आतंकी हमलों पर प्रतिक्रिया देते हुए पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा और सिंधु जल समझौता स्थगित करने का फैसला किया है। पाकिस्तान को अपनी नदी जल आपूर्ति का अनुमानतः 80 प्रतिशत इसी समझौते के तहत प्राप्त होता है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार दोपहर हुए हमले में नागरिकों और पर्यटकों समेत 26 लोग मारे गए। यह पिछले कई सालों में नागरिकों पर हुआ सबसे भयानक हमला है।

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 8.31 अरब डॉलर बढ़कर 686.145 अरब डॉलर हुआ

**नई दिल्ली।** लगातार सातवें सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि हुई है। 11 अप्रैल को समाप्त पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 1.567 अरब डॉलर बढ़कर 677.835 अरब डॉलर हो गया था। सितंबर 2024 के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.885 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गया था। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार 18 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.516 अरब डॉलर बढ़कर 578.495 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में अभिव्यक्त विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी इकाइयों के मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है। आरबीआई ने कहा कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार 4.575 अरब डॉलर बढ़कर 84.572 अरब डॉलर हो गया। शीर्ष बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 212 मिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़कर 18.568 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गए। शीर्ष बैंक के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में आईएमएफ के पास भारत की आरक्षित स्थिति भी 70 लाख डॉलर बढ़कर 4.51 अरब डॉलर हो गई। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि उसने जालंधर स्थित इंपीरियल अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक का लाइसेंस रद्द कर दिया है, क्योंकि बैंक के पास पर्याप्त पूंजी और कमाई की संभावनाएं नहीं हैं। पंजाब सरकार के सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार से भी बैंक को बंद करने का आदेश जारी करने तथा बैंक के लिए परिसमापक नियुक्त करने का अनुरोध किया गया है। परिसमापन पर, प्रत्येक जमाकर्ता जमा बीमा और ऋण गारंटी निगम (डीआईसीजीसी) से 5 लाख रुपये तक की अपनी जमा राशि पर जमा बीमा दावा राशि प्राप्त करने का हकदार होगा। बैंक की ओर से प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, आरबीआई ने कहा कि 97.79 प्रतिशत जमाकर्ता डीआईसीजीसी से अपनी जमा राशि की पूरी राशि प्राप्त करने के हकदार हैं। 31 जनवरी, 2025 तक डीआईसीजीसी ने कुल बीमित जमाराशियों में से 5.41 करोड़ रुपये का भुगतान पहले ही कर दिया है।

# शहत गिल अपने नए गाने 'बांब' की रिलीज़ के साथ सभी की नजरों में छाई



पंजाबी म्यूज़कि की दमदार दिवा शहत गिल एक बार फिर पॉप जगत में ज़ोरदार वापसी कर रही हैं अपने नए गाने 'बांब' के साथ। यह जोशीला और धमाकेदार ट्रैक दुनियाभर के प्लेलिस्ट्स पर राज करने वाला है और साथ ही डांस फ्लोर्स पर धमाल मचाने वाला है। रॉनी और गिल की सुपरहिट जोड़ी द्वारा प्रोड्यूस किया गया 'बांब' खुद से प्यार करने, अपनी पहचान बनाने और बेहतरीन आत्मविश्वास का जश्न है, जो तेज़ बीट्स और दमदार हुक लाइन से भरपूर है।

'हुलारे' और 'एवरीडे' जैसे हिट गानों के साथ शहत गिल पहले ही पंजाबी म्यूज़कि जगत में छाई हुई हैं। 'बांब' एक बोल्ड और शरारती गाना है, जो किसी खास शख्स की जबरदस्त मौजूदगी की झलक दिखाता है। शहत की आवाज़ सिर्फ गाती नहीं, बल्कि थिरकती भी है, इसमें जोश, रंगीनियत और भरपूर एनर्जी है जो हर पल को ज़िंदा कर देती है और आपको मस्ती की दुनिया से रूबरू कराती है।

अपनी क्रिएटिव जर्नी के बारे में बताते हुए शहत ने कहा कि, ÷पंजाबी म्यूज़कि में हमेशा एक इमोशनल और एनर्जेटिक एहसास रहा है, और मैं उस जज़्बे को ताकत और नारीत्व के नजरिए से दिखाना चाहती थी। 'बांब' हर उस लड़की के लिए है जो आत्मविश्वासी है, अपनी पहचान रखती है और जो सब पर एक गहरी छाप छोड़ सकती है साथ ही यह उन सभी के लिए भी है, जिन्हें खुद को साबित करने के लिए किसी बहाने की ज़रूरत नहीं है। मैं चाहती हूं कि ये ट्रैक हर किसी को उनके अंदर की बेहतरीन 'बांब' वर्ज़न को बाहर लेकर आएगा।÷

# मेदांता हॉस्पिटल में वैरिकोज़ वेन क्लिनिक की शुरुआत

## अब बिना सर्जरी नसों की बीमारियों का आधुनिक इलाज संभव

**लखनऊ।** मेदांता हॉस्पिटल, लखनऊ में विशेष वैरिकोज़ वेन क्लिनिक की शुरुआत हुई। यहाँ वैस्कुलर और इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी के माध्यम से आधुनिक, सुरक्षित और बिना दर्द इलाज की सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर डॉ. रोहित अग्रवाल, डायरेक्टर- इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी, डॉ. गौरव चौहान , सीनियर कंसल्टेंट इंटरवेंशन रेडियोलोजी , डॉ. कविश कुमार चौरसिया, कंसल्टेंट- इंटरवेंशन रेडियोलोजी, डॉ. वृतिका भारद्वाज, एसोसिएट कंसल्टेंट- इंटरवेंशन रेडियोलोजी, समेत अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



डॉ. रोहित अग्रवाल, डायरेक्टर- इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी ने बताया कि वैरिकोज़ वेन्स को केवल एक सौंदर्य समस्या समझना एक भूल है। समय पर इलाज न होने पर यह बीमारी सूजन, त्वचा का काला पड़ना, घाव बनना और खून के थक्के जैसी गंभीर जटिलताओं का कारण बन सकती है। इस क्लिनिक में उन्नत डॉप्लर अल्ट्रासाउंड तकनीक द्वारा सटीक जांच की जाती है और लेज़र थैरेपी, रेडियोफ्रीक्वेंसी एब्लेशन तथा ग्लू थैरेपी जैसी अत्याधुनिक तकनीकों के माध्यम से इलाज किया जाता है। ये सभी तकनीकें बिना चीरे और बिना टांके की मदद से की जाती हैं, जिससे मरीज़ जल्दी ठीक होते हैं और अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता नहीं पड़ती।

यह पहल केवल नसों के इलाज तक सीमित नहीं है। इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी की इस आधुनिक चिकित्सा पद्धति को आमजन तक पहुँचाने का एक प्रयास है। आज की तकनीक से ब्रेन स्ट्रोक, ब्लीडिंग, ट्यूमर जैसी जटिल बीमारियों का इलाज भी बिना सर्जरी, केवल एक छोटे से छेद के ज़रिए संभव है। डॉ. राकेश कपूर, मेडिकल डायरेक्टर एंड डायरेक्टर, यूरोलॉजी रेबोटिक्स एंड किडनी ट्रांसप्लांट ने बताया कि मेदांता का उद्देश्य लखनऊ समेत प्रदेश के लोगों को यह विश्वास दिलाना है कि अब उन्हें इलाज के लिए मेट्रो शहरों की ओर रुख करने की आवश्यकता नहीं है। विभिन्न बीमारियों से जुड़ा विश्वस्तरीय इलाज अब लखनऊ जैसे शहर में भी उपलब्ध है। हमारा प्रयास आमजन को विभिन्न बीमारियों के प्रति जागरूक करने से लेकर गुणवत्तापूर्ण इलाज देने का है, जिससे उनके जीवन को बेहतर बनाया जा सके।

# सीज़न 2 के साथ ब्रिटानिया मैरी गोल्ड हर स्टार्ट-अप शो की वापसी

**मुंबई।** ब्रिटानिया मैरी गोल्ड ने हर स्टार्ट-अप शो के सीज़न 2 के लॉन्च की घोषणा की। ग्रुप एम मोशन एंटरटेनमेंट और माइंडशेयर के साथ साझेदारी में लॉन्च किया गया यह शो देश भर की महिला उद्यमियों को समर्पित पहली राष्ट्रीय रियलिटी सीरीज़ है, जो उनके विचारों को प्रदर्शित करने का एक मंच है। 19 अप्रैल को जियोहॉटस्टार पर दिखाए गए इस शो में 40 फाइनलिस्ट 10 लाख रुपये के गोल्डन ग्रांट के लिए मुकाबला कर रहे हैं।ग्रुप एम मोशन कंटेंट द्वारा परिकल्पित, ब्रिटानिया मैरी गोल्ड हर स्टार्ट-अप शो सिर्फ़ एक सीरीज़ से कहीं ज़्यादा है - यह बदलाव का स्रोत है, जो महिलाओं को फ़ंडिंग, मेंटरशिप और राष्ट्रीय दृश्यता के माध्यम से अपने विचारों को प्रभाव में बदलने के लिए सशक्त बनाता है।इंदौर, औरंगाबाद, कोयंबटूर, जम्मू और कश्मीर जैसे शहरों का प्रतिनिधित्व करते हुए, 40 प्रतियोगियों ने भोजन, फैशन, स्थिरता, तकनीक और कृषि-समाधानों पर विचार प्रस्तुत किए। 19 अप्रैल से हर वीकेंड में दो नए एपिसोड जियोहॉटस्टार पर आएँगे, जिसमें पिच से लेकर मेंटरशिप और 10 लाख रुपये के ब्रिटानिया मैरी गोल्ड ग्रांट तक के सफ़र को दिखाया जाता है।अभिनेत्री श्रिया सरन द्वारा होस्ट किए जाने वाले इस शो में एक ऑल-स्टार जूरी शामिल है। इनमें से कुछ के नाम हैं- अभिनेत्री-उद्यमी नेहा धूपिया, मास्टरशेफ़ की विजेता शिप्रा खन्ना, शिल्पकार रूमा देवी, सुता की सुजाता विश्वास, आरती गुप्ता (जागरण ग्रुप), रिया जोसेफ़ (ब्रिटानिया), और श्रेष्ठ गुप्ता (ह्रश्चष्ट इंडिया)।ब्रिटानिया के जनरल मैनेजर - मार्केटिंग सिद्धार्थ गुप्ता ने कहा, ÷महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने की यात्रा ब्रिटानिया मैरी गोल्ड ने पाँच साल पहले इस साधारण विश्वास के साथ शुरू की थी कि भारत भर में लाखों महिलाओं के पास शक्तिशाली विचार हैं, और उन्हें बस एक ऐसे मंच की आवश्यकता है, जहाँ उनके विचारों को समझा जाए और समर्थन किया जाए। एक राष्ट्रव्यापी प्रतियोगिता के रूप में शुरू हुई यह यात्रा हरस्टोर और अब हर स्टार्ट-अप शो के सीज़न 2 जैसी पहल के साथ एक मज़बूत तंत्र में विकसित हो गई है। प्रत्येक कदम ने महिलाओं को 'अधिक करो, अधिक बनो' में मदद करने की हमारी प्रतिबद्धता को और गहरा किया है। ब्रिटानिया मैरी गोल्ड हर स्टार्ट-अप शो का सीज़न 2 विशेष रूप से जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रहा है।

# यूपी बोर्ड रिजल्ट घोषित, एलपीएस के विद्यार्थियों का लखनऊ जिले में दबदबा



**लखनऊ।** शुक्रवार को यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट के वर्ष 2024-25 के परीक्षा परिणाम जारी किये गए जिसमें लखनऊ पब्लिक कॉलेज बी- ब्लाक, राजाजीपुरम के हाईस्कूल के 47 विद्यार्थियों में 6 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक व इण्टर में 59 छात्र-छात्राओं में 8 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। हाईस्कूल में रितीश कुमार व सफल मिश्रा ने संयुक्त रुप से 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लखनऊ जिले में प्रथम स्थान, श्रेयांस अस्थाना (94.83%) जिले में दूसरा, यशी सक्सेना (94.5%) जिले में तीसरा तथा ओम कुमार ने (94.33%) प्राप्त कर जिले में चौथा स्थान प्राप्त किया।

वहीं इण्टर में सचिन रावत ने 89.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लखनऊ जिले में सातवां स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर संस्थापक चेयरमैन सांसद डॉ एसपी सिंह ने बच्चों, सभी शिक्षकों, प्रधानाचार्यों व अभिभावकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि जीवन का हर दिन परीक्षाओं से भरा हुआ है, बच्चों को हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार रहना है। साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पूरी ऊर्जा और मनोयोग के साथ करना है। संस्था में आयोजित प्रेस वार्ता में जनरल मैनेजर शिखर पाल सिंह, प्रधानाचार्य ज्ञानेंद्र कुमार, शिक्षक शिक्षिकाएं, अभिभावकगण तथा बच्चे उपस्थित रहे।


# एमेजॉन इंडिया ने की वर्ष 2025 के अंत तक 80,000 से ज़्यादा डिलीवरी पार्टनर्स को मुफ्त हेल्थ चेकअप की सुविधा देने की घोषणा

एमेजॉन इंडिया ने आज यह घोषणा करी कि वह 2025 के अंत तक देशभर में मेडिकल कैंप लगाकर 80,000 से भी ज़्यादा डिलीवरी पार्टनर्स को मुफ्त हेल्थ चेकअप की सुविधा देगा। यह पहल पहले ही शुरू हो चुकी है, जिसमें तमिलनाडु और दिल्ली-एनसीआर में चार कैंप लगाए जा चुके हैं। इससे एमेजॉन की अपने डिलीवरी पार्टनर्स की सेहत और सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता साफ दिखाई देती है। ये मेडिकल कैंप मार्श और केयर इंश्योरेंस के साथ मिलकर आयोजित किए जा रहे हैं। इसमें आंखों की जांच, दांतों की जांच, बीएमआई चेक और सामान्य डॉक्टर की सलाह जैसी स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही हैं। डिलीवरी पार्टनर इन सेवाओं का फायदा एमेजॉन के लास्ट-माइल डिलीवरी स्टेशनों पर लगाए गए कैंप में जाकर ले सकते हैं, बस उन्हें सरकार द्वारा जारी कोई पहचान पत्र दिखाना होगा।डॉ. करुणा शंकर पांडे, वाइस प्रेसिडेंट, एमेजॉन लॉजिस्टिक्स, एमेजॉन इंडिया ने बताया कि, ÷हम पूरे भारत में इन हेल्थ कैंप को शुरू करके गर्व महसूस कर रहे हैं, ताकि हमारे (रोकथाम वाली सेहत सेवाएं) को सीधे डिलीवरी स्टेशनों तक लाकर लगभग 80,000 डिलीवरी पार्टनर्स के लिए ज़रूरी मेडिकल सेवाएं



डिलीवरी पार्टनर्स की सेहत का ख्याल रखा जा सके। यह पहल एमेजॉन के मौजूदा बेनिफिट्स को और मज़बूत बनाती है, जिसमें पहले से ही ग्रुप मेडिक्लेम और ग्रुप पर्सनल एक्सीडेंट इंश्योरेंस शामिल हैं। हम प्रिवेंटिव हेल्थकेयर आसान बना रहे हैं, जो हमारे लास्ट-माइल ऑपरेशंस की जान है।÷अगले चरण के मेडिकल कैंप शुरू हो चुके हैं, जो उत्तर भारत पर केंद्रित हैं। इनमें दिल्ली एनसीआर, गाज़ियाबाद, गुरुग्राम, नोएडा, जयपुर, लखनऊ और वाराणसी आदि शामिल हैं।

# खराब रैंकिंग वाले विभागों को नवागत डीएम ने दी चेतावनी



**सीएम डैशबोर्ड पर विकास कार्यों की समीक्षा बैठक**

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड जिला अनुश्रवण पुस्तिका के आधार पर विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। मार्च माह में विकास कार्यों के अंतर्गत जनपद को 11वीं रैंक प्राप्त हुई है। डीएम ने ए+, और ए रैंकिंग प्राप्त करने वाले विभागाध्यक्षों के कार्यों की सराहना की साथ ही जिन विभागों की रैंकिंग बी,सी, डी एवं ई थी, उन्हे निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण काम कराते हुए लक्ष्य प्राप्त करने के साथ साथ ग्रेडिंग एवं रैंकिंग सुधारने के निर्देश संबंधित विभागाध्यक्षों को दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को शासन से जुड़ी जनकल्याणकारी एवं विकासपरक योजनाओं एवं परियोजनाओं को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण करने का निर्देश दिया। मार्च माह में जनपद कुशीनगर की रैंकिंग विकास कार्यों में सम्मिलित रूप से ग्यारहवीं रही है, इसलिए सभी अधिकारी विशेष ध्यान दें कि किसी अधिकारी की शिथिलता या लापरवाही से जनपद की रैंकिंग प्रभावित नहीं हों, रैंकिंग और बेहतर हो इसका विशेष ध्यान रखें। पूरी तत्परता एवं कर्तव्यनिष्ठ होकर काम करने की आवश्यकता है। जिन विभागों का लक्ष्य अप्रैल में निर्धारित है या जो आवेदन आपके विभागीय पोर्टल पर आवेदकों के लंबित उन्हे शीघ्र समय से पहले निस्तारित करे जिससे कि रैंक और अधिक बेहतर हो सकें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के अंतर्गत मार्च माह में सोलर स्ट्रीट लाइट योजना दशमोत्तर छात्रवृत्ति छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजना, एकीकरण बागवानी विकास मिशन, पर ड्रॉप मोर क्रॉप (उद्यान विभाग), विद्युत बिल सुधार हेतु आवेदन, कृषि रक्षा रसायन डीबीटी (कृषि), प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पीएम कुसुम, फसल अवशेष प्रबंधन योजना, बीज डीबीटी, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मनरेगा, भवन निर्माण, एंबुलेंस 108, 102 सेवा, (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग), सहकारी दुग्ध समितियां, दिव्यांग पेंशन व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, स्वच्छ भारत मिशन फेज 2, सामाजिक वनीकरण, ऑपरेशन कायाकल्प (प्राथमिक शिक्षा), पीएम पोषण विद्यालय निरीक्षण, अंडा उत्पादन, पशु टीकाकरण, पशुओं में कृत्रिम गर्भधारण, सुरक्षित निराश्रित गोवंश की सुपुर्दगी, पूर्व दशम छात्रवृत्ति योजना (पिछड़ा वर्ग कल्याण), शादी अनुदान योजना, मत्स्य उत्पादन, निराश्रित महिला पेंशन का आधार सीडिंग, निराश्रित महिला पेंशन, (महिला एवं बाल विकास), मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, प्रोजेक्ट अलंकार (माध्यमिक शिक्षा), सेतुओं के निर्माण, सड़कों का अनुरक्षण (लोक निर्माण विभाग), कन्या विवाह योजना (श्रम एवं सेवायोजन), ओडीओपी टूल किट योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, समान वर्ग दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना,(समाज कल्याण), जिला सहकारी बैंक अल्पकालीन ऋण वितरण एवं वसूली, सिल्ट सफाई आदि विभिन्न विभागों के संचालित योजनाओं व कार्य में ए+/(ए प्लस) की रैंकिंग प्राप्त हुई है।

## दबंगों ने कढ़ाई में खौलता तेल डाला बुजुर्ग के ऊपर, घायल

**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के हलोर चौराहा से बछरावां जाने वाली सड़क पर नाथगंज में शराब के ठेके के बाहर रेड़ी लगाकर चाट की दुकान लगाने वाले बुजुर्ग की दुकान में कढ़ाई में खौलता हुआ तेल दबंगों ने दुकानदार बुजुर्ग के ऊपर डाल दिया जिससे वह गंभीर रूप से झुलस कर घायल हो गया। आपको बता दें कि, नाथगंज गांव निवासी रामसेवक (68) पुत्र बदल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि, विपक्षी जसवंत पुत्र राम आधार, सत्यनाम और गुड्डू पुत्र राम आधार ग्राम समसपुर हलोर के निवासी है।रामसेवक में बताया कि, हलोर में सरकारी शराब ठेका के बगल में टिक्की चाट की दुकान लगाता था। जिससे वह अपना व अपने परिवार का जीवकोपार्जन करता था। लेकिन प्रतिपक्षीगडण जसवंत, सत्यनाम ने बहुत दिनों से इसका विरोध कर रहे थे, कि यहां पर चाट की दुकान नहीं लगेगी। दोनों लोगों में कहा सुनी हो गई उसके बाद प्रतिपक्षियों द्वारा उग्र रुप धारण कर मेरी दुकान में खौलती हुई कढ़ाई का तेल मुझ बुजुर्ग के ऊपर डाल दिया। जिससे मैं गंभीर रूप से जल गया है और वही बेहोश हो गया एवं प्रतिपक्षियों द्वारा धारदार औजार द्वारा वार किया गया।

# अवैध बालू लदी एक ट्रैक्टर ट्राली सीज, तीन का चालान



**छोटी गंडक नदी के सुअरहां घाट पर रात में खनन अधिकारी ने की कार्रवाई**

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** छोटी गंडक नदी के विभिन्न घाटों पर अवैध बालू खनन की सूचना पर पहुंचे खनन अधिकारी ने रामकोला व कप्तानगंज थाना क्षेत्र के सुअरहां घाट से अवैध बालू खनन कर ले जा रहे ट्रैक्टर ट्राली को सीज कर दिया गया। इसके अलावा तीन वाहनों का ऑनलाइन चालान कर दिया गया। वही पटहेरवा थाना क्षेत्र में अवैध बालू लदी एक ट्रक को भी सीज किया गया। प्रशासन के इस कार्रवाई से अवैध खनन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

बता दे की कप्तानगंज व हाटा तहसील क्षेत्र से होकर गुजरने वाली छोटी गंडक नदी के विभिन्न घाटों पर अवैध बालू खनन का धंधा जोरों पर चल रहा था। गुरुवार की रात खनन अधिकारी अभिषेक कुमार सिंह रामकोला व कप्तानगंज थाना क्षेत्र के बीच मलुकहीं सुअरहां व सेमरिया घाट पर अवैध बालू खनन कर ट्रैक्टर ट्राली पर लोड कर ले जाया जा रहा था जिसे खनन अधिकारी ने मौके से पकड़ लिया। इसके अलावा तीन अन्य वाहन खड़ी थी जिसे जांच पड़ताल किया। इस दौरान एक ट्रैक्टर ट्राली पर अवैध बालू लादा पाया गया जिसे सीज करते हुए रामकोला थाने को सुपुर्द कर दिया। वही तीन अन्य वाहनों का ऑनलाइन चालान किया गया। इसके बाद खनन अधिकारी पटहेरवा थाना क्षेत्र में अवैध बालू लदी एक ट्रक को भी पकड़ कर सीज कर दिया। इस कार्यवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। इस संबंध में खनन अधिकारी ने कहा कि किसी भी सूरत में अवैध बालू खनन नहीं होने दिया जाएगा। अगर इसमें कोई भी संलिप्त पाया जाएगा तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## अज्ञात वाहन की ठोकर से 29 वर्षीय युवक की मौत

अवधनामा संवाददाता

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** थाना क्षेत्र के पिपराइच परतावल मार्ग पर स्थित पकड़ी चौराहे के समीप गुरुवार की रात अज्ञात कार की ठोकर से एक 29 वर्षीय युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के रामपुर निवासी रोहित कनौजिया पुत्र गोविंद कनौजिया उम्र लगभग 29 वर्ष बीते गुरुवार की शाम गोरखपुर से मजदूरी करके अपने ससुराल कप्तानगंज थाना क्षेत्र के गांव अवरही कृतपुरा जा रहा था।अभी वह पिपराइच परतावल मार्ग पर स्थित पकड़ी चौराहे के पास पहुंचा ही था कि सामने से आ रही तेज रफ्तार मारुति कार ने उसे ठोकर मार दिया।और मौके से फरार हो गया। जिसमें रोहित गंभीर रूप से घायल होकर वहीं अचेत हो कर गिर पड़ा। आस पास के लोगों ने उसकी पहचान किया तब तक परिजन भी मौके पर पहुंच गए।और घायल रोहित को इलाज के लिए निजी साधन से समुदायिक स्वास्थ्य केंन्द्र पिपराइच ले गए जहां डॉक्टरों ने स्थिति गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया।परिजन उसे लेकर मेडिकल कॉलेज गोरखपुर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मेडिकल कॉलेज पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। वही इस घटना से परिवारजनों का रो रो कर बुरा हाल था।

# आग लगने से चार घरों का सामान जलकर खाक, लाखों का नुकसान



**अहिरौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के बरवा बाबू के दलित बस्ती में आग लगने से चार घरों का सामान जलकर खाक हो गया। प्राप्त सूचना के मुताबिक शुक्रवार के अपराह्न 4 बजे पिपराइच थाना क्षेत्र के जदवापुर में गेहूं का डंठल जल रहा था। तभी हवा का रुख तेज़ होने के कारण आग की लपटे जदवापुर गांव के सटे अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के बरवा बाबू दलित बस्ती में पहुंच गई। जहां चार लोगों का घर आग की चपेट में आ गई।जिसमें शकुंतला देवी, कमला देवी, रामवेलास, राजमती देवी की झोपड़ी में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने बिकराल रूप पकड़ी ली। आग की लपटे तेज़ देख आसपास के लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से अथक प्रयास के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया। इस आगजनी में सबसे अधिक क्षति शकुंतला देवी का हुआ उनके घर में रखा सारा सामान पूर्ण रूप से जलकर खाक हो गया है। घटना की सूचना मिलने पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बरवा बाबू सम्राट सिंह, बलराज उर्फ सिन्टू सिंह मौके पर पहुंचकर आगजनी से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहयोग देकर हर संभव मदद का अश्वासन दिया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने संबंधित अधिकारियों से फोन पर बात कर आर्थिक सहयोग दिलाने की बात कही।

# अधीक्षण अभियंता ने किया जल जीवन मिशन की तीन परियोजनाओं का निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** शुक्रवार को उत्तर प्रदेश जल निगम के अधीक्षण अभियंता इंजीनियर वकार हुसैन ने जिले में भेंटुआ और संग्रामपुर विकास खंड की तीन परियोजनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जल उपभोक्ताओं से जलापूर्ति के सम्बन्ध में जानकारी ली।

परियोजनाओं के स्थलीय निरीक्षण और भ्रमण के दौरान अधिशासी अभियंता इंजीनियर अनिल कुमार राव, सहायक अभियंता,टी पी आई और फर्म के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। अधीक्षण अभियंता ने सनहा में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जलापूर्ति व्यवस्था,ओवर हेड टैंक आदि के निरीक्षण के बाद ग्रामीणों से जलापूर्ति के बारे में जानकारी ली। संग्रामपुर विकास खंड में जरौटा और कसारा की परियोजनाओं का काम भी पूरा हो गया है। जल कनेक्शन का काम पूरा हो चुका है। जरौटा और कसारा की परियोजनाएं भी समुचित ढंग से संचालित है। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता ने जल वितरण प्रणाली के अनुरक्षण और रखरखाव पर ध्यान रखने के लिए ग्रामीणों को सचेत किया और कहा कि कार्यदाई संस्था और फर्म कम से कम तीन साल तक जलापूर्ति व्यवस्था पर नजर रखें। किसी तरह की गड़बड़ी सामने नहीं आनी चाहिए।

## पूर्व सीएम अखिलेश यादव की एनएसजी सुरक्षा बहाल को सपा कार्यकर्ताओं ने नायब तहसीलदार को दिया ज्ञापन

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** शुक्रवार को सपा मुखिया व सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की सुरक्षा बढ़ाए जाने को लेकर स्थानीय सपा नेता जयसिंह प्रताप यादव ने गृहमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपते हुए जेड प्लस के साथ एन एस जी सुरक्षा कवर बहाल करने की मांग की है। सपा नेता जयसिंह प्रताप यादव ने ज्ञापन के माध्यम से गृहमंत्री अमित शाह को अवगत कराते हुए कहा कि अखिलेश यादव देश की तीसरी सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के अध्यक्ष के साथ ही उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भी हैं। जिनको जेड प्लस सुरक्षा प्राप्त है और एनएसजी कवर सुरक्षा पिछले बीते साल में हटा दी गई है। सपा नेता ने कहा कि अखिलेश यादव प्रतिदिन सामाजिक व राजनीतिक कार्यक्रमों में पूरे प्रदेश व देश के अलग अलग जगहों पर शामिल होते रहते हैं।बीते दिनों से उन्हें जान से मारने की व उन पर हमला करने की धमकी दी जा रही है। ऐसे में उनकी एन एस जी को शीघ्र ही बहाल कर उन्हें सुरक्षा कवर प्रदान किया जाए। इस मौके पर मनु पाल,सौरभ चौधरी, हिमांशु प्रजापति, अनिल सिंह , हिमांशु मौजूद रहे।




# हाईस्कूल में एजाज तो इंटर में आरज़ू खातून ने टॉप किया जिला



इंटरमीडिएट में टॉपर आरज़ू खातून की फाइल फोटो



हाईस्कूल में टॉपर एजाज अली की फाइल फोटो



एजाज अली को मिठाई खिलाते माता पिता

**एजाज अली को 96.17 प्रतिशतव आरज़ू को मिला 94.20 प्रतिशत अंक**

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** यूपी बोर्ड परीक्षाओं का इंतजार शुक्रवार को खत्म हो गया। अपराह्न साढ़े बारह बजे परिणाम घोषित कर दिया गया।

कुशीनगर जिले में हाईस्कूल में एजाज अली सच्चिदानंद इंटर कालेज कप्तानगंज ने 96.17 प्रतिशत व विवेकानंद इंटर कालेज बरवा कला की छात्रा आरज़ू खातून ने इंटर मीडिएट में 94.20 प्रतिशत अंक पाकर जिला टॉपर बने।

बता दें कि हाई स्कूल व इंटर की बोर्ड परीक्षा संपन्न होने के बाद परीक्षार्थी परिणाम आने का इंतजार कर रहे थे। शुक्रवार 25 अप्रैल को रिजल्ट घोषित होने के बाद छात्रों में खुशी का माहौल था। सभी लोग साइबर कैफे या एंड्रायड मोबाइल पर अपना परिणाम देखते नजर आए और अपने सगी संबंधितों को सूचना देते रहे। सभी मेधावी छात्रों को घर व विद्यालय में बुलाकर मुंह मीठा कराया गया और सम्मानित भी किया गया। टॉपरों में कोई इंजीनियर तो कोई डाक्टर, आईएएस तो कोई आईपीएस बनना चाहते है।

**इंटरमीडिएट के टॉपर**

1. आरज़ू खातून 94.20
2. अमृता यादव 90.80
3. जिज्ञासा चतुर्वेदी 90.60
4. विनीता सिंह 90.60
5. खुशी गुप्ता 89.80
6. विनीत प्रियदर्शी 89.80
7. प्रतिमा निगम 89.60
8. दिव्यांजलि गुप्ता 89.40
9. आलोक यादव 89.40
10. सुमन 89
11. सूरज सिंह 88.60
12. काव्य प्रजापति 88.40

**हाईस्कूल के टॉपर**

1. एजाज अली 96.17
2. उजाला सिंह 96.00
3. आनंद कौशिक 95.33
4. पलक गुप्ता 95.17
5. निशु कुशवाहा 95.00
6. निखिल चौहान 94.67
7. खुशी गुप्ता 94.67
8. सिमरन पांडेय 94.17
9. आशुतोष मद्धेशिया 94.00
10. अरविंद कुमार 93.83

## जेपी इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने लहराया मेधा का परचम



मेधावी छात्रों को मिठाई खिलाते प्रधानाचार्य श्रीराम



जेपी इंटर कालेज के मेधावी छात्र

अवधनामा संवाददाता

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** नगर स्थित जेपी इंटरमीडिएट कॉलेज के बच्चों ने यूपी बोर्ड की परीक्षा में मेधा का परचम बुलंद किया है। हाई स्कूल संवर्ग की छात्रा सृष्टि सिंह ने 92.8 प्रतिशत महिमा मद्धेशिया 91.5 प्रतिशत समी अंसारी 90.83 प्रतिशत पंकज अग्रवाल 90 प्रतिशत राजीव सिंह 90 प्रतिशत खुशी यादव 89.6 प्रतिशत शुभम 88.3 प्रतिशत शिवम मद्धेशिया 88.3 प्रतिशत संजना पासवान 88 प्रतिशत अर्चना कुशवाहा 87.83 प्रतिशत संचित विश्वकर्मा 87.5 प्रतिशत शिवशंकर साहनी 85.83 प्रतिशत अभिषेक प्रजापति 85.83 प्रतिशत गणेश यादव 85.16 प्रतिशत आदित्य कुशवाहा 85.5 प्रतिशत अभिषेक प्रजापति 85.83 प्रतिशत अभिमन्यु कुमार 84.16 प्रतिशत रेनु भास्कर 84.66 प्रतिशत प्रतिभा चौधरी 84.5 प्रतिशत नीलम भारती 83.16 प्रतिशत अर्चना कुशवाहा 87.83 प्रतिशत दिव्या अग्रहरि 83.6 प्रतिशत खुशी सिंह 84 प्रतिशत शुभम मद्धेशिया 88.3 प्रतिशत ज्योति यादव 84 प्रतिशत दीपिका 84 प्रतिशत सिद्धि यादव 84.16 प्रतिशत सहित अनेक विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है वहीं 12वीं में प्रदीप कुशवाहा 84.6 प्रतिशत आयशा यादव 82.6 प्रतिशत अंकिता 82 प्रतिशत काजल गुप्ता 80.6 प्रतिशत प्रियांशु मद्धेशिया 81.5 प्रतिशत शिखा कनौजिया 80 प्रतिशत संजना कुशवाहा 80.4 प्रतिशत एंजेल राव 80 प्रतिशत सहित अनेक विद्यार्थियों ने अपने मेधा का परचम बुलंद करते हुए अपना तथा अपने परिजनों का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीराम प्रसाद ने कहां की जो भी छात्र पूरे वर्ष कठिन परिश्रम और मनोयोग से पढ़ाई के कार्य में जुटे रहते हैं वह अवश्य ही अच्छे अंकों से बोर्ड की परीक्षा में सफल होते हैं। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## राधिका देवी इंटर कालेज के मेधावियों ने लहराया सफलता का परचम



अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** श्रीमती राधिका देवी इंटरमीडिएट कालेज के बच्चों ने यूपी बोर्ड द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। हाईस्कूल संवर्ग में आंचल यादव 93.5 प्रतिशत तथा सोनी मद्धेशिया 91.5 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय सहित माता पिता व गुरुजनों का मान बढ़ाया है। वहीं इंटर संवर्ग में सोहन ने 86.6 प्रतिशत अंक तथा अनन्या प्रजापति ने 86 प्रतिशत अंक पाकर अपनी सफलता का अद्वितीय प्रदर्शन किया है। इसके अतिरिक्त हाईस्कूल में प्रवीण प्रजापति 91 प्रतिशत, रानी सायबा 90.16 प्रतिशत, आरुषि मद्धेशिया 89.83, सुधांशु जायसवाल 89.83 प्रतिशत, प्रीति गुप्ता 88, सलोनी 87.16 किशन निषाद 87.16 प्रतिशत, स्वस्तिक मिश्रा 87.50, के साथ अन्य सैकडों विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक अर्जित कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। वही इंटर मीडिएट संवर्ग में काजल गुप्ता 83.6 गूंजा यादव 80.2 प्रीति यादव 80, सोनम यादव 80 प्रतिशत अंक पाकर अपने परिश्रम और शिक्षक के लगन के मेहनत का लोहा मनवाया है। इस बेहतरीन परीक्षा परिणाम पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रामदरश सिंह ने कहा कि परिश्रम और लगन ही सफलता की कुंजी है। जो भी विद्यार्थी सम्पूर्ण मनोयोग से पढ़ाई करता है वह अपने लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करता है। इस अवसर पर प्रबन्धक नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर अभिनंदन करते हुए सभी छात्रों को शुभकामनाएं दिया। इस अवसर पर प्रहलाद श्रीवास्तव, अफताब आलम, रंजीत सिंह, सईद अहमद, ओमकार सिंह, कमाल भान सिंह, मनोज श्रीवास्तव, रामनरेश यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## बालिका आश्रय गृह का किया गया निरीक्षण

**रायबरेली।** जनपद न्यायाधीश राजकुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में बृहस्पतिवार को न्यायिक अधिकारियों की समिति के द्वारा बालक आश्रय गृह व बालिका आश्रय गृह स्थित चक धौरहरा रायबरेली का निरीक्षण किया गया। समिति के अध्यक्षा प्रतिमा, सदस्य अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम शौर्य व सदस्य प्रभाष त्रिपाठी, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय व श्रेया सोलंकी अपर सिविल जज (जू0डि0) द्वारा गांधी सेवा निकेतन के आश्रय गृह में आवासित बालिकाओं से बातचीत करके उनका हाल-चाल जाना गया। आश्रय गृह में रहने वाली बालिकाओं द्वारा समिति को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। समिति के द्वारा आवासित बालिकाओं के शैक्षणिक, मानसिक व सामाजिक विकास हेतु मिलने वाली सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी ले आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। समिति द्वारा आश्रय गृह के बालिकाओं के नियमित चिकित्सकीय जांच कराये जाने के भी निर्देश दिये गये। इस अवसर पर प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि बालिकाओं के अल्पवयस्कता को देखते हुए नियमित काउंसिलिंग कराये। अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि जो बालिकाएँ पढ़ने की इच्छुक है उनकी सूची तैयार कर उनका दाखिला सम्बन्धित संस्था में कराया जाए

## सायमा और प्रिया ने टाप टेन में स्थान हासिल किया

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल परीक्षा में प्रमोद आलोक इंटरमीडिएट कॉलेज की छात्रा सायमा ने भी जनपद में पांचवा स्थान हासिल किया है। प्रिया मिश्रा ने आठवां स्थान प्राप्त किया है। कालेज के प्रबंधक डा देवमणि तिवारी और कांग्रेस नेता ममता तिवारी ने छात्राओं की सफलता पर खुशी जताई है और हार्दिक शुभकामनाएं दीं हैं। सायमा ने 93 फीसदी और प्रिया मिश्रा ने 92.33 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं।



## राष्ट्रीय लोक अदालत की प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर किया गया रवाना



**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली राजकुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में 10 मई 2025 को दीवानी न्यायालय, रायबरेली में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु बैक ऑफ बड़ौदा, रायबरेली के सहयोग से उपलब्ध प्रचार वाहन को अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, क्षेत्रीय प्रबन्धक बैंक ऑफ बड़ौदा शैलेन्द्र सिंह व अग्रणी जिला प्रबन्धक बैंक ऑफ बड़ौदा रुपेश दुबे के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया, जो कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर आम जनमानस के मध्य लोक अदालत का प्रचार-प्रसार करेगा। इस अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य प्रबन्धक क्षेत्रीय कार्यालय नवीन कुमार उपाध्याय, नरेन्द्र झागिड़, राजीव रंजन श्रीवास्तव वसूली अधिकारी, शाखा प्रबन्धक धीरज कश्यप व वसूली अधिकारी आदर्श बाजपेयी, पराविधिक स्वयं सेवक दुशेन्द्र कुमार, नारेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, राजकमल, अजीत कुमार व नागेन्द्र कुमार उपस्थित रहे। प्रचार-प्रसार वाहन के साथ के द्वारा शहर के मुख्य चौराहों पर पैम्फलेट वितरण कर आमजनमानस के मध्य से राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार किया गया।

## भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास ने पूतना वध व श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का किया अद्भूत व्याख्यान



अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज, रायबरेली।** शिवगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत भवानीगढ़, देहली में सप्तवेदी, गणेश आंबिका, रूद्र हनुमत देव, सहित मोक्षदायिनी श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन यजमान कालिका प्रसाद मिश्रा, सपत्नीक राजेश्वरी मिश्रा, के यहां आनंद मिश्रा के द्वारा संकल्पित पांचवी श्रीमद् भागवत कथा का हो रहा भव्य आयोजन। आपको बता दें कि, भवानीगढ़, देहली गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिन शुक्रवार को वृंदावन से पधारे कथा व्यास पंडित वागीश रामचंद्र दास ने श्री कृष्ण की बाल लीलाओं एवं पूतना का वध जैसे प्रसंगों का व्याख्यान करते हुए बताया कि, गोकुल में कृष्ण जन्म उत्सव मनाया गया भगवान जब 7 दिन के थे तब उन्होंने पूतना का वध कर दिया। भगवान ने कंस द्वारा भेजे गए सभी राक्षसों का वध कर दिया। भगवान गोकुल में माखन चुराते हैं और वहां पर वीणु वादन लीला करते हैं भगवान गोकुल छोड़कर वृंदावन निवास करने लगते हैं। कथा व्यास ने श्री कृष्ण लीला एवं पूतना का वध जैसे प्रसंगों पर कथा कहते हुए पांडाल में उपस्थित समस्त श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। महराजगंज क्षेत्र के ग्राम सभा जिहवा के रहने वाले आनंद मिश्रा ने बताया कि, हर दूसरे महीने अलग-अलग स्थानों पर उनके द्वारा संकल्पित श्रीमद् भागवत कथाओं का आयोजन किया किया जा रहा है, यह उनके द्वारा आयोजित पांचवी श्रीमद् भागवत कथा है। इस मौके पर यज्ञशाला प्रमुख आचार्य पंडित योगेंद्र त्रिपाठी, परिचायक अमरेश शुक्ला, आकाश मिश्रा, मुख्य यजमान कालिका प्रसाद मिश्रा, सपत्नीक राजेश्वरी मिश्रा सहित, सुमित मिश्रा,रुद्रेश मिश्रा, पंकज मिश्रा, रामानुज मिश्रा, कनिक मिश्रा, अमित मिश्रा, आकाश मिश्रा, विकाश मिश्रा, कृष्ण मिश्रा, हर्षित मिश्रा, अरुण तिवारी, अनूप अवस्थी, सुभाष मिश्रा, अरविंद सिंह, विवेक मिश्रा, जितेंद्र सिंह, रागेन्द्र सिंह, रामू त्यागी सहित बड़ी तादात में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# अवैध कब्जा धारकों के मंसूबे पर फिरा पानी

## बिना फ्री होल्ड के नजूल भूमि पर स्वीकृति नक्शा मान्य नहीं,नियंत्रक प्राधिकारी बोर्ड का आया फैसला

- एसडीएम सदर ने खारिज किया था स्वीकृत मैप,हुई थी अपील
- मामला शाहगंज के नजूल भूखंड 66,67,68 से है जुड़ा

डॉ0अवधेश शुक्ला

**सुल्तानपुर।** पूर्व में एसडीएम सदर ने नजूल भूखंड पर स्वीकृत मैप को निरस्त कर दिया था। जिस पर डीएम /नियंत्रक प्राधिकारी कुमार हर्ष ने दायर अपील में सुनवाई के बाद एसडीएम के आदेश को बहाल करते हुए अपील खारिज कर दिया। जिससे कब्जाधारकों के मंसूबे पर पानी फिर गया है। मामला छावनी सदर शाहगंज मोहल्ले के नजूल भूखंड संख्या 66,67,68 का है। जिस पर सेटिंग गेटिंग के तहत तत्कालीन लेखपाल व विनियमिति के जे ई घुमाव दार आख्या पर पूर्व एसडीएम ने बिना फ्री होल्ड के जमीन पर 19जुलाई2023 को मैप स्वीकृत कर दिया गया था। इस आदेश में मिलीभगत की बू आ रही थी। इसी बीच तोड़ फोड़ शुरू हुई तो इसी भूखंड में स्थित मकान नंबर 443 में चार दशक से रह रहे मृतक राज नारायण पांडेय(1980) के बेटे इंद्र प्रकाश पांडेय ने नक्शे के खिलाफ शिकायत किया। सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता के अधिवक्ता द्वय नवीन शुक्ल व अनुराग द्विवेदी ने जोर दार बहस कर कोर्ट से स्पष्ट आख्या मंगाए जाने का अनुरोध किया। जब लेखपाल व नजूल महकमे की आख्या आई तो 23दिसंबर 2023को स्वीकृत मैप तत्कालीन एसडीएम सीपी पाठक ने खारिज कर दिया। वही नियंत्रक प्राधिकारी बोर्ड के समक्ष अपील हुई। यही नहीं कब्जाधारकों ने निर्णय में देरी होने पर हाईकोर्ट से त्वरित सुनवाई का आदेश लाए। पूर्व डीएम ने सुनवाई तो की लेकिन तबादला होने के चलते आदेश नहीं कर सकी। फिर डीएम कुमार हर्ष समेत अन्य सदस्यों के समक्ष मामला पेश हुआ। इंद्र प्रकाश की तरफ से डीजीसी व नामित अधिवक्ता द्वय उमाशंकर पांडेय व चंद्र मणि ने नजूल भूखंड होने, फ्री होल्ड पर रोक का शासनादेश, पट्टा की वैधता खत्म होने के साथ ही स्वामित्व का विवाद सिविल कोर्ट लंबित होने का हवाला दिया। जिसे गंभीरता से लेते हुए नियंत्रक प्राधिकारी ने माना कि अपील विधिक रूप से बल हीन होने के कारण निरस्त कर दिया। ऐसे में पूर्व एसडीएम की तरफ से खारिज मैप पर मुहर लग गई। जिससे जबरन कब्जाधारकों में हड़कंप मच गया है।

### नगर पालिका कर्मियों ने खेल कर स्वजातीय का दर्ज कर दिया नाम

शाहगंज मोहल्ले में नजूल गाटा संख्या 53,66,67,68 पर मकान नंबर 443बना है। पुराने मकान को गिरा कर जबरन कब्जा कर लिया गया है। जबकि देखा जाय तोवर्ष1917में 30वर्ष का पट्टा1947 तक वैध था। ये पट्टा विश्वभर नाथ के नाम हुआ था। इनके साथ ही राज नारायण पांडेय रहते थे। राजनरायन को एक वसीयत वर्ष1946 में किए थे। इधर पट्टा की वैधता खत्म होने के बाद1948में दूसरे का नाम दर्ज हुआ। यही नहीं मृतक राज नारायण शुरू से ही वर्ष1980 तक असेसमेंट पंजिका में दर्ज है। जब श्री पांडेय की मौत1980 में हो गई। तो 1980-85 का पन्ना फाड़ कर 85 -90 में सरस्वती देवी गोरखपुर आ गई। इनका कोई संबंध न तो पट्टा धारक से था न ही किसी अन्य से है। इस खेल में अहम भूमिका पटल कर्मी पुनीत गुप्ता व स्वजातीय पालिकाध्यक्ष की रही है। कार्यवाही भी इसलिए नहीं होगी कि आज भी निजाम उन्हीं का है। हद तो तब है नाम दर्ज होने के पहले ही1981 में बैनामा राम खेलावन को कर दिया गया। वर्तमान में पैसे के बल करोड़ों की जमीन को औने पौने दाम में अभिशेष बरनवाल, शिव सुंदर व अनुज कुमार गुप्ता ने बैनामा ले लिया। जहां पर मकान443 में अब तक दर्जनों नाम नियम विरुद्ध दर्ज किए जा चुके है। वही पुश्तैनी मकान धारक इंद्रप्रकाश पांडेय नगर पालिका से लेकर सभी अफसरों के दरवाजे का चक्कर काट रहा है कोई सुनने वाला नहीं है। जबकि नाम दर्ज कराने हेतु कई बार डीएम,तहसील दिवस व मुख्यमंत्री तक दे चुका है। आरटीआई का जवाब तक नहीं मिल रहा। खैर उधर पैसा बोलता है कि तर्ज पर नजूल भूखंड पर नक्शा स्वीकृत कर दिया गया था। शिकयत हुई तो आदेश वापस हुआ।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** उद्यमियों एवं व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उददेश्य से वृहस्पतिवार को देर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला निर्यात समिति, एम.ओ.यू. क्रियान्वयन समिति एवं उद्योग बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न हुई। एम.ओ.यू. क्रियान्वयन की समीक्षा के दौरान उपायुक्त उद्योग ने बताया कि ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट 2023 में जनपद बहराइच हेतु निवेशकों द्वारा कुल 216 एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित हुए हैं। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी हेतु जनपद को आवंटित लक्ष्य रू. 2500.00 करोड के सापेक्ष अब तक रू. 2800.74 करोड़ के एम.ओ.यू. ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार हो गये हैं जो कि लक्ष्य का 112 प्रतिशत है। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि 47 इकाईयां क्रियाशील हो गये हैं। डीएम मोनिका रानी ने निर्देश दिया कि सम्बन्धित विभाग से समन्वय कर अवशेष को ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार करें और जो एमओयू रेडी हैं उनका क्रियान्वयन शीघ्र कराया जाय। निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदन पत्रों पर चर्चा के दौरान बताया गया कि 01 अप्रैल से 24 अप्रैल 2025 तक 190 आवेदन निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त हुए है जिसके सापेक्ष 148 आवेदन स्वीकृत, 09 आवेदन पत्र अण्डर क्वेरी तथा 32 आवेदन पत्र समय अन्तर्गत है तथा 01 आवेदन पत्र समयोपरान्त लम्बित हैं। डीएम ने निर्देश दिया कि प्रकरणों को लम्बित न रखा जाय। डीएम ने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से अधिक से अधिक आवेदन कराएं। जिला उद्योग बन्धु अन्तर्गत उद्यान विभाग, विद्युत एवं नगर पालिका परिषद बहराइच से सम्बन्धित प्राप्त प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

# परिषदीय स्कूलों के बच्चों ने दिखाया हुनर



अवधनामा संवाददाता

**बल्दीराय, सुल्तानपुर।** तहसील बल्दीराय अंतर्गत ब्लॉक बल्दीराय एवं धनपतगंज के उच्च प्राथमिक स्तर के परिषदीय विद्यालयों के बच्चों के बीच आयोजित बहुप्रतीक्षित प्रतियोगिता कार्यक्रम 'उमंग' सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक बल्दीराय परिसर में खंड विकास अधिकारी राधेश्याम की देखरेख में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह और विशिष्ट अतिथि उप जिलाधिकारी बल्दीराय गामिनी सिंगला उपस्थित रहीं। एसडीएम गामिनी सिंगला द्वारा साझा किए गए विचारों को खंड शिक्षा अधिकारी बल्दीराय रोजी सिंह एवं धनपतगंज के श्याम विहारी ने गंभीरता से लिया और अपने शिक्षकों के सहयोग से बच्चों को एक ऐतिहासिक मंच प्रदान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य था प्रतिभा की खोज और बच्चों व उनके अभिभावकों को समान रूप से सम्मानित करना। चार स्तरों, विद्यालय, न्याय पंचायत, ब्लॉक एवं अंततः तहसील स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिसमें 37 चयनित प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। मुख्य प्रतियोगिता के विजेता इस प्रकार रहे, हिंदी भाषण में प्रथम अली अहमद यूपीएस टीकर, द्वितीय मान सिंह यूपीएस डेहरियांवा। अंग्रेज़ी भाषण में प्रथम अनुराधा शुक्ला संविलियन अमऊ जासपुर, द्वितीय आरोही शुक्ला पीएमश्री बरासिन। क्विज में प्रथम आयुष प्रताप सिंह यूपीएस तुलसीराम, द्वितीय आयुष तिवारी यूपीएस देहली बाजार। वाद-विवाद पक्ष/विपक्ष में प्रथम शिवम् संविलियन भवानी शिवपुर, आँचल यूपीएस पारा, द्वितीय प्रतिज्ञा यादव, अन्तिमा शुक्ला संविलियन अमऊ जासपुर। निबंध में प्रथम माही यादव पीएमश्री बरासिन, द्वितीय महक बानों यूपीएस खारा। चित्रकला में प्रथम सौरभ यादव संविलियन हैन्धना कला, द्वितीय सोनाली यादव यूपीएस खारा। श्रुतलेख हिंदी में प्रथम आयुष प्रताप सिंह, द्वितीय प्रखर मिश्र यूपीएस डेहरियावां। श्रुतलेख अंग्रेजी में प्रथम अखिलेश शर्मा, द्वितीय आयुष सिंह यूपीएस तुलसीराम सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शिक्षकों महेश, अंजली एवं दीपिका के निर्देशन में बच्चों ने बेहतरीन प्रस्तुतियाँ देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अंत में उप जिलाधिकारी गामिनी सिंगला द्वारा सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र, मेडल और पुरस्कार प्रदान किए गए, जबकि अभिभावकों को सम्मान स्वरूप वॉटर कैम्पर दिए गए। आयोजन में उत्कृष्ट योगदान देने पर खंड शिक्षा अधिकारी रोजी सिंह, श्याम विहारी, शिक्षक संदीप पांडेय, शमीम खान, महेश कुमार, मेवालाल सहित निर्णायक शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र भेंट किए गए।

# कड़ी मेहनत ही सफलता का मूल मंत्र है : सुमिति यादव



अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद।** आई ए एस परीक्षा को उत्तीर्ण करने वाली शिकोहाबाद तहसील के गांव करनपुर की बेटी सुमिति यादव की सफलता से पूरे परिवार और गांव में खुशी की लहर है। जनपद फिरोजाबाद के एक छोटे से गांव करनपुर में प्रहलाद सिंह यादव की सुपुत्री सुमिति के आईएसएस परीक्षा उत्तीर्ण होने की खबर सुनकर शुभकामनाएं देने वालों का सुबह से ही बेटी के घर पर लोगों का तांता लगा रहा। सुमिति ने अपनी माध्यमिक स्तर तक। शिक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय आगरा से प्राप्त की तत्पश्चात उच्च शिक्षा दिल्ली विश्वविद्यालय से प्राप्त की।सुमिति ने वार्ता के दौरान बताया अभी मुझे और मेहनत करनी है जिससे टॉप रैंक प्राप्त कर सकूं। सुमिति ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता,परिवारजनों, शिक्षक प्रेमस्वरूप को दिया। सुमति यादव ने यह भी बताया कि साक्षात्कार के दौरान मुझे अशोक अनुरागी से मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। सुमिति के सफलता प्राप्त करने पर अशोक कुमार अनुरागी, योगेंद्र सिंह जिलाध्यक्ष राजकीय शिक्षक संघ, प्रेमस्वरूप, विवेक चौधरी एवं अनेक ग्राम वासियों ने उनके आवास पर जाकर सुमिति के माता-पिता व सुमिति का स्वागत एवं सम्मान किया।

# आउटरीच कार्यक्रम आयोजित



- सैनिक आश्रितों एवं विधवाओं को किया लाभान्वित

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में प्रातः 11.00 बजे कैप्टन (आई.एन.) आशीष कुमार मित्तल, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, फिरोजाबाद द्वारा आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उक्त कार्यक्रम के दौरान जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, फिरोजाबाद द्वारा उपस्थित पूर्व सैनिकों/पूर्व सैनिक आश्रितों एवं द्वितीय विश्व युद्ध की विधवाओं को राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभन्न योजनाओं से लाभान्वित किये जाने के सम्बन्ध में प्रकाश डाला गया। उक्त अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में पैनुरी ग्रान्ट के तहत लाभान्वित ऐसे पूर्व सैनिक जिन्होंने भारतीय जल, थल एवं वायु सेना में निर्धारित अवधि 15 वर्ष से कम सेवा की हो एवं किन्हीं कारणोंवश सेवानिवृत हुये हों तथा उन्हें किसी प्रकार की केन्द्र सरकार/राज्य सरकार द्वारा कोई पेंशन आदि का लाभ नहीं मिल रहा हो एवं उनकी आयु सीमा कम से कम 65 वर्ष हो, की पात्रता की जॉच/सत्यापन किया गया। साथ ही सभी पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को समाज मे अनुशासन में रहने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे सैनिकों के प्रति आम जनमानस में आदर व सम्मान मिले। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में पधारे वैभव कुमार, वरिष्ठ कोषाधिकारी, फिरोजाबाद को पोधा भैंट कर उनका स्वागत किया गया तथा वरिष्ठ कोघाधिकारी द्वारा पैनुरी ग्रान्ट का लाभ प्राप्त कर रहे पूर्व सैनिक एवं पूर्व सैनिक आश्रितों तथा द्वितीय विश्व युद्ध की विधवाओं को दातव्यनिधि के माध्यम से चैक वितरित किये गये। साथ ही पूर्व सैनिकों/उनके आश्रितों की कोषागार से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की समस्या का त्वरित निस्तारण किये जाने का आश्वासन दिया गया। उक्त के अतिरिक्त उपस्थित पूर्व सैनिकों एवं पूर्व सैनिक आश्रितों को स्वावलम्बी बनाये जाने, स्वरोजगार हेतु प्रेरित किया गया तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के जिला खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग के माध्यम से लाभान्वित होने के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी जिससे अधिक से अधिक पूर्व सैनिक एवं उनके आश्रित उसका लाभ प्राप्त कर सकें।

## आदर्श यादव बने टॉपर

**सुल्तानपुर।** जनपद के कादीपुर के सरस्वती विद्या मंदिर (झारखंड)के छात्र आदर्श यादव ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में प्रदेश में द्वितीय स्थान तथा जिले में टॉप किया है। । छात्र की सफलता पर परिजनों और शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। विद्यालय के स्टाफ ने बच्चे समेत अभिभावकों को बधाई देते हुए आदर्श यादव के अच्छे भविष्य की कामना की है। आदर्श को 500 अंक में कुल 484 मार्क्स (96.80 प्रतिशत) प्राप्त हुए हैं। होनहार आदर्श ने हाईस्कूल की परीक्षा में भी प्रदेश में अपना स्थान बनाया था।

## बेटियों के नाम ग्रामीण सफाई कर्मचारियों किया वृक्षारोपण

**आजमगढ़।** वृक्षारोपण बेटी के नाम ग्रामीण सफाई कर्मचारियों द्वारा वृक्षारोपण किया जा रहा है पल्हनी ब्लॉक के सेक्टर प्रभारी राजबहादुर चौधरी जी के बेटी के शादी में पहुंचकर उनके घर पर जामुन का पौधा भेंट करते हुए विवाह के अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए जिस तरह वृक्ष बढ़े उसी तरह बेटी और दामाद का खुशहाल जिंदगी भी आगे बढ़े। राजबहादुर चौधरी ने बताया कि मेरी बेटी के नाम वृक्षारोपण ग्रामीण सफाई कर्मचारियों द्वारा किया गया इस पहल के लिए आप सभी लोगों को ढेर सारी शुभकामनाएं। आशीर्वाद देते हुए ग्रामीण सफाई कर्मचारी जिला अध्यक्ष सीपी यादव ने बताया कि वृक्ष लगाना हम सभी का दायित्व बनता है हम लगातार वृक्षारोपण कर रहे हैं शादी जन्मदिन शादी की सालगिरह में उनके घर पहुंच कर पौधा भेंट करते हैं पौधा लगाते हैं ओंकार नाथ मंत्री ने बताया कि विकासखंड पल्हनी के जुझारू राज बहादुर चौधरी के घर कोठीया पहुंचकर उनको पौधा भेंट किया गया उनके घर के सामने जामुन का पौधा लगाया गया इसी तरह हम लोग लगातार लोगों को जागरुक कर रहे हैं कि पौधा लगाए जिससे कि वातावरण शुद्ध रहे सुंदर रहे। गुलाब चौरसिया ने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री जी के माननीय मुख्यमंत्री जी के आवाहन पर वृक्षारोपण किया जा रहा है पेड़ हवा को साफकरते हैं जिससे कि सांस की बीमारियां कम होती है रानी की सराय ब्लॉक अध्यक्ष नंदलाल चौहान ने बताया कि पेड़ छाया भी प्रदान करते हैं जो गर्मी में राहत दिलाते हैं।

**मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना**

# आवेदनों का शीघ्र निस्तारण कर दिलाएं ऋणः डीएम

- बैंक की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी, होगी कठोर कार्यवाही: जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री का विजन है कि प्रदेश के हर युवा को उनकी प्रतिभा के अनुसार उनको रोजगारपरक बनाया जाए, शासन के इसी उद्देश्य को कार्य रूप में परिणित करने के लिए जिलाधिकारी के नेतृत्व में जिला प्रशासन प्रतिबद्ध नजर आ रहा हैं, शासन ने युवाओं के सपनों को साकार करने हेतु मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की शुरुआत की है, इस योजना के तहत युवाओं को रू0 5 लाख तक कि उद्योगों एवं सेवा परियोजनाओं पर शत-प्रतिशत ब्याज मुक्त बिना गारंटी के ऋण मिलेगा, 21 से 40 वर्ष तक के कोई भी युवा इसके लिए आवेदन कर सकते हैं, जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता आठवीं पास या समकक्ष रखी गई है, जिलाधिकारी ने जनपद स्तर पर इसके लिए युद्ध स्तर पर प्रयास शुरू कर दिए हैं, इसके लिए उन्होंने 29 जनपद स्तरीय नोडल अधिकारी की नियुक्ति की है, जो इस बात को देखेंगे कि, बैंकों द्वारा युवाओं को ऋण प्रदान करने में किसी प्रकार की कोई लापरवाही तो नहीं की जा रही है। जिलाधिकारी ने बैंक मैनेजरों को सख्त शब्दों में चेतावनी भी जारी की है कि अगर इस महत्वपूर्ण योजना से युवाओं को मिलने वाला ऋण देने में कोई भी बैंक लापरवाही करता है, तो उसे पर कठोरतम कार्यवाही की जाएगी, हमारा लक्ष्य है कि जनपद के संपूर्ण कौशल युक्त युवाओं को, जो अपना स्वयं का रोजगार संचालित करना चाहते है, उनको इस योजना का लाभ दिलाया जाए, जिससे उनकी प्रतिभा को सही मुकाम तो मिले ही, साथ ही उन्हें रोजगार हेतु अन्यत्र न पलायन करना पड़े, जिलाधिकारी ने इसके लिए ग्राम प्रधानों, सचिव, खंड विकास अधिकारियों को विशेष तौर पर निर्देशित किया है कि वह सब जनता के बीच जाकर इस योजना का अधिकाधिक प्रचार करें, साथ ही इस योजना के महत्व के विषय में युवाओं को अवगत कराऐं, हर गांव में निर्मित पंचायत भवनों पर इस योजना का ज्यादा से ज्यादा प्रचार कराकर युवाओं को इससे सम्बद्ध करें।

## औन मोहम्मद ने जेईई मैंन्स में हासिल किए 97.89 प्रतिशत अंक

**सुल्तानपुर।** जनपद की सदर तहसील के अंतर्गत आने वाले मनियारपुर गांव के होनहार छात्र औन मोहम्मद पुत्र इक़बाल आलम ने जेईई मेन्स परीक्षा 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 97.89 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। उनकी इस उल्लेखनीय



सफलता ने न केवल परिवार का नाम रोशन किया,बल्कि सुल्तानपुर जनपद का गौरव भी बढ़ाया है। प्रतिभा की मिसाल बने औन मोहम्मद की इस सफलता ने यह सिद्ध कर दिया है कि मेहनत,लगन और सही मार्गदर्शन से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने समर्पण और अनुशासन के बल पर यह सफलता अर्जित की। गांव से IIT की ओर कदम JEE Mains में उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद अब औन मोहम्मद की नजरें IIT जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में दाखिले पर टिकी हैं। उनकी सफलता ने क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा दी है। औन मोहम्मद ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता,शिक्षकों और कठिन परिश्रम को देते हुए कहा, अगर लक्ष्य स्पष्ट हो और नीयत सच्ची, तो सफलता निश्चित है।

# महाराष्ट्र में जैन मंदिर को तोड़े जाने के विरोध में आक्रोश

- जैन समाज के लोगों ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद।** श्री दिगंबर जैन पंचायत एवं प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुभाष चंद्र जैन की अध्यक्षता में एक मीटिंग हुई। जिसमें मुंबई महाराष्ट्र में बिले पार्ले (पूर्व) स्थित दिगंबर जैन मंदिर को मुंबई महानगर पालिका द्वारा 16 अप्रैल को तोड़े जाने का विरोध किया। इस संबंध में सभी ने निर्णय लिया कि जैन समाज महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपेगा। मीटिंग के बाद जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में तहसील पहुंचे। यहां उन्होंने एसडीएम की अनुपस्थित में तहसीलदार कीर्ति चौधरी को ज्ञापन सौंपा। जिसके बाद समाज के लोगो ने मांग की कि 30 वर्षो से अधिक समय से इस मंदिर में जैन श्रद्धालु पूजा अर्चना भक्ति करते आ रहे थे। इस मंदिर को जिस तरीके से तोड़ा गया है, यह अत्यंत निंदनीय एवं जैन समाज में रोष पैदा करने वाला बना है। देश भर के जैन समाज में इस कार्यवाही से तीव्र आक्रोश फैला हुआ है। वक्ताओं ने कहा कि जैन धर्म के साधू संतों पर अभद्र टिप्पणी, आए दिन दुर्घटना व कई घटनाओं से आहत होने पर गुरुवार को जैन अनुयाइयों ने भारत बंद करके उपरोक्त तमाम घटनाओं पर विरोध जताया है। जैन समाज ने अधिकारियों मंदिर तोड़ने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही करने एवं मंदिर पुनर्निमाण की अधिकारिक व्यवस्था कराये जाने की मांग की है। मांग करने वालों में अरविंद कुमार जैन, सुनील जैन सुड्डू, प्रिन्स जैन, गौरव जैन, विकास जैन, गौरव जैन जौली, आशू जैन, आदित्य जैन, सौरभ जैन,दीपक जैन, राहुल जैन, अनिल जैन, नरेंद्र जैन और शैलेंद्र जैन सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग उपस्थित रहे।

# सायरन बजते ही थमे कदम, मौन हो दी श्रद्धांजलि

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट और इसकी लखनऊ खंडपीठ में शुक्रवार को सुबह 10 बजे पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में जान गंवाने वाले लोगों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया। उधर, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने घटना के विरोध में शुक्रवार को बांह पर काली पट्टी बांध कर न्यायिक कार्य किया। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल की ओर से जारी सूचना के अनुसार मौन की शुरुआत सुबह 10:29 बजे एक सायरन की ध्वनि से हुई। दो मिनट का यह मौन सुबह 10:32 से 10:33 बजे के बीच एक और सायरन की आवाज के साथ समाप्त हुई। न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं, न्यायिक कर्मचारियों और रजिस्ट्री में मौजूद सभी लोगों से इसमें भाग लिया। रजिस्ट्रार जनरल के मुताबिक श्रद्धांजलि का आयोजन पहलगाम में हुए आतंकवादी कृत्य के पीड़ितों के प्रति एकजुटता व्यक्त करने और उन्हें सम्मान देने के उद्देश्य से किया गया। यह समवेत स्मृति कार्यक्रम इलाहाबाद की प्रधान पीठ और लखनऊ खंडपीठ में एक साथ किया गया। उधर जिलाधिकारी नियंत्रक सिविल डिफेंस के आदेश पर जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में पहलगाम कश्मीर में आतंकी घटना में मारे गए पर्यटकों की स्मृति में प्रातः 10. 29 बजे एक मिनट सायरन बजाकर 2 मिनट का मौन धारण कर मृतको को श्रद्धांजलि दी गई। पुनः 10.32 बजे सायरन ध्वनित कर श्रद्धांजलि की सभा समापन किया गया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट कार्यालय में सत्यम मिश्रा अपर जिलाधिकारी (नगर), अजय शंकर श्रीवास्तव प्रशासनिक अधिकारी, रवि शंकर द्विवेदी स्टाफ ऑफिसर सिविल डिफेंस, नागेंद्र अस्थाना, भारत भूषण वार्ष्णेय एवं कलेक्ट्रेट के समस्त कार्मिक मौजूद रहे। उच्च न्यायालय परिसर में कोर्ट अफसर शशांक श्रीवास्तव, विधि अधिकारी डिप्टी कंट्रोलर सिविल डिफेन्स नीरज मिश्रा वरिष्ठ एडीसी, द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित करने में प्रतिभा किया गया।

# मनरेगा से सम्बन्धित 9 ब्लाकों में किया सत्यापन

- ग्रामों में पायी गयी कमियों के दृष्टिगत कारण बताओ नोटिस जारी
- पंचायत सचिव को दी गयी प्रतिकूल प्रविष्टि



अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी के निर्देशों के कम में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी अधिनियम के अन्तर्गत जनपद फिरोजाबाद में वित्तीय वर्ष 2023-24 में ग्राम पंचायतों में कराये गये कार्यों में प्रत्येक विकास खण्ड से 2 बडे कार्यों के निरीक्षण/सत्यापन हेतु कुल 9 विकास खण्डों में 27 अधिकारियों की तीन सदस्यीय समिति का गठन करते हुए कार्यों का सत्यापन कराया गया है। जिसमें अमृत सरोवर, गालियों में इन्टरलॉकिग एवं सी0सी0 तथा नाली निर्माण, बाउन्ड्री वॉल, गौआश्रय स्थल में टीन शेड, निर्माण कार्यों का सत्यापन किया गया है। जॉच समिति द्वारा सत्यापन किये गये कार्यों में निम्न भिन्नता पायी गयी है। विकास खण्ड जसराना की ग्राम पंचायत स्योडा में अमृत सरोवर में बनाये गये पाथ-वे पर 2 स्थानों पर एवं रोड़ के किनारे 5 मीटर लम्बाई में इन्टरलॉकिंग लाइल्स का घसाव हो गया है। कार्य स्थलों पर सिटीजन इन्फमेशन बोर्ड (सी0आई0बी0) नही पाया गया है। विकास खण्ड जसराना की ग्राम पंचायत पलिया दोयम में गौशाला शेड के फर्श पर 03 स्थानों पर छोटे गढ्डे हो गये है। डीपीआर के अनुसार कार्य स्थल पर कुल 492158 की भिन्नता पायी गयी है। विकास खण्ड एका की ग्राम पंचायत गदनपुर में डीपीआर के अनुसार मौके पर कार्य में अन्तर पाया गया है तथा ग्राम पंचायत उडेसर गजाधर सिंह में अमृत सरोवर तालाब पर बनाये गये खण्डजा कार्य में मिट्टी बैठ गयी है। विकास खण्ड टूण्डला की ग्राम पंचायत कुतुकपुर साहब में डीपीआर के अनुसार मौके पर कार्य में अन्तर पाया गया है। प्राक्कलन में नाली का प्राविधान लिया गया है। परन्तु मौके पर नाली नही पायी गयी। कई स्थानों पर एजिंग के उपर पीपीसी उखड गयी है। ग्राम पंचायत चुल्हावली में कई स्थानों पर एजिंग के उपर पीपीसी उखड गयी है। पायी गयी भिन्नता के सम्बन्ध में सम्बन्धित दोषियों के विरूद्व दण्डात्मक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।


# कार्यालय नगर निगम अलीगढ़।

पत्रांक :- 3398/नि0वि0/न0नि0अली0/24-25 दिनांक : 19/04/2025

**ई-निविदा सूचना**

नगर निगम, अलीगढ़ द्वारा मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना (CM-VNY) योजनान्तर्गत अन्तर्गत स्वीकृत निम्न कार्य की नगर निगम अलीगढ़ में पंजीकृत इच्छुक फर्म/ठेकेदार एवं किसी भी सरकारी/अर्द्ध सरकारी तथा अन्य विभाग में पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों से ई-निविदाएँ आंमत्रित की जाती है। निविदाओं से सम्बन्धित जानकारी ई-टेण्डर की बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में निर्माण विभाग, नगर निगम अलीगढ़ कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है। किसी भी प्रकार के शुद्धि पत्र के सम्बन्ध में ई-टेण्डर की बेवसाइट को देखते रहें।

निविदाओं हेतु निर्धारित तिथि एवं समय का विवरण निम्न्वत है :-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट से निविदा डाउनलोड करने की तिथि | दिनांक 28 अप्रैल 2025 सांय 05.00 बजे |
| 2 | निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि | दिनांक 13 मई 2025 सांय 05.00 बजे |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 14 मई 2025 प्रातः 11.00 बजे |

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि (लाख में) जी.एस.टी. सहित | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा मूल्य (जी.एस.टी. सहित रू. में) | जी.एस.टी. (रू. में) | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Redevelopment of Ghandhi Park Near old bud Stand (Skating Ring Bollard lighting lamp post, water sprinkler yoda lawn, Kiosk) | 409.47 | 40.95 | 41000.00 | 7380.00 | 9 माह |

मुख्य अभियन्ता
नगर निगम, अलीगढ़।

# अर्चना मेमोरियल का परीक्षाफल शत प्रतिशत

**कुश यादव का जनपद की मेरिट में रहा दसवां स्थान**

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** बोर्ड परीक्षा 2025 के इंटरमीडिएट एवं हाईस्कूल परीक्षाफल में अर्चना मेमोरियल इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने अपना परचम लहराया। प्रधानाचार्या असरा अहमद ने बताया कि विद्यालय के लगभग एक सैकड़ा से अधिक छात्र-छात्राएं ऑनर्स के साथ उत्तीर्ण हुए। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा विद्यालय के छात्र कुश यादव ने जनपद की मेरिट में दसवां स्थान प्राप्त किया। हाई स्कूल की मेधावी छात्र-छात्राओं में दिया शर्मा एवं सोहेल खान ने गणित विषय में 99 अंक तथा वाणी दुबे एवं अक्षरा पोरवाल ने 98 अंक एवं इंटरमीडिएट की मेधावी छात्र-छात्राओं में खुशी राठौर एवं भूमि वर्मा ने भौतिक विज्ञान में 99 अंक प्राप्त किया। हाई स्कूल में क्रमशःखुश यादव 94.16 प्रतिशत प्रियांशु मौर्य 90.66 प्रतिशत सोहेल खान 89.83 प्रतिशत शादान 89.33 प्रतिशत गुलजार 89.16 प्रतिशत अलशिफा 89.16 प्रतिशत अनुष्का 87.80 प्रतिशत जीशान अहमद 87.33 प्रतिशत व्योम 87.16 प्रतिशत शाश्वत 86.16 प्रतिशत प्रिंसी 86.16 प्रतिशत मोहम्मद इरशाद 86.16 प्रतिशत दिया शर्मा 85.83 प्रतिशत लव यादव 85.83 प्रतिशत वाणी 85.83 प्रतिशत वैष्णवी 85.66 प्रतिशत प्रांशु राठौर 85.66 मोहम्मद बिलाल 85.66 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इंटरमीडिएट में क्रमशःखुशी राठौर 88.80 प्रतिशत अंकित बाथम 87 प्रतिशत भूमि वर्मा 86.20 प्रतिशत खुशी यादव 86 प्रतिशत मनु यादव 85.60 प्रतिशत सुमित कुमार 85 प्रतिशत साफिया नाज 84.60 प्रतिशत लाइवा अजीज 84.60 प्रतिशत अनामिका कुशवाहा 84.60 प्रतिशत विवेक कुमार 84 प्रतिशत सानिया सोनी 84 प्रतिशत यशी शुक्ला 83.80 प्रतिशत शालिनी मिश्रा 83.80 प्रतिशत मनीष 83.40 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय के अध्यक्ष डॉक्टर विवेक यादव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी विद्यालय की प्रधानाचार्य असरा अहमद ने विद्यार्थियों की उपलब्धियां की सराहना की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक गण अभिभावक गण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## उत्पादन के क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2024-25 में पूरे एनटीपीसी में रिहंद का चौथा स्थान

**सोनभद्र/बीजपूर।** एनटीपीसी रिहंद परियोजना के शिवालिक अतिथि गृह में शुक्रवार को परियोजना प्रबंधन के तत्वावधान में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ परियोजना प्रमुख की वार्ता हर्षपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक अनिल श्रीवास्तव ने मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर सहजता और आत्मविश्वास के साथ दिया। उन्होंने कहा कि रिहंद स्टेशन के अधिकारी और कर्मचारी विषम से विषम परिस्थितियों में भी चुनौतियों को स्वीकार करने की क्षमता रखते हैं। यही समर्पण और इच्छाशक्ति रिहंद की कार्य संस्कृति को विशेष बनाता है। परियोजना प्रमुख नें अपने सम्बोधन में कहा कि एनटीपीसी रिहंद प्रचालन प्रदर्शन में सभी एनटीपीसी थर्मल स्टेशनों/परियोजनाओं में वित्तीय वर्ष 2024-25 में 89.14 प्रतिशत पीएलएफ के साथ चौथे स्थान पर है।

# जिले की टॉप 10 सूची में शामिल हुई ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज की छात्राएं

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में जिले की टॉप 10 सूची में शामिल हुई ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज की छात्राएं हाई स्कूल में पल्लवी यादव ने 94.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में दसवां स्थान व विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया व कौशल खातून ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में द्वितीय स्थान तथा जाह्नवी यादव ने 90.5 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इंटरमीडिएट में भावना यादव ने 87.4 प्रतिशतअंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया व सुहानी ने 85.2 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा सरस्वती व तान्या ने 85 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय में समस्त छात्र /छात्रा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए तथा विद्यालय का परीक्षा परिणाम सत् प्रतिशत रहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक विवेक यादव जी ने समस्त छात्र-छात्राओं को अपनी शुभकामनाएं दी तथा प्रधानाचार्य रितु यादव ने सभी छात्र-छात्राओं को फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक पवन कुमार, सुनील कुमार, हिमांशु वर्मा, यतेंद्र कुमार, श्री कृष्ण कुशवाहा, अरविंद कुमार सविता मोहित गुप्ता, बृजेंद्र कुमार, योगेश दीक्षित , सारिका बंसल, उपासना तथा लिपिक ऋषि कुमार व निवेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## कूड़ा डालने को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष

**हमीरपुर सुमेरपुर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले चंद्रपुरवा बुजुर्ग गांव में गुरुवार रात कूड़ा डालने के मामूली विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। बात इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्षों में लाठी-डंडे और धारदार हथियार चल गए। इस झड़प में दोनों पक्षों के कुल नौ लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपुर में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, गांव के निवासी मुन्ना साहू और राकेश के परिवारों के बीच घर के पास कूड़ा डालने को लेकर कहासुनी हुई थी। देखते ही देखते बात गाली-गलौज तक पहुंची और फिर दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर हमला बोल दिया। ग्रामीणों का कहना है कि घटना के दौरान महिलाएं भी नहीं बच पाई और उन्हें भी चोटें आई। घायलों में मुन्ना साहू (70), दयाराम (48), बलराम (40), दयारानी (65), रश्मि (34) के अलावा राकेश पक्ष से गयाप्रसाद (50), राजेश (35), राकेश (23), और अर्चना (30) शामिल हैं। सभी को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद कुछ लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना मिलते ही सुमेरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया।

# मौदहा के मेधावियों ने लहराया परचम

- यूपी बोर्ड परीक्षाफल में शिवांश और आकाश बने टॉपर
- लड़के-लड़कियों ने दिखाया दम, कॉलेजों में जश्न का माहौल

अवधनामा संवाददाता

**मौदहा हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (यूपी बोर्ड) ने शुक्रवार को हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम घोषित किए, जिसमें मौदहा के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। इंटरमीडिएट में विद्या देवी पालीवाल इंटर कॉलेज के शिवांश द्विवेदी ने 90 प्रतिशत अंकों के साथ और हाईस्कूल में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के आकाश सिंह ने 93.5 प्रतिशत अंकों के साथ मौदहा टॉप किया। इस बार यूपी बोर्ड के परिणामों में लड़के और लड़कियों ने समान रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। परिणाम घोषित होते ही उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ पड़ी। परिजनों और शिक्षकों ने मेधावियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौदहा के विभिन्न कॉलेजों में टॉपर्स ने अपनी मेहनत और लगन से जनपद में दबदबा कायम रखा।

### कॉलेज-वार टॉपर्स की सूची



**नेशनल इंटर कॉलेज:** इंटरमीडिएट में पुष्पेंद्र कुमार (87.1 प्रतिशत), रोहित (85.2 प्रतिशत), और शिवांश त्रिपाठी (84.2 प्रतिशत) ने बाजी मारी। प्रधानाचार्य दयाशंकर त्रिपाठी ने सभी को बधाई दी।

**रहमानिया इंटर कॉलेज:** हाईस्कूल में अलैयना असलम (87.5 प्रतिशत) ने कॉलेज टॉप किया, सिदरा वकील (84.6 प्रतिशत) दूसरे और अलसिफा जमशेद (84.5 प्रतिशत) तीसरे स्थान पर रहीं। इंटरमीडिएट में अजय वर्मा (83.3 प्रतिशत), रिदा सिद्दीकी (83 प्रतिशत), और सुमित कुमार (79 प्रतिशत) ने शीर्ष स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्या डॉ. रजिया सुल्ताना ने मिठाई खिलाकर छात्रों का हौसला बढ़ाया।

**सेंट पॉल इंटर कॉलेज:** हाईस्कूल में प्रतीक गुप्ता (89.6 प्रतिशत) पहले, दीपक कुमार (89.3 प्रतिशत) दूसरे, और कृतिका सोनी (88.5 प्रतिशत) तीसरे स्थान पर रहे। इंटरमीडिएट में दीपक शिवहरे (87.8 प्रतिशत) टॉपर रहे, जबकि त्रयंबकम प्रसाद अवस्थी (87.2 प्रतिशत) और प्रनीत सोहाने (87 प्रतिशत) ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया।

**आदर्श इंटर कॉलेज:** हाईस्कूल में सोहेल अहमद (91.83 प्रतिशत) और शिफा परवीन (90.5 प्रतिशत) ने कॉलेज टॉप किया। प्रधानाचार्य ब्रह्म प्रकाश सम्राट ने सभी को शुभकामनाएं दीं।

**विद्या देवी पालीवाल इंटर कॉलेज, रागौल:** इंटरमीडिएट में शिवांश द्विवेदी (90 प्रतिशत) ने कॉलेज और मौदहा टॉप किया, शिवा गुप्ता (86.8 प्रतिशत) और नेहा वर्मा (86.4 प्रतिशत) ने शानदार प्रदर्शन किया। हाईस्कूल में राजवीर सिंह (93.3 प्रतिशत) पहले, नयनसी वर्मा (91.5 प्रतिशत) दूसरे, और सौम्या (90.5 प्रतिशत) तीसरे स्थान पर रहीं।

**सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज:** हाईस्कूल में आकाश सिंह (93.5 प्रतिशत) ने मौदहा टॉप किया, प्रिंस (91.5 प्रतिशत) दूसरे, और सत्यम व युवराज (90.8 प्रतिशत) तीसरे स्थान पर रहे। इंटरमीडिएट में पुच्छकल यादव (88.8 प्रतिशत), अंकुर (85.6 प्रतिशत), और हर्ष (84.4 प्रतिशत) ने कॉलेज टॉप किया।

**जे.सी. कॉन्वेंट:** हाईस्कूल में बालिकाएं छाईं, सालिहा इरशाद (85.5 प्रतिशत), आयशा सिद्दीकी (84.1 प्रतिशत), और नाजिम (82.8 प्रतिशत) ने कॉलेज टॉप किया। टॉपर्स की मेहनत ने रंग लायामौदहा के टॉपर्स शिवांश द्विवेदी और आकाश सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों, परिजनों और अपनी कड़ी मेहनत को दिया। शिवांश ने कहा, नियमित पढ़ाई और शिक्षकों के मार्गदर्शन ने मुझे यह मुकाम दिलाया। वहीं, आकाश ने भविष्य में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने की इच्छा जताई। शिक्षकों और परिजनों में खुशी की लहरकॉलेजों के प्रधानाचार्यों और शिक्षकों ने मेधावियों की उपलब्धियों पर गर्व जताया परिजनों ने भी बच्चों की मेहनत की सराहना करते हुए उनके सपनों को पूरा करने का वादा किया। मौदहा में जगह-जगह मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया गया। मौदहा ने फिर साबित की प्रतिभायूपी बोर्ड के परिणामों में मौदहा के छात्र-छात्राओं ने एक बार फिर साबित कर दिया कि मेहनत और लगन से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। इन मेधावियों ने न केवल अपने परिवार और कॉलेज, बल्कि पूरे जनपद का मान बढ़ाया है। दैनिक अवधनामा समाचार की ओर मौदहा के सभी सितारों को बधाई

## संक्षिप्त समाचार

### पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में समाचार पत्र विक्रेताओं ने निकाला कैंडल मार्च



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** समाचार पत्र विक्रेता संघ के सभी वितरक साथियों ने कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध मे आज सुबह रेलवे स्टेशन पर कैंडल मार्च निकाला गया। जिलाध्यक्ष विमल जैन की अगुवाई में सैकड़ो वितरक साथियों के साथ ने रेलवे स्टेशन पर कैंडल जलाकर मृत पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और भारत सरकार से मांग की कि इस तरह के जगन अपराध करने वालों को ऐसी सजा दी जाए जो इतिहास में अभी तक किसी ने सोची ना हो तभी इसका सही इंसाफ होगा। पदाधिकारी और सदस्य गण मौजूद रहे।

### डीएम ने मजरा गंगदासपुर का स्थल निरीक्षण किया



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल द्वारा ग्राम पंचायत मामन विकासखंड ताखा मजरा गंगदासपुर का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर जाकर मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय बनाए जाने के लिए जमीन का स्थलीय निरीक्षण किया एवं जल्द से जल्द कार्य पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। उक्त अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, खंड शिक्षा अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

### कुणाड़ी देवी धाम मंदिर पहुंचकर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व मुख्य विकास अधिकारी ने की पूजाः अर्चना



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा व मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने आज सुदूर क्षेत्र के कुणाड़ी गांव में स्थित श्री कुणाड़ी देवी धाम मंदिर में पहुंचकर पूजा-अर्चना कर, मंदिर परिसर की स्थिति का जायजा भी लिये। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को मंदिर परिसर में देख लोग पुजारी के साथ ही उपस्थित लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की, इस दौरान जिलाधिकारी ने मंदिर के पूजारी से सीधा संवाद कर मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) रोहित यादव, जिला विकास अधिकारी हेमन्त सिंह, उप जिलाधिकारी घोरावल राजेश सिंह, उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह द्वारा भी मंदिर में पूजा-अर्चना की गयी। इस मौके पर जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव, जिला पूर्ति अधिकारी सहित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा महिला कर्मचारियों को किया गया सम्मानित



**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली के मानव संसाधन विभाग द्वारा दिनांक 24 अप्रैल 2025 की संध्या को स्थानीय इंद्रप्रस्थ क्लब में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर परियोजना में कार्यरत सभी महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस विशेष अवसर की मुख्य अतिथि पीयूषा अकोटकर, अध्यक्षा (वनिता समाज) एवं राजीव अकोटकर, कार्यकारी निदेशक (एनटीपीसी सिंगरौली) रहे। इस कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य कार्यस्थल पर महिलाओं की भागीदारी, योगदान और समर्पण को मान्यता देना एवं उनके सशक्तिकरण को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर राजीव अकोटकर ने महिला कर्मचारियों के योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि एनटीपीसी सिंगरौली महिलाओं की प्रतिभा और कर्मठता का सदैव सम्मान करता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि परियोजना द्वारा महिलाओं के लिए सभी आवश्यक संसाधन, सुविधा एवं सुरक्षित कार्य वातावरण उपलब्ध कराया जाता रहेगा। मुख्य अतिथि पीयूषा अकोटकर ने सभी महिला कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उन्हें बधाई दी कि वह समाज में उन सभी वर्ग की महिलाओं के लिए एक सकारात्मक संदेश हैं जिनसे उन्हें समाज में आगे बढ़ कर स्वयं व उनके परिवार के लिए कार्य करने की प्रोत्साहना मिल रही है। कार्यक्रम में सिद्धार्थ मंडल, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने सभी महिलाओं को एनटीपीसी को गौरवान्वित करने के लिए एकजुट होकर विशेष प्रयत्न करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में एनटीपीसी सिंगरौली के मनोज कुमार, अपर महाप्रबंधक (ऐश डाइक मैनेजमेंट), रश्मि रंजन मोहंती, अपर महाप्रबंधक (पी. एण्ड. एस.), नरेश कुमार, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन), डॉ ओम प्रकाश, वरिष्ठ प्रबन्धक (मानव संसाधन) भी उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट रहा एबीआईसी रेणुकूट का बोर्ड परीक्षा परिणाम, बच्चों ने लहराया परचम

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/रेणुकूट।** हिण्डाल्को द्वारा संचालित आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कॉलेज, रेणुकूट का हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2025 का परीक्षाफल उत्कृष्ट रहा। हाईस्कूल परीक्षा में विद्यालय की छात्रा रिया सिंह ने 90.83 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में नौवा व विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, छात्रा कोमल साहू ने 89.83 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में द्वितीय स्थान तथा छात्रा ज्योति यादव ने 89.67 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं इण्टरमीडिएट परीक्षा में विद्यालय के गणित वर्ग के छात्र पीयूष कुमार व श्रवण कुमार ने 87.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से जिले में नवम् तथा विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, छात्र सुबेष कुमार 87.00 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में द्वितीय स्थान पर रहे एवं छात्र उज्ज्वल कुमार ने 85.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान अर्जित किया। विद्यालय के वाणिज्य वर्ग की छात्रा शालू यादव ने 80.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान, छात्र पवन कुमार ने 80.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं छात्र पीयूष राय व आलोक मौर्या ने 79.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से विद्यालय में तृतीय स्थान अर्जित किया। जीव विज्ञान वर्ग में छात्र अर्जुन कुमार ने 84.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान, सुधांषु सिंह ने 82.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं हर्ष प्रताप सिंह ने 80.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान अर्जित किया। इसी प्रकार मानविकी वर्ग में छात्र चन्दन कुमार ने 84.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, छात्रा नीतिका कुमारी ने 82.00 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं छात्रा रिमझिम पाण्डेय ने 81.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान अर्जित किया। इस परीक्षा परिणाम के लिए सभी छात्र/छात्राओं एवं उनके अभिभावकों व षिक्षकों को हिण्डालको प्रमुख समीर नायक जी, मानव संसाधन प्रमुख जसवीर सिंह जी, विद्यालय प्रबन्धक अजय कुमार सिन्हा जी तथा प्रधानाचार्य दयानन्द षुक्ल व उप-प्रधानाचार्य विजय भागवत पाटिल ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# संक्रामक रोग नियंत्रण अभियानः 1 से 30 अप्रैल तक विशेष मुहिम

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार ने संक्रामक रोगों, विशेष रूप से दिमागी बुखार और अन्य बुखारों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए 1 अप्रैल 2025 से 30 अप्रैल 2025 तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाने का ऐलान किया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य चूहों और कृन्तकों से फैलने वाले रोगों, जैसे टाइफस, लेप्टोस्पायरोसिस, और मच्छर जनित बीमारियों से आमजन को बचाना है।कृषि विभाग द्वारा जागरूकता अभियान के तहत किसानों और आम नागरिकों को चूहों और कृन्तकों के नियंत्रण के लिए प्रभावी उपाय सुझाए गए हैं। जिला कृषि रक्षा अधिकारी, हमीरपुर ने बताया कि चूहों को नियंत्रित करने के लिए रासायनिक दवाओं का उपयोग करते समय दस्ताने पहनें, दवाओं को बच्चों की पहुंच से दूर रखें, और मृत चूहों को सावधानीपूर्वक मिट्टी में दबाएं। इसके अलावा, खाद्य सामग्री को ढककर रखना, घर के आसपास जलभराव रोकना, नियमित सफाई, और उबला हुआ पानी पीना जैसे उपाय अपनाने की सलाह दी गई है।मच्छरों से बचाव के लिए मच्छरदानी का उपयोग, शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनना, और गमलों, कूलर, टायर आदि में पानी जमा न होने देना जरूरी है। चूहों को फंसाने के लिए चूहेदानी में रोटी, बिस्किट आदि का उपयोग और एल्यूमिनियम फॉस्फाइड या जिंक फॉस्फाइड जैसे रसायनों का सुरक्षित प्रयोग भी प्रभावी बताया गया है।कृषक अपनी फसलों में कीट, रोग या अन्य समस्याओं के निदान के लिए फसल निगरानी एवं निदान प्रणाली पोर्टल या व्हाट्सएप नंबर 9452247111 और 9452257111 के माध्यम से 24-48 घंटे में समाधान प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला कृषि रक्षा अधिकारी, हमीरपुर से मोबाइल नंबर 7310273933 पर संपर्क किया जा सकता है। यह अभियान जन-जागरूकता और सामूहिक सहभागिता के साथ संक्रामक रोगों पर नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# हिण्डाल्को रेणुकूट को मिला जल सरंक्षण के क्षेत्र में रोटरी सी.एस.आर. अवार्ड

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/रेणुकूट।** हिण्डाल्को रेणुकूट द्वारा नगर एवं आसपास के इलाकों में जल संरक्षण के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने को लेकर रोटरी सी.एस.आर. अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार हिण्डाल्को को पुणे महाराष्ट्र में आयोजित भव्य समारोह में दिया गया जहां पुरस्कार प्रदान करने हेतु मुख्य अतिथि के तौर पर वाइस एडमिरल गुरचरन सिंह (कमांडेंट एनडीए, पुणे) मौजूद रहे। गौरतलब है कि, जल संरक्षण आज के युग में सबसे ज्वलंत विषयों में से एक है। लगातार भूजल का अत्यधिक दोहन, दिन-प्रतिदिन घटता जल स्तर, मानसून में अनियमितता, शहरीकरण, पर्याप्त जलप्रबंधन का अभाव ऐसे अनेक कारक हैं, जो जल संरक्षण को अत्यधिक महत्वपूर्ण विषय बनाता है। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए तथा प्रकृति एवं क्षेत्र के प्रति अपने जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए हिण्डाल्को संस्थान ने जल सरंक्षण के क्षेत्र में कई दशक पहले से ही कार्य करना शुरू कर दिया था। हिण्डाल्को द्वारा सी.एस.आर. अंतर्गत दुद्धी, म्योरपुर एवं बभनी ब्लॉक के कई गांवों में जल संरक्षण हेतु चेक निर्माण, बॉवली निर्माण, तालाब गहरीकरण, तालाब में रिटेनिंग वॉल जैसे संरचनाओं का निर्माण कराकर जल सरंक्षण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रतिवर्ष हिण्डाल्को के समुदायिक विकास के क्षेत्र में किये जाने वाले कार्यों में जल संरक्षण की परियोजनाओं को प्रमुख स्थान है। जल प्रबंधन के इन कार्यों से क्षेत्र में न केवल जल संरक्षण को बढ़ावा मिल रहा है बल्कि किसानों को खेती के लिए वर्ष भर पानी की भी उपलब्धता भी सुनिश्चित की जा रही है। रोटरी सी.एस.आर. अवार्ड जीतने पर हिण्डाल्को संस्थान के मुखिया समीर नायक एवं क्लस्टर एच.आर. हेड जसबीर सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए रेणुकूट सीएसआर टीम को बधाई दी। वहीं समीर नायक ने कहा कि हिण्डाल्को, समुदाय के प्रति अपनी जिम्मेदारी के लिए हमेशा से प्रतिबद्ध है। जल सरंक्षण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य निश्चित ही आदित्य बिड़ला समूह के उद्देश्यों को पूरा करने में सहायक सिद्ध होता है। जसबीर सिंह ने कहा कि हिण्डाल्को हमेशा ही इस क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में अपना योगदान देता रहा है एवं रोटरी सी.एस.आर. अवार्ड में हिण्डाल्को को सम्मान मिलना संस्थान के प्रतिबद्धता का परिचायक है।

## हमीरपुर में पर्यटन विकास को मिलेगा बढ़ावा

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पर्यटकों और श्रद्धालुओं को आकर्षित करने के लिए हमीरपुर जिले में दो महत्वपूर्ण पर्यटन विकास परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी, चित्रकूटधाम मंडल, चित्रकूट, अनुपम श्रीवास्तव ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत पर्यटन विभाग द्वारा जनपद में दो परियोजनाओं के लिए कुल 194.08 लाख रुपये की स्वीकृति प्राप्त हुई है। पहली परियोजना तहसील मौदहा के ग्राम सिसोलर में स्थित श्री ठाकुर जी महाराज बिराजमान मंदिर के पर्यटन विकास के लिए है, जिसकी अनुमानित लागत 97.50 लाख रुपये है। दूसरी परियोजना जरिया रोड, सरीला में स्थित मैत्री बुद्ध बिहार के विकास के लिए है, जिसके लिए 96.58 लाख रुपये आवंटित किए गए हैं।

# अधिक से अधिक किसान लोग फार्मर आई.डी. कार्ड बनवा लें: डीएम



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में गुरुवार को विकास खण्ड बसरेहर के अकबरपुर गांव में पी0एम0सम्मान निधि योजना की अगली किश्त पाने के संबंध में बैठक आयोजित की गई। जिसमें उन्होंने उपस्थित किसानों को फार्मर आई0डी0 के बारे में अवगत कराया एवं फार्मर आई0डी0बनवाने को कहा। उन्होंने बताया कि अब किसान की एक पहचान और एक नं.होगा जिसके आधार पर उन्हें लाभ प्राप्त कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक किसान लोग फार्मर आई0डी0कार्ड बनवा लें। उन्होंने उपस्थित किसानों को अवगत कराते हुए कहा कि जसवन्तनगर में नया सरकारी गेहूं क्रय केंद्र खोला जा रहा है, तो सभी किसान केंद्र पर जाकर उचित दाम में गेहूं का विक्रय कर सकते हैं। उन्होंने उपस्थित आमजन से राजस्व व आईजीआरएस से जुड़ी समस्याओं के बारे में भी पूछा। उन्होंने किसानों को खेतों में कम दवाइयां डालने एवं कृत्रिम खाद प्रयोग करने हेतु सुझाव दिए। तत्पश्चात उप कृषि निदेशक ने उपस्थित सभी किसानों को प्राकृतिक तरीके से खाद बनाने की विधि बताकर उसे खेतों में प्रयोग करने को कहा। जिलाधिकारी ने उप कृषि निदेशक को निर्देशित करते हुए कहा कि किसानों के समक्ष प्राकृतिक खाद का एक नमूना बनाकर प्रदर्शित किया जाए। उन्होंने उपस्थित लोगों से पूछा कि कोटेदार द्वारा राशन ठीक तरीके से प्राप्त कराया जा रहा है या नहीं। उन्होंने संबंधित अधिकारी को गांव की साफ सफाई को लेकर भी निर्देश दिए। उक्त अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव, उप कृषि निदेशक आर0एन0 सिंह, तहसीलदार सदर जय प्रकाश, नायब तहसीलदार प्रीति सिंह सहित आमजन उपस्थित रहे।

अवधनामा

लखनऊ, शनिवार, 26 अप्रैल, 2025



जुमे की नमाज़ के बाद आसिफी मस्जिद में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया, शहीदों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई

# पाकिस्तान ने 'टूनेशन थ्योरी' देकर यह साबित कर दिया कि पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में उसी का हाथ है : मौलाना कल्बे जवाद

- प्रदर्शनकारियों ने `आतंकवाद मुर्दाबाद', `पाकिस्तान मुर्दाबाद' और `हिंदू-मुस्लिम एकता' के नारे लगाए
- पाकिस्तान के प्रतीकात्मक राष्ट्रीय ध्वज को जलाकर अपने गुस्से और दुःख का इज़हार किया
- जिन्होंने निहत्थे बेगुनाह पर्यटकों का कत्लेआम किया है वो लोग मानवता के दुश्मन और दरिंदे हैं : मौलाना कल्बे जवाद




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कश्मीर के पहलगाम में बेगुनाह पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले के खिलाफ और शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए आज मजलिस-ए-उलमा-ए-हिंद की ओर से मौलाना कल्बे जवाद नक़वी के नेतृत्व में जुमे की नमाज़ के बाद आसिफी मस्जिद में विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में प्रदर्शनकारियों ने 'आतंकवाद मुर्दाबाद', 'पाकिस्तान मुर्दाबाद' और 'हिंदू-मुस्लिम एकता' के नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों के हाथों में ऐसी तख्तियां थीं, जिनमें शहीदों के परिवारों के साथ संवेदना का इज़हार किया गया था और आतंकवाद और पाकिस्तान के खिलाफ नारे लिखे गए थे। प्रदर्शन के अंत में प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान के प्रतीकात्मक राष्ट्रीय ध्वज को जलाकर अपने गुस्से और दुःख का इज़हार किया। मौलाना कल्बे जवाद नक़वी के ऐलान पर सभी शहीदों के लिए दो मिनट मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही शहीद सैय्यद आदिल हुसैन शाह की के लिए फातिहा ख्वानी भी की गई। प्रदर्शनकारियों ने सभी शहीदों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और कहा कि हम सभी मारे गए लोगों के परिवारों के साथ खड़े हैं। जुमे की नमाज़ में मौलाना रज़ा हैदर ज़ैदी ने घायल लोगों की जल्द ठीक होने की दुआ भी कराई।

प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए मजलिस-ए-उलमा-ए-हिंद के महासचिव मौलाना सैय्यद कल्बे जवाद नक़वी ने कहा कि जिन्होंने निहत्थे बेगुनाह पर्यटकों का कत्लेआम किया है वो लोग मानवता के दुश्मन और दरिंदे हैं, जिन्हें कभी माफ नहीं किया जा सकता। मौलाना ने कहा कि हम इस आतंकवादी घटना की कड़ी शब्दों में निंदा करते हैं और सरकार से मांग करते हैं कि इस घटना के अपराधियों को कड़ी सज़ा दी जाए। उन्होंने कहा कि इस घटना की जांच होनी चाहिए कि आखिर पहलगाम तक आतंकवादी कैसे पहुंचे और जब वो बेगुनाहों को मार रहे थे, तब सेना और पुलिस कहां थी? आखिर जहां इतने पर्यटक मौजूद थे, वहां सुरक्षा व्यवस्था क्यों नहीं की गई? इसलिए सरकार की जवाबदेही भी तय होनी चाहिए।

मौलाना ने आगे कहा कि हम पाकिस्तान की सेना और सरकार के उस बयान को सख्ती से खारिज करते हैं, जिसमें उन्होंने कहा है कि भारत में हिंदू और मुसलमान साथ नहीं रह सकते, इसलिए अब उन्हें अलग हो जाना चाहिए। मौलाना ने कहा कि पाकिस्तान हमारे आंतरिक मामलों में दखल न दे। हिंदू और मुसलमान सदियों से साथ रहते आए हैं और आगे भी साथ रहेंगे। हम अपनी समस्याओं को स्वयं सुलझाना जानते हैं और किसी भी बाहरी हस्तक्षेप को बर्दाश्त नहीं करेंगे। मौलाना ने कहा कि पाकिस्तान ने 'टूनेशन थ्योरी' दे कर यह साबित कर दिया है कि पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में उसका ही हाथ है। पाकिस्तान का मकसद हिंदू-मुसलमान के बीच नफरत फैलाकर भारत में गृह युद्ध शुरू करना है, लेकिन हम उसे कभी सफल नहीं होने देंगे। हमने कल भी मुहम्मद अली जिन्नाह के 'टूनेशन थ्योरी' के नज़रिये को नकारा था और आज भी पाकिस्तान के इस नज़रिये को नकारते हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग हिंदू और मुसलमानों को लड़वाने की बात करते हैं, वे पाकिस्तान के एजेंट हैं, चाहे वे लड़वाने वाले मुसलमान हों या हिंदू। उन्होंने कहा कि कश्मीरी जवानों ने हिंदू भाइयों की जान बचाकर पाकिस्तान की साजिश को नाकाम कर दिया है। हकीकत यह है कि बेगुनाहों को मारने वाले मुसलमान नहीं थे, बल्कि उन्हें बचाने वाले मुसलमान थे। मौलाना ने कहा कि यदि कोई पहलगाम में शहीद हुए लोगों का बदला लेने के लिए कहीं पर कोई आपराधिक कार्यवाही करता है तो समझ लेना चाहिए कि वह पाकिस्तान का एजेंट है, जिस पर सरकार को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए, जैसा कि आगरा और अन्य क्षेत्रों में देखा जा रहा है।

# साहिबा आरिफ ने जिले में छठा स्थान लाकर रचा इतिहास



अवधनामा ब्यूरो

- डॉ एल पी लाल स्कूल ने बनाया कीर्तिमान

**लखनऊ।** बोर्ड परीक्षाओं के घोषित नतीजों में हमेशा की तरह इस बार भी सीतापुर रोड स्थित डा एल पी लाल स्कूल के छात्र छात्राओं ने इतिहास रचा है। जहां हाइस्कूल में शत प्रतिशत बच्चों ने फर्स्ट डिवीजन में सफलता प्राप्त की वही इंटरमीडिएट की छात्रा साहिबा आरिफ ने जिले में छठा स्थान पाकर एक कीर्तिमान बनाया है।

साहिबा के पिता टेलर है और वह 5 भाई बहनों में सबसे बड़ी है।साहिबा सबमें बड़ी है और जिम्मेदारियां भी बहुत है। घर का सारा काम करने के बाद रात रात भर लाइट न होने पर भी मोबाइल की रोशनी में पढ़कर साहिबा ने यह सफलता पाई है। डा एल पी लाल स्कूल में बचपन से ही पूरी शिक्षा पाई है। विद्यालय ने हर कदम पर इनकी मदद की और आगे बढ़ने का हौसला दिया।

साहिबा बी ए करके आई ए एस बनना चाहती है। डॉ एल पी लाल स्कूल का यह इंटर मानविकी वर्ग का यह पहला बैच था जिसमे शत प्रतिशत परिणाम रहा। अदिति त्रिवेदी ने सभी विषयों में डिस्टिंक्शन मार्क्स पाए हैं। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन ने सभी छात्रों और उनके अभिभावकों को माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया।

# कायराना हमला का करारा जवाब देने की गुहार



- मौलाना आज़ाद मेमोरियल अकादमी लखनऊ में कैंडल लाइट शोक सभा का आयोजन
- आपदा की इस घड़ी में एकजुटता के साथ नफरत का मुकाबला मोहब्बत से करें : डॉ. कुद्दूस हाशमी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मौलाना आज़ाद मेमोरियल अकादमी लखनऊ की ओर से पहलगाम में हुई आतंकवादी हमले में निर्दोष पर्यटकों के मारे जाने के खिलाफ कैंडल लाइट शोक सभा का आयोजन मौलाना आज़ाद मेमोरियल अकादमी औरंगाबाद खालसा बिजनौर रोड लखनऊ में किया गया। जिस में क्षेत्र के लोगों ने केंद्र सरकार से व देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी से दोषियों को कड़ी से कड़ी सज़ा देने और इस कायराना हमले का करारा जवाब देने के लिए प्रधानमंत्री जी से मांग की। आयोजित शोक सभा में ग्रुप कैप्टन दिनेश चंद्र, अभिषेक चंद्र, इंदु, स्टेट तकमीलुटिब कॉलेज के प्रोफेसर डॉ मनी राम, प्रोफेसर सूफिया लोखंडे, प्रोफेसर अब्दुल मालिक, अशफाक अहमद जमा खान, बशीर खान, युवाओं, महिलाओ, यूनानी मेडिकल कालेज और अलगअलग कॉलेज के छात्र छात्राओं ने काली पट्टी बांध कर विरोध दर्ज कराते हुए हमले में शहीद हुए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

मौलाना आज़ाद मेमोरियल अकादमी के महा सचिव डॉ अब्दुल कुद्दूस हाशमी के नेतृत्व में क्षेत्र के लोगों, शिक्षक, प्रोफेसर, युवाओं, महिलाओं, छात्र एवं छात्राओं ने काली पट्टी बांध रोष जताया, दिवंगत निर्दोष नगरिकों की आत्मा शान्ति के लिए दो मिनट का मौन रख शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा डॉ हाशमी ने कहा आज हम प्रण करें कि आपदा की इस घड़ी में नफरत के खिलाफ मोहब्बत और पैगाम ए इंसानियत के चिराग को एकजुटता के साथ रोशन करते रहेंगे और देश पर आई हर आपदा का मिलजुलकर मुकाबला करेंगे।

## नितिन अग्रवाल ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के सफल छात्रों को दी बधाई

**लखनऊ।** घोषित हुए हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं के परिणामों पर उत्तर प्रदेश सरकार के आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल जी ने प्रदेश के सभी सफल छात्रों को हार्दिक बधाई दी है। अपने बधाई संदेश में अग्रवाल ने कहा कि यह सफलता छात्रों के कठिन परिश्रम, अटूट लगन और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि छात्रों ने चुनौतियों का दृढ़ता से सामना करते हुए यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है, जो अत्यंत प्रशंसनीय है।अग्रवाल ने आगे कहा कि हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएँ छात्रों के जीवन में एक महत्वपूर्ण मोड़ होती हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सफल छात्र अपनी प्रतिभा और ज्ञान के बल पर भविष्य में भी सफलता के नए शिखर छुएंगे और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

# बाबा साहब के संकल्पों को पूरा करने के लिए डबल इंजन सरकार प्रतिबद्ध



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा ने बाबा साहब सम्मान अभियान के तहत पूर्व मंडल और उत्तर मंडल में अनुसूचित वर्ग के प्रबुद्ध जनों से मिलकर चर्चा की और अवगत कराया कि बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर जी के विचारों, नीतियों के अनुरूप वंचितों और दलितों को उनका अधिकार दिलाने के मिशन को पूरा करने के लिए डबल इंजन सरकार किस प्रकार से प्रतिबद्ध है। भाजपा सरकार में बाबा साहेब को मिले भारत रत्न और अनुसूचित वर्ग के लिये चलायी जा रही योजनाओं आदि के बारे में भी चर्चा की। संपर्क के दौरान मुकेश शर्मा ने राम कुमार गौतम, कृष्णा गौतम, राम प्रसाद गौतम एवं दुलीचंद गौतम,सतीश वाल्मीकि और कमल वाल्मीकि के आवास जाकर भेंट की और भाजपा सरकार द्वारा अनुसूचित वर्ग के उत्थान के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के पत्रक भी वितरित किए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष आनंद पाण्डेय, इंदल गौतम, नीरज मिश्रा, रघुनाथ गौतम सहित कई अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## भाषा विवि में हुआ श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो.जे. पी पाण्डेय के मार्गदर्शन में जम्मू और कश्मीर राज्य के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की दुखद घटना पर श्रद्धांजलि एवं शोक सभा का एक आयोजन हुआ। इस सभा का आयोजन विश्वविद्यालय में स्थित अटल सभागार में हुआ। शोक सभा में शोक सन्देश विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ. महेश कुमार द्वारा पढ़ा गया। पहलगाम में हुई घटना पर अफसोस ज़ाहिर करते हुए सभी ने दो मिनट का सभा में मौन धारण किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र छात्रायें भारी संख्या में उपस्थित रहे।

## श्री राम हनुमत महोत्सव आज से

**लखनऊ।** हनुमत सेवा समिति की ओर से श्री राम हनुमत महोत्सव का आयोजन, 26 और 27 अप्रैल 2025 को शाम 04:30 बजे से अशोक मार्ग स्थित बलरामपुर गार्डन में किया जा रहा है। हनुमत सेवा समिति के अध्यक्ष विवेक पाण्डेय ने आयोजन की पूर्व संध्या पर 24 अप्रैल को बताया कि इस महोत्सव में वरिष्ठ उद्घोषक प्रेमकांत तिवारी के कुशल संचालन में विविध आध्यात्मिक और सांस्कृतिक अनुष्ठान होंगे। इस दौरान लिम्का और गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज कृष्ण कुमार चौरसिया द्वारा विश्व विख्यात हनुमत संग्रहालय की प्रदर्शनी भी लगायी जाएगी। भक्तगण हनुमान महाराज की विशाल श्यामल प्रतिमा के साथ सेल्फी भी ले सकेंगे वहीं अपनी समस्याओं के निवारण के लिए पीपल के पत्तों पर ÷जय श्री राम÷ लिख कर अर्जी भी हनुमान महाराज को अर्पित कर सकेंगे। उपासना की सतरंगी मयूर रंगोली भी देखते ही बनेगी।

# इदारे तंजीमुल मकातिब में पहलगाम के पीड़ितों को दी गई श्रद्धांजलि

- आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** इदारे तंजीमुल मकातिब में एक शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें पहलगाम कश्मीर में निर्दोष पर्यटकों पर हुए क्रूर आतंकवादी हमले की कठोर निंदा की गई और शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।

कार्यक्रम की शुरुआत क़ुरआन की तिलावत से हुई, जिसे मौलवी ज़फ़र अली ने किया। उन्होंने उन आयतों की तिलावत की जो मानवता, शांति और न्याय का संदेश देती हैं। जामिया इमामिया तंजीमुल मकातिब के प्रभारी मौलाना मुमताज़ जाफ़र ने इस हमले को खुला आतंकवाद करार देते हुए कहा, यह हमला न केवल अमानवीय है, बल्कि इस्लाम जैसे शांतिपूर्ण मज़हब को बदनाम करने की साज़िश है। हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं और सरकार से मांग करते हैं कि दोषियों को शीघ्र न्याय के कठघरे में लाया जाए।

मौलाना फिरोज़ अली ने कहा कि यह ज़ुल्म किसी भी धर्म की शिक्षा नहीं हो सकती। इस्लाम हर इंसान की जान, माल और इज़्ज़त की रक्षा का पैग़ाम देता है। हमें मिलकर आतंकवाद के खिलाफ आवाज़ बुलंद करनी होगी। इदारे तंजीमुल मकातिब के सचिव का लिखित बयान भी सभा में पढ़ा गया, जिसमें कहा गया कि, कसाई सिफ़त आतंकवादियों ने फिर एक बार जन्नत नज़ीर वादी कश्मीर को निर्दोषों के खून से रंगीन कर दिया है। इस हमले में नवविवाहित जोड़ों की दर्दनाक शहादत ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है।

उन्होंने आगे कहा हम लकुम दीनुकुम वलिया दीन के सिद्धांत पर चलते हुए स्पष्ट करते हैं कि इस्लाम किसी भी प्रकार की बर्बरता को स्वीकार नहीं करता। इस्लाम को बदनाम करने की यह कोशिश निंदनीय और क्षम्य नहीं है। हम भारत सरकार से मांग करते हैं कि दोषियों को जल्द से जल्द सज़ा दी जाए।

कार्यक्रम के अंत में इदारे तंजीमुल मकातिब के सेक्रेटरी मौलाना सफ़ी हैदर ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा, इदारे का पूरा परिवार शहीदों के परिजनों के साथ खड़ा है। हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने और पसमांदगान के लिए सब्र की दुआ करते हैं।

## निरुद्ध बन्दी परीक्षार्थियों ने यूपी बोर्ड परीक्षा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**लखनऊ।** प्रदेश के कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा-2025 में जेल में निरुद्ध बन्दी परीक्षार्थियों द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन पर परीक्षार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विभागीय राज्यमंत्री सुरेश राही ने भी विद्यार्थियों के बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

कारागार मंत्री ने बताया कि यह परीक्षा परिणाम बंदियों के पुनर्वास और सुधार के प्रयासों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। योगी सरकार बंदियों के शिक्षा और सुधार के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी इस दिशा में और अधिक प्रयास किए जाएंगे। कारागार मंत्री ने बताया कि हाईस्कूल परीक्षा में 94 निरुद्ध बन्दी परीक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें 91 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए।

# शिया पी.जी. कॉलेज में कार्यशाला का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



- नोएडा के पीआर विशेषज्ञ अकबर असकारी ने कैंपस से कॉरपोरेट तक: एक सफल करियर की राह विषय पर व्याख्यान दिया

**लखनऊ।** शिया पी.जी. कॉलेज के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग द्वारा आज एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य जनसंपर्क (PR) और संचार के क्षेत्र में उभरते करियर विकल्पों को लेकर छात्रों को जागरूक करना था। कैंपस से कॉरपोरेट तकः एक सफल करियर की राह शीर्षक वाले इस सत्र का उद्देश्य मीडिया और कम्युनिकेशन इंडस्ट्री के तेजी से बदलते स्वरूप के लिए छात्रों को तैयार करना था।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में Deft PR and Communications, नोएडा के संस्थापक और वरिष्ठ पीआर एवं कम्युनिकेशन कंसल्टेंट ,अकबर असकारी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने डिजिटल युग में जनसंपर्क की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला और छात्रों को इस क्षेत्र में सफल करियर बनाने के लिए व्यावहारिक सुझाव दिए।

उन्होंने कहा, PR केवल प्रेस रिलीज़ तक सीमित नहीं है—यह प्रभावी कहानी कहने, छवि प्रबंधन, डिजिटल रणनीति और संबंध निर्माण की कला है। आज के युवाओं को लचीला, रचनात्मक और तकनीक में पारंगत होना चाहिए। असकारी ने डिजिटल पीआर, पर्सनल ब्रांडिंग और संचार क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बढ़ती भूमिका जैसे नए ट्रेंड्स पर भी बात की। सत्र के दौरान उन्होंने एक प्रश्नोत्तर सत्र का संचालन किया, जिसमें छात्रों ने इंटर्नशिप, पोर्टफोलियो निर्माण और सोशल मीडिया की भूमिका जैसे विषयों पर सवाल पूछे। उन्होंने कॉलेज के दौरान ही तैयारी शुरू करने की सलाह दी और नेटवर्किंग, संवाद कौशल और इंडस्ट्री एक्सपोज़र के महत्व को रेखांकित किया। विभाग समन्वयक डॉ. प्रदीप शर्मा ने ,असकारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा, यह एक अत्यंत प्रेरणादायक और सहभागिता से भरपूर सत्र रहा। हमारा उद्देश्य ऐसे सत्रों का लगातार आयोजन करना है ताकि छात्र सीधे इंडस्ट्री विशेषज्ञों से जुड़ सकें और व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त कर सकें।

## ईद मिलन में एकता और इंसानियत का संदेश

# पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** हाजी अब्दुर्रऊफ़ ख़ाँ फ़लाही ट्रस्ट के तत्वाधान में अशरफ़ाबाद स्थित एआरके विला में आयोजित ईद मिलन समारोह एक सौहार्दपूर्ण और गरिमामय आयोजन के रूप में संपन्न हुआ। इस अवसर पर न सिर्फ़ विभिन्न समुदायों के लोगों ने भाग लिया बल्कि समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशिष्ट बना दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत नबी-ए-करीम स.अ.व. की नात से हुई, जिसे प्रसिद्ध नातख़्वान रिज़वान अहमद फारूक़ी ने सोज़भरे अंदाज़ में पेश किया।

मंच की अध्यक्षता वरिष्ठ प्रशासक और नामचीन शायर डॉ. अनीस अंसारी ने की, जबकि मुख्य अतिथियों में इमाम-ए-ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता इमरानुर्रहमान किदवई, पूर्व एमएलसी डॉ. सिराज मेहदी, साहित्यकार बी.डी. नक़वी, पूर्व डीजीपी रिज़वान अहमद, मौलाना यासूब अब्बास, आईएएस अधिकारी डॉ. हरी ओम, एमएलसी दीपक सिंह और अमीर हैदर प्रमुख रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में एक संक्षिप्त मुशायरे का भी आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. अनीस अंसारी, डॉ. हरी ओम, बी.डी. नक़वी, नदीम अशरफ़ जाइसी, मोहम्मद अली साहिल और सैफ़ बराबर जैसे शायरों ने शिरकत की और अपने विचारों को शेरों के माध्यम से प्रस्तुत किया।

मेज़बान और प्रसिद्ध सर्राफा कारोबारी मआरूफ़ ख़ाँ ने सभी मेहमानों का गुलदस्तों से स्वागत किया और कहा कि ईद मिलन का उद्देश्य सिर्फ़ पर्व की बधाई देना नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ना, आपसी दूरी को मिटाना और समाज के ताने-बाने को मज़बूत करना है। उन्होंने कहा, ÷आज ज़रूरत है कि हम नफ़रत के अंधेरों को मोहब्बत के चिरागों से रोशन करें। हमें अपने राजनीतिक और मज़हबी मतभेदों से ऊपर उठकर एक-दूसरे को गले लगाना चाहिए।

# यूपी में ऑउटसोर्सिंग कर्मियों के लिए बड़ी खुशखबरी

अवधनामा ब्यूरो

- योगी सरकार यूपीसीओएस करेगी गठन, मेडिकल, पेंशन जैसी सुविधाओं का मिलेगा लाभ
- मेडिकल, पेंशन जैसे सुविधाओं का मिलेगा लाभ
- नियमों का उल्लंघन पड़ सकता है भारी
- जेम पोर्टल से होगा आउटसोर्सिंग एजेंसी का चयन



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में कार्यरत आउटसोर्सिंग कार्मिकों की सेवा, श्रम अधिकारों एवं पारिश्रमिक की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 'उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम (यूपीसीओएस) के गठन के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि राज्य सरकार आउटसोर्सिंग कार्मिकों के श्रम के सम्मान व जनहित में किए जा रहे कार्यों की सराहना करती है और उनकी सामाजिक व आर्थिक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है।

ऐसे में व्यवस्था में व्यापक परिवर्तन किया जाना आवश्यक है। प्रस्तावित निगम के स्वरूप पर चर्चा करते हुये मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी कर्मचारी को सेवा प्रदाता एजेंसी द्वारा तब तक सेवा से नहीं हटाया जाए, जब तक कि सम्बंधित विभाग के सक्षम अधिकारी की संस्तुति न हो। इसी प्रकार, मेडिकल सुविधा, मातृत्व अवकाश, दुर्घटना बीमा, पेंशन एवं पारिवारिक पेंशन सहित सभी लाभ निगम के माध्यम से सुनिश्चित किये जाएं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर बनने जा रहे इस निगम के माध्यम से तीन पक्षीय समझौते के तहत विभाग, निगम व आउटसोर्सिंग एजेंसी के बीच समन्वित रूप से सभी प्रक्रियाएं संचालित होंगी। पारदर्शी चयन प्रक्रिया, जेम पोर्टल से एजेंसियों का चयन, मेरिट आधारित भर्ती, आधुनिक तकनीकों का प्रयोग, ईपीएफ/ईएसआई की समयबद्ध जमा व निगरानी तथा आरक्षण नियमों का पालन सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि निगम एक सुगठित ढांचा के तहत कार्य करेगा, जिसमें बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स, सलाहकार समिति, राज्य व जिला स्तरीय कमेटियाँ गठित होंगी।

उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक माह की 5 तारीख तक सभी कार्मिकों के बैंक खाते में पूरा पारिश्रमिक जमा हो जाए। साथ ही, ईपीएफ व ईएसआई की राशि भी समय से जमा हो। नियमों के उल्लंघन पर एजेंसियों पर ब्लैकलिस्टिंग, डिबार, पेनाल्टी व वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। निगम का गठन करते हुए इस संबंध में स्पष्ट प्रावधान होने चाहिए। योगी ने यह भी निर्देश दिये कि आउटसोर्सिंग निगम के माध्यम से होने वाली सभी नियुक्तियों में नियमानुसार आरक्षण प्रावधानों का पालन किया जाए।

जेम पोर्टल द्वारा तीन वर्षों के लिए आउटसोर्सिंग एजेंसियों का चयन किया जाना उचित होगा, लेकिन यह सुनिश्चित किया जाए कि कार्यरत वर्तमान कार्मिकों की सेवाएं बाधित नहीं होंगी। उन्होने कहा कि ÷ राज्य सरकार सभी कार्मिकों की गरिमा, सुरक्षा और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए संकल्पित है। यह निगम न केवल प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता लाएगा, बल्कि लाखों आउटसोर्सिंग कार्मिकों के जीवन में स्थायित्व व भरोसा प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस संबंध में आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर यथाशीघ्र प्रस्तुत किया जाए।